लि-हिन्दी कोश

भदन्त आनन्द कौसल्यायन

पालि-हिन्दी कोश

भदन्त आनन्द कौसल्यायन

प्रस्तावना

स्वर्गीय महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के पास एक दिन किसी जर्मन विद्वान् का जर्मन भाषा में लिखा एक पत्र आया। उसके साथ एक जर्मन-अंग्रेजी कोश भी था। विद्वान् लेखक ने मान लिया था कि यदि राहुल जी को जर्मन भाषा नहीं भी आती होगी, तो वे कोश की सहायता से पत्र का भावार्थ समझ ही लेंगे।

हुआ भी ऐसा ही!

किसी भी भाषा के अध्ययन के लिए कोश अनिवार्य है। वास्तव में भाषा के अध्ययन का मतलब ही है, भाषा-विशेष के शब्दों का चलता-फिरता संग्रह बन जाना।

पालि के मर्मज्ञ धर्मानन्द कोसाम्बी ने अपनी एक कृति की भूमिका में लिखा है कि जब कलकत्ता विश्वविद्यालय में पालि के एक अध्यापक के नाते उनकी नियुक्ति हुई, तो उनके किसी मित्र ने उन्हें पत्र लिखकर पूछा कि उस महाविद्यालय में पालि सिखाने के लिए आवश्यक यंत्रादि (apparatus) हैं या नहीं? उनका वह मित्र पालि को कुछ ऐसा ही शिल्प-विशेष मानता था।

लोग प्रश्न करते हैं कि पालि कौन-सी भाषा है? उसका संस्कृत तथा जैनों की अर्धमागधी से क्या सम्बन्ध है? और इस भाषा का नाम पालि ही क्यों पड़ा? संक्षेप में इतना ही कहा जा सकता है कि पालि उत्तर भारत और विशेष रूप से मगध जनपद की एक प्राचीन प्राकृत है। इसे मागधी भी कहते हैं। जैनों की अर्धमागधी की अपेक्षा यह संस्कृत के कुछ अधिक समीप है। अर्धमागधी में व्यञ्जनों के स्वर भी हो जाते हैं, लेकिन पालि में व्यञ्जनों के स्वर नहीं होते, जैसे संस्कृत शब्द 'शकुन्तला' का अर्धमागधी रूप होगा 'सउन्दले' और पालि-रूप होगा 'सकुन्तला'। पालि में तालव्य 'श्' और मूर्धन्य 'ष्' होते ही नहीं।

इस भाषा के नाम के सम्बन्ध में अनेक अटकलें लगाई गई हैं। उन सब में जो सर्वाधिक बुद्धि-संगत व्याख्या प्रतीत होती है, वह यही है कि पालि 'बुद्ध-वचन' का पर्याय है। जिस प्रकार रामायणी लोग संतकवि तुलसीदास का उद्धरण देते हैं, तो कहते हैं कि यह तुलसीदास की पाँति (पंक्ति) है। ठीक उसी प्रकार "बहुवचन' अथवा मूल तिपिटक पर जो अट्ठकथाएं लिखी गई हैं, उनमें जहाँ कहीं बुद्ध-वचन उद्धृत होता है, वहाँ बहुधा लिखा रहता है—'पालियं वुत्तं', अर्थात् यह पालि में कहा गया है, अर्थात् यह बुद्ध-वचन है।

भगवान् बुद्ध दुख और उसके निरोध के अपने सन्देश को घर-घर पहुँचाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने वैदिक छान्दस को न अपनाकर लोकभाषा का ही आश्रय लिया। जहाँ एक ओर उन्होंने अपने उपदेशों का छान्दस में अनुवाद करना तक निषिद्ध ठहराया, वहाँ दूसरी ओर "अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया" कहकर सभी प्राकृतों में अपने उपदेशों का उल्था करने की खुली अनुमति दी।

पालि-परम्परा में 'मागधी' को 'मूल भाषा' कहा गया है। इससे हम यह मान सकते हैं कि कदाचित् वर्तमान तिपिटक ही वह मूल-तिपिटक है, जिससे अनेक दूसरी लोकभाषाओं में उसके रूपान्तर किये गये होंगे। आज हम इन रूपान्तरित तिपिटकों की कल्पना मात्र कर सकते हैं, क्योंकि आज जो भी बुद्ध-वचन हमें उपलब्ध है वह मात्र वर्तमान तिपिटक ही है। महायान-परम्परा के कुछ ग्रन्थों के नाम तिपिटक के कुछ ग्रन्थों के नामों से मिलते-जुलते हैं। इससे हम इस निष्कर्ष पर भी पहुँच सकते हैं कि धर्म-प्रचार की आवश्यकताओं से मजबूर होकर उत्तरकाल में या तो किसी अन्य तिपिटक से संस्कृत में अनुवाद हुए होंगे अथवा वे ग्रन्थ तिपिटक के ही किन्हीं ग्रन्थों के संस्कृत रूपान्तर मात्र हैं।

हमारे देश में जितने राज्य हैं, प्रत्येक राज्य में जितने जिले हैं, उन जिलों में जितने शहर व तहसीलें हैं, उनकी संख्या से भी अधिक संस्कृत पाठशालाएँ इस देश में विद्यमान हैं। बेचारी पालि या तो कहीं विधिवत् पढ़ाई ही नहीं जाती या फिर कहीं संस्कृत के साथ जुड़ी हुई है तो कहीं अर्धमागधी के साथ मराठवाड़ा ही शायद एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसमें पालि के अध्ययन-अध्यापन का अपना एक स्वतन्त्र विभाग है।

अनेक लोग भारतीय वाङ्मय को परलोक-परक मानते हैं और हम लोग भी विदेशियों के द्वारा दिये गये इस सर्टिफिकेट को अपनी बहुत बड़ी प्रशंसा मानकर तोते की तरह दोहराते रहते हैं। हम दूसरे किसी भी भारतीय वाङ्मय के बारे में निश्चयात्मक रूप से कुछ कह सकें या न कह सकें लेकिन बौद्ध-वाङ्-मय के बारे में तो हम असंदिग्ध रूप से कह सकते हैं कि इस वाङ्मय ने इह-लोक तथा परलोक में समत्व स्थापित किया है। इहलोक को यथार्थ सत्य माना गया है, उसे भुलाया नहीं गया है, और दूसरी ओर परलोक की भी उपेक्षा नहीं हुई है। पालि के ही बारे में एक विदेशी विद्वान् का कहना है, "जिसे पालि का ज्ञान है, उसे फिर अन्य कहीं से भी प्रकाश की आवश्यकता नहीं।"

जो लोग पालि पढ़ना चाहते हैं वे प्रायः पूछते हैं कि क्या पालि संस्कृत की अपेक्षा आसान है और क्या पालि का ज्ञान प्राप्त करने के लिए संस्कृत का ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है? पहले प्रश्न का उत्तर 'हाँ' है तथा दूसरे का 'नहीं'। संस्कृत की अपेक्षा पालि निश्चयात्मक रूप से आसान है। संस्कृत के पाणिनि-व्याकरण में जहाँ लगभग चार हजार सूत्र हैं, वहाँ पालि के सबसे बड़े व्याकरण, मोग्गल्लान व्याकरण, की सूत्र-संख्या आठ सौ के ही आसपास है। किसी को यदि पहले से संस्कृत का ज्ञान हो, तो उसके लिए पालि का ज्ञान प्राप्त करना निश्चयात्मक रूप से आसान होता है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि पालि का ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक हर विद्यार्थी को पहले से संस्कृत का ज्ञान होना ही चाहिए। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि संस्कृत का पूर्व-ज्ञान पालि के विद्यार्थियों को गुमराह कर देता है।

किसी भी भाषा का कोश तैयार करना आसान काम नहीं। उस भाषा-विशेष के साहित्य से शब्दों का संकलन करना, उनकी व्युत्पत्तियाँ, उनके व्याकरण-स्वरूप और उनके अर्थ लिखकर फिर उन्हें अकारादि क्रम से सजाना सचमुच कठिन कार्य है। श्रीलंका में पिछले लगभग पचास वर्ष से सिंहल भाषा का एक महान् कोश तैयार किया जा रहा है, जिसके ओर-छोर का अभी तक

पता नहीं है। इसी प्रकार के कुछ बड़े आयोजन पालि-कोशों को लेकर भी चल रहे हैं। वे कोश सम्पूर्ण रूप से सम्पादित और मुद्रित होकर निकट भविष्य में देखने को मिल सकेंगे, इसकी कोई आशा नहीं। इन पंक्तियों के लेखक की कुछ वैसी महत्त्वाकांक्षा नहीं रही है। वैसी महत्त्वाकांक्षा को साकार करने के लिए जो साधन चाहिए, उनका भी सर्वथा अभाव ही रहा है। उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों के कुछ स्कूलों व महाविद्यालयों के पालि पढ़नेवाले विद्यार्थियों को काफी समय से एक सामान्य पालि-हिन्दी कोश का अभाव खटकता रहा है। उसी अभाव की पूर्ति करने का यह कृति एक विनम्र प्रयास है।

बड़े कोशों में शब्दों की व्युत्पत्ति के अतिरिक्त, उनके एक से अधिक अर्थों के द्योतक शब्द-प्रयोगों के उदाहरण भी दिए रहते हैं। ऐसा होने से उन कोशों का कलेवर बहुत अधिक बढ़ जाता है। इसीलिए यथा-लाभ सन्तोषी की तरह यथा-बल सन्तोष का आश्रय लेकर इस कोश में शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थों के द्योतक प्रयोगों के उदाहरण नहीं दिए गए हैं। सामान्यतया कोश-ग्रन्थों में संज्ञा पदों (Proper Nouns) को नहीं ही लिया जाता। इस कोश में प्रसिद्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा ग्रन्थों के नामों आदि के द्योतक संज्ञा-पदों को भी अन्तर्भूत कर लिया गया है।

इस पालि-हिन्दी कोश को तैयार करते समय हमारे सामने रीस डेविड्स तथा डब्लू० टी० स्टीड द्वारा सम्पादित पालि-अंग्रेजी कोश, और बुद्धदत्त महास्थविर द्वारा रचित पालि-अंग्रेजी कोश रहे हैं। ये दोनों कोश ही एक प्रकार से इस विद्यमान पालि-हिन्दी कोश के आधार बने हैं। हमारी सीमित जानकारी में किसी भी भारतीय भाषा में यही पालि-हिन्दी कोश प्रथम पालि-कोश है। हर प्रथम प्रयास जहाँ प्रथम होने के नाते थोड़े-से श्रेय का अधिकारी माना जाता है, वहीं उसे उसके बाद में किये जाने वाले प्रयासों द्वारा अपने पर सबक़त लिये जाने के लिए भी तैयार रहना ही चाहिए। १९५८ से १९६८ तक मैं श्रीलंका के विद्यालंकार विश्वविद्यालय में हिन्दी-विभाग का अध्यक्ष रहा। लोगों को कहते सुना है कि जो जिस विषय का अधिकारी विद्वान् हो उसे ही उस विषय पर कलम चलानी चाहिए। मेरा अपना क्रम रहा है कि मुझे जो विषय सीखना रहा है, उसी पर एक ग्रन्थ तैयार करने का प्रयास करके उस विषय की अल्प-स्वल्प जानकारी प्राप्त कर ली है। महामोग्गल्लान व्याकरण के सूत्रों की वृत्ति की हिन्दी-टीका मैंने इसी दृष्टि से तैयार की और 'सिंहल भाषा और उसका साहित्य' ग्रन्थ भी इसी दृष्टि से लिखा गया। यह पालि-हिन्दी कोश भी इसी दृष्टि से किया गया एक और प्रयास है।

पालि में संस्कृत के अमरकोश के ढंग पर तैयार किया गया 'अभिधानप्प-दीपिका' नाम का एक ग्रन्थ भी है। युग-विशेष में जब लोगों को चुने हुए कुछ ग्रन्थ ही पढ़ने पड़ते थे और वे उन सभी करणों-ग्रन्थों को कंठस्थ कर सकते थे, उस समय के लिए अभिधानप्पदीपिका बहुत काम की चीज थी। आज के विद्यार्थी को तो आधुनिक ढंग के किसी पालि-हिन्दी कोश की ही नितान्त आवश्यकता है। यही समझकर इस कोश का संकलन किया गया है।

यह पालि-कोश श्रीलंका में रहते समय ही पूरा हो गया था। इसकी तैयारी में भिक्षु सावंगी मेधंकर तथा डॉ० तेलवत्ते राहुल प्रमुख मेरे अनेक भिक्षु-

मित्रों और विद्यार्थियों का सहयोग मिला था। सभी को धन्यवाद न दे सकने की मजबूरी और सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता स्वीकार करने की इच्छा के बीच यही समझौता हो सकता है कि किसी को भी औपचारिक धन्यवाद न दिया जाय। अपनों को धन्यवाद देना लगता भी न जाने कैसा-सा है।

ग्रन्थ की लिखाई जितना ही कष्टसाध्य कार्य है, उतना ही कष्टसाध्य है उसका मुद्रण। आज के युग में प्रत्येक प्रकाशक अपनी पूँजी का सूद सहित प्रतिफल कल ही प्राप्त करना चाहता है, तो किसी प्रकाशक का भी पालि-हिन्दी कोश जैसे ग्रन्थ को प्रकाशित करने के लिए तैयार होना सामान्य बात नहीं। इस कोश के इतने लम्बे अरसे तक अप्रकाशित रहने का प्रधान कारण यही है। राजकमल प्रकाशन और उसकी व्यवस्थापिका श्रीमती शीला सन्धू इस दृष्टि से मेरे विशेष धन्यवाद की पात्र हैं। यदि उन्होंने पालि-विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य रूप से एक पालि-हिन्दी कोश की आवश्यकता की ओर ध्यान न दिया होता, तो यह कोश भी अन्य बहुत-से अप्रकाशित ग्रन्थों की तरह कहीं यूँ ही पड़ा रहता। इस कोश को प्रकाशित करके श्रीमती शीला सन्धू ने पालि के सभी हिन्दी-जानकार विद्यार्थियों को अपना ऋणी बनाया है।

कोश के विशेष विलम्ब से प्रकाशित होने का एक दूसरा कारण भी है और वह यह कि संकलन-कर्ता कहीं, और मुद्रण-व्यवस्था कहीं। जिन लोगों को किसी भी ग्रन्थ को छपवाने का कुछ भी अनुभव होगा, वे मुझसे इस बात में सहमत होंगे कि मुद्रण के समय प्रूफ देखने का कार्य कमरे में झाड़ू लगाने जैसा ही होता है। जितनी बार झाड़ू लगायी जाय, हर बार कुछ-न-कुछ कूड़ा-करकट निकल आता है। शुरू में इस कोश के प्रूफ नागपुर भेजे जाते थे। किन्तु शीघ्र ही यह अनुभव हुआ कि दिल्ली-नागपुर के आवागमन के बीच कोश-मुद्रण के कार्य की यह बेल शायद ही कभी सिरे चढ़ सके। इसे सिरे चढ़ाने का सारा श्रेय मेरे गुरुभाई भिक्षु जगदीश काश्यप जी के अन्तेवासी, दिल्ली विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन विभाग (Department of Buddhist Studies) के रीडर डॉ० संघसेन तथा राजकमल प्रकाशन के श्री मोहन गुप्त को है। इन दोनों अनुजों ने परस्पर सहयोग से पालि-कोश की इस नैया को मुद्रण-रूपी मँझधार में न खेया होता, तो शायद ही यह कभी किनारे लगी होती। डॉ० संघसेन ने न केवल श्रम-साध्य प्रूफ ही देखने का कार्य किया, बल्कि जहाँ कहीं भी कुछ स्खलन रह गए थे, उनका मार्जन कर पाण्डुलिपि को भी यथासम्भव निर्दोष बना दिया। उन्होंने इस कोश को अपना मानकर जो जिम्मेदारी उठाई थी, उसे पूरा निभा दिया। ऐसा करके उन्होंने एक पुण्य-कार्य तो सम्पन्न किया ही, साथ-ही-साथ मेरे ही नहीं, बल्कि सभी पालि-विद्यार्थियों के कृतज्ञता-भाजन बने। यही मेरे लिए विशेष सन्तोष का विषय है।

यह कोश किन्हीं भी पालि-अध्येताओं के कुछ भी काम आ सका, तो इन पंक्तियों का लेखक अपने-आपको कृत-कृत्य मानेगा।

भिक्षु-निवास
दीक्षा भूमि, नागपुर-१०
२४-११-७४

—आनन्द कौसल्यायन

अ

अ देवनागरी वर्णमाला का प्रथम अक्षर, संयुक्त-व्यञ्जन के पूर्व आने वाले आ उपसर्ग का ह्रस्वीकरण, जैसे आ+कोसति = अक्कोसति। कुछ संज्ञाओं तथा विशेषणों आदि के पूर्व आनेवाला उपसर्ग, जैसे न+कुसल = अकुसल। भूतकालिक क्रिया के पूर्व आनेवाला उपसर्ग, जैसे अकासि।

अकट, अकृत, अनिर्मित।

अकतञ्ञु, अकृतज्ञ।

अकतञ्ञु जातक, अकृतज्ञ व्यापारी की जातक कथा (९०)

अकनिट्ठ देव, पाँच शुद्धावासों में से उच्चतम आवास में रहनेवाले देवता-गण।

अकम्पिय, विशेषण, स्थिर।

अकाच, विशेषण, निर्दोष।

अकालरावी जातक, असमय बांग देने वाले मुर्गे की जातक कथा (११९)

अकामक, विशेषण, अनिच्छुक।

अकाल, पुल्लिङ्ग, असमय।

अकासि, भूतकालिक क्रिया, किया।

अकित्ति, एक उदार-ज्ञानी की जातक-कथा (४८०)

अकिरिय, अ-क्रिया (-वाद), किसी कर्म का कोई फल नहीं होता, यह मत।

अकिञ्चन, विशेषण, जिसके पास कुछ न हो।

अकिलासु, वि०, क्रियाशील, अप्रमादी।

अकुटिल, वि०, जो कुटिल नहीं।

अकुतोभय, वि०, जिसे किसी ओर से भी भय न हो।

अकुप्प, वि०, स्थिर, अचञ्चल।

अकुसल, नपुं०, पाप-कर्म।

अकोविद, वि०, अदक्ष, जो हुश्यार नहीं।

अक्क, पुल्लिङ्ग, अर्क (=सूर्य), एक पौदा-विशेष ।

अक्कन्त, क्रिया-विशेषण, आक्रान्त ।

अक्कन्दति, क्रिया, रोता है, चिल्लाता है ।

अक्कोस, पुल्लिङ्ग, आक्रोश, अपमान ।

अक्कोस, भारद्वाज, राजगृह का एक ब्राह्मण, जिसने भगवान् बुद्ध का अपमान किया था ।

अक्ख, अक्ष (गाड़ी की धुरी), अक्ष (जुए का पासा), अक्ष (आँख) ।

अक्खक, नपुं०, हंसली ।

अक्खण, पुल्लिग, अक्षण, अनुचित समय ।

अक्खण-वेधी, पुल्लिग, बिजली चमकने भर के समय में तीर मारने वाला ।

अक्खत, वि०, अक्षय, जिसे चोट न लगी हो ।

अक्खदस्स, पु०, न्यायाधीश, निर्णायक ।

अक्खधुत्त, वि०, जुआरी ।

अक्खय, वि०, अक्षम, जिसका क्षय न हो । लिखने की स्लेट या वोर्ड (-समय) लिखने तथा पढ़ने की विद्या ।

अक्खर, नपु०, अक्षय, (-फलक) लिखने की स्लेट या वोर्ड (-समय) लिखने तथा पढ़ने की विद्या ।

अक्खरमाला, पालि तथा सिंहाली वर्ण माला के वारे में एक पालि छन्दोवद्ध रचना ।

अक्खात, क्रिया-विशेषण, कहा गया, व्याख्या किया गया ।

अक्खातार, क्रिया-विशेषण, कहने वाला, मार्ग प्रदर्शित करने वाला ।

अक्खाति, क्रिया, कहता है, सुनाता है, समझाता है ।

अक्खान, नपुं०, आख्यान, कथा-वार्ता (भारत-रामायणादि)

अक्खि, नपुं०, अक्षि, आँख ।

अक्खोभिनी, स्त्री० अक्षोहिणी (सेना)

अखेत्त, नपुं०, अक्षेत्र, बंजर-भूमि ।

अग, पुं०, पर्वत, वृक्ष ।

अगति, स्त्री०, कुपथ, पक्षपात ।

अगद, नपुं०, औषधि ।

अगरु, विशेषण, हलका ।

अगाध, विशेषण, अत्यधिक गहरा ।

अगार, नपुं०, घर, निवास-स्थान ।

अगारिक, विशेषण, घर वाला, गृहस्थ ।

अग्ग, विशेषण, अग्र, प्रथम, श्रेष्ठतम ।

अग्गल, नपुं०, अर्गल, दरवाजे के पीछे लगाई हुई डण्डी ।

अग्गि, पु०, अग्नि, आग (-क्खन्ध) आग की ढेरी, (-परिचरण) अग्नि-पूजा, (-साला) अग्नि-शाला, (-शिखा) आग की लौ, (-हुत्त) यज्ञ ।

अग्गिक-जातक, उस गीदड़ की जातक-कथा, जिसके सिर के बाल जंगल की आग से जल गए थे (१२९)

अग्गिक-भारद्वाज, भारद्वाज गोत्र का श्रावस्ती का एक ब्राह्मणं ।

अग्गि ब्रह्मा, संघमित्रा का पति तथा अशोक का जामाता । उसने अशोक के भाई तिस्सकुमार के प्रव्रजित होने के दिन ही प्रव्रज्या ग्रहण की थी ।

अग्घ, पु०, अर्घ, मूल्य (- कारक)

मूल्य निर्धारण करने वाला।

अग्घति, क्रिया, उतने मूल्य का होना।

अग्घिक, नपुं०, पुष्प-मालाओं से सुसज्जित स्तम्भ।

अघ, नपुं०, आकाश, दुःख, दर्द, दुर्भाग्य।

अङ्क, पु०, गोद, चिह्न, संख्या।

अङ्कुर, पु०, अखुआ।

अङ्कुस, पु०, अंकुश।

अङ्केति, क्रिया, चिह्न लगाता है।

अङ्ग, पु०, सोलह महा जनपदों में से एक।

अङ्ग, नपु०, (शरीर का) अङ्ग, भाग, (-पच्चङ्ग) शरीर के सभी छोटे-बड़े अङ्ग, (-राग) शरीर पर लगाने का पौडर या उबटन।

अङ्गजात, नपुं०, पुरुषेन्द्रिय।

अङ्गण, नपुं०, आंगन।

अंगद, नपुं०, बाजूबंद।

अङ्गना, स्त्री० औरत।

अङ्गार, पुल्लिग, जलता हुआ कोयला।

अङ्गीरस, पु०, बुद्ध का एक नाम।

अङ्गुट्ठ, पु०, अंगूठा।

अङ्गुत्तर-निकाय, पु०, सुत्त-पिटक के पाँच निकायों में से एक निकाय।

अङ्गुत्तरट्ठकथा, स्त्री०, अंगुत्तर निकाय की अट्ठकथा।

अङ्गुल, नपुं० १. अंगुल, २. उंगली-भर का माप।

अङ्गुली-माल, प्रसिद्ध डाकू, जो बुद्धा-नुभाव से एक अर्हत् हुआ।

अङ्गुलीयक, (-लेय्यक), नपु०, अङ्गूठी।

अचल वि०, स्थिर, अपने स्थान से न हिलनेवाला।

अचिर, वि०, जो अभी-अभी हुआ हो, (-प्पभा), विजली।

अचिरवती, (नदी), पाँच महानदियों में से एक, वर्तमान राप्ति।

अचेतन, वि०, बेहोश, जड़।

अचेल, वि०, निर्वस्त्र, नंगा, (-क) नग्न रहने वाला साधु।

अच्चगा, क्रिया-पद, लाँघ गया।

अच्चना, स्त्री०, अर्चना, पूजा।

अच्चन्त, वि०, निरन्तर, लगातार, अत्यन्त।

अच्चय, पु०, अपराध, दोष।

अच्चायिक, वि०, तुरन्त करने का कार्य।

अच्चासन्न, वि०, अति समीप।

अच्चि, स्त्री०, अर्ची, ज्वाला, (-मन्तु) पु० अग्नि

अच्चित, वि०, अर्चित, पूजित, सम्मा-नित।

अच्चुग्गत, वि०, अत्यन्त ऊँचा।

अच्चुण्ह, वि०, अत्यन्त ऊष्ण, बहुत गर्म।

अच्चुत, वि०, (-पद) निर्वाण।

अच्चोगाळ्ह वि०, अत्यधिक प्रचुरता में गया हुआ।

अच्चोदक, नपुं०, अत्यधिक जल।

अच्छ, वि०, अच्छा, स्वच्छ, साफ।

अच्छक, पु०, भालु, रीछ।

अच्छम्भी, वि०, निर्भय।

अच्छरा, स्त्री० अप्सरा; (-संघात) चुटकी बजाना।

अच्छरिय, नपुं०, आश्चर्य।

अच्छादन, नपुं०, वस्त्र, परिधान ।

अच्छिन्दति, क्रिया, लूटता है ।

अच्छेछि, भूतकालिक क्रिया, काट दिया, नष्ट कर दिया ।

अज, पु०, बकरी, (-पाल) बकरी चराने वाला (-लण्डिका) बकरी की मींगन ।

अजातसत्तु, मगध नरेश बिम्बसार का पुत्र ।

अजानन, नपुं०, अज्ञान ।

अजिन, नपुं०, चीता ।

अजिनपत्ता, स्त्री०, चिमगादड़ ।

अजिनि, क्रिया, जीत लिया ।

अजीरक, नपुं०, बदहज़मी ।

अजेय्य, वि०, जिसे जीता न जा सके ।

अज्ज, अव्यय, आज (-तग्गे) आज से, (-तन) आधुनिक ।

अज्जति, क्रिया, अर्जन करता है, कमाता है ।

अज्जव, पु०, आर्जव, सीधापन ।

अज्जित, वि०, अर्जित, कमाया हुआ ।

अज्जुन, पुं०, (१) अर्जुन नाम का वृक्ष, (२) पाँच पाण्डवों में से एक भाई अर्जुन ।

अज्झगा, क्रिया, प्राप्त किया ।

अज्झत्त, वि०, स्वकीय ।

अज्झत्तिक, वि० अपने आप सम्बन्धी ।

अज्झयन, नपुं०, अध्ययन ।

अज्झाचार, पु०, सीमातिक्रमण, मैथुन-क्रिया ।

अज्झाचिण्ण, क्रिया-विशेषण, अभ्यस्त ।

अज्झापन, नपुं०, अध्यापन, पढ़ाना-लिखाना ।

अज्झाय, पु०, अध्याय, परिच्छेद ।

अज्झायक, पु०, अध्यापक, शिक्षक ।

अज्झावसति, क्रिया, घर में वास करता है ।

अज्झासय, पु०, आशय, इरादा ।

अज्झुपगच्छति, क्रिया, प्राप्त होता है, सहमत होता है ।

अज्झुपेक्खति, क्रिया, उपेक्षा करता है ।

अज्झुपेति, क्रिया, समीप पहुँचता है ।

अज्झेन, नपुं०, अध्ययन ।

अज्झोकास, पु०, खुला आकाश ।

अज्झोसान, नपुं०, आसक्ति ।

अज्झोहरण, नपुं०, निगलना ।

अञ्जति, क्रिया, आँख में अञ्जन लगाना ।

अञ्जन, नपुं०, सुरमा (-वण्ण) काला ।

अञ्जन, संज्ञा, शुद्धोदन की दोनों रानियों महामाया तथा महाप्रजापति गौतमी के पिता ।

अञ्जलि, स्त्री०, हाथ जोड़ना, (-पुट) कोई चीज़ लेने के लिए दोनों हाथों को मिलाकर बनाया जानेवाला डूना ।

अञ्जस, नपुं०, रास्ता, मार्ग, पथ ।

अञ्ञ, सर्वनाम, अन्य, दूसरा ।

अञ्ञतम, सर्वनाम-विशेषण, अन्यतम, अनेकों में से एक ।

अञ्ञतित्थिय, पु०, अन्य सम्प्रदाय का अनुयायी ।

अञ्ञत्थ, अञ्ञत्र, अव्यय, अन्यत्र ।

अञ्ञथत्त, नपुं०, मन का अन्यथा-भाव को प्राप्त होना ।

अञ्ञथा, अव्यय, अन्यथा, दूसरी तरह।
अञ्ञदत्थु, अव्यय, निश्चय से।
अञ्ञदा, अव्यय, अन्यदा, दूसरे दिन।
अञ्ञमञ्ञ, अञ्ञोञ्ञ, वि० परस्पर।
अञ्ञा, स्त्री०, सम्पूर्णज्ञान, अर्हत्व।
अञ्ञाण, नपुं०, अज्ञान।
अञ्ञात, वि०, ज्ञात अथवा ज्ञाता।
अञ्ञात, कोण्डञ्ञ, सं० भगवान बुद्ध का प्रथम प्रव्रजित शिष्य।
अञ्ञातक, वि०, जो सगा-सम्बन्धी नहीं।
अञ्ञातावी, पु०, जानकार।
अञ्ञातुकाम, वि०, जानने की इच्छा रखनेवाला।
अटवि, स्त्री०, जंगल।
अट्ट, नपुं०, मुकद्दमा।
अट्टाल, नपुं०, अट्टालिका, अटारी।
अट्ठ, वि०, आठ।
अट्ठक, वि०, आठगुणा।
अट्ठकथाचार्य, पुल्लिग, अर्थकथाचार्य।
अट्ठङ्गिक, पुं०, अष्टांगिक, आठ अंगों वाला।
अट्ठपद, नपुं०, शतरंज का तख्ता।
अट्ठंस, नपुं०, अठकोना।
अट्ठान, नपुं०, अस्थान, असम्भव।
अट्ठारस, वि०, अट्ठारह।
अट्ठि, नपुं०, हड्डी।
अट्ठि-कत्वा, पूर्व-क्रिया, ध्यान देकर।
अट्ठि-सङ्घाट, पुं०, अस्थि-पञ्जर।
अट्ठिसेन जातक, राजा के उद्यान में रहते हुए, उससे कुछ भी याचना न करने वाले तपस्वी की जातक-कथा (४०३)
अड्ढ, वि०, धनाढ्य।
अड्ढतिय, वि०, ढाई।
अड्ढरत्त, नपुं०, अर्ध-रात्रि।
अड्ढुड्ढ, पुं०, साढे तीन।
अण, (ऋण), अनणो, पुं, ऋण-रहित।
अणु, छोटे से छोटा कण।
अण्ड, नपुं०, अण्डा।
अण्डभूत-जातक, स्त्रियों की 'स्वाभाविक' चरित्रहीनता का ज्ञापन करने वाली जातक-कथा (६२)।
अण्ण, पुं०, जल।
अण्णव, नपुं०, समुद्र।
अण्ह, पुं०, दिन, पूर्वाह्न तथा अपराह्न।
अतच्छ, नपुं०, मिथ्या, अयथार्थ।
अति, उपसर्ग, अधिकता का अर्थ लिये हुए।
अतिखिप्पं, क्रिया-विशेषण, अति शीघ्र।
अतिगाळ्ह, वि०, अति निकट।
अतित्त, वि०, अतृप्त।
अतिथि, पु०, अतिथि, मेहमान।
अतिदिवा, अव्यय, दिन चढ़े।
अतिदेव, पु०, श्रेष्ठतर देवता।
अतिधमति, क्रिया, ढोल को या तो बहुत जोर से या बार-बार बजाता है।
अतिधावति, क्रिया, दौड़कर आगे बढ़ जाता है।
अतिनामेति, क्रिया, समय गुजारता है।
अतिनिग्गण्हाति, क्रिया, अधिक डाँटता-डपटता है।
अतिपपञ्च, पु०, अत्यधिक विलम्ब।

अतिपात, पु०, मार डालना, हत्या करना।

अतिप्पगो, अव्यय, बहुत जल्दी।

अतिबहल, विशेषण, बहुत मोटा।

अतिबाळ्हं, क्रिया-विशेषण, अत्यधिक।

अतिबाहेति, क्रिया, भगा देता है, बाहर कर देता है।

अतिभगिनी, स्त्री०, अत्यन्त प्रिय बहन।

अतिभारिय, विशेषण; अत्यन्त भारी, अत्यन्त गम्भीर।

अतिमञ्ञति, क्रिया, घृणा करता है।

अतिमनाप, वि०, अत्यन्त प्रिय।

अतिमत्त, वि० अतिमात्र, अत्यधिक।

अतिमहन्त, वि०, बहुत बड़ा।

अतिमान, पु०, अभिमान, अहंकार।

अतिमुखर, वि०, अत्यन्त वाचाल।

अतिमुत्तक, सं०, एक पौदे का नाम।

अतिमुदुक, वि०, अत्यन्त मृदु।

अतियक्ख, पु०, झाड़-फूंक करनेवाला ओझा।

अतियाचक, वि०, अत्यन्त याचना करने वाला।

अतियति, क्रिया, लांघ जाता है।

अतिरत्तिं, क्रिया-विशेषण, अधिक रात बीते।

अतिरिच्चति, क्रिया, छूट जाता है, (शेष) रहता है।

अतिरित्त, विशेषण, अतिरिक्त।

अतिरिव, अव्यय, अत्यधिक।

अतिरेक, वि०, अतिरिक्त।

अतिरोचति, क्रिया०, अधिक चमकता है।

अतिलुद्ध, वि०; अत्यन्त लोभी।

अतिवङ्किन्, वि०, अत्यन्त टेढ़ा।

अतिवत्त, क्रिया-विशेषण, विजित।

अतिवत्तति, क्रिया, लांघ जाता है, पार कर जाता है।

अतिवस, वि०, किसी के वश में, किसी पर निर्भर।

अतिवस्सति, क्रिया, खूब बरसता है।

अतिवाक्य, नपुं०, अपशब्द, गाली।

अतिवात, पुं०, आँधी-तूफान।

अतिवायति, (सुगन्धि) लेकर जाता है।

अतिवाहक, पुं०, भार वहन करने वाला।

अतिविकाल, वि०, अत्यन्त असमय।

अतिविज्झति, क्रिया, बींध देता है, आर-पार देखता है।

अतिविय, क्रिया-विशेषण, अत्यन्त।

अतिविस्सट्ठ, वि०; बकबक करने वाला।

अतिविस्सासिक, वि०, अत्यन्त रहस्य-पूर्ण।

अतिविस्सुत, वि०, अत्यन्त प्रसिद्ध।

अतिवेलं, क्रिया-विशेषण, अधिक समय बीत जाना।

अतिसण्ह, वि०, अति-सूक्ष्म, अति चिकना।

अतिसम्बाध, वि०, जहाँ बहुत भीड़-भाड़ हो, जो रास्ता तंग हो।

अतिसय, पु०, अतिशय, आधिक्य।

अतिसायं, क्रिया-विशेषण; अत्यन्त सायंकाल।

अतिसार, पुल्लिग, सीमोल्लंघन, दस्त लग जाना।

अतिसिथिल, वि०, अत्यन्त शिथिल।
अतिहट्ठ, वि०, अत्यन्त प्रसन्नचित्त।
अतिहीन, वि०, अत्यन्त दरिद्र।
अतिहीलेति, क्रिया, घृणा करता है।
अतीत, वि०, भूत-काल।
अतीव, अव्यय, बहुत अधिक।
अतो, अव्यय, अतः, इसके बाद।
अत्त, पु०, अपना-आप।
अत्त-काम, पु०, आत्म-प्रेम।
अत्त-किलमथ, पु०, काय-क्लेश।
अत्त-गुत्ति, स्त्री०, आत्म-संयम।
अत्त-घञ्ञ, नपुं०, आत्म-विनाश।
अत्तदत्थ, पु०, आत्म-हित।
अत्तदन्त, वि; आत्म-दमित।
अत्त-दिट्ठि, स्त्री०, आत्म-दृष्टि,'आत्मा' का अस्तित्व मानना।
अत्त-भाव, पु०, व्यक्तित्व।
अत्त-वाद, पु०, 'आत्मा' के सम्बन्ध का पक्ष या मत।
अत्त-वध, पु०; आत्म-विनाश।
अत्त-हित, नपुं०, आत्म-हित।
अत्तज, वि०; आत्मज, पुत्र।
अत्तदीप, वि०; आत्म-दीप, आत्म-निर्भर।
अत्तनीय, वि०, अपने-आप सम्बन्धी अथवा आत्मा-सम्बन्धी।
अत्तंतप, वि०; अपने-आपको तपाने वाला।
अत्तपच्चक्ख, वि०, आत्म-प्रत्यक्ष, आत्म-साक्षी।
अत्तपटिलाभ, पु०; आत्म-प्रतिलाभ, जन्म।
अत्तमन, वि०; प्रसन्न-वदन।
अत्तसम्भव, वि; आत्म-सम्भव, अपने-आपसे उत्पन्न।
अत्तहेतु, अव्यय, आत्म-हेतु, अपने आपके लिये।
अत्ताण, वि०, विना त्राण के, विना संरक्षण के।
अत्थ, पु०; कल्याण, लाभ, धन, आवश्यकता, इच्छा, उपयोग, अर्थ, विनाश।
अत्थक्खायी, वि०, हितकर बात कहने वाला।
अत्थकर, वि०; हितकारी।
अत्थकाम, वि०, हितचिन्तक।
अत्थकुसल, वि०, हितकर बात का पता लगाने में दक्ष, अर्थ बताने में दक्ष।
अत्थचर, वि०, परोपकारी।
अत्थचरिया, स्त्री०, परोपकार।
अत्थदस्सी, वि०, हितचिंतक।
अत्थभञ्जक, वि०, अहितकारी।
अत्थवादी, वि०, हितकर बात कहने वाला। अत्थ, क्रिया, अत्थि का बहुवचन।
अत्थकथा, स्त्री०, अर्थों की व्याख्या, भाष्य।
अत्थगम, पु०, अस्तगत होना, छिप जाना, आँख से ओझल होना।
अत्थञ्ञु, वि०, अर्थ का जानकार, हित-कर बात का जानकार।
अत्थरत, क्रिया-विशेषण; ऊपर बिछाया गया।
अत्थर, पु०; आस्तरण।
अत्थरक, पु०, बिछाने वाला।

अत्थरण, नपुं०, विस्तर की चादर।
अत्थरति, क्रिया, बिछाता है।
अत्थरापेति, क्रिया, बिछवाता है।
अत्थवस, पु०, कारण, उपयोग।
अत्थसालिनी, अभिधम्मपिटक के धम्मसंगनी प्रकरण पर बुद्ध घोष द्वारा रचित अट्ठकथा।
अत्थस्सद्वार जातक, वाराणसी के सेठ के पुत्र की जातक-कथा, जो सात वर्ष की आयु में ही सुपथगामी बना (८४)।
अत्थाय, अत्थ की चतुर्थी; के लिए; किमत्थाय, किसलिए?
अत्थि, क्रिया; है।
अत्थि-भाव, पुं०, अस्तित्व।
अत्थिक, वि०, अर्थी, किसी चीज़ की इच्छा करनेवाला।
अत्र, वि०, यहाँ।
अत्रज, पुं०, पुत्र, अत्रजा, स्त्री०; पुत्री।
अत्रिच्छ, वि०; अत्यन्त लोभी। अत्रिच्छता, स्त्री०, अत्यन्त लोभ।
अथ, अव्यय; तब।
अथब्बण, पुं०, अथर्व-वेद।
अथो, अय, निपात मात्र।
अदक, वि०, खाने वाला।
अदति, क्रिया, खाता है।
अदन, नपुं०; खाना, भोजन।
अदस्सन, नपुं०, दिखाई न देना।
अदिट्ठ, वि० अदृष्ट, जो दिखाई दिया हो।
अदिन्न, वि०, जो दिया न गय हो।
अदिस्समान, वि०; जो दिखाई न दे।
अदु, नपुं; अमुक।
अदूभक, वि०, जो विश्वासघाती नहीं
अदूसक, वि०, निर्दोष, निरपराध।
अद्द, नपुं, काई, गीलापन।
अद्दक, नपुं; अदरक।
अद्दक्खि, भूतकालिक क्रिया; देखा।
अद्दसा, भूतकालिक क्रिया, देखा।
अद्दि, पु०, पर्वत।
अद्दित, क्रिया-विशेषण; दबाया गया।
अद्ध, पु०, आधा। (—मास), पुं०; आधा-महीना, एक पक्ष।
अद्धगत, वि०, जीवन-पथ का यात्री।
अद्धगू, पु०, यात्री।
अद्धनिय, वि; यात्रा करने योग्य; चिरकाल तक बना रहने वाला।
अद्धा, अव्यय, निश्चयात्मक रूप से।
अद्धा, पुं०; मार्ग, समय।
अद्धान, नपुं०, लम्बा रास्ता या दीर्घ समय।
अद्धिक, पुं०, यात्री।
अद्धुव, वि०, अध्रुव, अस्थिर।
अद्वेज्झ, वि०, असंदिग्ध।
अधम, वि०, नीच, पापी।
अधम्म, पु०, दुराचार, मिथ्या-मत।
अधर, पु०, होंठ, वि०, नीचे का।
अधि, उपसर्ग, तक, पर।
अधिकत, वि०, अधिकृत, कारणीभूत।
अधिकरण, नपुं, मुकद्दमा।
अधिकरण-समथ, पु०, मुकद्दमे का फैसला।
अधिकरणिक, पु०, न्यायाधीश।
अधिकरणी, स्त्री०, लोहार की निहाई।
अधिकार, पु०, पद, आकांक्षा।

अधिकोट्टन, नपुं०, जल्लाद का थड़ा।
अधिकोधित, वि०; अत्यन्त क्रोधित।
अधिगच्छति, क्रिया; प्राप्त करता है।
अधिगच्छि, भूतकालिक क्रिया, प्राप्त किया।
अधिगण्हाति, क्रिया, पार कर जाता है, प्राप्त करता है, लाँघ जाता है।
अधिगम, पु०, प्राप्ति, ज्ञान।
अधिचित्त, नपुं०, चित्त को एकाग्र करने की साधना।
अधिच्च, पूर्व-क्रिया, पढ़कर या पाठ करके।
अधिच्च, समुप्पन्न, वि०, अकारण उत्पन्न।
अधिट्ठाति, क्रिया, दृढ़ संकल्प करता है।
अधिट्ठातब्ब, कृदन्त, अधिष्ठान करने योग्य।
अधिट्ठायक, वि०, निरीक्षक।
अधिप (अधिपति), पु०, स्वामी, शासक।
अधिपञ्ञा, स्त्री०, श्रेष्ठ प्रज्ञा।
अधिपतन, नपुं, आक्रमण, ऊपर आ पड़ना, उछलना-कूदना।
अधिपन्न, वि०, गृहीत।
अधिपात, पु०, टुकड़े-टुकड़े हो जाना, विनाश।
अधिपातक, पु०, झींगुर, अँख-फोड़वा।
अधिपातेति, क्रिया, नाश कर डालता है।
अधिप्पघरति, क्रिया, चूता है।
अधिप्पाय, पु०, अभिप्राय, इरादा।
अधिभवति, क्रिया, नीचे दबा देता है।
अधिमत्त, वि०, अत्यधिक मात्रा।
अधिमन, पुं०, चित्त की एकाग्रता।
अधिमान, पु०; अभिमान, अहङ्कार।
अधिमानिक, वि०; ऐसा व्यक्ति जो झूठ-मूठ ही समझता है कि उसने कोई सिद्धि प्राप्त कर ली है।
अधिमुच्चति, क्रिया, झुकता है, अनुरक्त होता है।
अधिमुच्चन, नपुं०, संकल्प करना, इरादा करना।
अधिमुत्ति, स्त्री, संकल्प, झुकाव।
अधिमोक्ख पु०; दृढ़ निश्चय।
अधिरोहनी, स्त्री, सीढ़ी।
अधिवचन, नपुं, संज्ञा, नामकरण।
अधिवत्तति, क्रिया, अतिक्रमण कर जाता है, परास्त कर देता है।
अधिवत्थ, वि०, रहने वाला।
अधिवसति, क्रिया, रहता है।
अधिवासक, वि०, सहनशील।
अधिवासना, स्त्री०, सहनशीलता।
अधिवासेति, क्रिया, सहन करता है।
अधिसील, नपुं, श्रेष्ठतर सदाचार।
अधिसेति, क्रिया, लेटता है, बैठता है, रहता है, अनुकरण करता है।
अधीन, वि०, निर्भर।
अधीयति, क्रिया, अध्ययन करता है, कण्ठस्थ करता है।
अधुना, विशेषण, अब, अचिरकाल पूर्व।
अधो, अव्यय, नीचे।
अधोकत, वि, नीचे किया गया।
अधोगम, वि० पतनोन्मुख।
अधोभाग, पु० नीचे का हिस्सा। अधोमुख, वि०, नीचे मुंह किये।
अनङ्गण; वि०; राग-द्वेष रहित,

निर्दोष ।
अनण, वि०, ऋण-मुक्त ।
अनत्त, वि०, अनात्म (—सिद्धान्त) ।
अनत्तमन, वि०, असन्तुष्ट ।
अनत्थ, पु०, हानि, दुर्भाग्य ।
अनधिवर, पु०; तथागत, बुद्ध ।
अननुच्छविक, वि०; अनुचित, अयोग्य ।
अननुसोचिय जातक, वाराणसी में धनी ब्राह्मण के रूप में बोधिसत्व की जातक-कथा (३२८) ।
अनन्त, वि०, सीमा-रहित ।
अनन्तर, वि०, इसके बाद ।
अनपेक्ख, वि०, अपेक्षा-रहित ।
अनभाव, (अनु+अभाव) पु०, जन्म-मरण का सम्पूर्ण अभाव ।
अनभिरत, वि०, रस न लेता हुआ, रमण न करता हुआ ।
अनभिरति जातक, (१) स्त्रियों को निजी सम्पत्ति मानना अनुचित है, प्रसंग की जातक-कथा (६५), (२) अच्छी स्मरण-शक्ति के लिये चित्त की स्थिरता आवश्यक है, प्रसंग की जातक-कथा (१८५)
अनमतग्ग, वि०, जिसका आरम्भ अज्ञात है ।
अनय, पु०, दुर्भाग्य ।
अनरिय, वि०, असभ्य, गँवार ।
अनल, पु०, अग्नि ।
अनलंकत, वि०, (१) असंतुष्ठ, (२) अलंकृत नहीं किया गया ।
अनवट्ठित, वि०, अनवस्थित, अस्थिर ।
अनवय, वि०, न्यून नहीं, सम्पूर्ण ।
अनवरत, वि०, लगातार, निरंतर ।
अनवसेस, वि०, निरवशेष, सम्पूर्ण ।
अनवोसित, वि०, असमाप्त, असम्पूर्ण ।
अनसन, नपुं० आहार-त्याग, व्रत ।
अनस्सासिक, वि०, आश्वासन-रहित ।
अनाकुल, वि०, उलझन-रहित ।
अनागत, वि०, भावी ।
अनागत वंस, चोल देश के वासी काश्यप स्थविर द्वारा भावी मैत्रेय बुद्ध के बारे में रची गई एक पद्य-बद्ध रचना ।
अनागमन, नपुं०, आगमन का निषेध ।
अनागामी, पु०, फिर इस संसार में लौटकर न आने वाला ।
अनाचार, पु०, दुराचार ।
अनाजानीय, वि०, अच्छी नसल का नहीं ।
अनाथ, वि०, दुखी, असहाय ।
अनाथ पिण्डिक, श्रावस्ती का प्रसिद्ध दानी सेठ सुदत्त (अनाथपिण्डिक) ।
अनादर, पु०; अगौरव ।
अनादा, पूर्वक्रिया, बिना लिये ।
अनापादा, वि०, अविवाहिता ।
अनापुच्छा, पूर्व-क्रिया, बिना पूछे ।
अनाबाध, वि०, बाधा-रहित, सुरक्षित ।
अनामन्त, वि०, अनिमंत्रित, अपृष्ठ, जिससे कुछ पूछा न गया हो ।
अनामय, वि०, रोग-मुक्त ।
अनामसित, वि०, जो छुआ न गया हो, अस्पृष्ट ।
अनायतन, नपुं०, अयोग्य स्थान
अनायास, वि०, बिना कष्ट के, आसानी से ।
अनारम्भ, वि०, बिना परिश्रम के, बिना कुछ भी खट-पट किये ।
अनाराधक, वि०, असफल ।

अनालम्ब, वि०, आलम्बन-रहित, आधार-रहित ।

अनालय, वि०, आसक्ति-रहित ।

अनावट, वि०, अनावृत, बिना ढका हुआ, खुला ।

अनावत्ती, पु०, जो न लौटने वाला हो ।

अनावास, वि०, जहाँ किसी का निवास न हो ।

अनावरण, वि०, जो ढका न हो ।

अनाविल, वि०, जो गन्दला न हो, साफ हो ।

अनावुत्थ, वि०; जहाँ कोई रहा न हो ।

अनासक, वि०, निराहार, व्रती ।

अनासव, वि०, आस्रव-रहित, चित्त-मैल रहित ।

अनाळिहक, वि०, गरीब ।

अनिक्कसाव,वि०, काषाय अर्थात् चित्त-मलों से युक्त ।

अनिखात, वि०; जो खोदा नहीं गया ।

अनिघ, वि०, दुःख-रहित ।

अनिच्च, वि०, अस्थिर, अनित्य ।

अनिच्छमान, क्रिया-विशेषण; जो इच्छा न करे ।

अनिच्छा, स्त्री०, अरुचि ।

अनिञ्जन, नपुं०, स्थिरता ।

अनिट्ठ, वि०, अनिष्ठ, जिसकी इच्छा न हो ।

अनिट्ठित, वि०, असमाप्त ।

अनिन्दित, वि० निन्दा-रहित ।

अनिन्दिय, वि०, अनिन्दनीय ।

अनिमिस, वि०, विना पलक झपके ।

अनियत, वि०, अनिश्चित ।

अनिल, पु०, हवा

अनिल-पथ, पु०, आकाश ।

अनिवत्तन, नपुं०, रुकने का अभाव ।

अनिसम्मकारी, वि०, बिना सोच-विचार किये करने वाला, जल्दबाज़ ।

अनिस्सर, वि०, ईश्वर के विना, ऐश्वर्य के बिना ।

अनीक, नपुं०, सेना

अनीघ, देखें आनिंघ ।

अनीतिक, वि०, हानि-रहित ।

अनीतिह, वि०, सुनी-सुनाई बात नहीं, स्वानुभव से ज्ञात ।

अनुकंखी, वि०, आकांक्षा करने वाला इच्छा करने वाला ।

अनुकंतति, क्रिया; फाड़ता है, काटता है, चीरता है ।

अनुकम्पक वि०, दयालु, अनुकम्पा करने वाला ।

अनुकम्पति, क्रिया, अनुकम्पा करता है ।

अनुकरोति, क्रिया, नक़ल करता है ।

अनुकस्सति, क्रिया, खींचता है दुहराता है ।

अनुकार, पुल्लिग, नक़ल, अनुकृति ।

अनुकिण्ण, क्रिया-विशेशण, बिखेरा हुआ ।

अनुकूल, वि, प्रतिकूल न होना, अनु-भाव, पु०, प्रताप,

अनुवात, पु०, अनुकूल वायु ।

अनुक्कम, पु०, क्रम । अनुक्कमेन, वि०; क्रमानुसार ।

अनुखुद्दक, वि०, कम महत्व की चीज़ ।

अनुग, वि०, पीछे चलनेवाला, जिसका अनुगमन होता हो ।

अनुगचछति, वि, पीछे चलता है।
अनुगत, क्रिया-विशेषण, जिसका कोई अनुगामी हो।
अनुगति, स्त्री०, अनुगमन करना।
अनुगामिक, विशेषण, अनुगामी
अनुगायति, क्रिया, दूसरे गाने वाले के साथ-साथ गाता है।
अनुगाहति, क्रिया, गोता लगाता है।
अनुगिज्झति, क्रिया, लोभ करता है।
अनुगण्णहाति, क्रिया, अनुग्रह करता है।
अनुगहित, क्रिया-विशेषण, अनुगृहीत।
अनुग्गाहक, विशेषण, अनुग्रह करने वाला।
अनुग्गिरन्त, क्रिया-विशेषण, न बोलते हुए
अनुग्घाटेति, क्रिया, उद्‌घाटन करता है।
अनुचङ्कमति, क्रिया, साथ या पीछे-पीछे चंक्रमण करता है।
अनुचर, पुल्लिग, अनुगामी।
अनुचरण, नपुं०, अभ्यास।
अनुचरित, क्रिया-विशेषण; अभ्यस्त।
अनुचिनाति, क्रिया, संग्रह करता है
अनुचिन्तेति, क्रिया, विचार करता है।
अनुच्चारित, क्रिया-विशेशण, उच्चारण न किया गया।
अनुच्चिटठ, वि०, ऐसा भोजन जो जूठा नहीं किया गया।
अनुच्छविक, वि०, योग्य, समीचीन।
अनुज, पु०, भाई।
अनुजा, स्त्री०, बहन।
अनुजात, वि०, अनन्तर उत्पन्न।
अनुजानाति, क्रिया, अनुमति देता है।
अनुजीवति, क्रिया, जीवित रहता है।
अनुजीवी, वि० जिसका जीवन किसी दूसरे पर निर्भर हो।
अनुजु, वि०, जो ऋजु न हो, टेढ़ा।
अनुञ्ञा, स्त्री०, अनुमति।
अनुट्ठान, नपुं०, अक्रिया-शीलता।
अनुडसति, क्रिया, डंक मारता है।
अनुडहति, क्रिया, जलाता है।
अनुतप्पति, क्रिया, पछतावा करता है।
अनुतिट्ठति, क्रिया, १. पास खड़ा होता है, २. सहमत होता है
अनुतीर, नपुं०, किनारे के पास।
अनुत्तर, नपुं०, जिससे बढ़ककर कुछ नहीं, सर्वोत्तम।
अनुत्तान, वि०, गहरा, जो उथला नहीं। २. अस्पष्ट।
अनुत्थुनाति, क्रिया; चिल्लाता है, अनुताप करता है।
अनुत्रासी, वि०, जो भयभीत नहीं।
अनुथेर, पु०; स्थविर के बाद द्वितीय।
अनुददाति, क्रिया, देता है।
अनुदिसा, स्त्री०, अनुदिशा।
अनुद्दया, स्त्री०, अनुकम्पा
अनुद्दिट्ठ, वि०, जिसका संकेत नहीं किया गया, जिसका उच्चारण नहीं किया गया।
अनुद्धत, वि०, निरहंकारी।
अनुद्‌धम्म, पु०, धर्मानुसार
अनुधावति, क्रिया, पीछे दौड़ता है।
अनुनय, पु० मैत्री-भाव।
अनुनेति, क्रिया, संतुष्ट करता है।
अनुप, **अनूप**, पु०, गीली जमीन।
अनुपकुट्ठ, वि०, निर्दोष।

अनुपखज्जति, क्रिया, दखल देता है।
अनुपगच्छति, क्रिया, जाता है, वापिस आता है
अनुपघात, प्र०, अहिंसा।
अनुपचित, वि०, असंग्रहीत।
अनुपञ्ञत्ति, स्त्री०, उपनियम।
अनुपटिपाति, स्त्री०, क्रम, क्रमानुसार।
अनुपटिठत, वि०, अनुपस्थित, गैर-हाजिर।
अनुपत्ति, स्त्री०, प्राप्ति।
अनुपद, वि०, पदानुसार, पीछे-पीछे।
अनुपद्दव, वि०, उपद्रव का न होना।
अनुपधारेति, क्रिया; विचार नहीं करता है।
अनुपबज्जा, स्त्री०, किसी दूसरे से प्रभावित होकर प्रव्रजित होना।
अनुपमेय, वि०, जिससे तुलना न की जा सके।
अनुपरिगच्छति, क्रिया, चारों ओर घूमता है।
अनुपरिवत्तति, क्रिया लुढकता है।
अनुपरिवेरति, क्रिया, घेर लेता है।
अनुपलित्त, वि०, जो लिबाड़ा नहीं, जिसको कुछ लगा नहीं।
अनुपवज्ज, वि०, निर्दोष।
अनुपविसति, क्रिया, प्रवेश करता है।
अनुपसम्पन्न, वि०, जो उपसम्पन्न नहीं हुआ।
अनुपस्सक, वि०, द्रष्टा।
अनुपस्सति, किया० देखता है, विचार करता है।
अनुपस्सना, स्त्री; अनुपश्यना, विचार करना।
अनुपद्दुत, वि० जिसे कुछ हानि नहीं हुई, जो नष्ट नहीं हुआ।
अनुपात, पु०, अपशब्द।
अनुपादाय, पूर्व-क्रिया, बिना विचार किये, बिना समझे।
अनुपादान, वि०, अनासक्त, बिना इंधन के।
अनुपादिसेस, वि०, अशेष उपाधि के निरोध वाली (निर्वाण धातु)
अनुपापुणाति, क्रिया, प्राप्त करता है।
अनुपापेति, क्रिया, प्राप्त कराता है।
अनुपाय, पु०, अनुचित उपाय।
अनुपायास, वि०, चिन्ता-रहित।
अनुपालेति, क्रिया, पालता है।
अनुपाहन, वि०, बिना जूते के।
अनुपिय, कपिलवस्तु की पूर्व-दिशा में मल्ल-जनपद का एक नगर।
अनुपुच्छति, क्रिया, पूछता है, प्रश्न करता है।
अनुपुट्ठ, क्रिया-विशेषण, पूछा गया।
अनुपुब्ब, वि०, क्रमशः।
अनुपेक्खति, क्रिया, ध्यान देता है, विचार करता है।
अनुपेक्खना, स्त्री०, ध्यान, विचार।
अनुपेसेति, क्रिया, पीछे भेजता है।
अनुपोसिय, वि०, जिसका पालन-पोषण करना हो।
अनुप्पत्ति, स्त्री०; प्राप्ति। अन+उप्पत्ति, जन्म का न होना।
अनुप्पदातु, पु०, दाता, देने वाला।
अनुप्पदाति, क्रिया, देता है, दे डालता है।
अनुप्पन्न, वि०, जो उत्पन्न नहीं हुआ।
अनुप्पीळ, वि; जो पीड़ित नहीं किया

गया, जिसे कष्ट नहीं दिया गया।

अनुकरण, नपुं०, व्याप्त होना।

अनुफुसीयति, क्रिया; भिगोता है, छिड़कता है।

अनुबद्ध, क्रिया-विशेषण; जिसका पीछ किया जाता हो।

अनुबन्धन, नपुं०, बंधन, पीछा करना।

अनुबल, नपुं; सहायता देना, समर्थन करना।

अनुबुज्झति, क्रिया, बोध प्राप्त करता है, समझता है।

अनुबुज्झन, नपुं०, बोध,ज्ञान।

अनुबुद्ध, क्रिया-विशेषण, बोध-प्राप्त, ज्ञानी; अल्पतर बुद्ध।

अनुबोध, पु०, समझ, ज्ञान।

अनुब्बजति, क्रिया, अनुगमन करता है।

अनुब्बत, वि०, श्रद्धावान्, अनु-व्रती।

अनुब्यञ्जन, नपुं०, दूसरे दर्जे के चिह्न

अनुब्रूहेति, क्रिया, बढ़ाता है।

अनुभवति, क्रिया, अनुभव करता है, खाता है।

अनुभवन, नपुं०, अनुभव करना, खाना।

अनुभाग, नपुं०, गौण हिस्सा।

अनुभायति, क्रिया, डरता है।

अनुभाव, नपुं०, प्रताप, तेजस्विता।

अनुभासति, क्रिया, दोहराता है।

अनुभूत, क्रिया-विशेषण; अनुभव में आया हुआ।

अनुमज्जति, क्रिया; थपथपाता है, डुबकी लगाता है। गहराई में नीचे उतरता है।

अनुमज्झ, वि०, मध्यस्थ।

अनुमञ्ञति, क्रिया, स्वीकार करता है, सहमत होता है।

अनुमति, स्त्री०; सहमति, अनुज्ञा।

अनुमान, पुं०, अनुमान (—प्रमाण)।

अनुमीयति, क्रिया, अनुमान करता है, परिणाम पर पहुँचता है।

अनुमोदक, वि०, अनुमोदन करने वाला, समर्थक, प्रसन्न होने वाला।

अनुम्मत्त, वि०, जो उन्मत्त (-पागल) नहीं।

अनुयात, क्रिया-विशेषण, जिसके पीछे-पीछे कोई आता हो।

अनुयायी, वि०, अनुगामी।

अनुयुञ्जति, क्रिया, किसी काम में लगता है।

अनुयुत्त, क्रिया-विशेषण; किसी काम में लगा हुआ।

अनुयोग, पु०, साधना।

अनुयोगी, त्रिलिंगी, साधक।

अनुरक्खक, वि, रक्षक।

अनुरक्खण, नपुं, अनुरक्षण।

अनुरक्खति, क्रिया, रक्षा करता है।

अनुरक्खा, स्त्री०, आरक्षा।

अनुरक्खीय, वि०, संरक्षणीय।

अनुरज्जति, क्रिया, आकर्षित होता है, आनन्दित होता है।

अनुरत्त, क्रिया-विशेषण; आसक्त।

अनुरव, पु०, गूंज।

अनुरुद्ध स्थविर, अमितोदन शाक्य का पुत्र तथा महानाम का भाई। भगवान् बुद्ध के प्रधान भिक्षु शिष्यों में से एक।

अनुरूप, वि०, अनुकूल ।
अनुरोदति, क्रिया, चिल्लाता है ।
अनुरोध, पु०, स्वीकृति, अनुकूलता ।
अनुलिम्पति, क्रिया, अभिसिञ्चन करता है ।
अनुलोम, वि०, सीधे क्रम से ।
अनुलोमेति, क्रिया; क्रम का अनुगमन करता है ।
अनुवज्ज, वि०, दोषभागी ।
अनुवत्तक, वि०, अनुगामी ।
अनुवत्तेति, क्रिया, उत्तराधिकार होता है, अनुकरण करता है ।
अनुवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
अनुवसति, क्रिया, किसी के साथ रहता है ।
अनुवस्सं, क्रिया-विशेषण, हर वर्षा काल में ।
अनुवस्सिक, वि०, वार्षिक ।
अनुवात, पुं०, अनुकूल-वायु ।
अनुवाद, पु०, दोषारोपण, (एक भाषा से दूसरी भाषा में) रूपान्तर ।
अनुवासेति, क्रिया; सुगन्धित करना ।
अनुविचरति, क्रिया, इधर-उधर घूमता है ।
अनुविचिनाति, क्रिया, विचार करता है, चिन्तन करता है ।
अनुविच्च, पूर्व-क्रिया, जानकर, परीक्षण कर ।
अनुविज्जक, पुं०, परीक्षक ।
अनुविज्झति, क्रिया, बींधता है, परीक्षण करता है ।
अनुवितक्केति, क्रिया, तर्क-वितर्क करता है, मनन करता है ।
अनुविधीयति, क्रिया (विधी के) अनुसार आचरण करता है ।
अनुविलोकेति, क्रिया, निरीक्षण करता है ।
अनुवुट्ठ, क्रिया-विशेषण, रहता हुआ, वास करता हुआ ।
अनुब्यञ्जन, नपुं०,छोटे-मोटे चिह्न या लक्षण ।
अनुसक्कति, क्रिया, एक ओर हट जाता है, पीछे हट जाता है ।
अनुसंवच्छर, क्रिया-विशेषण; प्रति-वर्ष ।
अनुसंचरति, क्रिया; चलता-फिरता है घूमता है ।
अनुसट, क्रिया-विशेषण, अभि-सिञ्चित ।
अनुसत्थर, पुं० शिक्षक, उपदेशक ।
अनुसन्धि, स्त्री, मेल; परिणाम ।
अनुसय, पु०, चित्त का झुकाव, चित्त की प्रवृत्ति (कुपथगामी)
अनुसरति, क्रिया, अनुगमन करता है, अनुस्मरण करता है ।
अनुसवति, क्रिया, चूता रहता है, बहता रहता है ।
अनुसावक, वि०, सुनाने वाला, घोषणा करने वाला ।
अनुसावेति, क्रिया, घोषणा करता है ।
अनुसासक, पु०, अनुशासन करने वाला, प्रवचन करने वाला ।
अनुसासिक जातक, एक पेटू भिक्षुणी के बारे में जेतवन में उपदिष्ट जातक कथा (सं ११५)
अनुसिक्खति, क्रिया, शिक्षा ग्रहण करता है ।

अनुसुणाति, क्रिया, सुनता है।

अनुसूयक, वि०, ईर्षा-रहित।

अनुसेति, क्रिया, साथ लेटता है।

अनुसोचति, क्रिया, सोचता है, पश्चाताप करता है।

अनुसोत, पु०, स्रोत के अनुसार।

अनुस्सति, स्त्री०, जागरूकता, स्मृति।

अनुस्सरण, नपुं०, अनुस्मरण।

अनुस्सति, क्रिया, अनुस्मरण करता है।

अनुस्सव, पु०, सुनी-सुनाई बात।

अनुस्सुक वि०, जो कुछ करने के लिए उत्सुक नहीं।

अनुहसति, क्रिया; हँसता है, मजाक करता है।

अनून, विशेषण, अन्यून, सम्पूर्ण।

अनुपम, वि०, जिसकी उपमा नहीं।

अनूहत, वि०, जिसकी जड़ नहीं खुदी।

अनेक, वि०, बहुत से, एक नहीं,

अनेज, वि०, तृष्णा-विहीन।

अनेध वि०, ईंधन-विहीन।

अनेळ, वि०, निर्दोष। अनेळ-गल, अनेल-मूग, गूँगा नहीं।

अनेसना, स्त्री०; (जीविका) की अनुचित खोज।

अनोक, नपुं०; वे-घर

अनोकास, वि०, स्थान, समय या अवसर का अभाव।

अनोजा, स्त्री०, नारंगी के रंग के फूलों वाला पौदा या उसके फूल।

अनोतत्त, पु०, हिमालय की कोई झील, सम्भवतः मानसरोवर।

अनोतप्प, नपुं०, (पाप करने में) निर्भय।

अनोदक, वि०, जल-रहित।

अनोदिस्सक, वि०, सर्व-सामान्य के लिए।

अनोनमति, क्रिया; नहीं झुकता है।

अनोम, वि०; श्रेष्ठ।

अनोमा, स्त्री०, कपिलवस्तु के पूर्व की ओर की अनोमा नाम की नदी, जिसे गृहत्याग के अनन्तर सिद्धार्थ-गौतम ने सर्व-प्रथम पार किया।

अनोमज्जति, क्रिया, (शरीर को हाथ से) मलता है।

अनोरपार, वि०, जिसका वारापार नहीं, न इस ओर तीर, न उस ओर तीर।

अनोवस्सक, वि०, वर्षा से बचा हुआ, वर्षा से सुरक्षित।

अन्त, पु०, आखिर, अवसान।

अन्त-कर, वि०, अन्तिम।

अन्त-गुण, नपुं०, आन्त।

अन्तजातक देवदत्त के बारे में वेळुवन में उपदिष्ट जातक कथा (२९५)

अन्तक, पु० मृत्यु।

अन्तमसो, अव्यय; अन्तिम दर्जे।

अन्तर, नपुं० भेद, दूरी, भीतरी।

अन्तरकप्प, (दो) कल्पों के बीच।

अन्तरघर, नपुं०, घरों के बीच या गाँव में।

अन्तर-साटक, नपुं० अन्दर का वस्त्र।

अन्तरट्ठक, शीत-ऋतु, के अत्यन्त ठण्डे आठ दिन, जिस समय (भारत में) वर्फ गिरती है।

अन्तरवन्तरा, क्रिया-विशेषण, जब-तब।

अन्तरधान, नपुं०, अदृश्य हो जाना,

अन्तरध्यान हो जाता ।

अन्तरवासक, पु०, अन्दर का वस्त्र, लुंगी या धोती की तरह पहना जाने वाला, चीवर ।

अन्तरंस, पु०, दो कन्धों के वीच की दूरी ।

अन्तरा, क्रिया-विशेषण, वीच में ।
अन्तरा-मग्गे, बीच रास्ते में।

अन्तरापण, पु०, दुकानों के वीच, वाज़ार ।

अन्तराय, पु०, वाधा, खतरा ।

अन्तरायिक, वि०, बाधक कारण ।

अन्तराल, नपुं०, वीच की स्थिति ।

अन्तरिक, वि०, इसके बाद की स्थिति ।

अन्तलिक्ख, नपुं०, अन्तरिक्ष, आकाश और पृथ्वी के वीच का अवकाश ।

अन्तवन्तु, वि०, अन्तवान्, जिसका आखिर हो ।

अन्तिक, वि०, सिरे पर; नपुं०, पड़ोस ।

अन्तेपुर, नपुं०, १. नगर का भीतरी भाग। २. महल का भीतरी भाग, रनिवास ।

अन्तेवासी, पु०, आचार्य के साथ रहने वाला, शिष्य ।

अन्तो, अव्यय, अन्दर ।

अन्दु, पु०, बेड़ी ।

अन्दु-घर, नपुं०, जेलखाना ।

अन्धक, पु०, मक्खी-विशेष ।

अन्धक, वि०, आन्ध्र-प्रदेश का निवासी।

अन्धकविन्द, राजगृह से तीन गव्यूति की दूरी पर मगध-जनपद का एक गाँव।

अन्धक (-निकाय), स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाले भिक्षुओं का एक सम्प्रदाय ।

अन्धकार, पु०, अन्धेरा, चकित हो जाना।

अन्धतम, पु० तथा नपुं०, घुप अन्धेरा ।

अन्न, नपुं०, भोजन ।

अन्नद, वि०, भोजन-दाता ।

अन्न-पान, नपुं०, खाना-पीना ।

अन्वक्खर, वि०, अक्षरानुसार ।

अन्वगा, भूतकालिक क्रिया, (वह) गया, उसने अनुगमन किया ।

अन्वगु, भूतकालिक क्रिया, (वे) गये, उन्होंने अनुगमन किया ।

अन्वड्ढमासं, क्रिया-विशेषण, हर पन्द्रहवें दिन ।

अन्वत्थ, वि०, अर्थानुसार ।

अन्वदेव, अव्यय, पीछे लगा होना ।

अन्वय, पु०, मार्ग, क्रम, हेतु ।

अन्वहं, क्रिया-विशेषण, दैनिक ।

अन्वागच्छति, क्रिया, पीछे-पीछे आता है ।

अन्वाय, पूर्व-क्रिया, अनुभव करके, हो करके ।

अन्वायिक, वि०, नपुं०, अनुगामी, साथी ।

अन्वाहिण्डति, क्रिया, घूमता है ।

अन्वेति, क्रिया, पीछे-पीछे आता है ।

अन्वेसक, वि०, खोजने वाला, अन्वेषक ।

अन्वेसति, क्रिया, अन्वेषण करता है ।

अन्ह, पु०, दिन, (पूर्वाह्ण, मध्याह्न अपराह्ण)

अपकड्ढति, क्रिया, वाहर खींच लेता है, दूर खींच ले जाता है ।

अपकरोति, क्रिया, अपकार करता है ।

अपकस्सति, क्रिया, एक ओर खींच लेता है, हटा देता है ।

अपकार, पु०, बुराई, हानि, दुष्कर्म ।
अपक्कमति, क्रिया, चला जाता है ।
अपगब्भ, वि०, १. फिर जन्म न ग्रहण करने वाला; २. अप्रगल्भ ।
अपगम, पु०, चले जाना, अदृश्य हो जाना ।
अपचय, पु०, निरोध, जन्म-मरण का निरोध ।
अपचायति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है ।
अपचायन, नपुं० पूजा, गौरव, आदर ।
अपचायक, पूजा करने वाला ।
अपच्च, नपुं०, सन्तान ।
अपच्चक्ख, वि०, जिसका प्रत्यक्ष नहीं हुआ ।
अपजित, नपुं०, हार ।
अपण्णक, वि०, निर्दोष ।
अपण्णक जातक, अनाथ पिण्डिक तथा उसके पाँच सौ मित्रों को उपदिष्ट जातक-कथा (१)
अपत्थट, वि०, जो फैला नहीं ।
अपत्थद्ध, वि०, उत्तेजना-रहित ।
अपत्थिय, वि०, जिसकी इच्छा करना अयोग्य है ।
अपथ, पु०, कुमार्ग ।
अपद वि०, विना पाद (=पाँव के चिह्न) के ।
अपदान, नपुं०, जीवनचर्या, अनुश्रुति ।
अपदान, खुद्दक निकाय के पन्द्रह ग्रन्थों में से एक । इसमें भगवान बुद्ध के समकालीन पाँच सौ सैंतालीस भिक्षुओं तथा चालीस भिक्षुणियों की जीवन-कथायें संग्रहीत हैं ।
अपदिस, पु०, साक्षी, गवाही ।
अपदिसति, क्रिया, साक्षी उपस्थित करता है, उद्धृत करता है ।
अपदेस, पु०, तर्क, कथन ।
अपधारण, नपुं०, ढक्कन ।
अपनामेति, नपुं०, हटाता है, दूर कर देता है ।
अपनिदहति, क्रिया, छिपाता है ।
अपनिहित, क्रिया-विशेषण, छिपा हुआ ।
अपनुदति, क्रिया, हाँक देता है, दूर हटा देता है ।
अपनुदन, नपुं०, हटाना ।
अपनुदितु, पु०, हटाने वाला ।
अपनेति, क्रिया, दूर हटाता है ।
अपमार, पु०, मृगी (रोग) ।
अपयाति, क्रिया, चला जाता है ।
अपर, वि०, दूसरा, पश्चिमीय । अपर-भागे, (अधि-) बाद में ।
अपरगोयान, पृथ्वी के चार महाद्वीपों में से एक ।
अपरज्जु, क्रिया-विशेषण, अगले दिन ।
अपरज्झति, क्रिया, अपराध करता है ।
अपरद्ध, क्रिया-विशेषण, दोषी, अस-फल ।
अपरंत, तृतीय संगीति के बाद अशोक ने जिन देशों में भिक्षुओं को धर्म प्रचारार्थ भेजा उनमें से एक ।
अपरप्पच्चय, वि०, जो दूसरों पर निर्भर नहीं ।
अपरसेलिय, अन्धकों का एक उप-सम्प्रदाय ।
अपराजित, वि०, जो जीता नहीं गया ।
अपराध, पु०, दोष, कसूर ।
अपरापरिय, वि०, निरन्तर, लगातार ।
अपरिग्गहित, वि०, जिस पर अधिकार न किया गया हो ।

अपरिच्छिन्न, वि०, असीम ।
अपरिमित, वि०, असीम ।
अपलायी, वि०, जो भागता नहीं ।
अपलालेति, क्रिया, लाड़-प्यार करता है ।
अपलिबुद्ध, वि०, बाधा-रहित, स्वतंत्र ।
अपलेखन, नपुं०, खुरचना, चाटना ।
अपलोकेति, क्रिया, ऊपर देखता है, अनुज्ञा प्राप्त करता है ।
अपवग्ग, पु०, मुक्ति, निर्वाण ।
अपवत्तति, क्रिया, घूम जाता है, चला जाता है ।
अपवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
अपवहति, क्रिया, ले जाता है, हाँकता है ।
अपविद्ध, क्रिया-विशेषण, फेंका गया, त्यागा गया ।
अपसक्कति, क्रिया, चला जाता है, एक ओर चला जाता है ।
अपसव्य, नपुं०, दाहिनी ओर ।
अपसादन, नपुं०, निग्रह ।
अपसादेति, क्रिया, निग्रह करता है ।
अपस्मार, (अपमार) मृगी ।
अपस्सय, पु०, आश्रय, सहारा ।
अपस्सेति, क्रिया, आश्रय ग्रहण करता है, सहारा लेता है ।
अपस्सेन, (-फ़लक), नपुं०, सहारे का तख्ता ।
अपहत्तु, पु०, हटाने वाला ।
अपहरति, क्रिया, लूट ले जाता है ।
अपांग, पु०, अक्षि-कोण ।
अपाकट, वि०, अप्रकट, अज्ञात ।
अपाकतिक, वि०, अप्राकृतिक, अस्वाभाविक ।
अपाची, स्त्री०, पश्चिम दिशा ।
अपाचीन, वि०, पश्चिमीय ।
अपाद, **अपादक**, वि०, बिना पाँव के रेंगने वाला ।
अपादान, नपुं०, पाँचवीं विभक्ति, पृथक्-करण ।
अपान, नपुं०, प्रश्वास ।
अपापक, वि०, निर्दोष, पापरहित ।
अपापुरण, नपुं०, चाबी ।
अपापुरति, क्रिया, खोलता है ।
अपाय-पु०, नरक-लोक ।
अपाय-गामी, वि०, दुरवस्था को प्राप्त होने वाला ।
अपाय-मुख, नपुं०, दुरवस्था का कारण ।
अपाय-सहाय, पु०, फ़जूलखर्च साथी ।
अपार, वि०, बिना पार के, बिना छोर के ।
अपारुत, वि०, खुला हुआ ।
अपालम्ब, पु०, गाड़ी के सहारे का तख्ता ।
अपि, अव्वय, भी ।
अपिच, किन्तु ।
अपितु, प्रश्नवाचक अव्यय ।
अपिनाम, यदि हम ।
अपिस्सु, इतना ।
अपिधान, नपुं०, ढक्कन ।
अपिलापन, नपुं०, दोहराना ।
अपिहालु, वि०, निर्लोभी ।

अपिहित, वि०, ढका हुआ ।
अपुच्छ, वि०, अप्रश्न ।
अपेक्खक, वि०, प्रतीक्षा करने वाला ।
अपेक्खति, क्रिया, प्रतीक्षा करता है।
अपेत, क्रिया-विशेषण, चला गया ।
अपेति, क्रिया, चला जाता है ।
अपेत्तेय्यता, स्त्री०, पिता की अवज्ञा ।
अपेय्य, वि, जो पीने योग्य न हो ।
अप्प, वि०, अल्प, थोड़ा ।
अप्पकसिरेण, क्रिया-विशेषण, कुछ कठिनाई से ।
अप्प-किच्च, वि०, जिसे थोड़ा कार्य हो ।
अप्पकिण्ण, वि०, भीड़-रहित, शान्त, बिखरा हुआ ।
अपगब्भ, वि०, निरभिमानी ।
अप्पग्घ, वि०, अधिक कीमती नहीं ।
अप्पच्चय, पु०, बिना हेतु के ।
अप्पटिक्खिप्प, वि०, प्रतिक्षेप करने के अयोग्य ।
अप्पटिघ, वि०, बिना विरोध के, बिना क्रोध के ।
अप्पटिपुग्गल, पु०, ऐसा आदमी जिसका मुकाबला न हो ।
अप्पटिबद्ध, वि०, अनासक्त ।
अप्पटिभाग, वि०, हिस्सेदार न होना ।
अप्पटिभाण, वि०, पलटकर उत्तर न देने वाला, चकित होने वाला ।
अप्पटिम, वि०, अतुलनीय ।
अप्पटिवत्तिय, वि०, जो उल्टा न घुमाया जा सके ।
अप्पटिवानी वि०, पीछे न हटने वाला।
अप्पटिविद्ध वि०, अप्राप्त, अबुद्ध ।
अप्पटिसंखा, स्त्री०, समझ या ज्ञान का अभाव ।
अप्पटिसंधिक, वि०, प्रति सन्धि (= पुनर्जन्म) के अयोग्य ।
अप्पणा, स्त्री०, किसी वस्तु पर ध्यान एकाग्र करना ।
अप्पणिहित, वि०, इच्छा-रहित, कामना-रहित ।
अप्पतिट्ठ, वि०,असहाय ।
अप्पतिस्सव, वि०, विद्रोही ।
अप्पतीत, वि०, अप्रसन्न ।
अप्पदुट्ठ, वि०, अक्रुद्ध, अदुष्ट ।
अप्पधंसीय, वि०, ध्वंश न करने योग्य ।
अप्पमञ्ञा, स्त्री०, मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा, चारों असीम भावनाएँ ।
अप्पमत्त, वि०, जागरूक, अप्रमादी ।
अप्पमाण, वि०, असीम ।
अप्पमाद, वि०, अप्रमाद, जागरूकता ।
अप्पमेय्य, वि०, जो मापा न जा सके ।
अप्पवत्ति, स्त्री०, अप्रवृत्ति, अभाव ।
अप्पसाद, पु०, अप्रसाद, असन्तोष ।
अप्प-सत्थ, वि०, थोड़े काफिले वाला ।
अप्पसत्थ, वि०, अप्रशंसित ।
अप्पसन्न, वि०, अप्रसन्न ।
अप्पसमारम्भ, वि०, विशेष कष्टकर नहीं ।
अप्पस्सक, वि०, निर्धन, दरिद्र ।
अप्पस्साद, वि०, अल्प-आस्वाद ।
अप्पहीन, वि०, अविनष्ट ।
अप्पाणक, वि०, प्राण-रहित, कीड़े-मकौड़ों रहित ।
अप्पातङ्क, वि०, आतंक-रहित, रोग-रहित ।
अप्पिच्छ, वि०, अल्पेच्छ, आसानी से

संतुष्ट हो जाने वाला।
अप्पिय, वि०, अप्रिय।
अप्पेकदा, क्रिया-विशेषण, कभी-कभी।
अप्पेव, अप्पेवनाम, अव्यय, अच्छा है, यदि ऐसा हो।
अप्पेसक्क, वि०, अधिक प्रभावशाली नहीं।
अप्पोसुक्क, वि०, (अल्प+उत्सुक), अनुत्साही।
अप्फुट, वि०, अस्पृष्ट, जो छुआ नहीं गया।
अप्फोटेति, क्रिया, उंगलियाँ चटखाता है, ताली वजाता है।
अफल, वि०, निष्फल।
अफस्सित, वि०, जिसे स्पर्श नहीं किया।
अफासु, वि०, असुविधा, कठिनाई।
अफेग्गुक, वि०, दुर्बल नहीं, सवल, मज-वूत।
अबद्ध, अबन्धन, वि०, वन्धन-मुक्त, स्वतंत्र।
अबल, वि०, दुर्बल। **अबला,** स्त्री० औरत।
अब्बण, वि०, व्रण-रहित।
अब्बत, वि०, अ-व्रत, व्रत-विहीन।
अब्बुद, नपुं०, गर्भाधान के पहले या दूसरे महीने में गर्भ की स्थिति।
अब्बोकिण्ण, वि०, सतत, लगातार, विघ्न-रहित।
अब्बोच्छिन्न, वि०, सतत, बाधा-रहित।
अब्बोहारिक, वि०, अव्यावहारिक, गैर कानूनी।
अब्भ, नपुं०, आकाश, वादल।
अब्भकूट, नपुं०, बादलों का शिखर।
अब्भ-पटल, नपुं०, बादलों का समूह।
अब्भक, नपुं०, सीसा, अवरक।
अब्भक्खाति, क्रिया, निन्दा करता है, विरुद्ध बोलता है।
अब्भक्खान, नपुं०, मिथ्या दोषारोपण।
अब्भञ्जति, क्रिया, तेल की मालिश करता है।
अब्भतीत, वि०, जो गुजर गया।
अब्भनुमोदति, क्रिया, अत्यधिक संतोष प्रकट करता है।
अब्भन्तर, नपुं०, भीतर, अन्तर।
अब्भन्तर जातक, विम्वादेवी के लिए सारिपुत्र द्वारा आम्र-रस प्राप्त किए जाने के सम्बन्ध में जातक-कथा (२८१)।
अब्भागत, त्रिलिङ्गी, अतिथि, मेहमान।
अब्भागमन, नपुं०, आगमन।
अब्भाघात, नपुं०, (अभि+आघात) वध-स्थल।
अब्भाचिक्खति, क्रिया, दोषारोपण करता है।
अब्भान, नपुं०, आवाहन, प्रायश्चित्त करने के अनन्तर भिक्षु को वापिस लौटाना।
अब्भाहत, क्रिया-विशेषण, आक्रमित, जिस पर आक्रमण किया गया।
अब्भुक्किरण, नपुं०, बाहर खींचना, सींचना।
अब्भुगच्छति, क्रिया, ऊपर जाता है।
अब्भुगमन, नपुं०, ऊपर उठना।
अब्भुतधम्म, धर्म के नौ अंगों में से एक। आश्चर्यकर-प्रकरण।
अब्भुदेति, क्रिया, ऊपर उठता है।
अब्भुन्नत, वि०, ऊपर उठा।
अब्भुम्मे, अव्यय, ओह!

अब्भुय्याति, क्रिया, चढ़ाई करता है ।
अब्भुसूयक, वि०, उत्साही ।
अब्भेति, क्रिया, आवाहन करता है ।
अब्भोकास, पु०, खुला-आकाश ।
अब्भोकिरति, क्रिया, सिंचन करता है, अभिषेक करता है ।
अभब्बो, वि०, अयोग्य ।
अभय, वि०, निर्भय ।
अभाव, पु०, लोप, अदर्शन, न होना ।
अभावित, वि०, अनभ्यस्त ।
अभिकंखति, क्रिया, इच्छा करता है, कामना करता है ।
अभिकंखन, नपुं०, इच्छा, कामना ।
अभिकिरति, क्रिया, विखेरता है ।
अभिकीळति, क्रिया, खेलता है ।
अभिकूजति, क्रिया, गुंजा देता है ।
अभिक्कन्तं, अव्यय, अत्यन्त सुन्दर ।
अभिक्कमति, क्रिया, चल देता है ।
अभिक्खण, वि०, निरन्तर, प्रति-क्षण ।
अभिक्खणति, क्रिया, खोदता है ।
अभिगज्जति, क्रिया, गर्जता है ।
अभिगज्जन, नपुं०, गर्जना ।
अभिघात, पु०, १. सम्पर्क, २. हत्या ।
अभिघाती, पु०, घात करने वाला, शत्रु ।
अभिचेतसिक, वि०, चित्त-सम्बन्धी ।
अभिचेतेति, क्रिया, सोचता है ।
अभिजच्च, वि०, अभिजात, उच्चकुलोत्पन्न ।
अभिजप्पति, क्रिया, जाप करता है, इच्छा करता है, प्रार्थना करता है ।
अभिजाति, स्त्री०, १. पुनर्जन्म, २. वर्ग-विशेष ।
अभिजानन, नपुं०, पहचानना, याद करना ।
अभिजानाति, क्रिया, सम्यक् प्रकार जानता है ।
अभिजायति, क्रिया, उत्पन्न होता है ।
अभिजिगिज्झति, क्रिया, अत्यन्त इच्छा करता है ।
अभिजिगिज्झन, नपुं०, अत्यन्त लोभ ।
अभिजिगिंसति, क्रिया, जीतने की इच्छा करता है ।
अभिज्जमान, वि०, जो टूटे नहीं, जो पृथक न हो ।
अभिज्झा, स्त्री०, अत्यन्त लोभ ।
अभिज्झायति, क्रिया, इच्छा करता है ।
अभिञ्ञ, वि०, जानकार ।
अभिञ्ञा, स्त्री०, विशिष्ट ज्ञान ।
अभिञ्ञाय, पूर्व-क्रिया, भली प्रकार जानकर ।
अभिञ्ञात, क्रिया-विशेषण, प्रसिद्ध ।
अभिण्हजातक, कुत्ते और हाथी की कथा, जो अभिन्न मित्र बन गए थे (२७)।
अभिण्ह, वि०, लगातार ।
अभिण्हं, क्रिया-विशेषण, प्रायः ।
अभिण्हसो, क्रिया-विशेषण, सदैव ।
अभितप्त, क्रिया-विशेषण, तपा हुआ ।
अभितप्ति, क्रिया, तपता है ।
अभिताप, पु०, ऊष्णता ।
अभिताळित, क्रिया-विशेषण, ताड़ित ।
अभिताळेति, क्रिया, ताड़ता है ।
अभितिट्ठति, क्रिया, बाजी मार ले जाता है, आगे बढ़ जाता है ।
अभितो, अव्यय, चारों ओर से ।
अभितोसेति, क्रिया, अच्छी तरह संतुष्ट करता है ।
अभिथनति, क्रिया, गर्जता है ।
अभिथरति, क्रिया, जल्दी करता है ।

अभित्थवति, क्रिया, प्रशंसा करता है।
अभित्थवि, भूत-काल, प्रशंसा की।
अभित्थुत, क्रिया-विशेषण, प्रशंसित।
अभित्थुनाति, क्रिया, प्रशंसा करता है।
अभित्थुनि, भूत-काल, प्रशंसा की।
अभिदोस, पु०, गत-सन्ध्या।
अभिदोसिका, वि०, गत-सन्ध्या-सम्बन्धी।
अभिधमति, क्रिया, वजाता है।
अभिधम्म, पु०, अभिधम्मपिटक की विश्लेषणात्मक देशना।
अभिधम्म पिटक, तीन पिटकों में से एक। इसके अन्तर्गत सात ग्रन्थ हैं—
(१) धम्मसङ्गनि
(२) विभंग।
(३) कथावत्थु।
(४) पुग्गलपञ्ञत्ति।
(५) धातु-कथा।
(६) यमक
(७) पट्ठान।
अभिधम्मिक, वि०, अभिधर्म के ज्ञाता।
अभिधा, स्त्री०, नाम या संज्ञा।
अभिधान, नपुं०, नाम या संज्ञा।
अभिधानप्पदीपिका, बारहवीं शताब्दी में लिखा गया पालि-कोश। इसकी रचना संस्कृत अमर-कोश के ढंग पर हुई है।
अभिधावति, क्रिया, दौड़ता है।
अभिधेय्य, वि०, नाम वाला।
अभिधेय्य, नपुं०, अर्थ।
अभिनदति, क्रिया, नाद करता है।
अभिनदित, नपुं०, आवाज।
अभिनन्दति, क्रिया, आनन्दित होता है।
अभिनन्दी, वि०, आनन्द मनाने वाला।
अभिनमति, क्रिया, झुकता है।
अभिनय, नपुं०, नाटक।
अभिनयन, नपुं०, १. लाना, २. पूछ-ताछ।
अभिनव, वि०, नया, ताज़ा।
अभिनादित, गुंजा दिया गया।
अभिनिकूजित, पक्षियों की आवाज़ से गुंजा दिया गया।
अभिनिक्खमति, क्रिया, अभिनिष्क्रमण करता है, गृह त्याग करता है।
अभिनिक्खमन, नपुं०, अभिनिष्क्रमण, गृहत्याग।
अभिनिक्खिपति, क्रिया, रख देता है।
अभिनिक्खिपन, नपुं०, रख देना।
अभिनिपज्जति, क्रिया, लेट जाता है।
अभिनिपतति, क्रिया, नीचे गिरता है, आगे बढ़ता है।
अभिनिप्पीळेति, क्रिया, पीड़ा देता है, पीड़ता है।
अभिनिप्फज्जति, क्रिया, उत्पन्न होता है, समर्थ होता है।
अभिनिप्फत्ति, स्त्री०, अभिनिष्पत्ति, उत्पन्न हाना, समर्थ होना।
अभिनिप्फादेति, क्रिया, अभिनिष्पादन करता है, उत्पन्न करता है।
अभिनिब्बत, क्रिया-विशेषण, उत्पन्न, जन्म ग्रहण किया हुआ।
अभिनिब्बत्ति, स्त्री०, जन्म ग्रहण करना, उत्पत्ति।
अभिनिब्बत्तेति, क्रिया, जन्म ग्रहण करता है।
अभिनिब्बिदा, स्त्री०, वैराग्य।
अभिनिब्बत, वि०, पूर्ण शान्त, पूर्ण

बुझा हुआ ।
अभिनिमंतेति, क्रिया, निमंत्रण देता है ।
अभिनिम्मिणाति, क्रिया, उत्पन्न करता है, निर्माण करता है ।
अभिनिरोपन, नपुं०, अपने चित्त को लगाना ।
अभिनिरोपेति, क्रिया, अपने चित्त में स्थान देता है ।
अभिनिविसति, क्रिया, आसक्त होता है ।
अभिनिवेस, पु०, झुकाव ।
अभिनिसीदति, क्रिया, पास बैठता है ।
अभिनीत, क्रिया-विशेषण, लाया गया ।
अभिनीहट, क्रिया-विशेषण, बाहर लाया गया ।
अभिनीहरति, क्रिया, बाहर लाता है ।
अभिनीहार, पु०, संकल्प, अधिष्ठान ।
अभिपत्थेति, क्रिया, कामना करता है, इच्छा करता है ।
अभिपालेति, क्रिया, पालन करता है, संरक्षण करता है ।
अभिपीळेति, क्रिया, पीड़ा पहुँचाता है, पीड़ता है ।
अभिपुच्छति, क्रिया, पूछता है ।
अभिपूरति, क्रिया, पूरा करता है ।
अभिप्पकीरति, क्रिया, बिखेरता है ।
अभिप्पमोदति, क्रिया, आनन्दित होता है ।
अभिप्पसाद, पु०, श्रद्धा, भक्ति ।
उज्जोतित, कृदन्त, प्रकाशित।
उज्जोतेति, क्रिया, प्रकाशित करता है।
उज्झति, क्रिया, छोड़ देता है।
उज्झान, नपुं०, शिकायत।
उज्झान-सञ्जी, वि०, दोषारोपण की चेतना-युक्त।
उज्झापन, नपुं०, उत्तेजित करना।
उज्झापेति, क्रिया, चिढ़ाता है, शिकायत करता है।
उज्झायति, क्रिया, असन्तोष प्रकट करता है।
उज्झित, कृदन्त, त्यक्त, फेंका गया।
उञ्छति, क्रिया, फेंकी हुई खाद्य-सामग्री इकट्ठी करता है।
उञ्ञातब्ब, कृदन्त, घृणास्पद।
उट्ठहति, क्रिया, उठ खड़ा होता है।
उट्ठातु, पु०, उठ खड़े होने वाला।
उट्ठान, नपुं०, उत्थान, उठ खड़े होना।
उट्ठापेति, क्रिया, उठा देता है, निकाल बाहर करता है।
उट्ठायक, वि०, अप्रमादी, क्रियाशील।
उट्ठित, कृदन्त, उठा हुआ।
उड्डाहति, क्रिया, जलाता है।
उड्डेति, क्रिया, उड़ता है।
उण्ण, नपुं०, ऊन।
उण्णा, स्त्री०, बुद्ध के भौंहों के बीच के बाल।
उण्णा-नाभि, पु०, मकड़ी।
उण्णामय, वि०, बालों का बुना हुआ (बिछावन)।
उण्ह, वि०, ऊष्ण, गरम।
उण्हत्त, नपुं०, गरमी।
उण्हरंसि, पु०, सूर्य।
उण्हीस, नपुं०, पगड़ी।
उतु, स्त्री०, ऋतु।
उतु-काल, पु०, मासिक धर्म का समय।
उतु-परिस्सय, पु०, ऋतु-परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले कष्ट।
उतु-सप्पाय, पु०, ऋतु की अनुकूलता।
उतुनी, स्त्री०, ऋतु-स्राव वाली स्त्री।
उत्त, कृदन्त, उक्त, कहा गया।
उत्तण्डुल, वि०, कुपच (भात)।
उत्तत्त, कृदन्त, गरम किया हुआ, चमकता हुआ।
उत्तम, वि०, श्रेष्ठ।
उत्तमङ्ग, नपुं०, श्रेष्ठ अङ्ग अर्थात् मस्तिष्क।
उत्तमङ्गरुह, नपुं०, सिर के बाल।
उत्तमण्ण, पु०, ऋणदाता।
उत्तमत्थ, पु०, श्रेष्ठतम परमार्थ।
उत्तमा, स्त्री०, श्रेष्ठ स्त्री, सुन्दर नारी।
उत्तम-पोरिस, पु०, श्रेष्ठतम पुरुष।
उत्तर, वि०, उच्चतर, उत्तर (दिशा)।
उत्तर, नपुं०, (प्रश्न का) उत्तर।
उत्तर-कुरु, निकायों तथा उत्तरकालीन

पालि वाङ्मय में वर्णित काल्पनिक प्रदेश।

उत्तरत्थरण, नपुं०, ऊपर का विछावन।

उत्तरच्छद, पु०, चँदवा।

उत्तरसुवे, क्रि०-वि०, परसों।

उत्तर-पञ्चाल, राष्ट्र-विशेष, जिसकी राजधानी कम्पिल्ल थी।

उत्तरण, नपुं०, पार होना, (परीक्षा में) उत्तीर्ण होना।

उत्तरति, क्रिया, जल से बाहर आता है।

उत्तरविपरीत, वि०, अनुत्तरीय।

उत्तरा, स्त्री०, उत्तर-दिशा।

उत्तरा नन्द-माता, बुद्ध का उपस्थान करने वाली गृहस्थ उपासिकाओं में प्रमुख।

उत्तरापथ, जम्बु द्वीप का उत्तरी विभाग। पालि वाङ्मय में इसकी सीमाओं का कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं है। हो सकता है कि उत्तरापथ से श्रावस्ती से तक्षिला तक जाने वाला महामार्ग अभिप्रेत हो।

उत्तरायण, नपुं०, सूर्य की उत्तरायण, दक्षिणायन दो गतियों में से पहली।

उत्तरासङ्ग, पु०, ऊपर का कपड़ा।

उत्तरि, उत्तरिं, क्रि० वि०, अधिकतर।

उत्तरि-करणीय, नपुं०, आगे का कार्य।

उत्तरि-भङ्ग, पु०, भोजन की समाप्ति पर दिया जाने वाला स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ।

उत्तरि-मनुस्स-धम्म, पु०, परामानुषिक स्थिति।

उत्तरि-साटक, पु०, ऊपर का वस्त्र।

उत्तरितर, वि०, अधिक श्रेष्ठ।

उत्तरिय, नपुं०, १. श्रेष्ठ अवस्था। [अनुत्तरिय, नपुं०, श्रेष्ठतम अवस्था।] २. प्रत्युत्तर।

उत्तरीय, नपुं०, ऊपर की चादर।

उत्तसति, क्रिया, त्रसित होता है, चौकन्ना हो जाता है।

उत्तसन, नपुं०, त्रास, भय।

उत्तस्त, कृदन्त, भयभीत, त्रसित।

उत्तान, उत्तानक, वि०, आकाश की ओर मुँह करके लेटा हुआ।

उत्तान-सेय्यक, वि०, बच्चा।

उत्तानीकम्म, उत्तानीकरण, नपुं०, स्पष्टीकरण।

उत्तानीकरोति, क्रिया, स्पष्ट करता है।

उत्तापेति, क्रिया, कष्ट देता है, त्रास देता है।

उत्तारित, कृदन्त, पार उतारा हुआ।

उत्तारेति, क्रिया, पार उतारता है, रक्षा करता है, सहायता करता है।

उत्तास, पु०, त्रास, भय।

उत्तासन, नपुं०, त्रास-देना, मृत्यु-दण्ड देना।

उत्तासित, कृदन्त, जिसे त्रास दिया गया है, जिसे मृत्यु-दण्ड दिया गया है।

उत्तासेति, क्रिया, त्रास देता है, डराता है।

उत्तिट्ठति, क्रिया, उठ खड़ा होता है।

उत्तिण, वि०, तृण-रहित।

उत्तिण्ण, कृदन्त, उत्तीर्ण, उस पार चला गया।

उत्रास, पु०, त्रास, भय।

उत्रासी, वि०, त्रसित, भयभीत, कायर।
उद, अव्यय, अथवा, या।
उदक, नपुं०, पानी।
उदक-काक, पु०, समुद्री चिड़िया।
उदक-धारा, स्त्री०, जल-धारा।
उदक-बिन्दु, नपुं० जल-बिन्दु।
उदक-माणिक, पु०, जल रखने का वड़ा बर्तन।
उदक-साटिका, स्त्री०, नहाने का वस्त्र।
उदकच्छ, नपुं०, दलदल।
उदकन्ति, स्त्री०, पानी में उतरना।
उदकायतिक, पानी का पाइप।
उदकुम्भ, पु०, जल का घड़ा।
उदकोघ, पु०, पानी की बाढ़।
उदग्ग, वि०, प्रसन्न-चित्त।
उदञ्चन, नपुं०, छोटी बाल्टी। जल-पात्र।
उदञ्चनी जातक, स्त्री के आकर्षण के वशीभूत हुए पुत्र को पिता ने उसके साथ जाने की आज्ञा दी (१०६)।
उदण्ह, नपुं०, सूर्योदय।
उदधि, पु०, समुद्र।
उदपादि, क्रिया०, उत्पन्न हुआ।
उदपान, पु०, कुआँ।
उदपान-दूसक जातक, कुएँ के जल को खराब करने वाले गीदड़ की कथा (२७१)।
उदय, पु०, उन्नति, वृद्धि, आय, सूद।
उदय जातक, उदय भद्द तथा उदय भद्दा की कथा (४५८)।
उदयत्थगम, पु०, उन्नति तथा पतन।
उदय-व्वय, पु०, वृद्धि तथा ह्रास, जन्म तथा मृत्यु।
उदयन्त, कृदन्त, उठता हुआ, वृद्धि को प्राप्त होता हुआ।
उदयति, क्रिया, उदय होता है।
उदयन, नपुं०, ऊपर उठता है।
उदर, नपुं०, पेट।
उदरग्गि, पु०, भूख।
उदरावदेहकं, क्रि० वि०, पेट को गले तक भरना।
उदरिय, नपुं०, पेट, पेट का भोजन।
उदहारक, पु०, पानी लाने वाला।
उदहारिय, वि०, पानी लाने के लिए जाता हुआ।
उदागच्छति, क्रिया, सम्पूर्ण होता है।
उदान, नपुं०, उल्लासपूर्ण कथन।
उदान, खुद्दक निकाय का एक ग्रन्थ।
उदानेति, क्रिया, उल्लास-पूर्ण कथन करता है।
उदार, वि०, विशाल-हृदय, महान्।
उदासीन, वि०, उपेक्षा-युक्त, अक्रिया-शील।
उदाहट, कृदन्त, उक्त, बोला गया।
उदाहरण, नपुं०, मिसाल, उदाहरण।
उदाहरति, क्रिया, पाठ करता है, उच्चारण करता है।
उदाहार, पु०, कथन।
उदाहु, अव्यय, अथवा, या।
उदिक्खति, क्रिया, देखता है, नजर घुमाता है।
उदिक्खितु, पु०, देखने वाला, नजर डालने वाला।
उदिच्च, वि०, श्रेष्ठ, उत्तरकुलोत्पन्न।
उदित, कृदन्त, उदय हुआ, ऊपर उठा।
उदीचि, स्त्री०, उत्तर दिशा।
उदीरण, नपुं०, कथन।
उदीरित, कृदन्त, कहा गया, कथित।

उदीरेति, क्रिया, कहता है, बोलता है।
उदुक्खल, पु०, नपुं०, ऊखल।
उदुम्बर, पु०, गूलर का वृक्ष।
उदुम्बर जातक, एक बन्दर द्वारा दूसरे वन्दर के ठगे जाने की कथा (२९८)।
उदेति, क्रिया, उदय होता है, वृद्धि को प्राप्त होता है।
उदेन, कोसम्बी-नरेश।
उद्द, पु०, ऊद-विलाव।
उद्दक-रामपुत्त, गृहत्याग के अनन्तर जिन आचार्यों से गौतम बुद्ध ने शिक्षा ग्रहण की, उनमें से एक।
उद्दलोमी, पु०, ऊर्ध्व-लोमी, ऐसा कम्वल जिसके दोनों सिरों पर उसें हों।
उद्दस्सेति, क्रिया, दिखाता है।
उद्दान, नपुं०, सूची-समूह।
उद्दाप, पु०, प्राकार की नींव।
उद्दाम, वि०, चञ्चल।
उद्दालन, नपुं०, फाड़ डालना।
उद्दालक जातक, उद्दालक पुरोहित की कथा (४८७)।
उद्दालेति, क्रिया, फाड़ डालता है।
उद्दिट्ठ, कृदन्त, बताया हुआ, इशारा किया हुआ।
उद्दिसति, क्रिया, नियम करता है, उच्चारण करता है।
उद्दिसापेति, क्रिया, नियम कराता है।
उद्दीपना, स्त्री०, व्याख्या, तेज करना।
उद्देक, (उद्रेक), पु०, डकार।
उद्देस, पु०, संकेत, व्याख्या, पाठ।
उद्देसक, पु०, संकेत करने वाला, व्याख्याता, पाठ करने वाला।
उद्देहक, वि०, उवलने वाला।
उद्ध, वि०, ऊपर का।
उद्धग्ग, वि०, ऊपर की ओर मुँह वाला।
उद्धगति, स्त्री०, ऊर्ध्वगति।
उद्धच्च, नपुं०, उद्धतपन।
उद्धट, कृदन्त, खींचा हुआ, नष्ट किया हुआ।
उद्धत, उद्धत।
उद्धदेहिक, कृदन्त, मृतक-दान, श्राद्ध।
उद्धन, नपुं०, चूल्हा।
उद्धपाद, वि०, ऊपर की ओर पाँव वाला।
उद्धम्म, पु०, मिथ्या मत।
उद्धरण, नपुं०, ऊपर उठाना, जड़ खोदना।
उद्धरति, क्रिया, उठाता है, जड़ खोदता है।
उद्धं, क्रि० वि०, ऊपर।
उद्धंगम, वि०, ऊपर जाने वाला, ऊर्ध्वगामी वायु, शरीर में विचरण करने वाली वायु।
उद्धंभागिय, वि०, ऊपरी भाग से सम्वन्धित।
उद्धंविरेचन, वमन।
उद्धंसोत, वि०, जीवन-स्रोत पर ऊपर की ओर चढ़ना।
उद्धंसेति, क्रिया, नष्ट करता है, विनाश करता है।
उद्धार, पु०, बाहर खींच लाना।
उद्धुमात, उद्धुमातक, वि०, सूजा हुआ, फूला हुआ।
उद्धुमायति, क्रिया, सूज जाता है।
उद्रय, वि०, कारण होना।
उद्रीयति, क्रिया, फूट पड़ता है, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है।
उद्रीयन, नपुं०, फूट पड़ना, गिर पड़ना।

उद्रेक, (उद्देक) पु०, वमन।
उन्दु, (उन्दुर, उन्दूर), पु०, चूहा।
उन्न, नपुं०, गीलापन।
उन्नत, कृदन्त, ऊपर उठा हुआ।
उन्नति, स्त्री०, वृद्धि।
उन्नदति, क्रिया, चिल्लाता है।
उन्नम, पु०, ऊँचाई।
उन्नमति, क्रिया, ऊपर उठता है।
उन्नल, वि०, अभिमानी, अहंकारी।
उन्नाद, पु०, शोर।
उन्नादेति, क्रिया, शोर करता है।
उप, उपसर्ग, समीप आदि अनेक अर्थों का बोधक।
उपक (उपग), वि०, समीप जाना।
उपकच्छ, नपुं०, बगल।
उपकट्ठ, वि०, समीप।
उपकड्ढति, क्रिया, खींचता है।
उपकण्णक, नपुं०, ऐसा स्थान, जहाँ से दूसरों की आपसी बातचीत सुनाई दे सके।
उपकप्पति, क्रिया, पास जाता है, योग्य होता है, अनुकूल होता है।
उपकप्पन, नपुं०, समीप जाना, उपयोगी होना, योग्य होना।
उपकरण, नपुं०, साधन।
उपकरोति, क्रिया, उपकार करता है।
उपकार, पु०, सहायता।
उपकारक, पु०, उपकार करने वाला।
उपकिण्ण, कृदन्त, बिखेरा हुआ।
उपकूजति, क्रिया, (पक्षी) चहचहाता है।
उपकूल, वि०, नदी-तट।
उपकूळित, कृदन्त, उबाला हुआ, भूना हुआ।
उपक्कम, पु०, साधन, उपाय।
उपक्कमति, क्रिया, प्रयास करता है, आक्रमण करता है।
उपक्कमन, नपुं०, आक्रमण, समीप जाना।
उपक्किलिट्ठ, वि०, मैला, दागी।
उपक्किलेस, पु०, चित्त-मैल।
उपक्कीतक, पु०, क्रीत दास।
उपक्कुट्ठ, कृदन्त, जिस पर दोषारोपण हुआ हो।
उपक्कोस, पु०, दोषारोपण।
उपक्कोसति, क्रिया, दोषारोपण करता है।
उपक्खट, वि०, पास लाया हुआ।
उपक्खर, पु०, रथ का अङ्ग-विशेष।
उपक्खलन, नपुं०, स्खलन, पाँव लड़खड़ाना।
उपग, वि०, जाता हुआ, समीप जाता हुआ।
उपगच्छति, क्रिया, पास जाता है।
उपगत, कृदन्त, पास गया।
उपगमन, नपुं०, पास जाना।
उपगूहति, क्रिया, गले मिलता है।
उपगूहन, नपुं०, गले मिलना।
उपग्घात, पु०, झटका।
उपघात, पु०, चोट।
उपघातक, वि०, चोट पहुँचाने वाला।
उपघाती, वि०, चोट पहुँचाने वाला, जान से मार डालने वाला।
उपचय, पु०, संग्रह।
उपचरति, क्रिया, व्यवहार करता है, उद्यत रहता है।
उपचरित, कृदन्त, अभ्यस्त, सेवित।
उपचार, पु०, पास-पड़ोस, पूर्व-तैयारी।

उपचिका, स्त्री०, दीमक।
उपचिण्ण, कृदन्त, अभ्यस्त, एकत्रित।
उपचित, कृदन्त, ढेर लगा हुआ।
उपचिनाति, क्रिया, एकत्र करता है।
उपच्चगा, क्रिया, लाँघ गया, आगे बढ़ गया, बढ़ निकला।
उपच्छिन्दति, क्रिया, तोड़ डालता है, नष्ट कर डालता है, बाधक होता है।
उपच्छिन्न, कृदन्त, तोड़ दिया गया, काट दिया गया, नष्ट कर दिया गया।
उपच्छेद, पु०, रुकावट, विनाश।
उपच्छेदक, वि०, रुकावट डालनेवाला, नष्ट करने वाला।
उपजानाति, क्रिया, सीखता है, प्राप्त करता है।
उपजीवति, क्रिया, किसी के आश्रय से जीता है।
उपजीवी, वि०, किसी के आश्रय से जीने वाला।
उपज्झाय, पु०, उपाध्याय।
उपञ्ञात, कृदन्त, सीखा हुआ, ज्ञात।
उपञ्ञास, पु०, वचन-क्रम।
उपट्ठपेति, क्रिया, समर्पित करता है, सेवा में उपस्थित रहता है।
उपट्ठहति, क्रिया, प्रतीक्षा करता है, सेवा करता है, सेवा में उपस्थित रहता है, समझता है, उपस्थान करता है।
उपट्ठाक, पु०, सेवक।
उपट्ठान, नपुं०, सेवा।
उपट्ठान-साल, स्त्री०, सभा भवन।
उपट्ठित, कृदन्त, उपस्थित, तैयार।
उपट्ठेति, क्रिया, सेवा में रहता है, गौरव प्रदर्शित करता है।
उपडय्हति, क्रिया, जलता है।
उपड्ढ, वि० तथा नपुं०, आधा।
उपतप्पति, क्रिया, अनुतप्त होता है।
उपताप, पु०, पश्चाताप।
उपतापक, वि०, अनुत्ताप तथा पश्चाताप का कारण।
उपतापेति, क्रिया, कष्ट देता है, पीड़ा पहुँचाता है।
उपतिट्ठति, क्रिया, समीप खड़ा होता है, देखभाल करता है।
उपतिस्स, धर्म-सेनापति सारिपुत्र का गृहस्थ-नाम।
उपत्थद्ध, वि०, कड़ा, कठोर, सहारे खड़ा।
उपत्थम्भ, पु०, सहारा।
उपत्थम्भेति, क्रिया, सहारा देता है।
उपत्थर, पु०, दरी, आस्तरण।
उपदस्सेति, क्रिया, प्रदर्शित करता है।
उपदहति, क्रिया, देता है, कारणीभूत होता है।
उपदा, नपुं०, भेंट, उपहार।
उपदिट्ठ, कृदन्त, उपदिष्ट।
उपदिसति, क्रिया, उपदेश देता है।
उपदिसन, नपुं०, उपदेश।
उपदिस्सति, क्रिया, प्रकट होता है।
उपदेस, पु०, उपदेश।
उपद्दव, पु०, उपद्रव, दुर्भाग्य।
उपद्दवेति, क्रिया, कष्ट पहुँचाता है।
उपद्दुत, कृदन्त, उपद्रुत, कष्ट का भागी।
उपधान, नपुं०, तकिया।
उपधान, वि०, कारण होना।
उपधानेति, क्रिया, कल्पना करता है,

विचार करता है।

उपधारण, नपुं०, दूध का बर्तन।

उपधारणा, स्त्री०, विचार।

उपधारित, कृदन्त, विचारित।

उपधारेति, क्रिया, विचार करता है, परिणाम निकालता है।

उपधावति, क्रिया, दौड़ता है।

उपधावन, नपुं०, पीछे दौड़ना।

उपधि, पु०, पुनर्जन्म का कारण, आसक्ति।

उपनच्चति, क्रिया, नृत्य करता है।

उपनत, कृदन्त, झुका हुआ।

उपनदति, क्रिया, आवाज देता है।

उपनद्ध, कृदन्त, शत्रु-भाव रखना।

उपनन्धति, क्रिया, शत्रु-भाव रखता है।

उपनमति, क्रिया, झुकता है।

उपनमन, नपुं०, झुकना, नम्र होना।

उपनयन, नपुं०, पास लाना, हिन्दुओं का उपनयन-संस्कार।

उपनय्हति, क्रिया, शत्रु-भाव रखता है।

उपनय्हना, स्त्री०, शत्रु-भाव।

उपनामित, कृदन्त, पास लाया गया, भेंट।

उपनामेति, क्रिया, पास लेता है, भेंट लाता है।

उपनायिक, वि०, समीप आता हुआ, लाता हुआ।

उपनाह, पु०, वैर, शत्रु-भाव।

उपनाही, वि०, वैरी।

उपनिक्खमति, क्रिया, अभिनिष्क्रमण करता है।

उपनिक्खित्त, कृदन्त, निक्षिप्त, रखा गया।

उपनिक्खित्तक, पु०, चर-पुरुष।

उपनिक्खिपति, क्रिया, रखता है।

उपनिक्खिपन, नपुं०, निक्षेप, रखना।

उपनिक्खेप, पु०, निक्षेप, रखना।

उपनिघंसति, क्रिया, रगड़ता है, (कोल्हू में) पेरता है।

उपनिज्झान, नपुं०, विचार, मनन।

उपनिज्झायति, क्रिया, विचार करता है, मनन करता है।

उपनिधा, स्त्री०, तुलना।

उपनिधि, पु०, वचन देना।

उपनिधाय, अव्यय, तुलना किया गया।

उपनिपज्जति, क्रिया, पास लेट जाता है।

उपनिबद्ध, कृदन्त, सटा हुआ।

उपनिबन्ध, पु०, नजदीकी सम्बन्ध।

उपनिबन्ध, वि०, निर्भृत, सम्बन्धित।

उपनिबन्धति, क्रिया, सटाकर बाँधता है, मिन्नत करता है।

उपनिबन्धन, नपुं०, नजदीकी सम्बन्ध, अति-विनम्र प्रार्थना।

उपनिसा, स्त्री०, कारण, साधन, समान-भाव।

उपनिसीदति, क्रिया, समीप बैठता है।

उपनिसेवति, क्रिया, संगति करता है।

उपनिस्सय, पु०, आधार, आश्रय।

उपनिस्सयति, क्रिया, संगति करता है।

उपनिस्साय, क्रि० वि०, पास, समीप, कारण से, साधन से।

उपनिस्सित, कृदन्त, निर्भृत, आश्रित।

उपनीत, कृदन्त, लाया गया, पाला

गया ।

उपनीय, पूर्व० क्रिया, लाकर ।

उपनीयति, क्रिया,- लाया जाता है, ले जाया जाता है ।

उपनील, वि०, नील-वर्ण ।

उपनेति, क्रिया, पास लाता है, भेंट करता है ।

उपन्तसेल, पु०, उपत्यका ।

उपन्तिक, १. वि०, पास ।
२. नपुं०, पास-पड़ोस ।

उपपज्जति, क्रिया, पुनर्जन्म ग्रहण करता है ।

उपपति, नपुं०, यार, जार ।

उपपत्ति, स्त्री०, जन्म, पुनर्जन्म ।

उपपन्न, कृदन्त, जन्म ग्रहण किया ।

उपपरिक्खण, नपुं०, परीक्षा ।

उपपरिक्खति, क्रिया, परीक्षा लेता है ।

उपपरिक्खा, स्त्री०, परीक्षा ।

उपपातिक, वि०, विना माता-पिता के उत्पन्न होने वाले सत्व, जैसे देवता ।

उपपादित, कृदन्त, समुत्पन्न ।

उपपादेति, क्रिया, उत्पन्न करता है ।

उपपारमी, स्त्री०, छोटी-पारमिताएँ (गुण-विशेष की पराकाष्ठायें) ।

उपपीळक, वि०, पीड़ा देने वाला, कष्ट देने वाला ।

उपपीळा, स्त्री०, पीड़ा, कष्ट ।

उपप्फुसति, क्रिया, स्पर्श करता है ।

उपप्लवति, क्रिया, तैरता है ।

उपब्बूजति, क्रिया, जाता है, विदा होता है ।

उपब्बळ्ह, वि०, भीड़ वाली जगह ।

उपब्रूहन, नपुं०, वृद्धि ।

उपब्रूहति, क्रिया, बढ़ाता है, फैलाता है ।

उपभुञ्जक, वि०, खाने वाला, भोगने वाला ।

उपभुञ्जति, क्रिया, भोगता है ।

उपभोग, पु०, भोगना ।

उपभोगी, वि०, उपभोग करने वाला ।

उपमा, स्त्री०, समानता ।

उपमातु, स्त्री०, दाई ।

उपमान, नपुं०, तुलना, जिससे तुलना की जाये ।

उपमेति, क्रिया, तुलना करता है ।

उपमेय्य, वि०, जिसकी तुलना की जाय ।

उपय, पु०, आसक्ति ।

उपयम, नपुं०, विवाह ।

उपयाचति, क्रिया, याचना करता है, माँगता है ।

उपयाचितक, नपुं०, याचना, माँग ।

उपयाति, क्रिया, समीप जाता है ।

उपयान, नपुं०, पहुँच ।

उपयानक, नपुं०, केकड़ा ।

उपयुज्जति, क्रिया, सम्बन्ध जोड़ता है, अभ्यास करता है, उपयोग करता है ।

उपयोग, पु०, (उप+योग) सम्बन्ध ।

उपरचित, कृदन्त, निर्मित ।

उपरज्ज, नपुं०, उप-राजपना ।

उपरत, कृदन्त, विरत हुआ ।

उपरति, स्त्री०, संयम ।

उपरमति, क्रिया, विरत रहता है, संयत रहता है ।

उपराजा, पु०, वाइसराय, राजा का स्थानापन्न ।

उपरि, अव्यय, ऊपर ।

उपरिट्ठ, वि०, सर्वोपरि ।

उपरि-पासाद, पु०, सबसे ऊपर का तल्ला ।
उपरि-भाग, पु०, ऊपर का हिस्सा ।
उपरि-मुख, वि०, ऊपर की ओर मुँह वाला ।
उपरित्त, कृदन्त, ऊपर होने का भाव ।
उपरिम, वि०, सर्वोपरि ।
उपरुज्झति, क्रिया, अवरोध को प्राप्त होता है, रुक जाता है ।
उपरुन्धति, क्रिया, रोकता है, रुकावट डालता है ।
उपरूळ्ह, कृदन्त, उगा हुआ ।
उपरोचति, क्रिया, प्रसन्न करता है ।
उपरोदति, क्रिया, विलाप करता है ।
उपरोधेति, क्रिया, बाधा डालता है ।
उपरोप, नपुं० (?), पौधा ।
उपल, पु०, पत्थर ।
उपलक्खणा, स्त्री०, विवेक करना ।
उपलक्खित, कृदन्त, उपलक्षित, विवेक कृत ।
उपलक्खेति, क्रिया, विवेक करता है ।
उपलद्ध, कृदन्त, प्राप्त ।
उपलद्धि, स्त्री०, प्राप्ति ।
उपलब्भति, क्रिया, प्राप्त होता है, विद्यमान होता है ।
उपलभति, क्रिया, प्राप्त करता है ।
उपलापन, नपुं०, प्रेरणा, बकवास ।
उपलापेति, क्रिया, प्रेरित करता है ।
उपलालेति, क्रिया, लालन करता है ।
उपलिक्खति, क्रिया, खरोचता है, उत्कीर्ण करता है ।
उपलिप्पति, क्रिया, लेप करता है ।
उपलिम्पति, क्रिया रंग पोतता है ।
उपलेप, पु०, लेप ।
उपलोहितक, वि०, लाल रंग का ।
उपवज्ज, वि०, सदोष ।
उपवण्णेति, क्रिया, वर्णन करता है ।
उपवत्त, उपवत्तन, हिरण्यवती के तट पर कुसीनारा के मल्लों का शाल-वन । यहीं भगवान बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था ।
उपवत्तति, क्रिया, विद्यमान होता है ।
उपवत्तन, वि०, समीप होना ।
उपवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है, अपमानित करता है ।
उपवन, नपुं०, छोटा जंगल, वगीचा ।
उपवसति, क्रिया, वास करता है, रहता है ।
उपवाद, पु०, दोष, अपमान ।
उपवादक, वि०, दोष देने वाला, अपमान करने वाला ।
उपवायति, क्रिया, (हवा) चलती है ।
उपवास, पु०, आहार-त्याग, व्रत ।
उपवासन, नपुं०, सुगन्धित करना ।
उपवासित, वि०, सुगन्धित ।
उपवासेति, क्रिया, सुगन्धित करता है ।
उपवाहन, नपुं०, ले जाना, बहाकर ले जाना ।
उपविजञ्ञा, स्त्री०, ऐसी स्त्री जिसको प्रसव होने ही वाला हो ।
उपविसति, क्रिया, समीप आता है, समीप बैठ जाता है ।
उपवीण, पु०, वीणा का सिरा ।
उपवीत, कृदन्त, बुना हुआ ।
उपवीयति, क्रिया, बुनता है ।
उपवुत्त, कृदन्त, दोषारोपित किया गया ।
उपवुत्थ, कृदन्त, (उपोसथ-) व्रत

रखा गया।
उपवेसन, नपुं०, बैठना।
उपव्हयति, क्रिया, बुलाता है।
उपसंवसति, क्रिया, किसी के साथ रहता है।
उपसंहरण, नपुं०, पास-पास लाकर एकत्र करना, तुलना करना।
उपसंहरति, क्रिया, इकट्ठा करता है, समीप लाता है, ढेर लगाता है।
उपसंहार, पु०, एकत्र करना, सार ग्रहण करना, तुलना करना।
उपसङ्कमति, क्रिया, पास जाता है।
उपसङ्कमन, नपुं०, पहुँच, नजदीक जाना।
उपसङ्कमित्वा, पूर्व० क्रिया, पास जाकर।
उपसग्ग, पु०, खतरा, किसी क्रिया के पूर्व में आने वाले वर्ण-समूह (उपसर्ग)।
उपसन्त, कृदन्त, शान्त-चित्त।
उपसम, पु०, शान्ति, सन्तोष।
उपसमेति, क्रिया, सन्तुष्ट करता है, शान्त करता है।
उपसम्पज्ज, कृदन्त, पहुँच जाना, प्रविष्ट होना, उपसम्पन्न-भिक्षु होना।
उपसम्पज्जति, क्रिया, पहुँचता है, प्रविष्ट होता है, (भिक्षु) उपसम्पन्न होता है।
उपसम्पदा, स्त्री०, बौद्ध-भिक्षु की संघ के द्वारा दी जाने वाली दीक्षा।
उपसम्पन्न, कृदन्त, उपसम्पदा प्राप्त।
उपसम्पादेति, क्रिया, उपसम्पदा की दीक्षा देता है।
उपसम्फस्सति, क्रिया, गले मिलता है।
उपसम्मति, क्रिया, शान्त होता है, सन्तुष्ट होता है।
उपसाळ्ह जातक, उस ब्राह्मण की कथा जिसने अपने लड़के को आदेश दिया था कि उसकी दाह-क्रिया ऐसी जगह की जाय, जहाँ पहले किसी की दाह-क्रिया न हुई हो। (१६६)
उपसिंघति, क्रिया, नाक बजाता है।
उपसिंघन, नपुं०, नाक बजाना।
उपसुस्सति, क्रिया, सूख जाता है।
उपसुस्सन, नपुं०, सूख जाना,।
उपसेचन, नपुं०, भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए उस पर (नमक-मिर्च) छिड़कना।
उपसेनिया, स्त्री०, जो लड़की सदैव अपनी माँ के पास रहना चाहे, लाडली।
उपसेवति, क्रिया, अभ्यास करता है, संगति करता है।
उपसेवना, स्त्री०, अभ्यास, संगति।
उपसेवित, कृदन्त, जिसने अभ्यास किया हो, जिसने संगति की हो।
उपसेवी, वि०, अभ्यास करने वाला, संगति करने वाला।
उपसोभति, क्रिया, सुशोभित होता है, सुन्दर लगता है।
उपसोभित, कृदन्त, सुशोभित।
उपसोभेति, क्रिया, सुशोभित कराता है।
उपसोसेति, क्रिया, सुखाता है।
उपसट्ठ, कृदन्त, दमित, जिसका दमन किया गया।
उपस्सय, पु०, निवास-स्थान।
उपस्सास, पु०, साँस लेना।
उपस्सुति, स्त्री०, उपश्रुति, दूसरों की

गुप्त बातचीत।

उपस्सुतिक, वि०, दूसरों की बातचीत सुनने वाला।

उपहञ्ञति, क्रिया, भ्रष्ट होता है, चोट खाता है।

उपहत, कृदन्त, चोट खाया हुआ।

उपहत्तु, पु०, लाने वाला।

उपहनति, क्रिया, हानि पहुँचाता है, चोट पहुँचाता है।

उपहरण, नपुं०, भेंट।

उपहरति, क्रिया, भेंट लाता है।

उपहार, पु०, भेंट, पुरस्कार।

उपहिंसति, क्रिया, हानि पहुँचाता है, चोट पहुँचाता है।

उपागच्छति, क्रिया, समीप आता है।

उपागत, कृदन्त, समीप आया हुआ।

उपातिधावति, क्रिया, दौड़ता रहता है।

उपातिपन्न, कृदन्त, गिरा हुआ, शिकार हुआ।

उपातिवत्त, कृदन्त, सीमातिक्रान्त हुआ।

उपातिवत्तति, क्रिया, सीमोल्लंघन करता है।

उपादा, क्रि० वि०, उपादाय का संक्षिप्त रूप, सकारण।

उपादान, नपुं०, आसक्ति, ईंधन।

उपादानक्खन्ध, पु०, आसक्ति के रूप, वेदना आदि स्कन्ध।

उपादानक्खय, पु०, आसक्ति का क्षय।

उपादानिय, वि०, आसक्ति से सम्बन्धित।

उपादाय, पूर्व० क्रिया, कारण होकर।

उपादि, पु०, जीवन का ईंधन।

उपादि-सेस, वि०, जिसमें रूप, वेदना आदि स्कन्ध अवशेष हों।

उपादिन्न, कृदन्त, गृहीत।

उपादियति, क्रिया, ग्रहण करता है।

उपाधि, पु०, पद, गद्दी।

उपान्तभू, स्त्री०, पास की भूमि।

उपाय, पु०, साधन।

उपाय-कुसल, वि०, साधन-सम्पन्न।

उपाय-कोसल्ल, नपुं० उपाय-कुशलता।

उपायन, नपुं०, भेंट।

उपायास, पु०, चिन्ता, दुःख, पश्चाताप।

उपारम्भ, पु०, डाँट-डपट।

उपालि स्थविर, भगवान बुद्ध के महा-श्रावकों में से एक अत्यन्त प्रसिद्ध महास्थविर। इनका जन्म कपिल-वस्तु के नाई परिवार में हुआ था। बुद्ध के परिनिर्वाण के अनन्तर प्रथम संगीति में उपालि स्थविर ही विनय के विषय में प्रमाण माने गये थे।

उपाविसि, क्रिया, स्थान ग्रहण किया।

उपासक, पु०, गृहस्थ शिष्य।

उपासकत्त, नपुं०, उपासक-भाव।

उपासति, क्रिया; उपासना करता है, सेवा में रहता है।

उपासन, नपुं०, १. सेवा; २. धनुर्विद्या।

उपासिका, स्त्री०, स्त्रीधर्मानुयायी।

उपासित, कृदन्त, पूजित, सेवित।

उपासीन, कृदन्त, पास बैठा हुआ।

उपाहत, कृदन्त, जिसे आघात लगा हो, जिसने चोट खाई हो।

उपाहन, नपुं०, जूता।

उपेक्खक, वि०, उपेक्षा करने वाला।

उपेक्खति, क्रिया, उपेक्षा करता है।
उपेक्खना, स्त्री०, उपेक्षा।
उपेक्खा, स्त्री०, उपेक्षा-भाव, मध्यस्थ-भाव।
उपेत, कृदन्त, पास गया हुआ, प्राप्त हुआ।
उपेति, क्रिया, पास जाता है, प्राप्त करता है।
उपेत्वा, पूर्व० क्रिया, पास जाकर।
उपोग्घात, पु०, उदाहरण।
उपोचित, कृदन्त, संग्रहित, ढेर लगा हुआ, सुखद।
उपोसथ, १. नपुं०, हाथियों का कुल-विशेष; २. पु०, महीने की दोनों अष्टमियाँ, अमावस्या तथा पूर्णिमा के चार उपोसथ(-व्रत) के दिन।
उपोसथ-कम्म, नपुं०, उपोसथ (-व्रत) का क्रियात्मक रूप।
उपोसथागार, नपुं०, उपोसथ-भवन।
उपोसथिक, वि०, उपोसथ (-व्रत) के दिन आठ शील ग्रहण करने वाला।
उप्पक्क, वि०, सूजा हुआ, फूला हुआ।
उप्पच्चति, क्रिया, पकता है।
उप्पज्जति, क्रिया, उत्पन्न होता है।
उप्पज्जन, नपुं०, उत्पन्न होना।
उप्पज्जमान, कृदन्त, उत्पन्न होने वाला।
उप्पज्जितब्ब, कृदन्त, उत्पन्न होने के योग्य।
उप्पटिपाति, स्त्री०, क्रमाभाव, अनियम।
उप्पटिपाटिया, वि०, क्रम-विरुद्ध।
उप्पण्डना, स्त्री०, हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना।
उप्पण्डुकजात, वि०, पीला पड़ गया।
उप्पण्डेति, क्रिया, मुँह चिढ़ाता है।
उप्पतति, क्रिया, उड़ता है, ऊपर उछलता है।
उप्पतन, नपुं०, उड़ान, उछलन।
उप्पतमान, कृदन्त, उड़ता हुआ, उछलता हुआ।
उप्पतित, कृदन्त, उड़ा, उछला।
उप्पतित्वा, पूर्व० क्रिया, उड़कर, उछलकर।
उप्पत्ति, स्त्री०, उत्पत्ति, पुनर्जन्म।
उप्पत्ति-भूमि, स्त्री०, जन्म-भूमि।
उप्पथ, पु०, कुमार्ग।
उप्पन्न, कृदन्त, उत्पन्न।
उप्पब्बजति, क्रिया, भिक्षु-संघ से निकल जाता है। पुनः गृहस्थ हो जाता है।
उप्पब्बजित, कृदन्त, भिक्षु-संघ से निकला हुआ, पुनः गृहस्थ बना हुआ।
उप्पब्बाजेति, क्रिया, भिक्षु-संघ से निकाल देता है, पुनः गृहस्थ बना देता है।
उप्पल, नपुं०, कँवल।
उप्पलवण्णा थेरी, भगवान बुद्ध की दो प्रधान भिक्षुणियों में से एक। वह एक सेठ की पुत्री थी। उसकी चमड़ी उत्पल-वर्ण होने के कारण ही उसका नाम उप्पलवण्णा स्थविरी पड़ा था।
उप्पालिनी, कँवलों से भरा हुआ तालाब।
उप्पाटन, नपुं०, उखाड़ना।
उप्पाटित, कृदन्त, उखाड़ा गया।
उप्पाटेति, क्रिया, उखाड़ता है, छीलता है।

उप्पात, पु०, ऊपर उड़ना, उल्कापात, असाधारण घटना ।
उप्पाद, पु०, उत्पन्न होना, अस्तित्व में आना ।
उप्पादक, वि०, उत्पन्न करने वाला ।
उप्पादन, नपुं०, उत्पत्ति ।
उप्पादेति, पु०, उत्पन्न करता है ।
उप्पादेतु, पु०, उत्पन्न करने वाला ।
उप्पादेतुं, उत्पन्न करने के लिए ।
उप्पीळन, नपुं०, पीड़ा देना, दबाना, दमन करना ।
उप्पीळित, कृदन्त, पीड़ित ।
उप्पीळेति, क्रिया, पीड़ा देता है, दबाता है, कष्ट देता है ।
उप्पोठन, नपुं०, झाड़ना, पीटना ।
उप्पोठेति, क्रिया, झाड़ता है, पीटता है ।
उप्लवन, नपुं०, तैरना ।
उप्लवति, क्रिया, तैरता है ।
उप्लापेति, क्रिया, डुबकी लगाता है ।
उप्फालेति, क्रिया, फाड़ता है ।
उप्फासुलिक, वि०, पसली मात्र दिखाई देने वाला ।
उब्बट्टन, नपुं०, बदन को रगड़ना, उबटन लगाना ।
उब्बट्टित, कृदन्त, मला गया, उबटन लगाया गया ।
उब्बट्टेति, क्रिया, मालिश करता है, उबटन लगाता है ।
उब्बत्तेति, क्रिया, ऊपर उठता है, फूलता है, सुपथ से हट जाता है ।
उब्बन्धति, क्रिया, मार डालता है ।
उब्बन्धति, फाँसी लटका देता है, गला घोंट देता है ।
उब्बन्धन, गला घोंटना, फाँसी लगा लेना, फाँसी लटकाना ।
उब्बहति, क्रिया, खींचता है, ले जाता है, उठाता है ।
उब्बहन, नपुं०, खींचना, ले जाना, उठाना ।
उब्बाळह, कृदन्त, कष्ट-प्राप्त, हैरान किया गया ।
उब्बिग्ग, कृदन्त, उद्विग्न ।
उब्बिज्जति, क्रिया, उद्वेग को प्राप्त होता है ।
उब्बिज्जना, स्त्री०, उद्वेग, अशान्ति ।
उब्बिलावितत्त, नपुं०, अत्यन्त आह्लाद ।
उब्बी, स्त्री०, भूमि ।
उब्बेग, पुं०, उद्वेग, उत्तेजना ।
उब्बेजेति, क्रिया, उद्वेग उत्पन्न करता है, भयभीत करता है ।
उब्बेध, पुं०, ऊँचाई ।
उब्भट्ठक, वि०, सीधा खड़ा हुआ ।
उब्भत, कृदन्त, वापिस ले लिया गया, खींच लिया गया ।
उब्भव, पु०, उद्भव, उत्पत्ति ।
उब्भार, पु०, हटा दिया जाना ।
उब्भिज्ज, पूर्व० क्रिया, बाहर आकर, अँखुआ फूट निकलकर ।
उब्भिज्जति, क्रिया, ऊपर उछलता है, अँखुआ फूट निकलता है ।
उब्भिद, १. नपुं०, खाने का नमक; २. पु०, पानी का चशमा; ३. वि०, अंकुर निकलता हुआ ।
उब्भुजति, क्रिया, ऊपर उठाता है ।
उभ, **उभय**, सर्वनाम, दोनों ।
उभतो, अव्यय, दोनों तरह से ।
उभतो भट्ठ जातक, एक मछुवे की

कथा, जो दोनों ओर से गया (१३६)।
उभयतोदिक, स्त्री०, दोनों ओर।
उभो, सर्वनाम, दोनों।
उम्मग्ग, पु०, सुरँग, चोर-रास्ता।
उम्मज्जन, नपुं०, शरीर को धोना।
उम्मत्त, वि०, पागल।
उम्मदन्ती जातक, एक सेठ की लड़की की कथा, जो अपने सौन्दर्य के कारण देखने वालों को उन्मत्त बना देती थी (५२७)।
उम्मा, स्त्री०, अलसी के बीज।
उम्माद, पु०, उन्माद, पागलपन।
उम्मादवन्तु, पु०, पागल।
उम्मार, पु० देहली, चौखट।
उम्मि, स्त्री०, ऊर्मि, लहर।
उम्मिसति, क्रिया, आँख खोलता है।
उम्मिहति, क्रिया, पेशाब करता है।
उम्मीलन, नपुं०, उन्मीलन, आँख खोलना।
उम्मीलेति, क्रिया, उन्मीलन करता है, आँख खोलता है।
उम्मुक, नपुं०, लुआठी, मशाल।
उम्मुक्क, कृदन्त, गिरा हुआ।
उम्मुख, वि०, जिसका मुँह आकाश की ओर हो।
उम्मुज्जति, क्रिया, पानी से बाहर निकलता है।
उम्मुज्जन, नपुं०, बाहर निकलना।
उम्मुज्ज-निमुज्जा, स्त्री०, इतराना-डूबना।
उम्मुज्जमान, कृदन्त, इतराता हुआ।
उम्मूल, वि०, उन्मूल।
उम्मूलित, कृदन्त, जड़ खोदा हुआ।
उम्मूलन, नपुं०, जड़ खोदना।
उम्मूलेति, क्रिया, जड़ खोदता है।
उय्यान, नपुं०, उद्यान।
उय्यान-कीळा, स्त्री०, उद्यान-क्रीड़ा।
उय्यान-पाल, पु०, उद्यान-पालक, माली।
उय्यान-भूमि, स्त्री०, उद्यान-भूमि।
उय्यानवन्त, त्रि०, अनेक उद्यानों वाला।
उय्याम, पु०, उद्यम, प्रयत्न।
उय्युज्जति, क्रिया, जुतता है, प्रयास करता है।
उय्युज्जन, नपुं०, उद्योग, क्रियाशीलता।
उय्युञ्जन्त, कृदन्त, उद्योग-रत, क्रियाशील।
उय्युत्त, कृदन्त, उत्साही, लगा हुआ।
उय्योग, पु०, उद्योग।
उय्योजन, नपुं०, प्रेरणा।
उय्योजित, कृदन्त, प्रेरित, भेज दिया गया।
उय्योजेति, क्रिया, प्रेरित करता है, भेज देता है।
उय्योधिक, नपुं०, लड़ाई की योजना, सेना की झूठ-मूठ की लड़ाई।
उर, पु० तथा नपुं०, छाती।
उर-चक्क, नपुं०, छाती पर रखा हुआ लोह-चक्र।
उर-च्छद, पु०, छाती की ढाल।
उर-त्ताळि, क्रि० वि०, अपनी छाती पीटना।
उरग, पु०, सर्प
उरग-जातक, साँप तथा गरुड़ का संघर्ष। बोधिसत्व ने दो स्थायी

वैरियों में मैत्री कराई (१५४)।

उरग-जातक, पुत्र की मृत्यु पर घर का कोई भी नहीं रोया (३५४)।

उरण, पु०, भेड़, मेढ़ा।

उरणी, स्त्री०, भेड़ी।

उरब्भ, पु०, मेढ़ा।

उरु, वि०, बड़ा, चौड़ा, प्रमुख।

उरुवेल कप्प, मल्ल जनपद में मल्लों का एक नगर।

उरुवेला, बुद्धगया में, बोधिवृक्ष के समीप, नेरञ्जरा के तट पर एक स्थान।

उलूक, पु०, उल्लू।

उलूक-जातक, पक्षियों द्वारा उल्लू को अपना राजा बनाये जाने का प्रस्ताव किया गया (२७०)।

उल्लंघन, नपुं०, सीमोल्लंघन।

उल्लंघेति, क्रिया, सीमा लाँघ जाता है।

उल्लपति, क्रिया, आत्म-प्रशंसा करता है।

उल्लपना, स्त्री०, आत्म-प्रशंसा।

उल्लिखति, क्रिया, अलग करता है, लकीर खींचता है।

उल्लिखन, नपुं०, अलग करना, लकीर खींचना।

उल्लित्त, कृदन्त, उपलिप्त, लेप किया गया।

उल्लुम्पति, क्रिया, ऊपर उठाता है, सहायक होता है।

उल्लुम्पन, नपुं०, ऊपर उठाना, संरक्षण।

उल्लोकक, वि०, द्रष्टा।

उल्लोकन, नपुं०, दृष्टि, खिड़की।

उल्लोकेति, क्रिया, देखता है।

उल्लोच, पु० तथा नपुं०, वितान, चँदुआ।

उल्लोल, पु०, चलन, बड़ी लहर।

उल्लोलेति, क्रिया, हलचल पैदा करता है।

उसभ, पु०, वृषभ, श्रेष्ठ पुरुष, दूरी का माप-विशेष।

उसभंग, पु०, वृषभ का अंग।

उसीर, नपुं०, खस।

उसु, पु० तथा स्त्री०, तीर।

उसुकार, पु०, तीर बनाने वाला।

उसुवड्ढकी, पु०, तीर बनाने वाला बढ़ई।

उसूयक, वि०, ईर्षा करने वाला।

उसूयति, क्रिया, ईर्षा करता है।

उसूया, स्त्री०, ईर्षा।

उसूयोपगम, पुं०, ईर्षा का आगमन।

उस्मा, स्त्री०, ऊष्णता।

उस्सङ्की, वि०, शंकालु, भयभीत।

उस्सद, उस्सन्न, वि०, विपुल।

उस्सन्नता, स्त्री०, विपुलता।

उस्सव, पु०, उत्सव।

उस्सहति, क्रिया, कोशिश करता है।

उस्सहन, नपुं०, प्रयास, प्रयत्न।

उस्सापन, नपुं०, उठाना।

उस्सापित, कृदन्त, उठाया गया।

उस्सापेति, क्रिया, उठाता है, ऊँचा करता है।

उस्सारणा, स्त्री०, भीड़।

उस्सारित, कृदन्त, एक ओर ढकेल दिया गया।

उस्सारेति, क्रिया, एक ओर ढकेल देता है।

उस्साव, पु०, ओस ।
उस्साव-बिन्दु, नपुं०, ओस की बूंद ।
उस्साह, पु०, उत्साह ।
उस्साहवन्तु, वि०, उत्साही ।
उस्साहेति, क्रिया, उत्साहित करता है ।
उस्सिञ्चति, क्रिया, पानी उठाता है, सींचता है ।
उस्सिञ्चन, नपुं०, पानी उठाना, सींचना ।
उस्सित, कृदन्त, उठाया गया, ऊँचा किया गया ।
उस्सीसक, नपुं०, सिर रखने की जगह, तकिया ।
उस्सुक, वि०, उत्सुक, उत्साही, क्रियाशील ।
उस्सुक्क, नपुं०, औत्सुक्य, उत्साह, क्रिया-शीलता ।
उस्सुक्कति, क्रिया, कोशिश करता है, प्रयत्न करता है ।
उस्सुक्कापेति, क्रिया, प्रेरित करता है।
उस्सुस्सति, क्रिया, सूख जाता है ।
उस्सूर, वि०, सूर्योदय के बाद का ।
उस्सूर-सेय्या, स्त्री० सूर्योदय के बाद सोते रहना ।
उस्सोळ्ही, स्त्री०, उत्साह ।
उळार, वि०, उदार, विशाल, श्रेष्ठ, प्रमुख ।
उळारत्त, नपुं०, उदारता, विशालता, श्रेष्ठत्व, प्रमुखत्व ।
उळु, पु०, तारा ।
उळु-राज, पु०, चन्द्रमा ।
उळुङ्क, पु०, करछुल ।
उळूम्प, पु०, डोंगी ।
उळूक, पु०, उल्लू ।
उळूक-पक्खिक, नपुं०, उल्लू के पैरों से बना हुआ पहनावा।

ऊ

ऊका, स्त्री०, जूं, चीलर ।
ऊन, वि०, कम, न्यून ।
ऊनत्त, ऊनता, नपुं०, स्त्री०, कमी, न्यूनता ।
ऊमी, ऊमि, स्त्री०, लहर।
उरट्ठि, नपुं०, जाँघ की हड्डी ।
ऊरु, जाँघ ।
ऊरु-पब्ब, नपुं०, जाँघ का जोड़ ।
ऊस, पु०, खारी मिट्टी ।
ऊसवन्तु, पु०, खारी मिट्टी वाला ।
ऊसा, पु०, खारा पदार्थ ।
ऊसर, वि० तथा नपुं०, क्षार-युक्त, ऊसर ।
ऊहच्च, कृदन्त, खींचा गया, हटा दिया गया ।
ऊहदति, क्रिया, साफ करता है, मैल दूर करता है ।
ऊहन, नपुं०, विचार, संग्रह ।
ऊहनति, क्रिया, खींचता है, हटाता है ।
ऊहसति, क्रिया, हँसता है, मुंह चिढ़ाता है ।
ऊहा, स्त्री०, चिन्तन-मनन ।

ए

एक, वि०, संख्यावाचक शब्द । बहुवचन में 'एक' का अर्थ हो जाता है कुछ ।
एक-चर, एक-चारी, वि०, अकेला रहने वाला ।

एक-देश, पु०, एक विभाग, एक हिस्सा।
एक-पट्ट, वि०, एक तह वाला कपड़ा।
एकभत्तिक, वि०, दिन में एक ही बार खाने वाला।
एकक, वि०, अकेला।
एककूटयुत, पु०, एक तल्ला भवन।
एकक्खरकोस, सोलहवीं शताब्दी में सद्धम्म-कित्ति द्वारा रचित पालि शब्द-सूची।
एकक्खी, वि०, एक आँख वाला।
एकग्ग, वि०, एकाग्र।
एकग्गता, स्त्री०, एकाग्रता।
एकच्च, एकच्चिय, वि०, कुछ, चन्द।
एकज्झं, क्रि० वि०, एक ही स्थान पर।
एकतो, अव्यय, एक ओर।
एकत्त, नपुं०, १. एकता, २. अकेलापन, ३. अनुकूलता।
एकदा, क्रि० वि०, एक बार।
एकन्त, वि०, निश्चय से, पूर्ण निश्चय से, एकतरफा।
एकन्त-लोमी, पु०, कम्बल जिसके एक ओर उसें हों।
एकन्तरिक, वि०, एक का बीच देकर, एक के बाद एक छोड़कर।
एकपटलिक, वि०, एक तह वाला कपड़ा।
एकपण्ण जातक, बोधिसत्व ने राजकुमार को नीम के पत्ते खिलाकर अपना आचरण सुधारने की शिक्षा दी (१४९)।
एकपद जातक, बोधिसत्व ने एक शब्द द्वारा अपने पुत्र को उपदेश दिया। वह शब्द था दक्खेय्य अर्थात् दक्षता (२३८)।
एकपदिक-मग्ग, पु०, पगडण्डी।
एकमन्तं, क्रि० वि०, एक ओर।
एकमेक, एकेक, वि०, एक-एक करके।
एकराज जातक, देखो सेय्यसं जातक, एकराज जातक (३०३)।
एकरूप, वि०, अपरिवर्तनशील।
एकविध, वि०, एक ही तरह का, समान।
एकसो, क्रि० वि०, एक-एक करके
एकंस, एकंसिक; वि०, १. निश्चित रूप से, २. एक कंधे से सम्बन्धित।
एकाकी, त्रिलिङ्गी, अकेला (आदमी)।
एकाकिनी, स्त्री०, अकेली (स्त्री)।
एकागारिक, पु०, चोर।
एकादस, संख्यावाची वि०, ग्यारह
एकायन, पु०, एक ही मार्ग।
एकासनिक, वि०, दिन में एक ही बार खाने वाला।
एकाह, नपुं०, एक दिन।
एकाहिक, वि०, एक ही दिन रहने वाला।
एकिका, स्त्री०, अकेली स्त्री।
एकीभाव, पु०, एकता, एकान्त।
एकीभूत, वि०, एकत्रित, सम्बन्धित।
एकून, वि०, एक कम।
एकूनचत्तालीसति, स्त्री०, उनतालीस।
एकूनतिंसति, स्त्री०, उनत्तीस।
एकूनपञ्ञास, स्त्री०, उनंचास।
एकूनवीसति, स्त्री०, उन्नीस।
एकूनसट्ठि, स्त्री०, उनसठ।
एकूनसत्तति, स्त्री०, उनहत्तर।
एकूननवुति, स्त्री०, नवासी।

एकूनसत, नपुं०, निन्नानवे ।
एकूनासीति, स्त्री०, उनास्सी ।
एकोदिभाव, पु०, एकाग्रता ।
एजा, स्त्री०, तृष्णा, चलन (हिलना) ।
एट्ठि, स्त्री०, तलाश, इच्छा, चाह ।
एण, पु०, एक प्रकार का हिरण ।
एणिमिग, एणेय्य, पु०, मृग-विशेष ।
एणेय्यक, नपुं०, एक प्रकार का कष्ट-दान ।
एत, सर्वनाम, वह, यह, पु०, एसो, स्त्री०, एसा ।
एतरहि, क्रि० वि०, अब ।
एतादिस, वि०, ऐसा, इस तरह का ।
एति, क्रिया, आता है ।
एतिहा, स्त्री०, इति-वृत्त ।
एतिटय्ह, नपुं०, परम्परागत वृत्तान्त ।
एत्तक, वि०, इतना ।
एत्तावता, क्रि० वि०, यहाँ तक, इतनी दूर तक ।
एत्तो, अव्यय, यहाँ से, यहाँ ।
एत्थ, क्रि० वि०, यहाँ ।
एदिस, एदिसक, वि०, ऐसा, इस प्रकार का ।
एध, पु०, ईंधन, जलावन ।
एधति, क्रिया, प्राप्त करता है, सफल, होता है ।
एन, एत (सर्वनाम) का ही रूप ।
एरक, नपुं०, घास-विशेष ।
एरक-दुस्स, नपुं०, एरक की बनी चादर ।
एरण्ड, पु०, रेंड़ ।
एरावण, पु०, इन्द्र के हाथी का नाम ।
एरावत, पु०, नारंगी, संतरा ।
एरित, कृदन्त, कम्पित ।
एरेति, क्रिया, हिलता है ।
एला, स्त्री०, थूक ।
एव, अव्यय, ही ।
एवरूप, वि०, ऐसा, इस प्रकार का ।
एवं, क्रि० वि०, इस प्रकार ।
एवं, अव्यय, हाँ ।
एवम्पि, अव्यय, इस प्रकार भी ।
एवमेव, अव्यय, इसी प्रकार ।
एवंविध, वि०, इस प्रकार ।
एसति, क्रिया, खोजता है ।
एसना, स्त्री०, खोज ।
एसन्त, एसमान, कृदन्त, खोजता हुआ ।
एसिकत्थम्भ, पु०, नगर-द्वार के सामने गड़ा हुआ खम्भा ।
एसित, कृदन्त, खोजा गया ।
एसितब्ब, कृदन्त, खोजने योग्य ।
एसी, पु०, खोजने वाला ।
एसिनी, स्त्री०, खोजने वाली ।
एहलोकिक, वि०, इहलोक सम्बन्धी ।
एहिपस्सिक, वि०, जो धर्म सभी को कहे कि आओ और परीक्षा करके देखो ।
एहि-भिक्खु, प्राचीनतम समय में किसी को भिक्षु बनाने की पद्धति "भिक्षु, आ ।"
एळक, पु०, भेड़ ।
एळगल वि०, जिसके मुँह से लार टपकती हो ।
एल्मूग, पु०, बहरा तथा गूँगा ।
एळा, स्त्री०, थूक ।
एळालुक, नपुं०, खीरा-ककड़ी ।

ओ

ओ, पालि वर्णमाला का एक स्वर। कुछ वैयाकरणों का मत है कि पालि में आठ स्वर होते हैं, और कुछ का मत है दस स्वर होते हैं। आठ स्वर के पक्षपाती ए, ओ के ह्रस्व तथा दीर्घ दो स्वरूप नहीं मानते। दस स्वर के पक्षपाती 'ए' तथा 'ओ' के 'ह्रस्व' तथा 'दीर्घ' दो-दो रूप मानते हैं। संयुक्त वर्ण से पूर्व व्यवहृत होने वाले 'ए' तथा 'ओ' उनके मतानुसार 'ह्रस्व' स्वर होते हैं।

ओक, नपुं०, १. जल, २. निवास-स्थान।

ओकड्ढति, क्रिया, खींच लाता है, हटा देता है।

ओकन्तति, क्रिया, काटता है।

ओकप्पति, क्रिया, व्यवस्था करता है, तैयारी करता है, विश्वास करता है।

ओकप्पना, स्त्री०, विश्वास करना।

ओकप्पनिय, वि०, विश्वसनीय।

ओकप्पेति, क्रिया, विश्वास करता है।

ओकम्पेति, क्रिया, हिलाता है।

ओकार, पु०, नीचपन, विकृति।

ओकास, पु०, स्थान, अवसर, अनुज्ञा।

ओकास-कम्म, नपुं०, अनुज्ञा, इजाज़त।

ओकिण्ण, कृदन्त, बिखरा हुआ, ढका हुआ।

ओकिरण, नपुं०, बिखेरा जाना, फेंका जाना।

ओकिरति, क्रिया, बिखेरता है।

ओक्कन्त, कृदन्त, आगत, घटित।

ओक्कन्ति, स्त्री०, प्रवेश प्रकट होना, घटित होना।

ओक्कन्तिक, वि०, घटित होने वाला।

ओक्कमति, क्रिया, प्रवेश करता है, आता है।

ओक्कमन, नपुं०, प्रवेश, आगमन।

ओक्कमन्त, कृदन्त, प्रवेश होता हुआ।

ओक्कम्म, पूर्व० क्रिया, हटकर।

ओक्काक, शाक्यों तथा कोलियों का पूर्वज ओकाक्क नरेश।

ओक्खित्त, कृदन्त, नीचे गिराये हुए।

ओक्खित्त-चक्खु, वि०, नीची-नज़र वाला।

ओक्खिपति, क्रिया, फेंकता है, गिराता है।

ओगच्छति, क्रिया, नीचे जाता है, अस्त होता है, पीछे हटता है।

ओगण, वि०, गण से पृथक् हुआ, अकेला।

ओगध, वि०, सम्मिलित, डूबा हुआ।

ओगय्ह, पूर्व० क्रिया, मिल जाने पर, डूब जाने पर।

ओगाह, पु०, **ओगाहन**, नपुं०, डुबकी लगाना।

ओगाहति, क्रिया, डुबकी लगाता है।

ओगाहमान, कृदन्त, डुबकी लगाते हुए।

ओगिलति, क्रिया, निगलता है।

ओगुण्ठित, कृदन्त, घूँघट निकला हुआ, ढका हुआ।

ओगुण्ठेति, क्रिया, घूँघट निकालती है, ढकती है।

ओगुम्फेति, क्रिया, (माला) पिरोता है।

ओग्गत, कृदन्त, अवगत, अस्त होना।

ओघ, पु०, बाढ़।
ओघ-तिण्ण, वि०, बाढ़ से सुरक्षित।
ओघनिय, वि०, जो बाढ़ में आ सकता है।
ओचरक, पु०, गुप्तचर।
ओचिण्ण, कृदन्त, संगृहीत।
ओचिनन, नपुं०, संग्रह करना, एकत्र करना।
ओचिनन्त, कृदन्त, संग्रह करते हुए, एकत्र करते हुए।
ओचिनाति, क्रिया, संग्रह करता है, एकत्र करता है।
ओछिन्दति, क्रिया, काट डालता है।
ओज, पु०, शरीर-शक्ति।
ओजवन्त, वि०, शक्तिवर्धक।
ओजवन्तता, स्त्री०, शक्तिवर्धक भाव।
ओजहाति, क्रिया, छोड़ देता है, त्याग देता है।
ओजा, स्त्री०, शरीर का आधार ओज।
ओजिनाति, क्रिया, जीतता है, हराता है।
ओट्ठ, पु०, १. ऊँट, २. होंठ।
ओट्ठुभति, क्रिया, थूकता है।
ओड्डित, कृदन्त, (जाल) फेंका गया।
ओड्डेति, क्रिया, (जाल) बिछाता है।
ओणमति, क्रिया, झुकता है।
ओणमन, नपुं०, झुकना।
ओणमित, कृदन्त, झुका हुआ।
ओतरण, नपुं०, उतरना, नीचे आना।
ओतरति, क्रिया, नीचे उतरता है।
ओतरन्त, कृदन्त, नीचे उतरते हुए।
ओतापेति, क्रिया, धूप में तपता है।
ओतार, पु०, उतराव, पहुँच, अवसर, दोष।
ओतार-गवेसी, वि०, अवसर खोजने वाला।
ओतारण, नपुं०, उतराव।
ओतारेति, क्रिया, उतारता है।
ओतिण्ण, कृदन्त, अवतरित।
ओत्तप्प, नपुं०, पाप-भीरुता।
ओत्तप्पति, क्रिया, पाप करने से भय-भीत होता है।
ओत्तप्पी, वि०, पाप-भीरू।
ओत्थट, कृदन्त, फैला हुआ, नीचे गया हुआ।
ओत्थरक, नपुं०, कपड़-छान।
ओत्थरति, क्रिया, फैलाता है, नीचे जाता है, छानता है।
ओदकन्तिक (ओद्रकन्तिक), १. नपुं०, जल-समीप स्थान; २. वि०, जिसका अन्त जल में हो।
ओदग्य, नपुं० उदग्र भाव, तेजस्वी भाव
ओदन, नपुं०, तथा पु० पकाया हुआ चावल, भात।
ओदन-संभव, पु० तथा नपुं, पिच्छा।
ओदनिक, पु०, रसोइया।
ओदनिय, वि०, ओदन-सम्बन्धी।
ओदरिक, वि०, पेटू, पेट भरने के लिए जीने वाला।
ओदहति, क्रिया, रखता है, ध्यान देता है।
ओदहन, नपुं०, नीचे रखना, ध्याना-वस्थित होना।
ओदात, वि०, सफेद, स्वच्छ।
ओदात-कसिण, नपुं०, श्वेत रंग का चित्त को एकाग्र करने का साधन।
ओदात-वसन, वि०, श्वेत वस्त्रधारी।
ओदिस्स, क्रि० वि०, उद्देश्य से।

ओदिस्सक, वि०, विशेष रूप से ।
ओदुम्बर, वि०, गूलर-वृक्ष सम्बन्धी ।
ओधि, पु०, अवधि, सीमा ।
ओधिसो, क्रि० वि०, सीमित मात्रा में ।
ओधुनाति, क्रिया, धुनता है ।
ओनद्ध, कृदन्त, बँधा हुआ, ढका हुआ, लिपटा हुआ ।
ओनन्धति, क्रिया, बाँधता है, ढकता है, लपेटता है ।
ओनमक, वि०, झुकता हुआ ।
ओनमति, क्रिया, झुकता है ।
ओनमन, नपुं०, झुकना ।
ओनय्हति, क्रिया, ढकता है, बांध डालता है ।
ओनहन, नपुं०, ढकना ।
ओनीत, कृदन्त, हटाया गया, ले जाया गया ।
ओनेति, क्रिया, हटाया जाता है, ले जाया जाता है ।
ओनोजन, नपुं०, बँटवारा, भेंट ।
ओनोजेति, क्रिया, बाँटता है ।
ओनोजित, कृदन्त, बाँटा हुआ ।
ओपक्कमिक, वि०, किसी उपक्रम अथवा उपाय-विशेष से उत्पन्न किया गया कष्ट ।
ओपक्खी, वि०, जिसके पर कटे हों ।
ओपतति, क्रिया, गिरता है, उड़ जाता है ।
ओपतित, कृदन्त, गिरा हुआ ।
ओपत्त, वि०, पत्र-विहीन, ऐसा पेड़ जिसके पत्ते गिर गये हों ।
ओपधिक, वि०, पुनर्जन्म के आधार सम्बन्धी ।
ओपनयिक, वि०, पास ले जाने वाला ।
ओपपातिक, वि०, प्रत्यक्ष कारण के विना उत्पन्न, सहज रूप से उत्पन्न हुआ ।
ओपम्म, नपुं०, उपमा, तुलना ।
ओपरज्ज, नपुं०, उपराजपन ।
ओपवय्ह, वि०, चढ़ने के योग्य ।
ओपसमिक, वि०, शान्ति-कारक ।
ओपात, पु०, १. गड्ढा, २. पतन ।
ओपातेति, क्रिया, गिराता है ।
ओपान, नपुं०, कुआँ ।
ओपारम्भ, वि०, सहायक ।
ओपायिक, वि०, योग्य ।
ओपिलापित, कृदन्त, तैराया गया ।
ओपिलापेति, क्रिया, तैराता है ।
ओपुणाति, क्रिया, साफ करता है ।
ओपुप्फ, नपुं०, कली ।
ओबंधति, क्रिया, बाँधता है ।
ओभग्ग, कृदन्त, टूटा हुआ ।
ओभञ्जति, क्रिया, तोड़ डालता है ।
ओभत, कृदन्त, ले जाया गया ।
ओभरति, क्रिया, ले जाता है ।
ओभास, पु०, प्रकाश ।
ओभासति, क्रिया, चमकता है ।
ओभासन, नपुं०, चमक ।
ओभासित, कृदन्त, प्रकाशित ।
ओभासेति, क्रिया, चमकाता है ।
ओभासेन्त, कृदन्त, चमकते हुए ।
ओभोग, पु०, झुकना, लपेटना, (चीवर का) तह करना ।
ओम, ओमक, वि०, निम्न कोटि का ।
ओमट्ठ, कृदन्त, छुआ गया, मैला किया गया ।

ओमद्दति, क्रिया, मलता है, दबाता है।
ओमसति, क्रिया, स्पर्श करता है।
ओमसना, स्त्री०, स्पर्श।
ओमसवाद, पु०, अपमान, निन्दा।
ओमान, नपुं०, अगौरव।
ओमिस्सक, वि०, मिश्रित।
ओमुक्क, वि०, फेंका गया।
ओमुञ्चति, क्रिया, खोलता है, (वस्त्र) उतारता है।
ओमुत्त, कृदन्त, मुक्त हुआ, स्वतन्त्र हुआ।
ओमुत्तेति, मूत्र करता है।
ओयाचति, क्रिया, बुरा चाहता है, शाप देता है।
ओर, १. नपुं०, इस ओर का तट, यह संसार; २. वि०, निम्न-स्तर का।
ओर-पार, नपुं०, इहलोक तथा परलोक।
ओर-मत्तक, वि०, तुच्छ, मामूली।
ओरब्भिक, पु०, भेड़ों का व्यापार करने वाला, या भेड़ मारने वाला कसाई।
ओरमति, क्रिया, इधर ही रुक जाता है।
ओरमापेति, क्रिया, (किसी अन्य को) रोक देता है।
ओरम्भागिय, वि०, इस लोक सम्बन्धी।
ओरस, वि०, स्वकीय पुत्र।
ओरिम, वि०, इस ओर का।
ओरिम-तीर, नपुं०, नज़दीक का तट।
ओरुद्ध, कृदन्त, जिसके मार्ग में बाधा डाली गई हो।
ओरुन्धति, क्रिया, प्राप्त करता है, पत्नी बनाता है।
ओरूळह, पु०, कृदन्त, उतरा हुआ।
ओरोध, पु०, रनिवास, बाधा।
ओरोपन, नपुं०, उतारना, हटाना।
ओरोपेति, क्रिया, उतारता है, हटाता है।
ओरोहण, नपुं०, उतरना।
ओरोहति, क्रिया, (नीचे) उतरता है।
ओलग्गेति, क्रिया, रोकता है।
ओलंघना, स्त्री०, नीचे झुकना।
ओलंघेति, क्रिया, नीचे कूदता है।
ओलम्बति, क्रिया, नीचे रोकता है।
ओलम्बन, नपुं०, लटकना।
ओलिखति, क्रिया, लकीर खींचता है, खरोचता है।
ओलिगल्ल, पु०, चहबच्चा, नावदान।
ओलीन, कृदन्त, प्रमादी, ढीला-ढाला।
ओलीयति, क्रिया, प्रमाद करता है।
ओलीयना, स्त्री०, आलस्य।
ओलीयमान, कृदन्त, पीछे छूट गया।
ओलुग्ग, कृदन्त, टुकड़े-टुकड़े हो गया।
ओलुज्जति, क्रिया, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है।
ओलुम्पेति, क्रिया, छिलका उतारता है, पकड़ता है, चुनता है, चुगता है।
ओलोकन, नपुं०, देखना।
ओलोकनक, नपुं०, खिड़की, झरोखा।
ओलोकेति, क्रिया, देखता है।
ओळारिक, वि०, स्थूल।
ओवज्जमान, कृदन्त, उपदिष्ट, अनुशासित।

ओवट्टिक, स्त्री०, कमरबन्द ।
ओवदति, क्रिया, उपदेश देता है ।
ओवदन, नपुं०, उपदेश देना ।
ओवदितब्ब, कृदन्त, उपदेश देने के योग्य ।
ओवमति, क्रिया, उल्टी करता है, कै करता है ।
ओवरक, नपुं०, अन्दर का कमरा ।
ओवरति, क्रिया, रोकता है ।
ओवस्सति, क्रिया, बरसता है ।
ओवस्सापेति, क्रिया, बारिश में भिगवाता है ।
ओवहति, क्रिया, नीचे ले जाता है ।
ओवाद, पु०, उपदेश ।
ओवादक, पु०, उपदेश देने वाला ।
ओवादक्खम, वि०, शिक्षा-प्रेमी, उपदेश मानने वाला ।
ओविज्झति, क्रिया, बींधता है ।
ओसक्कति, क्रिया, पीछे हटता है ।
ओसज्जति, क्रिया, छोड़ता है ।
ओसध, नपुं०, औषध, दवाई ।
ओसधी, स्त्री०, १. दवाई का पौधा, २. चमकदार तारा-विशेष ।
ओसधीस, पु०, चन्द्रमा ।
ओसन्न, वि०, त्यक्त ।
ओसप्पति, क्रिया, पीछे हटता है ।
ओसरण, नपुं०, वापसी ।
ओसरति, क्रिया, वापस आता है ।
ओसान, नपुं०, समाप्ति ।
ओसापेति, क्रिया, समाप्त करता है ।
ओसारक, नपुं०, ओसारा ।
ओसारणा, स्त्री०, पुनर्नियुक्ति ।
ओसारेति, क्रिया, पुनर्नियुक्त करता है ।
ओसिञ्चति, क्रिया, सींचता है ।
ओसीदन, नपुं०, डूबना ।
ओसीदापन, नपुं०, डुबाना ।
ओसीदापेति, क्रिया, डुबाता है ।
ओस्सग्ग, नपुं०, शिथलीकरण ।
ओस्सजति, क्रिया, ढीला छोड़ता है, मुक्त करता है ।
ओस्सजन, नपुं०, मुक्ति, परित्याग ।
ओहरति, क्रिया, ले जाता है ।
ओहाय, पूर्व० क्रिया, छोड़कर ।
ओहारण, नपुं०, १. हटाना, २. हजामत करना ।
ओहित, कृदन्त, छिपा हुआ ।
ओहीन, कृदन्त, पीछे छूटा हुआ ।
ओहीयति, क्रिया, पीछे रह जाता है ।
ओहीयन, नपुं०, पीछे रह जाना ।
ओहीयमान, कृदन्त, पीछे रह जाता हुआ ।

क

क, पालि वर्णमाला का प्रथम व्यञ्जन, प्रश्नवाचक सर्वनाम 'किं' का एक रूप, कौन, क्या, कौन-सा ।
कंस, नपुं०, काँसा-धातु ।
ककच, पु०, आरा ।
ककण्टक, पु०, गिरगिट ।
ककण्टक जातक, महा-उम्मग जातक में आगत ककण्टक-पञ्ह-कथा ।
ककु, पु०, शिखर ।
ककुट्ठा, कुसीनारा के समीप की एक नदी, जिसमें परिनिर्वाण से पूर्व भगवान बुद्ध ने स्नान किया था और

जिसका जल ग्रहण किया था ।
ककुध, पु०, साण्ड की पीठ का ककुद, अर्जुन-वृक्ष ।
ककुध-भण्ड, नपुं०, राजकीय चिह्न ।
कक्क, नपुं०, लेप-विशेष ।
कक्कट, पु०, केकड़ा ।
कक्कटक जातक, कुलीरदह में रहने वाले हाथियों को खाने वाले केकड़े की कथा (२६७) ।
कक्कर, तीतर ।
कक्कर जातक, वुद्धिमान पक्षी की कथा (२०६)
कक्करता, स्त्री०, कर्कश-भाव ।
कक्कस, वि०, कर्कश ।
कक्कारी, स्त्री०, ककड़ी ।
कक्कारु जातक, दुर्गुणी पुरोहित द्वारा देवताओं द्वारा दी गई माला के पहनने की माँग (३२६) ।
कक्कारेति, क्रिया, खखारता है ।
कक्खळ, वि०, खुरदुरा ।
कक्खळता, स्त्री०, कठोरपन ।
कङ्क, पु०, सारस, वगुला ।
कंकट, पु०, कवच ।
कङ्कण, नपुं०, कंगन ।
कङ्खावितरणी, विनय-पिटक के प्रातिमोक्ष पर बुद्धघोषाचार्य द्वारा रचित अट्ठकथा ।
कंखति, क्रिया, सन्देह करता है ।
कंखना, स्त्री०, सन्देह ।
कंखनीय, कृदन्त, सन्दिग्ध ।
कंखा, स्त्री०, सन्देह ।
कंखी, वि०, सन्देह करने वाला ।
कङ्गु, स्त्री०, वाजरा ।
कच, नपुं०, वाल ।
कचवर, पु०, कूड़ा-करकट ।
कच्चानि-जातक, धर्म के श्राद्ध की कथा (४१७) ।
कच्चायन-व्याकरण, कच्चायन द्वारा रचित व्याकरण ।
कच्चि, अव्यय, सन्देहार्थक-पद ।
कच्छ, पु० तथा नपुं०, दलदल, वग़ल ।
कच्छक, पु०, अंजीर का पेड़ ।
कच्छन्तर, नपुं०, १. राजा का अपना कमरा, २. वगल के नीचे ।
कच्छप, पु०, कछुआ ।
कच्छप जातक, एक कछुवे की कथा, जिसने सूखा पड़ने पर भी अपना तालाव नहीं छोड़ा था (१७८) ।
कच्छप जातक, एक कछुवे की कथा, जिसकी दो हंसों से दोस्ती थी (२१५) ।
कच्छप जातक, एक बंदर की कछुवे के साथ की गई शरारत की कथा (२७३) ।
कच्छपुट, वगली वाँधकर सौदा बेचने वाला ।
कच्छबन्धन, नपुं०, कमर-वन्द ।
कच्छा, स्त्री०, काछ ।
कच्छु, स्त्री,० खुजलाहट, चर्मरोग-विशेष ।
कजङ्गल, मध्यमण्डल की पूर्वी सीमा ।
कज्जल, नपुं०, काजल ।
कञ्चन, नपुं०, स्वर्ण ।
कञ्चन-वण्ण, वि०, सोने के रंग वाला ।
कञ्चुक, पु०, कञ्चुक, जाकेट, कवच, केंचुल ।
कञ्चुकी, पु०, राजकीय सेवक ।

कञ्जिक, नपुं०, काँजी ।

कञ्जिय, नपुं०, काँजी ।

कञ्जा, स्त्री०, कन्या ।

कट, १. कृदन्त, कृत, किया गया; २. पु०, चटाई, गाल ।

कटक, नपुं०, बाजूबंद ।

कटकटायति, क्रिया, (दाँतों से) कट-कट करता है ।

कटच्छु, पु०, कड़छी ।

कटल्लक, नपुं०, कठपुतली ।

कटसार, पु०, चटाई ।

कटसी, स्त्री०, श्मशान-भूमि ।

कटाह, पु०, कड़ाह ।

कटाहक जातक, दासी-पुत्र कटाहक की कथा (१२५) ।

कटि, स्त्री०, कमर ।

कटु, वि०, कड़ुवा ।

कटुक, वि०, तेज, तिक्त, कड़वा ।

कटुक-भण्ड, नपुं०, मसाले ।

कटुक-विपाक, वि०, दुष्परिणाम ।

कटुक-रोहिणी, स्त्री०, कटुका ।

कटुविय कत, वि०, कड़वा ।

कटुका, स्त्री, कटुरोहिणी ।

कट्ठ, नपुं०, काष्ठ, लकड़ी ।

कट्ठक, पु०, बाँस का पेड़ ।

कट्ठत्थर, नपुं०, लकड़ी के तख्तों का ग्रास्तरण ।

कट्ठमय, वि०, लकड़ी का बना ।

कट्ठहारि जातक, दुष्यन्त के शकुन्तला को ग्रँगूठी देने की तरह राजा ने लकड़ी चुनने वाली स्त्री को ग्रपनी ग्रँगूठी दी (७) ।

कट्ठिस्स, नपुं०, रेशमी चादर ।

कठल, नपुं०, ठीकरे ।

कठित, नपुं, उबाला हुग्रा ।

कठिन, १. वि०, मुश्किल; २. नपुं०, प्रतिवर्ष भिक्षुग्रों को दिया जाने वाला चीवर-विशेष ।

कठिनत्थार, पु०, कठिन चीवर का भेंट करना ।

कड्ढति, क्रिया, खींचता है ।

कड्ढन, नपुं०, खींचना, चूसना ।

कण, पु०, (चावल के टूटे) कण ।

कणय, पु०, बर्छी ।

कणवीर, पु०, करवीर, एक विषैला पौधा ।

कणवेर जातक, सामा नामक राज्य-गणिका द्वारा मृत्यु-दण्ड को प्राप्त कैदी को मुक्त कराने का प्रयत्न किया गया (३१८) ।

कणाजक, नपुं०, टूटे चावलों की खिचड़ी ।

कणिका, स्त्री०, कर्णिका ।

कणिकार, पु०, फूलदार वृक्ष-विशेष ।

कणेरिक, नपुं०, झोंपड़ी ।

कणिट्ठ, वि०, छोटा ।

कणिट्ठक, पु०, छोटा भाई ।

कणिट्ठा, स्त्री०, छोटी बहन ।

कणेरू, पु०, हाथी; स्त्री०, हथिनी ।

कण्टक, नपुं०, काँटा ।

कण्टक-ग्रपस्सय, पु०, काँटों का बिस्तरा ।

कण्टकाधान, नपुं०, काँटों की झाड़ी ।

कण्टकीफल, पु०, कटहल ।

कण्ठ, पु०, गला ।

कण्ठज, वि०, गले से उच्चारित ।

कण्ड, पु०, १. परिच्छेद, २. तीर ।

कण्डक, वि०, सुरक्षित ।

कण्डर, नपुं, प्रधान शिरा।
कण्डरा, स्त्री०, पुट्ठा।
कण्डरि जातक, रानी किन्नरा के एक कोढ़ी पर आसक्त हो जाने की कथा (३१४)
कण्डिन जातक, एक मृग के एक मृगी पर आसक्त होने की कथा (१३)।
कण्डु, स्त्री०, खाज, खुजली।
कण्डुति, स्त्री०, खाज, खुजली।
कण्डूवति, क्रिया, खुजलाता है।
कण्डोलिका, स्त्री०, टोकरी।
कण्ण, नपुं०, कान।
कण्ण-कटुक, वि०, सुनने में अप्रिय।
कण्ण-गूथ, नपुं०, कान का मैल।
कण्ण-छिद्द, नपुं०, कान का छेद।
कण्ण-छिन्न, वि०, कान कटा।
कण्ण-जप्पक, वि०, कानाफूसी करने वाला।
कण्ण-जलूका, स्त्री०, कान-खजूरा।
कण्ण-भुसा, स्त्री०, कर्णाभूषण।
कण्ण-मूल, नपुं०, कान की जड़।
कण्ण-विज्झन, नपुं०, कान का बींधना।
कण्ण-वेठन, नपुं०, कान का आभरण-विशेष।
कण्ण-सक्खलिका, स्त्री०, कान का बाह्य भाग।
कण्ण-सुख, वि०, सुनने में सुखद।
कण्ण-सूल, नपुं०, कान का दर्द।
कण्णधार, नौका की पतवार पकड़ने वाला।
कण्णिका, स्त्री०, शिखर, कान का आभरण।
कण्ह, वि०, कृष्ण, काला; पु०, काला रंग।
कण्ह-जातक, कृष्ण-तपस्वी की कथा (४४०)।
कण्ह-तुण्ड, पु०, बन्दर।
कण्ह-दीपायन जातक, कोसाम्बी के दीपायन तथा मण्डव्य नामक दो ब्राह्मणों की कथा (४४४)।
कण्ह-पक्ख, पु०, महीने का कृष्ण-पक्ष।
कण्ह-वत्तनी, पु०, आग।
कण्ह-विपाक, वि०, दुष्परिणाम।
कण्ह-सप्प, पु०, काला साँप।
कत, कृदन्त, कृत।
कत-कल्याण, वि०, शुभ-कर्मी।
कत-किच्च, वि०, कृत-कृत्य, जो करणीय कर चुका।
कतञ्जली, वि०, जिसने दोनों हाथ जोड़ रखे हों।
कतञ्ञुता, स्त्री०, कृतज्ञता।
कतञ्ञू, वि०, कृतज्ञ।
कत-पटिसंथार, वि०, जिसका स्वागत हुआ हो।
कत-परिचय, वि०, अभ्यस्त, परिचित।
कत-पातरास, वि०, जिसने प्रातःकाल का भोजन किया हो।
कत-पुञ्ञ, वि०, जिसने पुण्य किये हों।
कत-भत्तकिच्च, वि०, जिसने भोजन समाप्त कर लिया।
कत-वेदी, वि०, कृतज्ञ।
कत-सङ्गह, वि०, जिसे आतिथ्य प्राप्त हुआ।
कत-सङ्केत, वि०, कृत-संकेत।
कताधिकार, वि०, जिसने कोई संकल्प-विशेष किया हो।
कतापराध, वि०, दोषी।
कताभिसेक, वि०, जिसका अभिषेक

हुआ हो ।
कतत्त, नपुं०, कर्तव्य ।
कतम, वि०, कौन-सा ।
कतमत्तें, अधिकरण, ज्यों ही कोई कार्य सम्पन्न हुआ ।
कतर, वि०, दोनों में से कौनसा ।
कति, अव्यय, सर्वनाम, कितने ।
कति-वस्स, वि०, कितने वर्ष का ।
कतिविध, वि०, कितने प्रकार का ।
कतिका, स्त्री०, वार्तालाप ।
कतिकावत्त, नपुं०, निश्चय, करणीय ।
कतिपय, वि०, कुछ, कई ।
कतिपाह, नपुं०, कुछ दिन ।
कतिपाहं, क्रि० वि०, कुछ दिन के लिए ।
कतिमि, वि०, कौन-सी तिथि ।
कतुपासन, वि०, धनुषविद्या में चतुर ।
कतूपकार, वि०, उपकृत ।
कते, क्रि० वि०, उसके लिए ।
कतोकास, वि०, आज्ञा-प्राप्त, अवसर-प्राप्त ।
कत्तब्ब, कृदन्त, कर्तव्य ।
कत्तर, वि०, बहुत छोटा ।
कत्तर-दण्ड, पु०, सैर करने की लाठी ।
कत्तर-यट्ठि स्त्री०, सैर करने की लाठी ।
कत्तर-सुप्प, पु०, छोटा छाज ।
कत्तरिका, स्त्री०, कैंची ।
कत्तिक मास, पु०, कार्तिक मास ।
कत्तिका, स्त्री०, कृत्तिका नक्षत्र ।
कत्तु, पु०, कर्ता, लेखक, वाक्य का कर्ता-अंश ।
कत्तु-काम वि०, करने की इच्छा वाला ।
कत्तुं, करने के लिए ।
कत्थ, क्रि० वि०, कहाँ ।
कत्थचि, अव्यय, कहीं न कहीं ।
कत्थति, क्रिया, शेखी मारता है ।
कत्थन, नपुं०, प्रशंसा ।
कत्थना, स्त्री०, शेखी ।
कत्थी, वि०, शेखी मारने वाला ।
कथुद्दिका, स्त्री०, कस्तूरी ।
कथं, क्रिया-विशेषण, कैसे ।
कथंकथा, स्त्री०, सन्देह ।
कथंकथी, वि०, सन्देही ।
कथंकर, वि०, कैसी क्रिया ।
कथं-भूत, वि०, कैसा, किस प्रकार का ।
कथं-विध, वि०, किस प्रकार का ।
कथंसील, वि०, कैसे शील का ।
कथन, नपुं०, बातचीत, कहना ।
कथा, स्त्री०, बातचीत, कहानी ।
कथापाभत, नपुं०, कथा का विषय ।
कथामग्ग, पु०, कथा का वर्णन ।
कथावत्थु, नपुं०, विवाद का विषय ।
कथा-वत्थु, अभिधम्म के सात प्रकरणों में से पाँचवाँ ग्रन्थ ।
कथा-सल्लाप, पु०, मैत्री-पूर्ण बातचीत ।
कथापेति, क्रिया, कहलवाता है, सन्देश भेजता है ।
कथित, कृदन्त, कहा गया ।
कथेति, क्रिया, कहता है ।
कथेत्वा, पूर्व० क्रिया, कहकर ।
कदन्न, नपुं०, खराब अन्न ।
कदम्ब, पु०, वृक्ष-विशेष ।
कदम्बक, नपुं०, समूह ।
कदर, पु०, वृक्ष-विशेष; वि०, खराब हालत वाला ।
कदरिय, वि०, कंजूस ।
कदलि, स्त्री०, केले का पेड़ ।

कदलि-फल, नपुं०, केले का फल।
कदलि-मिग, पु०, मृग-विशेष, जिसकी चमड़ी मूल्यवान् मानी जाती है।
कदा, क्रि० वि०, कब।
कदाचि-करहचि, अव्यय, कभी-कभी।
कद्दम, पु०, कर्दम, कांदो।
कद्दम-बहुल, वि०, जहाँ कीचड़ का बाहुल्य हो।
कद्दमोदक, नपुं०, मटमैला पानी।
कनक, नपुं०, सोना।
कनकच्छवि, त्रि०, सुनहरी चमड़ी।
कनकप्पभा, स्त्री०, स्वर्ण-प्रभा।
कनक-विमान, नपुं०, सुनहरा महल।
कनय, पु०, आयुध-विशेष।
कनिट्ठ, नपुं०, छोटा भाई।
कनिट्ठा, स्त्री०, सबसे छोटी लड़की।
कनिय, वि०, छोटा।
कनीनिका, स्त्री०, आँख का तारा।
कन्त, त्रि०, प्रियकर, अनुकूल; पु०, पति, प्रियतम।
कन्तति, क्रिया, कातता है, काटता है।
कन्तन, नपुं०, कताई, काट।
कन्ता, स्त्री०, औरत, पत्नी।
कन्तार, पु०, जंगल, बियाबान।
कन्तार-नित्थरण, नपुं०, रेगिस्तान में से गुज़रना।
कन्ति, स्त्री०, कान्ति, शोभा।
कन्तित, कृदन्त, काटा गया।
कन्तिमन्त, वि०; चलता हुआ।
कन्थक, वह घोड़ा जिस पर बैठकर सिद्धार्थ-गौतम ने महाभिनिष्क्रमण किया था।
कन्द, पु०, कन्द-मूल।
कन्दगलक जातक, खदिरवनिय नामक कठफोड़े तथा कन्दगलक नामक उसके मित्र की कथा (२१०)।
कन्दति, क्रिया, चिल्लाता है, रोता है, पश्चाताप करता है।
कन्दन्त, कृदन्त, रोता हुआ।
कन्दर, पु०, कन्दरा।
कन्दरा, स्त्री०, गुफा।
कन्दुक, पु०, गेंद।
कपण, वि०, दरिद्र; पु०, भिखमंगा।
कपल्लक, नपुं०, चूल्हे का तवा।
कपल्लक-पूव, पु०, तवे का पुआ।
कपाल, नपुं०, खोपड़ी।
कपि, पु०, बंदर।
कपिकच्छ, नपुं०, वृक्ष-विशेष, केवांच।
कपि जातक, एक वन्दर तपस्वी का भेष बनाये आ पहुँचा (२५०)।
कपि जातक, एक वन्दर ने पुरोहित के मुँह में विष्ठा गिरा दी (४०४)।
कपिञ्जल, पु०, तीतर की जाति का एक पक्षी।
कपित्थ, पु०, कैथ।
कपिल, वि०, १. भूरा, २. ऋषि का नाम।
कपिलवत्थु, शाक्यों की राजधानी कपिलवस्तु।
कपिला, स्त्री०, शीशम का पेड़।
कपिसीस, पुं०, अर्गल-स्तम्भ।
कपोत, पु०, कबूतर।
कपोत जातक, कौवे ने मांस-लोभ से पिंजरे में रहने वाले कबूतर से दोस्ती की (४२)।
कपोत जातक, बहुत कुछ उक्त जातक के समान ही (३७५)।
कपोत-पालिका, स्त्री०, चिड़िया-

खाना।

कपोल, पु०, गाल।

कप्प, पु०, कल्प; वि०, योग्य, अनुकूल।

कप्पक, पु०, नाई, राजमहल का कर्मचारी।

कप्पक्खय, पुं०, कल्प का क्षय।

कप्पट्ठायी, वि०, कल्पस्थायी।

कप्प-रुक्ख, पु०, कल्प-वृक्ष।

कप्प-विनास, पु०, कल्प के अन्त में संसार का विनाश।

कप्पट, पु०, पुराना कपड़ा, चीथड़ा।

कप्पति, क्रिया, योग्य होता है।

कप्पना, स्त्री, व्यवस्थित करना।

कप्पबिन्दु, भिक्षु के चीवर पर बना हुआ काला निशान।

कप्पर, पु०, कोहनी।

कप्पास, नपुं०, कपास।

कप्पास-पटल, कपास की तह।

कप्पासिक, वि०, रुई का बना।

कप्पासी, पु०, कपास का पौधा।

कप्पिक, वि०, कल्प सम्बन्धी।

कप्पित, कृदन्त, तैयार किया हुआ।

कप्पिय, वि०, योग्य, उचित।

कप्पिय-कारक, पु०, जो व्यक्ति भिक्षुओं की उचित आवश्यकताएँ पूरी करता है।

कप्पिय-भाण्ड, नपुं०, वे बर्तन जिनका उपयोग भिक्षुओं के लिए विहित है।

कप्पुर, नपुं०, कपूर।

कप्पूर, पु०, कपूर।

कप्पेति, क्रिया, तैयार करता है, काटता है, बनाता है, (जीवन) व्यतीत करता है।

कप्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, तैयारी कर, काट-कर।

कबर, वि०, चितकबरा।

कबरमणि, नपुं० तथा पु०, ल्हसुनिया रत्न।

कबल, पु० तथा नपुं०, कौर।

कबलिंकार, पु०, मुँह भरा कौर।

कबलिंकाराहार, पु०, भोजन।

कब्ब, नपुं०, काव्य, काव्यात्मक रचना।

कम, पु०, क्रम।

कमति, क्रिया, जाता है।

कमण्डलु, पु० तथा नपुं०, कमण्डल।

कमनीय, वि०, वाञ्छनीय, सुन्दर, आकर्षक।

कमल, नपुं०, कँवल।

कमल-दल, नपुं०, कँवल की पंखुड़ी।

कमलासन, पु०, कँवल पर आसन लगाये बैठा ब्रह्मा।

कमलिनी, स्त्री०, कँवल का तालाब या झील।

कमितु, नपुं०, कामुक।

कमुक, पु०, सुपारी का पेड़।

कम्पक, वि०, कँपा देने वाला।

कम्पति, क्रिया, काँपता है।

कम्पमान, कृदन्त, काँपता हुआ।

कम्पित, कृदन्त, काँप उठा।

कम्पिय, वि०, जो कँपाया जा सके, हिलाया जा सके।

कम्पेति, क्रिया, कँपाता है।

कम्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, हिलाकर।

कम्बल, नपुं०, कंबल।

कम्बली, वि०, कंबल वाला।

कम्बु, पु० तथा नपुं०, स्वर्ण, शंख।

कम्बुगीव, वि०, त्रि-रेखा युक्त गर्दन वाला ।
कम्बोज, पु०, देश-विशेष का नाम ।
निवेदक, वि०, निवेदन करने वाला।
निवेदेति, क्रिया, निवेदन करता है।
(निवेदेसि, निवेदित, निवेदित्वा, निवेदिय)।
निवेस, पु०, निवास-स्थल, घुसना, रुकना।
निवेसन, नपुं०, घर, घुसना।
निवेसेति, क्रिया, स्थापित करता है, घुसाता है, निर्धारित करता है।
(निवेसेसि, निवेसित, निवेसित्वा)।
निसग्ग, पु०, देना, प्रकृति, निसर्ग।
निसज्ज, पूर्व० क्रिया, बैठकर।
निसज्जा, स्त्री०, बैठना, बैठने का अवसर, बैठने की जगह, सीट।
निसद, पु०, चक्की (विशेषतः चक्की का निचला पाट)।
निसद-पोत, पु०, चक्की का ऊपर का पाट।
निसभ, पु०, वृषभ।
निसम्म, पूर्व० क्रिया तथा क्रिया-विशेषण, विचार करके।
निसम्मकारी, वि०, सोच-विचारकर करने वाला।
निसा, स्त्री०, निशा, रात्रि।
निसाकर, पु०, चन्द्रमा।
निसाण, पु०, सान चढ़ाने का पत्थर, सिल्ली।
निसाद, सात स्वरों में से एक, एक गैर-आर्य जाति-विशेष, चोर-डाकू।
निसानाथ, पु०, चन्द्रमा।
निसामक, वि०, द्रष्टा, दर्शक, ध्यान लगाकर सुनने वाला।
निसामन, नपुं०, देखना तथा सुनना।
निसामेति, क्रिया, सुनता है।
(निसामेसि, निसामित, निसामेन्त, निसामेत्वा)।
निसित, वि०, तेज।
निसिन्न, कृदन्त, बैठा हुआ।
निसिन्नक, वि०, बैठा हुआ।
निसीथ, पु०, मध्य-रात्रि।
निसीदति, क्रिया, बैठता है।
(निसीदि, निसीदितब्ब, निसीदित्वा, निसीदिय)।

निसीदन, नपुं०, बैठना, बैठने की चटाई वगैरह।
निसीदापन, नपुं०, बैठाना।
निसीदापेति, क्रिया, बैठाता है।
(निसीदापेसि, निसीदापित, निसीदापेत्वा)।
निसूदन, नपुं०, हत्या करना।
निसेध, पु०, रोक-थाम।
निसेधक, वि०, निषेध करने वाला।
निसेधेति, क्रिया, निषेध करता है।
(निसेधेसि, निसेधित, निसेधेन्त, निसेधेत्वा)।
निसेवति, क्रिया, संगति करता है।
(निसेवि, निसेवित, निसेवित्वा)।
निसेवन, नपुं०, संगति करना, उपयोग करना, अभ्यास करना।
निस्सग्ग, पु०, परित्याग।
निस्सग्गिय, वि०, परित्याग करने योग्य।
निस्सङ्ग, वि०, संग-रहित।
निस्सज्जति, क्रिया, ढीला छोड़ता है, त्याग देता है, देता है।
(निस्सज्जि, निस्सट्ठ, निस्सज्ज, निस्सज्जित्वा)।
निस्सट्ठ, कृदन्त, बाहर निकला हुआ, दिया हुआ, परित्यक्त।
निस्सत्त, वि०, सत्त्व(प्राणी)-विहीन।
निस्सद्द, वि०, निःशब्द, शान्त।
निस्सन्द, पु०, परिणाम, रिसना।
निस्सय, पु०, आश्रय, संरक्षण।
निस्सयति, क्रिया, आश्रय ग्रहण करता है, सहारा लेता है।
निस्सरण, नपुं०, बाहर जाना, विदाई।
निस्सरति, क्रिया, विदा होता है।
(निस्सरि, निस्सट, निस्सरित्वा)।
निस्साय, अव्यय, उसके द्वारा, उससे।
निस्सार, वि०, सार-रहित।
निस्सारज्ज, वि०, विश्वस्त, दावे के साथ।
निस्सारण, नपुं०, बाहर निकालना।
निस्साव, पु०, चावल का माँड़।
निस्सित, कृदन्त, आश्रित।
निस्सितक, वि०, आश्रय ग्रहण करने वाला, अनुयायी, शिष्य।
निस्सिरीक, वि०, अभाग्यपूर्ण, दुखी, वैभव-हीन।
निस्सेणि (निस्सेणी भी), स्त्री०, सीढ़ी।
निस्सेस, वि०, सम्पूर्ण।
निस्सेसं, वि०, सम्पूर्ण रूप से।
निस्सोक, वि०, शोक-रहित।
निहत, कृदन्त, निरहंकारी, जिसकी मान-मर्यादा कुचल दी गई हो।
निहतमान, वि०, विनम्र।
निहनति, क्रिया, जान से मार डालता है।
(निहनि, निहंत्वा)।
निहीन, वि०, नीच, तुच्छ, थोड़ा, महत्त्वहीन।
निहीन-कम्म, नपुं०, नीच-कर्म, पाप-कर्म।
निहीन-पञ्ञ, वि०, दुर्बुद्धि।
निहीन-सेवी, वि०, कुसंगति में रहने वाला।
निहीयति, क्रिया, नाश को प्राप्त होता है।
(निहीयि, निहीन, निहीयमान)।

नीघ, पु०, दुख, अव्यवस्था ।
नीच, वि०, निकृष्ट ।
नीचकुल, नपुं०, नीच जाति ।
नीचकुलीनता, स्त्री०, नीच कुल में जन्म ग्रहण करने का भाव ।
नीचासन, नपुं०, नीचा आसन ।
नीत, कृदन्त, ले जाया गया ।
नीतत्थ, पु०, अनुमानित अर्थ ।
नीति, स्त्री०, कानून, मार्ग दर्शन ।
नीति-सत्थ, नपुं०, नीति-शास्त्र ।
नीप, पु०, कदम्ब-वृक्ष ।
नीयति, क्रिया, ले जाया जाता है ।
नीयाति, देखो निय्याति ।
नीर, नपुं०, जल ।
नील, वि०, नीला ।
नील-कसिण, नपुं०, ध्यान लगाने के लिए नील-वर्ण गोलाकार ।
नील-गीव, नपुं०, नील-ग्रीवा, मोर ।
नील-मणि, पु०, नीलम ।
नील-वण्ण, वि०, नील-वर्ण, नीले रंग का ।
नील-वल्ली, स्त्री०, नील-वर्ण लता ।
नील-सप्प, पु०, नीला साँप ।
नीलिनी, नीली, स्त्री०, नील का पौधा ।
नीलुप्पल, नपुं०, नील कमल ।
नीवरण, नपुं०, बाधा ।
नीवार, पु०, धान्य-विशेष ।
नीहट, कृदन्त, बाहर निकला हुआ ।
नीहरण, नपुं०, बाहर निकालना ।
नीहरति, क्रिया, बाहर ले जाता है ।
(नीहरि, नीहरन्त, नीहरित्वा) ।
नीहार, पु०, बाहर निकालना, पथ, ढंग ।
नीहित, कृदन्त, रखा हुआ, व्यवस्थित ।
नीळ, नपुं०, नीड़, घोंसला ।
नीलज, पु० पक्षी ।
नुद, वि०, निकाल बाहर करने वाला, दूर करने वाला ।
नुदक, देखो नुद ।
नुदति, क्रिया, दूर हाँक देता है, भगा, देता है ।
(नुदि, नुदित्वा) ।
नुन्न, कृदन्त, हाँका गया, भगाया गया ।
नूतन, वि०, नया ।
नून, अव्यय, निश्चय से ।
नूपुर, नपुं०, पैंजनी, पैर में पहनने का स्त्रियों का गहना ।
नूही, स्त्री०, समन्तदुग्धा, सेंहुड़ ।
नेक, वि०, अनेक ।
नेकाकार, वि०, अनेक प्रकार का ।
नेकतिक, पु०, ठग; वि०, ठग (आदमी) ।
नेकायिक, वि०, सुत्तपिटक के पाँचों निकायों का जानकार, स्मृतिकार ।
नेक्ख, नपुं०, निकष, स्वर्ण-मुद्रा ।
नेक्खम्म, नपुं०, संसार-त्याग ।
नेक्खम्म-वितक्क, नपुं०, अभिनिष्क्रमण सम्बन्धी विचार ।
नेक्खम्म-सङ्कप्प, पु०, अभिनिष्क्रमण सम्बन्धी संकल्प ।
नेक्खम्म-सुख, नपुं०, अभिनिष्क्रमण का सुख ।
नेगम, वि०, निगम सम्बन्धी; पु०, निगम का बाशिंदा, निगम-सभा ।
नेति, क्रिया, ले जाता है ।
(नेसि, नीत, नेन्त, नेतब्ब, नेत्वा) ।

नेतु, पु०, नेता।
नेत्त, पु०, पथ-दर्शक; नपुं०, नेत्र, आँख।
नेत्त-तारा, स्त्री०, आँख का तारा।
नेत्ति, स्त्री०, तृष्णा।
नेत्तिक, पु०, खेत सींचने के लिए नाली बनाने वाला।
नेत्तिस, पु०, तलवार।
नेपक्क, नपुं०, बुद्धिमानी, सूझ-बूझ।
नेपच्छ, नपुं०, पहनावा।
नेपुञ्ञ, नपुं०, निपुणता, दक्षता।
नेमि, स्त्री०, पहिये की हाल।
नेमित्तिक, पु०, ज्योतिषी।
नेमिंधर, पु०, पर्वत-विशेष का नाम।
नेय्य, वि०, ले जाया गया।
नेरञ्जरा, बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद भगवान् बुद्ध इसी नदी के तट पर थे।
नेरयिक, वि०, निरय में उत्पन्न।
नेरु, पु०, ऊँचें से ऊँचे पर्वत का नाम; देखो मेरु।
नेरु जातक, स्वर्ण-वर्ण नेरु (मेरु) पर्वत की चमक-दमक के कारण किसी ने भी स्वर्ण-वर्ण राजहंस की ओर ध्यान नहीं दिया (३७९)।
नेवासिक, पु०, रहने वाला।
नेसज्जिक, वि०, बैठा रहने वाला।
नेसाद, पु०, निषाद, शिकारी; देखो निसाद।
नो, अव्यय, नहीं।
नोनीत, नपुं०, मक्खन।
न्यास, पु०, धरोहर।
न्हात, देखो नहात।
न्हान, देखो नहान।
न्हारु, देखो नहारु।

प

पंसु, पु०, धूलि।
पकट्ठ, वि०, अति श्रेष्ठ।
पकत, वि०, कृत, निर्मित।
पकतत्त, वि०, सदाचारी।
पकति, स्त्री०, प्राकृतिक या मूल रूप, स्वाभाविक या मूल स्थिति।
पकति-गमन, नपुं०, स्वाभाविक चाल।
पकति-चित्त, नपुं०, स्वाभाविक चित्त; वि०, स्वाभाविक चित्त वाला।
पकति-सील, नपुं० स्वाभाविक शील।
पकतिक, वि०, प्राकृतिक।
पकतिज, पु० तथा नपुं०, प्रकृति से उत्पन्न।
पकप्पना, स्त्री०, तर्क, योजना, व्यवस्था।
पकप्पेति, क्रिया, विचार करता है, योजना बनाता है, व्यवस्था करता है।
(पकप्पेसि, पकप्पित, पकप्पेत्वा)।
पकम्पति, क्रिया, काँपता है।
(पकम्पि, पकम्पित, पकम्पन)।
पकरण, नपुं०, अवसर, साहित्यिक कृति या व्याख्या।
पकार, पु०, ढंग, पद्धति।
पकास, पु०, चमक, कथन, व्याख्या।
पकासक, पु०, प्रकाशक, घोषणा

करने वाला, व्याख्या करने वाला।
पकासति, क्रिया, प्रकट होता है, प्रकाशित होता है।
(पकासि, पकासित)।
पकासन, नपुं०, प्रकाशन, घोषणा।
पकासेति, क्रिया, प्रकट करता है, प्रकाशित करता है।
(पकासेसि, पकासित, पकासेन्त, पकासेत्वा)।
पकिण्णक, वि०, प्रकीर्ण, बिखरा हुआ।
पकित्तेति, क्रिया, प्रशंसा करता है, व्याख्या करता है।
(पकित्तेसि, पकित्तित, पकित्तेन्त, पकित्तेत्वा)।
पकिरति, क्रिया, बिखेरता है, गिरने देता है।
(पकिरि, पकिण्ण)।
पकुध-कच्चायन, बुद्ध के समकालीन छह तैर्थिक सम्प्रदायों में से एक का मुखिया।
पकुप्पति, क्रिया, क्रोधित होता है।
पकुब्बति, क्रिया, करता है।
पकुब्बमान, कृदन्त, करता हुआ।
पकोटि, स्त्री०, संख्या-विशेष।
पकोट्ठन्त, पु०, कलाई।
पकोप, पु०, क्रोध, विद्वेष।
पकोपन, नपुं०, क्रोधित करना।
पक्क, कृदन्त, पका हुआ, उबाला हुआ (भात); नपुं०, पका (फल)।
पक्कट्ठित, कृदन्त, बहुत उबला हुआ।
पक्कम, पु०, चले जाना, प्रारम्भ करना।
पक्कमन, नपुं०, विदाई।
पक्कमति, क्रिया, विदा होता है।
(पक्कमि, पक्कन्त, पक्कमन्त, पक्कमित्वा)।
पक्कामि, कृदन्त, चला गया।
पक्कोसति, क्रिया, बुलाता है।
(पक्कोसि, पक्कोसित, पक्कोसित्वा)।
पक्कोसन, नपुं०, बुलावट।
पक्कोसना, स्त्री०, बुलावट।
पक्ख, पु०, पक्ष, पहलू, पखवारा, (शुक्ल या कृष्ण); वि०, जो साफ दिखाई दे, सम्बन्धित; पु०, लँगड़ा आदमी।
पक्खन्दति, क्रिया, कूदता है, छलाँग लगाता है।
(पक्खन्दि, पक्खन्त, पक्खन्दित्वा)।
पक्खन्दन, नपुं०, कूदना, छलाँग मारना, पीछा करना।
पक्खन्दिका, स्त्री०, अतिसार, दस्त लग जाना, आँव पड़ना।
पक्खन्दी, पु०, कूदने वाला, छलाँग मारने वाला।
पक्ख-बिलाल, पु०, चिमगादड़।
पक्खलति, क्रिया, लड़खड़ाता है, साफ करता है, धोता है।
(पक्खलि, पक्खलित, पक्खलित्वा)।
पक्खलन, नपुं०, लड़खड़ाहट, धोना, साफ करना।
पक्खालेति, धोता है, साफ करता है।
(पक्खालेसि, पक्खालित, पक्खालेत्वा)।
पक्खिक, वि०, पाक्षिक।
पक्खिक-भत्त, नपुं०, एक पखवारे में एक बार दिया जाने वाला भोजन।
पक्खित्त, कृदन्त, प्रक्षिप्त, फेंका गया।
पक्खिपति, क्रिया, फेंकता है।

(पक्खिपि, पक्खिपन्त, पक्खिपित्वा)।
पक्खिपन, नपुं०, फेंकना ।
पक्खि-भेद, पु०, पक्षियों का प्रकार ।
पक्खिय, वि०, देखो पक्खिक ।
पक्खी, पु०, पक्षी, पक्ष वाला ।
पक्खेप, पु०, देखो पक्खिपन ।
पखुम, नपुं०, बरौनी ।
पगब्भ, वि०, प्रगल्भ, साहसी, दुस्साहसी ।
पगाळ्ह, कृदन्त, डूबा हुआ ।
पगाहति, डुबकी मारता है ।
(पगाहि, पगाहन्त, पगाहित्वा) ।
पगिद्ध, कृदन्त, अत्यन्त लोभी ।
पगुण, वि०, अभ्यस्त, ज्ञान से परिपूर्ण ।
पगुणता, स्त्री०, दक्षता ।
पगुम्ब, पु०, झाड़ी ।
पगेव, अव्यय, समय से अति पूर्व, कहना ही क्या ।
पग्गण्हाति, क्रिया, ग्रहण करता है, धारण करता है, अनुबल देता है ।
(पग्गण्हि, पग्गण्हन्त, पग्गहेत्वा, पग्गय्ह, पग्गहेतब्ब) ।
पग्गह, पु०, प्रयत्न, सामर्थ्य, उठाना, पकड़ना, अनुबल देना ।
पग्गहण, नपुं०, ग्रहण करना, अनुबल देना ।
पग्गहित, कृदन्त, गृहीत, धरा हुआ, पकड़ा हुआ ।
पग्गाह, पु०, पराक्रम, उत्साह ।
पग्घरण, नपुं०, चूना, रिसना ।
पग्घरणक, वि०, चूता हुआ, रिसता हुआ ।
पग्घरति, क्रिया, चूता है, बूंद-बूंद गिरता है, रिसता है ।
पघण, पु०, घर के सामने का छज्जा ।
पघाण, पु०, अलिन्द, बरामदा ।
पङ्क, पु०, कीचड़, गारा, मैला ।
पङ्कज, नपुं०, कमल ।
पङ्केरुह, देखो पंकज ।
पङ्गु, वि०, लँगड़ा ।
पङ्गुल, देखो, पंङ्गु ।
पचति, क्रिया, पकाता है ।
(पचि, पचित, पक्क, पचन्त, पचितब्ब, पचित्वा) ।
पचन, नपुं०, पकाना ।
पचरति, क्रिया, अभ्यास करता है, देखता है, चलता है ।
पचरि, अतीत० क्रिया, चला ।
पचलायति, क्रिया, ऊँघता है ।
पचलायिका, स्त्री०, ऊँघना ।
पचा, स्त्री०, पकाना ।
पचापेति, क्रिया, पकवाता है ।
(पचापेसि, पचापेत्वा) ।
पचारक, पु०, प्रचारक, विज्ञापक ।
पचारेति, क्रिया, प्रचार करता है, जाता है ।
पचालक, वि०, झूलता, हिलता ।
पचालकं, क्रिया-विशेषण, झूलते हुए के रूप में ।
पचिनति, क्रिया, चुगता है, (फूल) तोड़ता है, संग्रह करता है ।
पचिनाति, क्रिया, देखो पचिनति ।
पचुरं, वि०, बहुत, नाना प्रकार का ।
पच्चक्ख, वि०, प्रत्यक्ष ।
पच्चक्ख-कम्म, नपुं०, प्रत्यक्ष करना ।
पच्चक्खाति, क्रिया, प्रत्याख्यान करता है, निषेध करता है ।

(पच्चक्खासि, पच्चक्खात, पच्च-क्खाय) ।

पच्चक्खान, नपुं०, प्रत्याख्यान, निषेध, इनकार ।

पच्चग्घ, वि०, नया, सुन्दर, मूल्यवान, महँगा ।

पच्चङ्ग, नपुं०, प्रत्यंग ।

पच्चति, क्रिया, पकाया जाता है, कष्ट पाता है ।

(पच्चि, पच्चित्वा, पच्चमान) ।

पच्चत्त, वि०, पृथक्, व्यक्तिगत ।

पच्चत्तं, क्रिया-विशेषण, पृथक्-पृथक्, व्यक्तिगत तौर पर ।

पच्चत्थरण, नपुं०, आस्तरण, बिछाने की चादर ।

पच्चत्थिक, पु०, शत्रु, विरोधी ।

पच्चन, नपुं०, उबलना, कष्ट पाना ।

पच्चनिक, वि०, उल्टा, निषेधात्मक; पु०, विरोधी, शत्रु ।

पच्चनुभवति, क्रिया, अनुभव करता है ।

(पच्चनुभवि, पच्चनुभवित्वा) ।

पच्चन्त, पु०, प्रत्यन्त-देश सीमा-प्रदेश ।

पच्चन्त-जनपद, मज्झिम-देश की सीमा से बाहर का प्रदेश ।

पच्चन्त-वासी, पु०, प्रत्यन्त-देश का वासी, देहाती ।

पच्चन्त-विसय, पु०, प्रत्यन्त-देश ।

पच्चन्तिम, वि०, बहुत दूर स्थित ।

पच्चय, पुं०, हेतु, कारण, उद्देश्य, आवश्यकता, साधन, आश्रय ।

पच्चयता, स्त्री०, हेतुत्व ।

पच्चयाकार, पु०, कारणों का प्रकार ।

पच्चयुप्पन्न, वि०, कारण से उत्पन्न ।

पच्चयिक, वि०, विश्वसनीय ।

पच्चरी, देखो महापच्चरी (अविद्य-मान अट्ठकथा) ।

पच्चवेक्खति, क्रिया, विचार करता है, विवेचन करता है ।

(पच्चवेक्खि, पच्चवेक्खित, पच्च-वेक्खित्वा, पच्चवेक्खिय) ।

पच्चवेक्खना, स्त्री०, विचार, विवे-चन ।

पच्चस्सोसि, अतीत० क्रिया, प्रतिश्रुति दी, वचन दिया ।

पच्चाकत, कृदन्त, परित्यक्त, परा-जित ।

पच्चाकोटित, कृदन्त, चिकना किया हुआ, स्त्री किया हुआ ।

पच्चागच्छति, क्रिया, वापिस आता है, पीछे हटता है ।

(पच्चागच्छि, पच्चागत, पच्चा-गन्त्वा) ।

पच्चागमन, नपुं०, वापसी, लौटना ।

पच्चाजायति, क्रिया, पुनर्जन्म ग्रहण करता है ।

(पच्चाजायि, पच्चाजात, पच्चा-जायित्वा) ।

पच्चादेस, पु०, प्रतिक्षेप करना, अस्वी-कृति ।

पच्चामित्त, पु०, शत्रु, विरोधी ।

पच्चासिसति, क्रिया, आशा करता है, इच्छा करता है, इन्तज़ार करता है ।

पच्चाहरति, क्रिया, वापिस लाता है ।

(पच्चाहरि, पच्चाहट, पच्चा-हरित्वा) ।

पच्चाहार, पु०, बहाना, क्षमा-याचना।
पच्चुग्गच्छति, क्रिया, स्वागत करने जाता है।
(पच्चुग्गन्त्वा)।
पच्चुग्गमन, नपुं०, स्वागत करना।
पच्चुट्ठाति, क्रिया, सम्मान प्रदर्शित करने के लिए खड़ा होता है!
(पच्चुट्ठासि, पच्चुट्ठित, पच्चुट्ठाय)।
पच्चुट्ठान, नपुं०, आदर।
पच्चुपकार, पु०, प्रत्युपकार, उपकार का बदला।
पच्चुपट्ठाति, क्रिया, उपस्थित रहता है, सेवा में रहता है।
(पच्चुपट्ठासि, पच्चुपट्ठित, पच्चुपट्ठित्वा)।
पच्चुपट्ठान, नपुं०, सेवा में उपस्थित रहना।
पच्चुपट्ठापेति, क्रिया, सम्मुख उपस्थित करता है।
पच्चुप्पन्न, वि०, वर्तमान, मौजूदा।
पच्चूस, पु०, प्रत्यूष, बहुत सुबह।
पच्चूस-काल, पु०, प्रातःकाल।
पच्चूह, पु०, बाधा, रुकावट।
पच्चेक, वि०, प्रत्येक, पृथक्-पृथक्।
पच्चेक-बुद्ध, पु०, जिसने बोधि तो प्राप्त की हो लेकिन दूसरों को उस बोधि का उपदेश न दे।
पच्चेति, क्रिया, परिणाम पर पहुँचता है।
पच्चोरोहति, क्रिया, नीचे उतरता है।
(पच्चोरोहि, पच्चोरूळ्ह, पच्चोरोहित्वा, पच्चोरुय्ह)।
पच्चोसक्कति, क्रिया, वापिस लौटता है।
(पच्चोसक्कि, पच्चोसक्कित, पच्चोसक्कित्वा)।
पच्चोसक्कना, स्त्री०, वापिस लौटना।
पच्छतो, अव्यय, पीछे से।
पच्छन्ना, कृदन्त, ढका हुआ।
पच्छा, अव्यय, बाद में, पीछे।
पच्छा-जात, वि०, बाद में पैदा हुआ।
पच्छाताप, पु०, पश्चाताप।
पच्छा-निपाती, पु०, बाद में सोने वाला।
पच्छानुताप, पु०, पश्चाताप।
पच्छाबन्ध, पु०, नाव का डाँडा।
पच्छा-बाहं, क्रिया-विशेषण, पीछे हाथ बँधा।
पच्छा-भत्तं, क्रिया-विशेषण, अपराह्न; नपुं०, अपराह्न-भोजन।
पच्छा-भाग, पु०, पिछला भाग।
पच्छाभाव, पु०, पश्चात्-भाव।
पच्छा-समण, पु०, अनुगामी श्रमण।
पच्छाद, पु०, रथ का झोल।
पच्छानुतप्पति, क्रिया, पश्चाताप करता है।
पच्छाया, स्त्री०, सायादार हिस्सा।
पच्छि, स्त्री०, हाथ की टोकरी।
पच्छिज्जति, क्रिया, छीजता है, बाधित होता है।
(पच्छिज्जि, पच्छिन्न, पच्छिज्जित्वा)।
पच्छिज्जन, नपुं०, बाधा, रुकावट।
पच्छिन्दति, क्रिया, छाँटता है, काट डालता है।
(पच्छिन्दि, पच्छिन्न, पच्छिन्दित्वा)।
पच्छिम, वि०, अंतिम, सबसे पीछे

का।

पच्छिमक, त्रि०, अंतिम, सबसे निम्न स्तर का।

पच्छेदन, नपुं०, काटना, तोड़ना।

पजग्घति, क्रिया, जोर से हँसता है।

पजप्पति, क्रिया, बक-बक करता है, उत्कट इच्छा करता है।
(पजप्पि)।

पजहति, क्रिया, छोड़ देता है, त्याग देता है।
(पजहि, पजहित, पजहित्वा, पहाय, पजहन्त)।

पजा, स्त्री०, सन्तान, प्राणी, मनुष्य।

पजानना, स्त्री०, ज्ञान, समझ।

पजानाति, क्रिया, स्पष्ट रूप से जानता है।

पजापति, १. पु०, सृष्टि का मालिक, २. स्त्री०, जिसके सन्तान हो।

पजायति, क्रिया, उत्पन्न होता है।

पजायन, नपुं०, जन्म, उत्पन्न होना।

पज्ज, नपुं०, पद्य।

पज्ज-बद्ध, पु०, काव्य।

पज्जलति, क्रिया, जलता है।
(पज्जलि, पज्जलित, पज्जलन्त, पज्जलित्वा)।

पज्जलन, नपुं०, जलना।

पज्जुन्न, पु०, वर्षा के बादल, इन्द्र।

पज्जोत, पु०, प्रदीप, प्रकाश, चमक-दमक।

पज्झायति, क्रिया, जलता है, क्षीण होता है, शोकाकुल होता है।
(पज्झायि, पज्झायन्त)।

पञ्च, वि०, पाँच।

पञ्चक, नपुं०, पाँच का समूह।

पञ्च-कल्याण, नपुं०, सौन्दर्य के पाँच चिह्न।

पञ्च-कामगुण, पु०, पाँच इन्द्रियों के भोग।

पञ्चक्खत्तुं, क्रिया-विशेषण, पाँच वार।

पञ्चक्खन्ध, पु०, पाँच स्कन्ध।

पञ्च गरु जातक, प्रत्येक बुद्ध का उपदेश माननेवाला राजकुमार राजा बना (१३२)।

पञ्च-गोरस, पु०, दूध, दही आदि पाँच गोरस पदार्थ।

पञ्चङ्ग, वि०, पाँच अंगों (हिस्सों) से युक्त।

पञ्चङ्गिक, देखो, पञ्चङ्ग।

पञ्चङ्गुलिक, वि०, पाँच अँगुलियों का निशान।

पञ्च-चक्खु, वि०, पाँच चक्षुओं वाला।

पञ्चचत्तालीसति, स्त्री०, पैंतालीस।

पञ्च-चूळक, वि०, सिर में बालों के पाँच जूड़ों वाला।

पञ्चतिंसति, स्त्री०, पैंतीस।

पञ्चदस, वि०, पन्द्रह।

पञ्चदसी, स्त्री०, पूर्णिमा।

पञ्च-धरण, नपुं०, तोल-विशेष।

पञ्चधा, अव्यय, पाँच तरह से।

पञ्चनवुति, स्त्री०, पंचानवे।

पञ्च-नीवरण, पाँच बंधन।

पञ्चपञ्ञासति, स्त्री०, पचपन।

पञ्च पण्डित जातक, यह जातक महा-उम्मग्ग जातक के एक अंश के रूप में दिया गया है (५०८)।

पञ्च-पतिट्ठित, नपुं०, पाँच अङ्गों से

प्रणाम।

पञ्चप्पकरण, धम्मसङ्गणि व विभङ्ग को छोड़कर अभिधम्मपिटक की शेष पाँच पुस्तकों का सामूहिक नाम।

पञ्च-बन्धन, नपुं०, पाँच प्रकार का बन्धन।

पञ्च-बल, नपुं०, पाँच बल।

पञ्च-महापरिच्चाग, पु०, पाँच प्रकार के त्याग।

पञ्च-महानदी, स्त्री०, गंगा, अचिरवती, यमुना आदि पाँच महानदियाँ।

पञ्च-महाविलोक, नपुं०, पाँच प्रकार का अन्वेषण।

पञ्च-वग्गिय, बुद्ध के प्रथम पाँच शिष्यों का सामूहिक नाम। वे पाँच शिष्य थे—कोण्डञ्ञ, भद्दिय, वप्प, महानाम, अस्सजि।

पञ्च-वण्ण, वि०, पाँच वर्ण।

पञ्चविध, वि०, पाँच गुना।

पञ्चवीसति, स्त्री०, पच्चीस।

पञ्चसट्ठि, स्त्री०, पैंसठ।

पञ्चसत, नपुं०, पाँच सौ।

पञ्चसिख, पु०, देव-गन्धर्व।

पञ्च-सील नपुं०, पाँच शील।

पञ्च-सुवण्ण, पु०, पाँच सुवर्ण भर (एक तोल)।

पञ्चसो, अव्यय, पाँच तरह से।

पञ्च-हत्थ पु०, पाँच हाथ लम्बा।

पञ्चानन्तरिय, नपुं०, जो पाँच दुष्कर्म तुरन्त फल देते हैं: १. मातृ-हत्या, २. पितृ-हत्या, ३. अर्हत्-हत्या, ४. बुद्ध के शरीर को जख्मी करना तथा ५. संघ की एकता नष्ट करना।

पञ्चाभिञ्ञा, स्त्री०, पाँच दिव्य शक्तियाँ: १. प्रातिहार्य या करिश्मे रखने की शक्ति, २. दिव्य चक्षु, ३. दिव्य श्रोत्र, ४. दूसरों के विचार जान लेने की शक्ति तथा ५. पूर्व जन्म की अनुस्मृति।

पञ्चाल, सोलह महाजनपदों में से एक। उत्तर-पंचाल तथा दक्षिण-पंचाल नामक दो हिस्सों में विभक्त था।

पञ्चालिका, स्त्री०, गुड़िया, पुतली।

पञ्चावुध, नपुं०, तलवार, बर्छी, कुल्हाड़ा आदि पाँच शस्त्र।

पञ्चावुध जातक, पाँच हथियारों से युक्त राजकुमार का सिलेसलोम यक्ष से भयानक संघर्ष हुआ। अन्त में यक्ष ने कुमार को विजयी स्वीकार किया (५५)।

पञ्चासीति, स्त्री०, पचासी।

पञ्चाह, नपुं०, पाँच दिन।

पञ्चुपोसथ जातक, कबूतर, साँप, गीदड़ और भालू के परस्पर मैत्रीपूर्ण ढंग से रहने की कथा (४९०)।

पञ्जर, पु० तथा नपुं०, पिंजरा।

पञ्जलिक, वि०, नमस्कार करने के लिए हाथ जोड़े हुए।

पञ्ञ, वि०, (समास में), प्रज्ञावान।

पञ्ञता, स्त्री०, (समास में), प्रज्ञावान होना।

पञ्ञत्त, कृदन्त, बनाया गया नियम, की गई घोषणा, बुद्धिमानी।

पञ्ञत्ति, स्त्री०, संज्ञा, नियम, घोषणा।

पञ्ञावन्तु, वि०, बुद्धिमान आदमी।
पञ्ञा, स्त्री०, प्रज्ञा, ज्ञान, अन्त-दृष्टि।
पञ्ञाक्खन्ध, पु०, प्रज्ञा-स्कन्ध।
पञ्ञा-चक्खु, नपुं०, प्रज्ञा-चक्षु।
पञ्ञा-धन, नपुं०, प्रज्ञा-धन।
पञ्ञा-बल, नपुं०, प्रज्ञा-वल।
पञ्ञा-भेद, पु०, प्रज्ञा के प्रकार।
पञ्ञा-विमुत्ति, स्त्री०, प्रज्ञा-विमुक्ति।
पञ्ञा-सम्पदा, स्त्री०, प्रज्ञा-सम्पत्ति।
पञ्ञाण, नपुं०, चिह्न, निशान।
पञ्ञात, कृदन्त, प्रकट हुआ।
पञ्ञापक, वि०, नियुक्त करने वाला।
पञ्ञापन, नपुं०, घोषणा, (बैठने के लिए आसनों की) व्यवस्था।
पञ्ञापेति, क्रिया, नियम बनाता है, व्यवस्था करता है, घोषणा करता है।
(पञ्ञापेसि, पञ्ञापित, पञ्ञत्त, पञ्ञापेन्त, पञ्ञापेत्वा)।
पञ्ञापेतु, पु०, नियम-बद्ध करने वाला, घोषणा करने वाला।
पञ्ञायति, क्रिया, प्रकट होता है, स्पष्ट होता है।
(पञ्ञायि, पञ्ञात, पञ्ञायमान, पञ्ञायित्वा)।
पञ्ह, त्रिलिङ्गी, प्रश्न, जिज्ञासा।
पञ्ह-विस्सज्जन, नपुं०, प्रश्नों का उत्तर देना।
पञ्ह-व्याकरण, नपुं०, प्रश्नों का समाधान करना।
पट, पु० तथा नपुं०, वस्त्र, पहनावा।
पटग्गि, पु०, प्रति-अग्नि, आग के जवाब में आग।
पटङ्ग, पु०, झींगुर।
पटल, नपुं०, आवरण।
पटलिका, स्त्री०, ऊनी कढ़ी हुई चादर, दुशाला।
पटह, पु०, नगाड़ा।
पटाका, स्त्री०, पताका, झंडा।
पटि (पति भी), एक उपसर्ग (विरुद्ध, अनुकूल)।
पटिकङ्खति, क्रिया, इच्छा करता है।
(पटिकङ्खि, पटिकङ्खित)।
पटिकण्टक, वि०, विरोधी; पु०, शत्रु।
पटिकम्म, नपुं०, प्रति-कर्म, प्रायश्चित।
पटिकत, कृदन्त, प्रायश्चित किया गया।
पटिकर, वि०, प्रतिकार।
पटिकरोति, क्रिया, प्रतिकार करता है, मार्जन करता है।
(पटिकरि, पटिकरोन्त)।
पटिकस्सति, क्रिया, पीछे हटता है, पीछे खिंचता है।
(पटिकस्सि, पटिकास्सित)।
पटिकार, पु०, प्रतिकार, इलाज।
पटिकुज्जति, क्रिया, झुकता है।
(पटिकुज्जेसि, पटिकुज्जित, पटिकुज्जेत्वा, पटिकुज्जित्वा, पटिकुज्जिय)।
पटिकुज्जन, नपुं०, झुकना, उलट देना।
पटिकुज्झति, क्रिया, बदले में क्रोधित होता है।
पटिकुट्ठ, कृदन्त, घृणित, बदनाम, सदोष, डाँट खाया हुआ।
पटिक्कन्त, कृदन्त, वापिस लौटा हुआ।
पटिक्कम, पु०, एक ओर हट जाना,

पीछे लौटना।
पटिक्कमति, क्रिया, पीछे हटता है।
(पटिक्कमि, पटिक्कमन्त, पटिक्कमित्वा)।
पटिक्कमन, नपुं०, प्रतिक्रमण, पीछे हटना।
पटिक्कमन-साला, स्त्री०, विश्राम-शाला।
पटिक्कूल, वि०, प्रतिकूल।
पटिक्कूलता, स्त्री०, प्रतिकूलता।
पटिक्कूल-सञ्ञा, स्त्री०, शरीर की गंदगी से सम्बन्धित चेतना।
पटिक्कोसना, स्त्री०, विरोध-प्रदर्शन।
पटिक्कोसति, क्रिया, बुरा-भला कहता है, दोषारोपण करता है।
(पटिक्कोसि, पटिक्कुट्ठ, पटिकोसित्वा)।
पटिक्खिपति, क्रिया, प्रतिक्षेप करता है।
(पटिक्खिपि, पटिक्खित्त, पटिक्खिपित्वा, पटिक्खित्वा)।
पटिक्खेप, पु०, प्रतिक्षेप, निषेध।
पटिगच्च, अव्यय, पहले से, देखो पटिकच्च।
पटिगिज्झति, क्रिया, इच्छा करता है, लोभ करता है।
(पटिगिज्झि, पटिगिद्ध, पटिगिज्झित्वा)।
पटिगूहति, क्रिया, छिपाता है, पीछे रहता है।
(पटिगूहि, पटिगूहित, पटिगूहित्वा)।
पटिग्गण्हन, नपुं०, प्रतिग्रहण, स्वागत।
पटिग्गण्हक, वि०, स्वागत करने वाला, प्रतिग्रहण करने में समर्थ।
पटिग्गण्हाति, क्रिया, लेता है, प्राप्त करता है, स्वीकार करता है।
(पटिगण्हि, पटिग्गहित, पटिग्गण्हन्त, पटिगहेत्वा, पटिगण्हिय, पटिग्गय्ह)।
पटिग्गह, पु०, जो ग्रहण करे, पात्र (पानी वगैरह का), पीकदान।
पटिग्गहण, देखो, पटिगण्हन।
पटिग्गहेतु, पु०, स्वीकार करने वाला, स्वागत करने वाला।
पटिघ, पु०, क्रोध, विरोध, द्वेष।
पटिघात, पु०, प्रतिघात, टक्कर।
पटिघोस, पु०, गूँज।
पटिचरति, क्रिया, प्रश्नों का जवाब देने से कतराना, घूमना।
पटिचोदेति, क्रिया, बदले में इलजाम लगाना।
(पटिचोदेसि, पटिचोदित, पटिचोदेत्वा)।
पटिच्च, (अव्यय, पूर्व० क्रिया), हेतु से।
पटिच्च-समुप्पन्न, वि०, हेतु से उत्पन्न।
पटिच्च-समुप्पाद, पु०, हेतु से उत्पत्ति का नियम।
पटिच्छति, क्रिया, स्वीकार करता है, ग्रहण करता है।
पटिच्छन्न, कृदन्त, ढका हुआ।
पटिच्छादक, वि०, छिपाने वाला।
पटिच्छादनिय, नपुं०, मांस का सूप, टखनी।
पटिच्छादेति, क्रिया, ढकता है, छिपाता है।

(पटिच्छादित, पटिच्छन्न, पटिच्छादेन्त, पटिच्छादेत्वा, पटिच्छादिय)।
पटिजग्गक, पु०, पालन-पोषण करने वाला।
पटिजग्गति, क्रिया, पालन-पोषण करता है।
(पटिजग्गि, पटिजग्गित, पटिजग्गित्वा, पटिजग्गिय)।
पटिजग्गन, नपुं०, पालन-पोषण करना।
पटिजग्गनक, वि०, देख-माल रखने वाला, पालन-पोषण करने वाला।
पटिजग्गिय, वि०, पालन-पोषण करने योग्य, मरम्मत करने योग्य।
पटिजानाति, क्रिया, स्वीकार करता है, वचन देता है, सहमत होता है।
(पटिजानि, पटिञ्ञात, पटिजानन्त, पटिजानित्वा)।
पटिञ्ञा, वि०, विश्वास दिलाने वाला, (जैसे, समण-पटिञ्ञ = झूठ-मूठ श्रमण होने की बात करने वाला)।
पटिञ्ञा, स्त्री०, प्रतिज्ञा, सहमति, अनुमति।
पटिञ्ञात, कृदन्त, प्रतिज्ञात, सहमत हुआ।
पटिददाति, क्रिया, वापिस देता है।
(पटिददि, पटिदिन्न, पटिदत्वा)।
पटिदण्ड, पु०, प्रतिकार।
पटिदस्सेति, क्रिया, अपने आपको प्रकट करता है।
(पटिदस्सेसि, पटिदस्सित, पटिदस्सेत्वा)।
पटि-दान, नपुं०, पुरस्कार।
पटिदिस्सति, क्रिया, दिखाई देता है।
पटिदिस्सि, कृदन्त, दिखाई दिया।
पटिदेसेति, क्रिया, स्वीकार करता है, मान लेता है, कबूल कर लेता है।
(पटिदेसेसि, पटिदेसित, पटिदेसेत्वा)।
पटिधावति, क्रिया, पीछे की ओर दौड़ता है, समीप दौड़ता है।
(पटिधावि, पटिधावित्वा)।
पटिनन्दति, क्रिया, प्रसन्न होता है।
(पटिनन्दि, पटिनन्दित, पटिनन्दित्वा)।
पटिनन्दना, स्त्री०, आनन्दित होना।
पटिनासिका, स्त्री०, बनावटी नाक।
पटिनिधि, पु०, प्रतिमूर्ति।
पटिनिवत्त, कृदन्त, लौटा हुआ, वापिस आया हुआ।
पतिनिवत्तति, क्रिया, वापिस लौटता है
(पटिनिवत्ति, पटिनिवत्तित्वा)।
पटिनिस्सग्ग, पु०, परित्याग।
पटिनिस्सज्जति, क्रिया, त्याग देता है, छोड़ देता है।
(पटिनिस्सज्जि, पटिनिस्सट्ठ, पटिनिस्सजित्वा, पटिनिस्सज्जिय)।
पटिनेति, क्रिया, वापिस ले जाता है।
(पटिनेसि, पटिनीत, पटिनेत्वा)।
पतिपक्ख, वि०, विरोधी, पु०, शत्रु।
पटिपक्खिक, वि०, विरोधी पक्ष का।
पटिपज्जति, क्रिया, मार्ग रूढ़ होता है।
(पटिपज्जि, पतिपन्न, पटिपज्जमान, पटिपज्जित्वा)।
पटिपज्जन, नपुं०, पद्धति, अभ्यास, आचरण।
पटिपण्ण, नपुं०, पत्र का उत्तर।
पटिपत्ति, स्त्री०, आचरण, धार्मिक

क्रिया-कलाप।
पटिपथ, पु०, उल्टा रास्ता, सामने का रास्ता।
पटिपदा, स्त्री०, आचरण, जीवन-मार्ग।
पटिपन्न, कृदन्त, मार्गारूढ़।
पटिपहरति, क्रिया, उल्टा प्रहार करता है।
(पटिपहरि, पटिपहट, पटिहरित्वा)।
पटिपहिणाति, क्रिया, वापिस भेजता है।
(पटिपहिणि, पटिपहित, पटिपहिणित्वा)।
पटिपाटि, स्त्री०, क्रम।
पटिपाटिया, क्रिया-विशेषण, क्रमशः।
पटिपाद, पु०, पलंग या चारपाई का सहारा।
पटिपादक, पु०, व्यवस्थापक।
पटिपादन, नपुं०, प्रतिपादन, शिक्षण देना।
पटिपादेति, क्रिया, व्यवस्था करता है, सामग्री पहुँचाता है।
(पटिपादेसि, पटिपादित, पटिपादेत्वा)।
पटिपीळन, नपुं०, त्रास देना, पीड़ा देना।
पटिपीळेति, क्रिया, त्रास देता है, पीड़ा देता है, दमन करता है।
(पटिपीळेसि, पटिपीळित, पटिपीळेत्वा)।
पटिपुग्गल, पु०, प्रतिस्पर्धी।
पटिपुच्छति, क्रिया, बदले में प्रश्न पूछता है।
(पटिपुच्छि, पटिपुच्छित)।
पटिपुच्छा, स्त्री०, बदले में पूछा गया प्रश्न, प्रश्न के उत्तर में पूछा गया प्रश्न।
पटिपूजना, स्त्री०, आदर प्रदर्शित करना, गौरव करना।
पटिपूजेति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है।
(पटिपूजेसि, पटिपूजित, पटिपूजेत्वा)।
पटिपेसेति, क्रिया, वापिस भेजता है।
पटिपस्सद्ध, कृदन्त, शान्त हुआ।
पटिपस्सद्धि, स्त्री०, शान्ति।
पटिपस्सम्भति, क्रिया, शान्त होता है।
पटिपस्सम्भना, स्त्री०, देखो पटिपस्सद्धि।
पटिबद्ध, कृदन्त, बँधा हुआ, आकर्षित।
पटिबद्ध-चित्त, वि०, अनुरक्त।
पटिबल, वि०, योग्य, सामर्थ्यवान।
पटिबाहक, वि०, विरोध करने वाला, रुकावट डालने वाला, हटाने वाला।
पटिबाहति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है, बचाता है।
(पटिबाहि, पटिबाहित, पटिबाहन्त, पटिबाहित्वा, पटिबाहिय)।
पटिबिम्ब, नपुं०, प्रतिबिम्ब, छाया।
पटिबिम्बित, वि०, जिसकी छाया पड़ी हो।
पटिबुज्झति, क्रिया, समझता है, जागता है।
(पटिबुज्झि, पटिबुज्झित्वा)।
पटिबुद्ध, कृदन्त, ज्ञानी, जागा हुआ।
पटिभय, नपुं०, डर, भय।
पटिभाग, वि०, समान, एक जैसा।

पटिभाग, पु०, समानता, एकरूपता, मुकाबले का भाग।

पटिभाति, क्रिया, सूझता है, स्पष्ट होता है।

पटिभासि, अतीत० क्रिया, सूझा।

पटिभाण, नपुं०, प्रत्युत्पन्न-मति, हाजिरजवाबी।

पटिभाणवन्तु, नपुं०, प्रत्युत्पन्न-मति (वाला), क्षिप्र-प्रज्ञ।

पटिभासति, क्रिया, उत्तर देता है।

पटिभासि, अतीत० क्रिया, उत्तर दिया।

पटिभू, पु०, जामिन।

पटिमग्ग, पु०, विरुद्ध मार्ग।

पटिमण्डित, कृदन्त, सजा हुआ।

पटिमल्ल, पु०, मुकाबले का पहलवान।

पटिमा, स्त्री०, प्रतिमा, मूर्ति।

पटिमानेति, क्रिया, गौरव करता है, प्रतीक्षा करता है।
(पटिमानेसि, पटिमानित, पटिमानेत्वा)।

पटिमुक्क, कृदन्त, वस्त्र पहने, बँधा हुआ।

पटिमुञ्चति, क्रिया, वस्त्र धारण करता है, बाँधता है।
(पटिमुञ्चि, पटिमुञ्चित्वा)।

पटियादेति, क्रिया, तैयार करता है, व्यवस्था करता है, सामग्री पहुँचाता है।
(पटियादेसि, पटियादित, पटियत्त, पटियादेत्वा)।

पटियोध, पु०, मुकाबले का योधा।

पटिरव, पु०, प्रतिरव, गूंज।

पटिराज, पु०, मुकाबले का राजा।

पटिरूप, (पतिरूप भी), वि०, योग्य, ठीक, अनुकूल।

पटिरूपक, (पतिरूपक भी), मिलती-जुलती शक्ल का।

पटिरूपता, (पतिरूपता भी) स्त्री०, स्वरूप की साम्यता।

पटिलद्ध, कृदन्त, प्राप्त।

पटिलभति, क्रिया, प्राप्त करता है।
(पटिलभि, पटिलभन्त, पटिलभित्वा, पटिलद्धा)।

पटिलाभ, पु०, प्राप्ति।

पटिलीयति, क्रिया, पीछे हटता है, दूर रहता है।
(पटिलीयि, पटिलीन, पटिलीयित्वा)।

पटिलीयन, नपुं०, दूर रहना, पीछे हटना।

पटिलोम, वि०, विरुद्ध।

पटिलोम-पक्ख, विरोधी पक्ष।

पटिवचन, नपुं०, उत्तर, जवाब।

पटिवत्तन, नपुं०, पीछे की ओर मुड़ना।

पटिवत्तिय, वि०, पीछे लौटाने योग्य, लपेटने योग्य।

पटिवत्तु, पु०, विरुद्ध भाषण करने वाला, खण्डन करने वाला।

पटिवत्तेति, क्रिया, लपेटता है, पीछे हटता है।
(पटिवत्तेसि, पटिवत्तित, पटिवत्तेत्वा, पटिवत्तिय)।

पटिवदति, क्रिया, उत्तर देता है, विरुद्ध, बोलता है।
(पटिवदि, पटिवुत्त, पटिवत्वा, पटिवदित्वा)।

पटिवसति, क्रिया, रहता है, निवास

करता है ।
(पटिवसि, पटिवुत्थ, पटिवसित्वा) ।
पटिवाक्य, नपुं०, उत्तर ।
पटिवातं, क्रिया-विशेषण, हवा के विरुद्ध ।
पटिवाद, पु०, प्रतिवाद, आरोपित दोष का खण्डन ।
पटिविंस, पु०, हिस्सा ।
पटिविजानाति, क्रिया, पहचानता है, जानता है ।
(पटिविजानि, पटिविजानेत्वा) ।
पटिविज्झति, क्रिया, प्रवेश करता है, समझता है ।
(पटिविज्झि, पटिविज्झ, पटिविज्झित्वा) ।
पटिविदित, कृदन्त, ज्ञात, सुनिश्चित ।
पटिविद्ध, कृदन्त, प्रविष्ट हुआ, समझ लिया गया ।
पटिविनोदन, नपुं०, हटाना, निकाल बाहर करना ।
पटिविनोदेति, क्रिया, हटाता है, निकाल बाहर करता है ।
(पटिविनोदेसि, पटिविनोदित, पटिविनोदेत्वा, पटिविनोदय) ।
पटिविभजति, क्रिया, बाँटता है ।
(पटिविभजि, पटिविभत्त, पटिविभजित्वा) ।
पटिविरत, कृदन्त, रुका हुआ ।
पटिविरमति, क्रिया, रुकता है, विरत रहता है ।
(पटिविरमि, पटिविरमन्त, पटिविरमित्वा) ।
पटिविरुज्झति, क्रिया, विरुद्ध होता है, झगड़ा करता है ।
(पटिविरुज्झि, पटिविरुज्झित्वा) ।
पटिविरुद्ध, कृदन्त, विरुद्ध ।
पटिविरूहति, क्रिया, फिर से उगता है ।
(पटिविरूहि, पटिविरूळ्ह, पटिविरूहित्वा) ।
पटिविरोध, पु०, विरोध-भाव, दुश्मनी, शत्रुता ।
पटिविस्सक, पु०, पड़ोसी ।
पटिवेदेति, क्रिया, जनाता है, ज्ञात कराता है ।
(पटिवेदेसि, पटिवेदित, पटिवेदेत्वा) ।
पटिवेध, पु०, भीतर घुसना ।
पटिसङ्खत, कृदन्त, चुकता कर दिया गया ।
पटिसंयुत्त, कृदन्त, सम्बन्धित ।
पटिसंवेदेति, क्रिया, सहन करता है, अनुभव करता है ।
(पटिसंवेदेसि, पटिसंविदित, पटिसंवेदित, पटिसंवेदेत्वा) ।
पटिसंहरण, नपुं०, सिकोड़ना, त्याग देना, हटा लेना ।
पटिसंहार, पु०, सिकोड़ना, त्याग देना, हटा लेना ।
पटिसंहरति, सिकोड़ता है, त्याग देता है, हटा लेता है ।
(पटिसंहरि, पटिसंहरित, पटिसंहत, पटिसंहरित्वा) ।
पटिसंकरण, नपुं०, प्रतिसंस्करण, मरम्मत ।
पटिसंकरोति, क्रिया, प्रतिसंस्कार करता है, मरम्मत करता है ।
पटिसंखरण, नपुं०, देखो पटिसंकरण ।
पटिसंखरोति, देखो पटिसंकरोति ।

पटिसंखा, स्त्री०, विचार, फैसला।
पटिसंखान, नपुं०, विचार करना, मीमांसा करना।
पटिसंखाय, पूर्व० क्रिया, विचार कर।
पटिसंखार, देखो पटिसंखरण।
पटिसंचिक्खति, क्रिया, विचार करता है, मीमांसा करता है।
(पटिसंचिक्खि, पटिसंचिक्खित, पटिसंचिक्खित्वा)।
पटिसंथार, पु०, मैत्रीपूर्ण स्वागत।
पटिसंदहति, क्रिया, पुनर्मिलन होता है।
[पटिसंदहि, पटिसंदहित (पटिसंधित)]
पटिसंधातु, पु०, मेल कराने वाला, शान्ति-संस्थापक।
पटिसंधान, नपुं०, पुनर्मिलन।
पटिसंधि, स्त्री०, पुनर्जन्म ग्रहण करना।
पटिसम्भिदा, स्त्री०, मीमांसापूर्ण ज्ञान।
पटिसम्भिदामग्ग, खुद्दक निकाय का बारहवाँ ग्रन्थ। वास्तव में इसकी गणना अभिधम्म ग्रन्थों में की जानी चाहिए।
पटिसम्मोदति, क्रिया, मैत्रीपूर्ण बातचीत करता है।
(पटिसम्मोदि, पटिसम्मोदित, पटिसम्मोदित्वा)।
पटिसरण, नपुं०, शरण-स्थान, सहायता, संरक्षण।
पटिसल्लान, नपुं०, एकान्त जीवन।
पटिसल्लान-सारूप्प, वि०, एकान्त जीवन या योगाभ्यास के लिए अनुकूल।
पटिसल्लीयति, क्रिया, एकान्त जीवन व्यतीत करता है, योगाभ्यास करता है।
(पटिसल्लि, पटिसल्लीन, पटिसल्लीयित्वा)।
पटिसमेति, क्रिया, व्यवस्थित करता है, दूर रहता है।
(पटिसमेसि, पटिसमित, पटिसमित्वा)।
पटिसासन, नपुं०, प्रत्युत्तर।
पटिसेध, पु० प्रतिषेध, इनकार।
पटिसेधन, नपुं० प्रतिषेध करना, इनकार करना।
पटिसेधक, वि०, प्रतिषेध करने वाला।
पटिसेधेति, क्रिया, दूर रखता है, दूर हटाता है, मना करता है।
(पटिसेसेसि, पटिसेधित, पटिसेधित्वा, पटिसेधिय)।
पटिसेवति, क्रिया, अनुकरण करता है, सेवन करता है, उपयोग में लाता है।
(पटिसेवि, पटिसेवित, पटिसेवन्त, पटिसेवित्वा, पटिसेविय)।
पटिसेवन, नपुं०, अभ्यास करना, अनुकरण करना, उपयोग में लाना।
पटिसोत, वि०, स्रोत (=बहाव) के विरुद्ध।
पटिस्सत, वि०, विचारवान।
पटिस्सव, पु०, वचन, स्वीकृति।
पटिसुणाति, वचन देता है, सहमत होता है।
(पटिसुणि, पटिसुत, पटिसुणित्वा)।
पटिहञ्ञति, क्रिया, चोट खाता है।
(पटिहञ्ञि, पटिहञ्ञित्वा)।

पटिहत, कृदन्त, चोट खाया हुआ।
पटिहनन, नपुं०, विरोध, संघर्ष।
पटिहनति, क्रिया, रगड़ खाता है।
(पटिहनि, पटिहत, पटिहन्त्वा)।
पटिहार, पुं०, द्वार।
पटु, वि०, होशियार, कुशल (आदमी)।
पटुता, स्त्री०, दक्षता।
पटोल, पु०, पटोल।
पट्ट, नपुं०, तख्ता, वस्त्र, रेशमी वस्त्र, पट्टी।
पट्टक, देखो पट्ट।
पट्टन, नपुं०, नदी तट के पास का नगर।
पट्टिका, स्त्री०, पट्टी।
पट्ठपेति, क्रिया, स्थापित करता है।
(पट्ठपेसि, पट्ठपित, पट्ठपेत्वा)।
पट्ठान, नपुं०, प्रस्थान।
पट्ठानप्पकरण, अभिधम्म पिटक का अन्तिम ग्रन्थ। इसमें भौतिक तथा अभौतिक चीज़ों के २४ प्रकार के पच्चयों अथवा हेतुओं का विस्तृत विवेचन है।
पट्ठाय, अव्यय, आरम्भ करके, तब से, उस समय से।
पठति, क्रिया, पढ़ता है।
(पठि, पठित, पठित्वा)।
पठन, नपुं०, पढ़ना।
पठम, वि०, पहला।
पठमं, क्रिया-विशेषण, पहली बार।
पठमज्झान, नपुं०, प्रथम ध्यान।
पठमतरं, क्रिया-विशेषण, सबसे पहले, यथासम्भव जल्दी।
पठवी, स्त्री०, भूमि, पृथ्वी।
पठवी-ओज, (पठवोज भी), पृथ्वी का तेज।
पठवी-कम्पन, नपुं०, भूकम्प।
पठवी-कसिण, नपुं०, योगाभ्यास करने के लिए मिट्टी का बना केन्द्र-बिन्दु।
पठवी-चलन, नपुं०, भूकम्प।
पठवी-चाल, पु०, भूकम्प।
पठवी-धातु, स्त्री०, पृथ्वी-धातु।
पठवी-सम, वि०, पृथ्वी-समान।
पण, पु०, शर्त, दुकान।
पणक, पु०, शैवाल-विशेष, सिवाल।
पणमति, क्रिया, प्रणाम करता है, झुकता है, पूजा करता है।
(पणमि, पणमित, पणत, पणमित्वा)।
पणय, पु०, विश्वास, याचना, प्रणय।
पणव, पु०, ढोल।
पणाम, पु०, प्रणाम, नमस्कार।
पणामेति, क्रिया, चलता करता है, भगा देता है, फैला देता है, झुकाता है।
(पणामेसि, पणामित, पणामेन्त, पणामेत्वा)।
पणालि, स्त्री०, नाली।
पणिदहति, क्रिया, इच्छा करता है। आकांक्षा करता है।
(पणिदहि, पणिहित, पणिदहित, पणिदहित्वा)।
पणिधान, नपुं०, आकांक्षा, दृढ़ संकल्प।
पणिधि, स्त्री०, आकांक्षा, निश्चय।
पणिधाय, पूर्व० क्रिया, संकल्प करके।
पणिपात, पु०, दण्डवत् लेट जाना, पूजा।
पणिय, नपुं०, पण्य, बेचने की चीज़;

पु०, व्यापारी ।
पणिहित, कृदन्त, संकल्प-युक्त ।
पणीत, वि०, श्रेष्ठ, बढ़िया ।
पणीततर, वि०, श्रेष्ठतर, और भी बढ़िया ।
पणेति, क्रिया, दण्डित करता है, निकालता है, रास्ते पर ले जाता है ।
(पणेसि, पणेत्वा) ।
पण्डक, पु०, हिजड़ा ।
पण्डर, वि०, श्वेत, सफेद, फीका, हल्का पीला ।
पण्डर जातक, साँपों की, गरुड़ों से अपने-आपको बचाये रखने की युक्ति (५१८) ।
पण्डव, पु०, पर्वत-विशेष ।
पण्डिच्च, नपुं०, पाण्डित्य ।
पण्डित, वि०, विद्वान् ।
पण्डितक, पु०, बनावटी पण्डित, पाण्डित्य-दम्भ वाला ।
पण्डु, वि०, पीला, पीलापन लिये हुए ।
पण्डुकम्बल, नपुं०, पाण्डु रंग का कम्बल ।
पण्डु-पलास, पु०, सूखा पत्ता ।
पण्डु-रोग, पु०, पाण्डु-रोग ।
पण्डु-रोगी, पु०, पाण्डु-रोग वाला ।
पण्डुकम्बल सिलासन, देवेन्द्र शक्र के बैठने का आसन ।
पण्डू, दक्षिण भारत की एक जाति—पाण्ड्य ।
पण्ण, नपुं०, पत्ता, पत्र, चिट्ठी ।
पण्णक, देखो, पण्ण ।
पण्ण-कुटि, स्त्री०, पर्ण-कुटी ।
पण्ण-छत्त, नपुं०, पत्तों का छाता, पत्तों का पंखा, पत्तों की छत ।
पण्ण-सन्थर, पु०, पत्तों का बिछौना ।
पण्ण-साला, स्त्री०, आश्रम, कुटिया ।
पण्णत्ति, देखो, पञ्ञत्ति (प्रज्ञप्ति) ।
पण्णरस, वि०, पन्द्रह ।
पण्णाकार, पु०, भेंट ।
पण्णास, स्त्री०, पचास ।
पण्णिक, पु०, पत्ते बेचने वाला ।
पण्णिक जातक, पिता ने लड़की के सतीत्व की परीक्षा ली (१०२) ।
पण्य, देखो, पणिय ।
पण्हि, पु० तथा स्त्री०, एड़ी ।
पतङ्ग, पु०, पक्षी ।
पतति, क्रिया, गिरता है, फिसलता है ।
(पति, पतित, पतन्त, पतित्वा) ।
पतन, नपुं०, गिरावट ।
पतनु, वि०, अत्यन्त दुबला-पतला ।
पताका, स्त्री०, झण्डा ।
पताप, पु०, प्रताप, तेजस्विता ।
पतापवन्तु, वि०, प्रतापी, तेजस्वी ।
पतापेति, क्रिया, तपाता है ।
(पतापेसि, पतापित) ।
पति, पु०, स्वामी, खाविन्द ।
पतिकिट्ठ, वि०, निकृष्ट ।
पति-कुल, नपुं०, पति का खानदान ।
पतिट्ठहति, क्रिया, प्रतिष्ठित होता है, स्थापित होता है ।
(पतिट्ठहि, पतिट्ठहन्त, पतिट्ठहित्वा) ।
पतिट्ठा, स्त्री०, प्रतिष्ठा, सहायता, आश्रय-स्थान ।
पतिट्ठातब्ब, (पतिट्ठितब्ब भी),

कृदन्त, प्रतिष्ठा के योग्य, स्थापित करने योग्य ।
पतिट्ठाति, देखो पतिट्ठहति ।
(पतिट्ठासि, पतिट्ठित, पतिट्ठाय, पतिट्ठातुं) ।
पतिट्ठान, नपुं०, प्रतिष्ठान, स्थापना ।
पतिट्ठापित, कृदन्त, प्रतिष्ठापित, स्थापित किया हुआ ।
पतिट्ठापेति, क्रिया, प्रतिष्ठित कराता है ।
(पतिट्ठापेसि, पतिट्ठापेन्त, पतिट्ठापेत्वा, पतिट्ठापिय) ।
पतिट्ठापेतु, पु०, स्थापित करने वाला ।
पतित, कृदन्त, गिरा हुआ ।
पतितिट्ठति, क्रिया, खड़ा होता है, दुबारा खड़ा होता है ।
पतिदान, नपुं०, प्रतिदान, दान का बदला दान ।
पतिबोध, पु०, जागरण, ज्ञान ।
पतिब्बता, स्त्री०, प्रतिव्रता ।
पतिरूप, देखो, पटिरूप ।
पतिस्सत, देखो, पटिस्सत ।
पतीचि, स्त्री०, पश्चिम दिशा ।
पतीत, वि०, प्रसन्न-चित्त ।
पतीर, नपुं०, किनारा ।
पतोद, पु०, बैलों को हाँकने की लकड़ी, पैंणी ।
पतोदक, नपुं०, प्रेरणा; वि०, प्रेरक ।
पतोदक-लट्ठि, स्त्री०, बैलों को हाँकने की लाठी ।
पत्त, कृदन्त, प्राप्त, प्राप्त हुआ; पु०, पात्र, भिक्षा-पात्र; नपुं०, पत्ता, पंख ।
पत्तक्खन्ध, वि०, गिरे हुए कन्धों वाला, निराश, बुझा-बुझा-सा ।
पत्तगत, वि०, पात्र-गत, पात्र में पड़ा हुआ ।
पत्त-गन्ध, पु०, पत्तों की गन्ध ।
पत्त-गाहक, पु०, (दूसरे का) भिक्षा-पात्र लेकर चलने वाला ।
पत्त-थविका, स्त्री०, भिक्षा-पात्र लट-काने की झोली ।
पत्त-पाणि, वि०, जिसके हाथ में भिक्षा-पात्र हो ।
पत्त-पिण्डिक, वि०, एक ही पात्र में से खाने वाला ।
पत्त-दान, पु०, पक्षी-विशेष ।
पत्तन, देखो पट्टन ।
पत्तब्ब, कृदन्त, प्राप्त करणीय ।
पत्ताधारक, पु०, पात्र का आधार ।
पत्तानीक, नपुं०, चार-चार जनों की पैदल सेना ।
पत्तानुमोदना, स्त्री०, प्राप्त पुण्य का अनुमोदन (=देवताओं तथा स्वर्गस्थ सम्बन्धियों को दान) ।
पत्ति, पु०, पैदल सैनिक; स्त्री०, पत्ती, पेड़ का पत्तों वाला भाग ।
पत्तिक, वि०, हिस्सेदार, पैदल चलने वाला, पैदल सैनिक, पात्रवाला ।
पत्ति-दान, नपुं०, पुण्य अथवा हिस्से का प्रदान ।
पत्ती, पु०, तीर, धनुष का तीर ।
पत्तुन्न, नपुं०, वस्त्र-विशेष ।
पत्तुं, कृदन्त, प्राप्त करने के लिए ।
पत्थ, पु०, प्रस्थ, धान्य अथवा किसी तरल पदार्थ का माप, एकान्त स्थान ।

पत्थट, कृदन्त, ज्ञात, विख्यात, फैलाया हुआ।

पत्थद्ध, वि०, कठोर, चट्टान की तरह सीधा।

पत्थना, स्त्री०, प्रार्थना, कामना, इच्छा।

पत्थयति, क्रिया, इच्छा करता है, कामना करता है, प्रार्थना करता है।
(पत्थयि, पत्थयन्त, पत्थित, पत्थ-यित्वा)।

पत्थयान, वि०, इच्छा करते हुए, कामना करते हुए।

पत्थर, पु०, पत्थर, शिला, पत्थर का सामान।

पत्थरति, क्रिया, फैलाता है।
(पत्थरि, पत्थट, पत्थरन्त, पत्थ-रित्वा)।

पत्थिव, पु०, पार्थिव, राजा।

पत्थेति, देखो पत्थयति।
(पत्थेसि, पत्थित, पत्थेन्त, पत्थेत्वा)।

पत्वा, पूर्व० क्रिया, प्राप्त करके।

पथ, पु०, मार्ग, रास्ता (गणन-पथ, गिनती)।

पथवी, देखो पठवी।

पथावी, पु०, पथिक, पैदल यात्री।

पथिक, पु०, राही, यात्री।

पथित, वि०, प्रसिद्ध।

पद, नपुं०, कदम, वचन, पदवी, स्थान, हेतु, कविता का अनुच्छेद।

पद-चेतिय, नपुं०, पवित्र पद-चिह्न।

पद-जात, नपुं०, नाना प्रकार के पद-चिह्न।

पदट्ठान, नपुं०, निकट कारण, नजदीकी वजह।

पद-पूरण, नपुं०, जिससे पद-पूर्ति हो।

पद-भाजन, नपुं०, शब्दों का विभाग।

पद-भाणक, वि०, धर्म-ग्रन्थ के पदों का पाठ करने वाला।

पद-वण्णना, स्त्री०, पदों की व्याख्या।

पद-वलञ्ज, नपुं०, पद-चिह्न, पद-चिह्नों वाला रास्ता।

पद-विभाग, पु०, शब्दों का विभाग।

पद-वीतिहार, पु०, कदमों का परिवर्तन।

पद-सद्द, पु०, पैरों की आहट।

पदकुसल माणव जातक, बारह साल के गुजर जाने के बाद भी पद-चिह्नों का पता लगा सकने की कथा (४३२)।

पदक्खिणा, स्त्री०, प्रदक्षिणा।

पदग, पु०, पैदल सैनिक।

पदत्त, कृदन्त, दिया गया, बाँटा गया।

पदर, नपुं०, दरार, फटाव, छेद।

पदवि, स्त्री०, मार्ग।

पदहति, क्रिया, प्रयत्न करता है, किसी के खिलाफ लड़ता है।
(पदहि, पदहित, पदहित्वा)।

पदहन, देखो पधान।

पदातवे, कृदन्त, देने के लिए।

पदाति, पु०, पैदल सैनिक; क्रिया, देना, लेना, पाना।

पदातु, पु०, दाता, देने वाला।

पदान, नपुं०, प्रदान, देना।

पदाळन, नपुं०, चीरना, फाड़ना, चिपटना।

पदाळेति, क्रिया, चिपटता है, चीरता

है, फाड़ता है।
पदाळेसि, पदाळित, पदाळेन्त, पदाळेत्वा)।
पदाळेतु, पु०, चीरने वाला, तोड़ने वाला।
पदिक, वि०, काव्य-पंक्तियों से युक्त, पैदल यात्री।
पदिप्पति, जलता है।
(पदिप्पि, पदिप्पमान, पदित्त)
पदिस्सति, क्रिया, दिखाई देता है।
पदिट्ठ, कृदन्त, देखा गया।
पदिस्समान, कृदन्त, देखा जाता हुआ।
पदीप, पु०, प्रदीप, दिया, चिराग, प्रकाश।
पदीप-काल, पु०, लैम्प जलाने का समय।
पदीपिय, नपुं०, प्रदीप-सामग्री।
पदीपेति, क्रिया, प्रदीप जलाता है, समझाता है, तेज करता है।
(पदीपेसि, पदीपित, पदीपेन्त, पदीपेत्वा)।
पदीपेय्य, देखो पदीपिय।
पदीयति, क्रिया, दिया जाता है, प्रदान किया जाता है।
(पदीयि, पदिन्न)।
पदुट्ठ, कृदन्त, प्रदुष्ट, विकृत, खराब।
पदुब्भति, क्रिया, षड्यन्त्र करता है, साजिश करता है, गलत करता है।
(पदुब्भि, पदुब्भित, पदुब्भित्वा)।
पदुम, नपुं०, कमल, नरक-विशेष, एक बहुत बड़ी संख्या।
पदुम-कण्णिका, स्त्री०, कमल का बीज-कोष।
पदुम-कलाप, पु०, कमल-समूह।
पदुम-गब्भ, पु०, कमल का भीतरी भाग।
पदुम-पत्त, नपुं०, कमल का पत्ता।
पदुम-राग, पु०, लाल रंग की मणि।
पदुम-सर, पु० तथा नपुं०, कमल का तालाब।
पदुम जातक, बोधिसत्व को तालाब से कमल-गुच्छ लाने में सफलता मिली (२६१)।
पदुमिनी, स्त्री०, कमल का पौधा, कमल का तालाब।
पदुमिनी-पत्त, नपुं०, कमल के पौधे का पत्ता।
पदुमी, वि०, कमल वाला, पदुमी (हाथी)।
पदुस्सति, क्रिया, दुष्कृत करता है, क्रोधित होता है, भ्रष्ट करता है।
(पदुस्सि, पदुट्ठ, पदुस्सित्वा)
पदुस्सन, नपुं०, विरोधी कार्य, षड्-यन्त्र, साजिश।
पदूसेति, क्रिया, भ्रष्ट करता है, दुष्कृत करता है।
(पदूसेसि, पदूसित, पदूसेत्वा)।
पदेस, पु०, प्रदेश, स्थान।
पदेस-ञाण, नपुं०, सीमित ज्ञान।
पदेस-रज्ज, नपुं०, प्रदेश राज्य।
पदेस-राजा, पु०, अनु-राजा।
पदेसन, नपुं०, भेंट या परित्याग।
पदोस, पु०, १. प्रदोष (रात्रि), २. क्रोध, ३. दोष।
पदोसेति, देखो पदूसेति।
पद्म, देखो पदुम।
पधंस, पु०, प्रध्वंस, विनाश।
पधंसन, नपुं०, लूट-मार।

पधंसित्त, कृदन्त, लूट-पाट किया गया ।

पधंसिय, वि०, लूट-पाट किये जाने की सम्भावना वाला ।

पधंसेति, क्रिया, लूट-पाट करता है, आक्रमण करता है ।
(पधंसेसि, पधंसित, पधंसेत्वा, पधंसेन्त)

पधान, वि०, प्रधान, मुख्य; नपुं०, प्रयास, प्रयत्न ।

पधान-घर, नपुं०, योगाभ्यास करने का स्थान ।

पधानिक, वि०, योगाभ्यास के लिए प्रयत्न करने वाला ।

पधावति, क्रिया, दौड़ता है ।
(पधावि, पधावित, पधावित्वा) ।

पधावन, नपुं०, दौड़ ।

पधूपेति, क्रिया, धुआँ देता है, धुआँ फेंकता है; देखो धूपेति ।
(पधूपेसि, पधूपित, पधूपेन्त) ।

पधोत, कृदन्त, अच्छी तरह धोया गया या तेज किया गया ।

पन, अव्यय, और, अभी, लेकिन, इसके विरुद्ध, अब, इसके अतिरिक्त ।

पनस, पु०, कटहल का पेड़; नपुं० कटहल का फल ।

पनस्सति, क्रिया, विनाश को प्राप्त होता है, गायब हो जाता है ।
(पनस्सि, पनट्ठ, पनस्सित्वा) ।

पनाळिका, स्त्री०, नाली, पाइप, नली ।

पनुदति, क्रिया, दूर करता है, हटा देता है, धकेल देता है ।
(पनुदि, पनुदित, पनुदित्वा, पनुदिय, पनुदमान) ।

पनुदन, (पनूदन भी), नपुं०, हटाना, दूर करना, अस्वीकृत कर देना ।

पन्त, वि०, दूर, एकान्त ।

पन्त-सेनासनं, नपुं०, एकान्त स्थान ।

पन्ति, स्त्री०, पंक्ति, कतार ।

पन्थ, पु०, मार्ग, सड़क ।

पन्थक, पु०, यात्री, राही ।

पन्थ-घात, पु०, बटमारी ।

पन्थ-घातक, पु०, रास्ता चलते डाका डालने वाला ।

पन्थ-दूहन, नपुं०, रास्ता चलते डाका डालना ।

पन्थिक, देखो, पन्थक ।

पन्न, कृदन्त, गिरा हुआ, पतित ।

पन्नक्खन्ध, देखो पत्तक्खन्ध ।

पन्न-भार, वि०, जिसने अपना भार नीचे उतारकर रख दिया ।

पन्न-लोम, वि०, जिसके बाल गिर पड़े, पराजित ।

पन्नग, पु०, साँप ।

पप, नपुं०, जल, पानी ।

पपञ्च, पु०, प्रपंच, रुकावट, झगड़ा, झंझट, विलम्ब, भ्रम, वहम ।

पपञ्चेति, क्रिया, व्याख्या करता है, विलम्ब करता है ।
(पपञ्चेसि, पपञ्चित, पपञ्चेत्वा) ।

पपटिका, स्त्री०, पेड़ की छाल, पपड़ी ।

पपतति, क्रिया, गिर जाता है ।
(पपति, पपतित, पपतित्वा) ।

पपतन, नपुं०, गिरना, गिरावट ।

पपद, पु०, पाँव का पंजा ।

पपा, स्त्री०, प्याऊ, कुआँ ।

पपात, पु०, गिरना, प्रपात, झरना।

पपितामह, पु०, दादा के पिता।

पपुत्त, पु०, पौत्र, पोता।

पपुन्नाट, पु०, फल्गु फल।

पप्पटक, पु०, कुकुरमुत्ता, पत्थर का टुकड़ा।

पप्पोठेति, क्रिया, पीटता है।
(पप्पोठेसि, पप्पोठित, पप्पोठेत्वा)।

पप्पोति, क्रिया, प्राप्त होता है, पहुँचता है।
(पप्पुय्य)।

पप्फास, नपुं०, फेफड़े।

पबन्ध, पु०, साहित्यिक रचना; वि०, सिलसिलेवार।

पबल, वि०, प्रबल।

पबुज्झति, क्रिया, जागता है, समझता है।

पबुज्झि, अतीत० क्रिया, जागा, समझा।

पबुद्ध, कृदन्त, प्रबुद्ध, जाग्रत।

पबोधन, नपुं०, जागरण।

पबोधेति, क्रिया, जगाता है, प्रबुद्ध करता है।
(पबोधेसि, पबोधित, पबोधेत्वा, पबोधेन्त)।

पब्ब, नपुं०, गाँठ, उँगली का पोर, विभाग, हिस्सा।

पब्बजति, क्रिया, प्रव्रजित होता है, निकल पड़ता है, संन्यास के लिए घर छोड़ता है।
(पब्बजि, पब्बजित, पब्बजित्वा, पब्बजन्त)।

पब्बजन, नपुं०, प्रव्रज्या, गृहस्थ-जीवन का त्याग।

पब्बज्जा, स्त्री०, प्रव्रज्या।

पब्बजित, कृदन्त, प्रव्रजित हुआ; पु०, प्रव्रजित, साधु।

पब्बत, पु०, पहाड़।

पब्बत-कूट, नपुं०, पर्वत-शिखर, पहाड़ की चोटी।

पब्बत-गहन, नपुं०, पर्वत-भरा प्रदेश।

पब्बतट्ठ, वि०, पर्वत-स्थित।

पब्बत-पाद, पु०, पर्वत की तराई।

पब्बत-शिखर नपुं०, पर्वत की चोटी।

पब्बतुपत्थर जातक, एक राजदरबारी ने राजा के रनिवास को दूषित किया। राजा ने उसकी उपेक्षा की (१९५)।

पब्बतेय्य, वि०, पर्वत पर रहने वाला।

पब्बाजन, नपुं०, प्रव्रजित करना, देश-निकाला देना।

पब्बाजनिय, वि०, निकाल बाहर करने योग्य।

पब्बाजेति, क्रिया, निकाल बाहर करता है, प्रव्रजित करता है।
(पब्बाजेसि, पब्बाजित, पब्बाजेत्वा)।

पब्भार, पु०, पर्वत की ढलान।

पभग्ग, कृदन्त, नष्ट हुआ, टूटा हुआ।

पभङ्कर, पु०, प्रभाकर, सूर्य।

पभङ्गु, वि०, अनित्य, नाशवान्।

पभङ्गुर, वि०, देखो पभङ्गु।

पभव, पु०, उत्पत्ति, मूल स्रोत।

पभवति, क्रिया, उत्पन्न होता है; देखो पहोति।
(पभवि, पभवित, पभवित्वा)।

पभस्सर, वि०, प्रभास्वर, अत्यन्त चमकदार।

पभा, स्त्री०, प्रभा, प्रकाश ।

पभात, कृदन्त, स्पष्ट हुआ, चमकता हुआ; नपुं०, प्रभात, सवेरा ।

पभाव, पु०, प्रभाव, सामर्थ्य, तेजस्विता ।

पभावित, कृदन्त, प्रभावित ।

पभावेति, क्रिया, प्रभावित करता है ।

पभास, पु०, चमक, प्रकाश ।

पभासति, क्रिया, चमकता है ।
(पभासि, पभासित्वा, पभासन्त) ।

पभासेति, क्रिया, प्रकाशित कराता है ।
(पभासेसि, पभासित, पभासेन्त, पभासेत्वा) ।

पभिज्जति, क्रिया, टूटता है, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है ।
(पभिज्जि, पभिज्जमान, पभिज्जित्वा) ।

पभिज्जन, नपुं०, पृथक्-पृथक् होना, टूटना ।

पभिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ, भिन्न हुआ, टुकड़े-टुकड़े हुआ ।

पभु, (पभू भी), स्वामी, प्रभु ।

पभुति, अव्यय, प्रभृति, इत्यादि ।
(ततो-पभुति=तब से) ।

पभुत्त, नपुं०, प्रभुत्व ।

पभेद, पु०, प्रभेद, प्रकार ।

पभेदन, नपुं०, बँटवारा; वि०, विनाश करने वाला ।

पमज्जति, क्रिया, लापरवाही करता है, प्रमाद करता है, नशे में होता है, साफ कर देता है ।
(पमज्जि, पमत्त, पमज्जित्वा, पमज्ज, पमज्जिय, पमज्जितुं) ।

पमज्जना, स्त्री०, प्रमाद, विलम्ब ।

पमत्त, कृदन्त, प्रमादी, आलसी ।

पमत्त-बन्धु, पु०, प्रमादियों का मित्र, अर्थात् मार ।

पमथति, क्रिया, अधीन करता है ।
(पमत्थि, पमत्थित, पमत्थित्वा) ।

पमदा, स्त्री०, औरत ।

पमदा-वन, नपुं०, महल के समीप का उद्यान ।

पमद्दति, क्रिया, मर्दन करता है, नष्ट करता है, पराजित करता है ।
(पमद्दि, पमद्दित, पमद्दित्वा) ।

पमद्दन, नपुं०, मर्दन, जीत लेना ।

पमद्दी, पु०, मर्दन करने वाला, विजयी होने वाला ।

पमा, स्त्री०, माप ।

पमाण, नपुं०, माप ।

पमाणक, वि०, मापने वाला ।

पमाणिक, वि०, माप के अनुसार ।

पमाद, पु०, प्रमाद, लापरवाही ।

पमाद-पाठ, नपुं०, पुस्तक का सदोष पाठ ।

पमिणाति, क्रिया, मापता है, अन्दाजा लगाता है ।
(पमिणि, पमित, पमिणित्वा, पमित्वा) ।

पमुख, वि०, प्रमुख; नपुं०, (घर के) आगे का भाग ।

पमुच्चति, क्रिया, मुक्त करता है ।
(पमुच्चि, पमुत्त, पमुच्चित्वा) ।

पमुच्छति, क्रिया, मूर्छित होता है ।
(पमुच्छि, पमुच्छित, पमुच्छित्वा) ।

पमुञ्चति, क्रिया, छोड़ता है, मुक्त करता है ।
(पमुञ्चि, पमुञ्चित, पमुत्त, पमु-

ञ्चिय, पमुञ्चित्वा) ।

पमुट्ठ, कृदन्त, भूला हुआ।

पमुत्त, देखो, पमुञ्चति ।

पमुत्ति, स्त्री०, मोक्ष, मुक्ति ।

पमुदित, कृदन्त, प्रमुदित, अति प्रसन्न।

पमुय्हति, क्रिया, मोह को प्राप्त होता है, चकित होता है ।
(पमुय्हि, पमूळ्ह, पमुय्हित्वा, पमुय्ह) ।

पमुस्सति, क्रिया, भूल जाता है ।
(पमुस्सि, पमुट्ठ, पमुस्सित्वा) ।

पमूळ्ह, कृदन्त, मोह को प्राप्त हुआ ।

पमेय्य, वि०, मापा जा सके, सीमित किया जा सके ।

पमोक्ख, पु०, मोक्ष, मुक्ति ।

पमोचन, नपुं०, मुक्त करना ।

पमोचेति, क्रिया, मुक्त करता है ।
(पमोचेसि, पमोचित, पमोचेत्वा) ।

पमोद, पु०, आनन्द, प्रीति, खुशी ।

पमोदति, क्रिया, आनन्दित होता है, खुश होता है ।
(पमोदि, पमोदित, पमोदमान, पमोदित्वा) ।

पमोदना, स्त्री०, देखो पमोद ।

पमोहन, नपुं०, धोखा ।

पमोहेति, क्रिया, धोखा देता है ।
(पमोहेसि, पमोहित, पमोहेत्वा) ।

पम्पक, पु०, छिपकली जैसा प्राणी ।

पम्पटक, पु०, एक प्रकार की छिपकली ।

पम्ह, नपुं०, बरौनी ।

पय, पु० तथा नपुं०, दूध, पानी ।

पयत, कृदन्त, संयत ।

पयतन, नपुं०, प्रयत्न, कोशिश ।

पयाग, गङ्गा-जमुना के संगम पर आधुनिक इलाहाबाद ।

पयाग-तित्थ, देखो पयाग ।

पयाग-पतिट्ठान, देखो पयाग ।

पयाति, क्रिया, आगे बढ़ता है ।
(पयासि, पयात) ।

पयिरुपासति, क्रिया, संगति करता है, सेवा में रहता है ।
(पयिरुपासि, पयिरुपासित, पयिरुपासित्वा) ।

पयिरुपासना, स्त्री०, सेवा में रहना, संगति करना ।

पयुञ्जति, क्रिया, नियुक्त करता है, लगाता है ।
(पयुञ्जि, पयुत्त, पयुञ्जमान, पयुञ्जित्वा) ।

पयुत्तक, वि०, चर-पुरुष ।

पयोग, पु०, प्रयोग, साधन, क्रिया ।

पयोग-करण, नपुं०, प्रयास, प्रयत्न ।

पयोग-विपत्ति, स्त्री०, असफलता ।

पयोग-सम्पत्ति, स्त्री०, सफलता ।

पयोजक, पु०, व्यवस्थापक, निर्देशक ।

पयोजन, नपुं०, प्रयोजन, कार्य ।

पयोजेति, क्रिया, कार्य में लगाता है ।
(पयोजेसि, पयोजित, पयोजेन्त, पयोजेत्वा, पयोजिय) ।

पयोजेतु, देखो पयोजक ।

पयोधर, पु०, बादल, स्तन ।

पय्यक, पु०, प्रपितामह ।

पर, वि०, दूसरा ।

पर-कत, वि०, परकृत, दूसरे का किया हुआ ।

पर-कार, (परङ्कार भी), दूसरापन, (अहंकार का उलटा) ।

पर-जन, पु०, अपरिचित जन, बाहर

का आदमी ।

परत्थ, पु०, परोपकार; अव्यय, अन्यत्र, मरणान्तर ।

परदत्तूपजीवी, वि०, दूसरों के दान पर जीने वाला ।

पर-दार, पु०, किसी दूसरे की स्त्री ।

पर-दार-कम्म, नपुं०, पर-स्त्री-गमन ।

पर-दारिक, पु०, पर-स्त्री-गमन करने वाला ।

परनेय्य, वि०, दूसरे द्वारा ले जाया जाने वाला ।

पर-जातक, रानी ने राजा तथा पुरोहित की अनुपस्थिति में परन्तप नाम के नौकर से सहवास किया (४१६) ।

पर-पच्चय, वि०, दूसरे पर निर्भर ।

पर-पटिय, वि०, दूसरे पर आश्रित ।

पर-पुट्ठ, वि०, दूसरे द्वारा पोषित ।

पर-पेस्स, वि०, दूसरों की सेवा करने वाला ।

पर-भाग, पु०, पीछे का हिस्सा, बाहर का हिस्सा ।

पर-लोक, पु०, मरणान्तर लोक ।

पर-वम्भन, नपुं०, दूसरों को नीची नजर से देखना ।

पर-वाद, पु०, विरोधी मत ।

परवादी, पु०, विरोधी मत रखने वाला ।

पर-विसय, पु०, विदेश, दूसरे का राज्य ।

पर-सेना, स्त्री०, विरोधी सेना ।

पर-हत्थगत, वि०, शत्रु-गृहीत ।

पर-हित, पु०, दूसरों का उपकार ।

पर-हेतु, वि०, दूसरों के लिए ।

परक्कम, पु०, पराक्रम, प्रयत्न ।

परक्कमन, नपुं०, प्रयास ।

परक्कमति, क्रिया, पराक्रम करता है, साहस दिखाता है ।
(परक्कमि, परक्कन्त, परक्कमन्त, परक्कमित्वा, परक्कम्म) ।

परम, वि० श्रेष्ठतम ।

परमता, स्त्री०, श्रेष्ठत्व, पराकाष्ठा का भाव ।

परमत्थ, पु०, परमार्थ, उच्चतम आदर्श ।

परमत्थ-जोतिका, खुद्दक-पाठ, धम्मपद, सुत्तनिपात तथा जातक पर बुद्ध-घोष की अट्ठकथा ।

परमत्थ-दीपनी, उदान, इतिवुत्तक, विमानवत्थु, पेतवत्थु, थेरगाथा तथा थेरीगाथा पर धम्मपाल की अट्ठकथा ।

परमाणु, पु०, अणु (कण) का छत्तीसवाँ हिस्सा ।

परमायु, नपुं०, आयु की सीमा ।

परम्परा, स्त्री०, (वंश-)परम्परा, सिलसिला ।

परम्मुख, वि०, मुँह दूसरी ओर ।

परम्मुखा, क्रिया-विशेषण, अनुपस्थिति में ।

परसुवे, अव्यय, परसों ।

परं, क्रिया-विशेषण, बाद में, मरणान्तर ।

परंमरणा, क्रिया-विशेषण, मरने के बाद ।

परा, उपसर्ग, परिहानि व पराजय आदि अर्थों में ।

पराग, पु०, पुष्प-रेणु ।

पराजय, पु०, हार ।
पराजियति, क्रिया, पराजित होता है ।
(पराजियि, पराजियित्वा) ।
पराजेति, क्रिया, हराता है ।
(पराजेसि, पराजित, पराजेन्त, पराजित्वा) ।
पराधीन, वि०, दूसरे के अधीन ।
पराभव, पु०, अवनति, अपमान ।
पराभवति, क्रिया, अवनत होता है, पतित होता है ।
(पराभवि, पराभूत, पराभवन्त) ।
परामट्ठ, कृदन्त, छुआ हुआ ।
परामसति, क्रिया, स्पर्श करता है, पकड़े रहता है ।
(परामसि, परामसित, परामट्ठ, परामसन्त, परामसित्वा) ।
परामास, पु०, स्पर्श ।
परामसन, नपुं०, स्पर्श करना, हाथ में लेना ।
परायण (परायन भी), नपुं०, आधार, सहारा; वि०, परायण ।
परायत्त, वि०, दूसरों का (माल) ।
परि, उपसर्ग, चारों ओर से सम्पूर्ण रूप से ।
परिकड्ढति, क्रिया, खींचता है ।
परिकड्ढि, परिकड्ढित, परिकड्ढित्वा) ।
परिकड्ढन, नपुं०, खींचना ।
परिकथा, स्त्री०, व्याख्या, भूमिका ।
परिकन्तति, क्रिया, काट डालता है ।
(परिकन्ति, परिकन्तित, परिकन्तित्वा) ।
परिकप्प, पु०, इरादा ।
परिकप्पेति, क्रिया, इरादा करता है, सार निकालता है, कल्पना करता है ।
(परिकप्पेसि, परिकप्पित, परिकप्पेत्वा) ।
परिकम्म, नपुं०, व्यवस्था, तैयारी ।
परिकम्म-कत, वि०, लेप किया गया ।
परिकम्म-कारक, पु०, मरम्मत करने वाला, तैयारी करने वाला ।
परिकस्सति, क्रिया, खींचता है ।
(परिकस्सि, परिकस्सित, परिकस्सित्वा) ।
परिकिण्ण, कृदन्त, बिखरा हुआ ।
परिकित्तेति, क्रिया, व्याख्या करता है ।
(परिकित्तेसि, परिकित्तित, परिकित्तेत्वा) ।
परिकिरति, क्रिया, बिखेरता है, घेरता है ।
(परिकिरि, परिकिण्ण, परिकिरिय, परिकिरित्वा) ।
परिकिलन्त, कृदन्त, थका हुआ ।
परिकिलमति, क्रिया, थकता है ।
(परिकिलमि, परिकिलमित्वा) ।
परिकिलिट्ठ (परिक्किलिट्ठ भी), धब्बा लगा हुआ, दाग़ लगा हुआ ।
परिकिलिन्न, कृदन्त, दाग़दार, मैला ।
परिकिलिस्सति, क्रिया, धब्बा लगता है, मैला हो जाता है ।
(परिकिलिस्सित्वा, परिकिलिस्सि) ।
परिकिलिस्सन, नपुं०, गन्दगी ।
परिकुप्पति, क्रिया, उत्तेजित होता है ।
(परिकुप्पि, परिकुपित, परिकुप्पित्वा) ।
परिकोपेति, क्रिया, कुपित करता है ।
(परिकोपेसि, परिकोपित, परिकोपेत्वा) ।

परिक्कमन, नपुं०, परिक्रमा।
परिक्खक, पु०, परीक्षक, परीक्षा लेने वाला, खोज करने वाला।
परिक्खण, नपुं०, परीक्षण।
परिक्खत, कृदन्त, खोदा हुआ, जख्मी, तैयार किया हुआ।
परिक्खति, क्रिया, परीक्षा लेता है, देख भाल करता है।
(परिक्खि, परिक्खित, परिक्खित्वा)।
परिक्खय, पु०, क्षय, हानि, ह्रास।
परिक्खा, देखो, परिक्खण।
परिक्खार, नपुं०, परिष्कार, आवश्यकताएँ, वस्तुएँ।
परिक्खित्त, कृदन्त, घेरा हुआ।
परिक्खिपति, क्रिया, घेरता है।
(परिक्खिपि, परिक्खिपन्त, परिक्खित्त, परिक्खिपित्वा, परिक्खिपितब्ब)।
परिक्खिपापेति, क्रिया, घिरवाता है।
परिक्खीण, कृदन्त, क्षीण हुआ, नष्ट हुआ, समाप्त हुआ।
परिक्खेप, पु०, घेरा, परिधि।
परिक्किलेस, पु०, कठिनाई, बाधा, अपवित्रता।
परिखणति, (पळिखणति भी), क्रिया, चारों ओर खोदता है।
(परिखणित्वा, परिखत, परिखणि)।
परिखा, स्त्री०, खाई।
परिगण्हन, नपुं०, खोजबीन करना, ग्रहण करना।
परिगण्हाति, खोजबीन करता है, परीक्षा करता है, ग्रहण करता है।
(परिगण्हि, परिग्गहित, परिगण्हन्त, परिगण्हित्वा, परिगहेत्वा, परिग्गय्ह)।
परिगिलति, निगलता है।
(परिगिलि, परिगिलित, परिगिलित्वा)।
परिगूहति, क्रिया, छिपाता है।
(परिगूहि, परिगूहित, परिगूळ्ह, परिगूहित्वा, परिगूहिय)।
परिगूहना, स्त्री०, छिपाना।
परिग्गह, पु०, परिग्रह, हड़पना, सम्पत्ति।
परिग्गहित, कृदन्त, परिगृहीत।
परिचय, पु०, अभ्यास, पहचान।
परिचरण, नपुं०, देख-भाल करना, भोग भोगना।
परिचरति, क्रिया, घूमता-फिरता है, देख-भाल करता है, भोग भोगता है।
(परिचरि, परिचिण्ण, परिचारित्वा)।
परिचारक, वि०, परिचर्या करने वाला, सेवा करने वाला; पु०, नौकर, सेवक।
बलिबद्द, पु०, वृषभ, बैल ।
बलि-हरण, नपुं०, कर (टैक्स) उगाहना ।
बली, वि०, शक्तिशाली ।
बळिस, पु०, मछली पकड़ने का काँटा ।
बव्हाबाध, वि०, रोग-बहुल ।
बहल, वि०, मोटा, गहरा ।
बहलत्त, नपुं०, मोटापन, गहराई ।
बहि, अव्यय, बाह्य, बाहर ।
बहिगत, वि०, बाहर गया ।
बहि-नगर, नपुं०, नगर के बाहर या बाहर का नगर ।
बहि-निक्खमन, नपुं०, अभिनिष्क्रमण, बाहर जाना ।
बहिद्धा, अव्यय, बाहर ।
बहु, वि०, बहुत, अनेक ।
बहुक, वि०, अनेक ।
बहुकरणीय, वि०, बहुकृत्य ।
बहुकार, वि०, बहुत उपयोगी ।
बहुक्खत्तुं, वि०, अनेक बार ।
बहु-जन, पु०, अनेक जन ।
बहु-जागर, वि०, बहुत जागृत ।
बहु-धन, वि०, धनी ।
बहु-पद, वि०, अनेक पैरों वाला ।
बहु-ब्बीहि, बहुव्रीहि समास ।
बहु-भण्ड, त्रि०, बहुत सामान वाला ।
बहु-भाणी, वि०, बहुत बोलने वाला ।
बहु-भाव, पु०, विपुलता ।
बहु-मत, वि०, बहु-मान्य ।
बहु-मान, पु०, सम्मान ।
बहुमानन, नपुं०, सम्मान, गौरव ।
बहुमानित, वि०, सम्मानित ।
बहु-वचन, नपुं०, अनेक वचन ।
बहु-विध, वि०, अनेक प्रकार का ।
बहुस्सुत, वि०, बहु-श्रुत, पण्डित ।
बहुत्त, नपुं०, बहुत्व ।
बहुधा, क्रि० वि०, नाना प्रकार से ।
बहुल, वि०, विपुल ।
बहुलता, स्त्री०, विपुलता ।
बहुलत्व, नपुं०, बहुत्व ।
बहुलीकत, वि०, अभ्यस्त, प्रायः करके ।
बहुलीकरण, नपुं०, लगातार अभ्यास ।
बहुलीकम्म, नपुं०, सतत अभ्यास ।
बहुलीकार, पु०, निरन्तर अभ्यास ।
बहुलीकरोति, क्रिया, बढ़ाता है । (बहुलीकरि, बहुलीकत) ।
बहुसो, क्रि० वि०, अधिक करके, प्रायः ।
बहूपकार, वि०, बहुत उपकार करने वाला ।
बाकुची, स्त्री०, सोमराजी वृक्ष ।
बाण, पु०, बाण, तीर ।
बाणधि, पु०, तूणीर ।
बाधक, वि०, रोकने वाला ।
बाधकत्त, नपुं०, बाधकत्व ।

बाधति, क्रिया, बाधक होता है।
(बाधि, बाधित, बाधित्वा)।
बाधन, नपुं०, बाधा, रुकावट।
बाधा, स्त्री०, रुकावट।
बाधित, कृदन्त, बाधा-युक्त।
बाधेति, क्रिया, बाधा डालता है, दबाता है।
(बाधेसि, बाधेन्त, बाधेत्वा)।
बारस, वि०, बारह।
बाराणसी, स्त्री०, वाराणसी, काशी जनपद की राजधानी।
बाराणसेय्यक, वि०, वाराणसी का वासी, वाराणसी-निर्मित।
बाल, वि०, आयु में कम, अज्ञानी, अबोध; पु०, बच्चा, मूर्ख।
बालक, पु०, बच्चा।
बालता, स्त्री०, मूर्खता।
बाला, स्त्री०, लड़की।
बालिका, स्त्री०, बालिका।
बालिसिक, पु०, मछुआ।
बाल्य, नपुं०, बचपन, मूर्खता।
बावीसति, स्त्री०, बाईस।
बावेरू जातक, वाराणसी से बावेरु गये व्यापारियों की कथा (३३९)।
बाहा, स्त्री०, बाजू।
बाह-बल, नपुं०, बाहुबल।
बाहित, कृदन्त, दूर रखा, बाहर रखा।
बाहिर, वि०, बाह्य।
बाहिर, नपुं०, बाहर की ओर; वि०, बाहर वाला।
बाहिरक, वि०, दूसरे मत का।
बाहिरक-पब्बज्जा, स्त्री०, दूसरे मतों के अनुसार प्रव्रज्या।
बाहिरत्त, नपुं०, बाहिर का भाव।
बाहिय जातक, राजा ने प्रसव-वेदना के अनन्तर शिशु जनने वाली देवी को अपनी पटरानी बनाया (१०८)।
बाहु, पु०, बाजू।
बाहुज, पु०, क्षत्रिय।
बाहुजञ्ञ, वि०, सार्वजनिक।
बाहुमूल, नपुं०, बग़ल।
बाहुलिक, वि०, विपुलता में निवास करने वाला।
बाहुल्ल (बाहुल्य भी), नपुं०, प्रचुरता, कामोपभोगी जीवन।
बाहुसच्च, नपुं०, अधिक विद्वत्ता।
बाहेति, क्रिया, दूर रखता है, दूर करता है।
(बाहेसि, बाहित, बाहेत्वा)।
बाळ्ह, वि०, मजबूत।
बाळ्हं, क्रि० वि०, जोर से, अधिकता से।
बिदल, नपुं०, बाँस।
बिन्दु, नपुं० बिन्दु, बूँद।
बिन्दुमत्त, वि०, बिन्दुमात्र।
बिन्दुमत्तं, क्रि० वि०, बिन्दुमात्र।
बिन्दुसार, अशोक के पिता मगध-नरेश।
बिम्ब, नपुं०, छाया।
बिम्बा, स्त्री०, सिद्धार्थ गौतम की पत्नी बिम्बा (यशोधरा)।
बिम्बिका, बिम्बी, स्त्री०, लता-विशेष।
बिम्बिसार, मगध-नरेश बिम्बिसार।
बिम्बोहन, नपुं०, तकिया।
बिल, नपुं०, सूराख, (चूहे का) बिल।
बिलङ्ग, पु०, सिरका।
बिलङ्ग-थालिका, स्त्री०, एक प्रकार

की यन्त्रणा ।

बिलसो, क्रि० वि०, पृथक्-पृथक् देरी करके ।

बिल्ल, पु०, विल्व, बेल (फल) ।

बिळार, पु०, बिल्ला, नर बिल्ली ।

बिळार-भस्त्रा, स्त्री०, (लोहार की) भाथी ।

बिळार जातक, ढोंगी गीदड़ प्रति दिन एक-एक चूहा मारकर खा जाता था । चूहों के नेता ने गीदड़ को मार डाला । शेष चूहों ने उसका मांस खाया (१२८) ।

बिळारिकोसिय जातक, बिलारकोसिय सेठ की कथा, जिसने अपने कंजूसपन के कारण परम्परागत दानशाला नष्ट करा दी थी (४५०) ।

बिळाली, स्त्री०, बिल्ली ।

बीज, नपुं०, बीज ।

बीज-कोस, पु०, फूलों का बीज-कोष ।

बीज-गाम, पु०, बीजों का समूह ।

बीज-जात, नपुं०, बीजों के अलग-अलग विभेद ।

बीज-बीज, नपुं०, बीजों से उगाये जा सकने वाले पौधे ।

बीभच्छ, वि० वीभत्स ।

बीरण, नपुं०, बीरण घास ।

बीरण-थम्भ, पु०, बीरण घास का खम्बा।

बुज्झति, क्रिया, जानता है, समझता है, बूझता है ।

(बुज्झि, बुद्ध, बुज्झन्त, बुज्झित्वा) ।

बुज्झन, नपुं०, बूझना, ज्ञान प्राप्त करना ।

बुज्झनक, वि०, समझदार ।

बुज्झितु, पु०, जागने वाला, बूझने वाला, ज्ञानी ।

बुड्ढ, वि०, वृद्ध ।

बुड्ढतर, वि०, वृद्धतर ।

बुद्ध, सम्पूर्ण ज्ञान के प्रतीक बुद्धत्व-पद का लाभी ।

बुद्धकारक-धम्म, पु०, बुद्धत्व-प्राप्ति में सहायक चर्या ।

बुद्ध-काल, पु०, बुद्धोत्पत्ति का काल ।

बुद्ध-कोलाहल, पु०, बुद्ध के आगमन की पूर्व-सूचना ।

बुद्धक्खेत्त, नपुं०, बुद्ध की शक्ति का सीमा-क्षेत्र ।

बुद्ध-गुण, पु०, बुद्ध के गुण ।

बुद्धंकुर, पु०, जिसका बुद्ध बनना स्थिर है ।

बुद्ध-चक्खु, नपुं०, बुद्ध की अन्तर्दृष्टि ।

बुद्ध-ञाण, नपुं०, अनन्त ज्ञान ।

बुद्धन्तर, नपुं०, एक बुद्ध और दूसरे बुद्ध के बीच का काल ।

बुद्ध-पुत्त, पु०, बुद्ध-पुत्र ।

बुद्ध-बल, नपुं०, बुद्ध की शक्ति ।

बुद्ध-भाव, पु०, बुद्ध-भाव, बुद्धत्व ।

बुद्ध-भूमि, स्त्री०, बुद्ध-भूमिका ।

बुद्ध-मामक, वि०, बुद्धभक्त ।

बुद्ध-रस्मि, बुद्ध-रंसि, स्त्री०, बुद्ध के शरीर से निकलने वाली रश्मियाँ ।

बुद्ध-लीळ्हा, स्त्री०, बुद्ध-लीला ।

बुद्ध-वचन, नपुं०, बुद्ध की शिक्षा ।

बुद्ध-विसय, पु०, बुद्ध-क्षेत्र ।

बुद्ध-वेनेय्य, वि०, बुद्ध के द्वारा ही विनीत बनाया जा सकने वाला ।

बुद्ध-सासन, नपुं०, बुद्धों की शिक्षा ।

बुद्धानुभाव, पु०, बुद्धों का प्रताप ।

बुद्धानुस्सति, स्त्री०, बुद्ध का अनुस्मरण ।

बुद्धारम्मण, बुद्धालम्बन, नपुं०, बुद्ध के

गुणों का ध्यान ।

बुद्धपट्ठाक, वि०, बुद्ध सेवक ।

बुद्धुप्पाद, पु०, बुद्ध-युग ।

बुद्धघोस, त्रिपिटक का सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार अट्ठकथाचार्य ।

बुद्धघोसुप्पत्ति, इस नाम का एक ग्रन्थ ।

बुद्धत्त, नपुं०, बुद्धत्व - प्राप्ति की अवस्था ।

बुद्ध-वंस, खुद्दक निकाय का चौदहवाँ ग्रन्थ ।

बुद्धि, स्त्री०, प्रज्ञा ।

बुद्धिमन्तु, वि०, बुद्धिमान ।

बुद्धि-सम्पन्न, बुद्धिमान ।

बुध, पु०, बुद्धिमान आदमी, बुध-ग्रह, बुध(-वार) ।

बुब्बुल, बुब्बुलक, नपुं०, बुलबुला ।

बुभुक्खति, क्रिया, खाने की इच्छा करता है ।
(बुभुक्खि, बुभुक्खित) ।

बुन्द, पु०, जड़ ।

बेलुव, पु०, बिल्व-फल का पेड़ ।

बेलुव-पक्क, पका बेल ।

बेलुव-लट्ठि, स्त्री०, बेल का गाछ ।

बेलुव-सलाटुक, नपुं०, बेल का कच्चा फल ।

बोज्झङ्ग, नपुं०, बोधि-प्राप्ति के लिए आवश्यक सहायक गुण ।

बोध, पु०, बोधन; नपुं०, बुद्धत्व, ज्ञान ।
बोधनीय, बोधनेय, वि०, बुद्धत्व लाभ कर सकने वाला ।

बोधि, स्त्री०, श्रेष्ठतम ज्ञान ।

बोधि-अङ्गण, नपुं०, बोधि वृक्ष का आंगन ।

बोधि-पक्खिक, वि०, बोधिपक्षीय धर्म ।

बोधि-पादप, बोधि-रुक्ख, पु०, बोधि-वृक्ष, पीपल ।

बोधि-पूजा, स्त्री०, बोधि-वृक्ष की पूजा ।

बोधि-मण्ड, पु०, बोधि-वृक्ष के नीचे का वह स्थान जहाँ सिद्धार्थ गौतम वज्रासन लगाकर बुद्ध-प्राप्ति के लिए कृत-संकल्प होकर बैठे थे ।

बोधि-मह, पु०, बोधि वृक्ष के सम्मान में उत्सव ।

बोधि-मूल, नपुं०, बोधि-वृक्ष की जड़ ।

बोधिसत्त, बुद्धत्व-प्राप्ति के लिए कृत-संकल्प प्राणी, बुद्धत्व-प्राप्ति से पूर्व का सिद्धार्थ गौतम बुद्ध का परि-चायक नाम ।

बोधेति, क्रिया, ज्ञान प्राप्त कराता है ।
(बोधेसि, बोधित, बोधेन्त, बोधेत्वा) ।

बोधेतु, पु०, जाग्रत होने वाला, ज्ञान लाभी ।

बोन्दि, पु०, शरीर ।

ब्यग्घ, पु०, व्याघ्र ।

ब्यञ्जन, नपुं०, स्वरों के अतिरिक्त वर्णमाला के शेष अक्षर, सालन, कढ़ी, पकवान ।

ब्यापाद, पु०, क्रोध, द्वेष ।

ब्याम, पु०, ब्याम-मात्र (माप) ।

ब्यामप्पभा, स्त्री०, बुद्ध के शरीर से निकलने वाली प्रभा ।

ब्यूह, पु०, सेना की रचना-पद्धति ।

ब्रहन्त, वि०, विशाल ।

ब्रह्म, ब्रह्मा, पु०, सृष्टि-कर्ता ।

ब्रह्म-कायिक, वि०, ब्रह्माओं की मण्डली का ।

ब्रह्म-घोस, वि०, ब्रह्मा सदृश आवाज।
ब्रह्मचर्या, स्त्री०, श्रेष्ठ जीवन।
ब्रह्मचारी, मैथुन-धर्म से विरत रहने वाला।
ब्रह्मजच्च, वि०, ब्राह्मण-जन्मा।
ब्रह्मञ्ञ, ब्रह्मञ्ञता, स्त्री०, श्रेष्ठ-जीवन।
ब्रह्म-दण्ड, पु०, दण्ड विशेष, जो छन्न को दिया गया था।
ब्रह्म-देय्य, नपुं०, राजकीय भेंट।
ब्रह्मप्पत्त, वि०, श्रेष्ठतम अवस्था को प्राप्त।
ब्रह्म-वन्धु, पु०, ब्रह्म का सम्वन्धी, ब्राह्मण।
ब्रह्मसूत, वि०, सर्वश्रेष्ठ।
ब्रह्म-लोक, पु०, ब्रह्म-लोक।
ब्रह्म-विमान, नपुं०, ब्रह्मा का निवास-स्थान।
ब्रह्म-विहार, चित्त की वाञ्छनीय स्थिति; मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा का सम्मिलित नाम।
ब्रह्मदत्त जातक, तपस्वी ने राजा से विदा लेते समय केवल पत्तों का एक छाता और खड़ाऊँ की जोड़ी माँगी (३२३)।
ब्राह्मण, पु०, ब्राह्मण वर्ण का व्यक्ति।
ब्रह्म-कञ्ञा, स्त्री०, ब्राह्मण-कन्या।
ब्रह्म-वाचनक, नपुं०, ब्राह्मणों द्वारा किया जाने वाला वेद-पाठ।
ब्राह्मण-वाटक, पु०, ब्राह्मणों के एकत्र होने का स्थान।
ब्रूति, क्रिया, बोलता है।
(अब्रवि, ब्रुवन्त, ब्रुवित्वा)।
ब्रूहन, नपुं०, वृद्धि।
ब्रूहेति, क्रिया, वढ़ाता है, वृद्धि करता है।
(ब्रूहेसि, ब्रूहित, ब्रूहेन्त, ब्रूहेत्वा)।
ब्रूहेतु, पु०, वढ़ाने वाला।

भ

भक्ख, वि०, खाने योग्य; नपुं०, भोजन, खाद्य-पदार्थ।
भक्खक, पु०, खाने वाला।
भक्खति, क्रिया, खाता है।
(भक्खि, भक्खित, भक्खितुं)।
भक्खन, नपुं०, खाना।
भक्खेति, क्रिया, खाता है।
भग, नपुं०, भाग्य, योनि।
भगन्दल, भगन्दर रोग।
भगवन्तु, वि०, भाग्यवान्; पु०, भगवान् (बुद्ध)।
भगिनी, स्त्री०, बहन।
भगु, (नाम), भृगु ऋषि।
भग्ग, कृदन्त, टूटा हुआ।
भङ्ग, पु०, टूटना; नपुं०, पटुआ।
भङ्ग-खण, नपुं०, टूटने का क्षण।
भङ्गानुपस्सना, स्त्री०, वस्तुओं के विनाश के सम्वन्ध में अन्तर्दृष्टि।
भच्च, पु०, भृत्य, नौकर; वि०, पालित-पोषित।
भजति, क्रिया, संगति करता है।
(भजि, भजित, भजमान, भजित्वा, भजितब्ब)।
भजन, नपुं०, संगति।
भज्जति, क्रिया, भूँजता है।
(भज्जि, भज्जित, भज्जमान

भञ्जित्वा)।

भञ्जक, वि०, तोड़ने वाला, खराब करने वाला।

भञ्जति, क्रिया, तोड़ता है, नष्ट करता है।

(भञ्जि, भग्ग, भञ्जित, भञ्जन्त, भञ्जमान, भञ्जित्वा)।

भञ्जन, नपुं०, तोड़, विनाश।

भञ्जनक, नपुं०, तोड़ना, नष्ट करना।

भट, पु०, सैनिक, सिपाही, नौकर।

भट-सेना, स्त्री०, पैदल सेना।

भट्ठ, कृदन्त, भुना हुआ, गिरा हुआ।

भणति, क्रिया, बोलता है।

(भणि, भणित, भणन्त, भणितब्ब, भणित्वा, भणितुं)।

भणे, अव्यय, सम्बोधन-विशेष।

भण्ड, नपुं०, सामान।

भण्डक, नपुं०, सामान, चीजें।

भण्डागार, नपुं०, भण्डार, खज़ाना।

भण्डागारिक, पु०, भंडारी, खज़ानची।

भण्डति, क्रिया, झगड़ा करता है।

(भण्डेति, भण्डि, भण्डेसि, भण्डेत्वा)।

भण्डन, नपुं०, कलह, झगड़ा।

भण्डिका, स्त्री०, बण्डल, गठड़ी।

भण्डु, पु०, सिरमुँडा।

भण्डु-कम्म, नपुं०, हजामत बनाना।

भत, कृदन्त, पालित-पोषित; पु०, नौकर।

भतक, पु०, भृत्य, कुली।

भति, स्त्री०, मजदूरी।

भत्त, नपुं०, भात।

भत्त--कारक, पु०, रसोइया।

भत्त-किच्च, नपुं०, भात खाना, भोजन करना।

भत्त-किलमथ, पु०, भोजनानन्तर आलस्य।

भत्त-सम्मद, पु०, भोजनानन्तर तन्द्रा।

भत्त-गाम, पु०, भेंट या सेवा देने वाला ग्राम।

भत्तग्ग, नपुं०, भोजनालय।

भत्त-पुट, नपुं०, भात का दोना।

भत्त-विस्सग्ग, पु०, भोजन परोसना।

भत्त-वेतन, नपुं०, भोजन और तनख्वाह।

भत्त-वेला, स्त्री०, भोजन का समय।

भत्ति, स्त्री०, भक्ति।

भत्तिक, भत्तिमन्तु, त्रि०, भक्त।

भत्तु, पु०, भर्तृ, पति।

भदन्त, वि०, गौरवार्ह, पूज्य।

भद्द (भद्र भी), वि०, शुभ (मुहूर्त)।

भद्दक, नपुं०, भाग्य-सम्पन्न वस्तु; वि०, भाग्य-सम्पन्न (वस्तु)।

भद्दकच्चाना, स्त्री०, यशोधरा (राहुल माता) का एक और नाम।

भद्दकुम्भ, पु०, पानी का भरा घड़ा।

भद्द-दारु, पु०, देव-दारु की जाति का वृक्ष।

भद्द-पदा, स्त्री०, भाद्रपद नक्षत्र।

भद्द-पीठ, नपुं०, भद्रासन।

भद्द-मुख, वि०, सुन्दर मुख, शिष्ट सम्बोधन।

भद्द-युग, नपुं०, श्रेष्ठ जोड़ा।

भद्दसाल जातक, राजा के उद्यान के श्रेष्ठ भद्रशाल वृक्ष के काटे जाने की कथा (४६५)।

भद्रघट जातक, शराबी लड़के ने इन्द्र-प्रदत्त भद्र-घट भी फोड़ डाला (२९१)।
भद्दा, भद्दिका, स्त्री०, एक शिष्ट स्त्री।
भद्दिय, अङ्ग जनपद का एक नगर। भगवान बुद्ध अनेक बार वहाँ पधारे थे।
भन्त, कृदन्त, भ्रान्त, भ्रमित।
भन्तत्त, नपुं०, भ्रान्त-भाव, गड़बड़ी।
भन्ते, भदन्त का सम्बोधन-रूप।
भब्ब, वि०, भव्य, योग्य।
भब्बता, स्त्री०, भव्यता, योग्यता।
भम, पु०, घूमने वाली चीज।
भमकार, पु०, घुमाने वाला।
भमति, क्रिया, घूमता है।
(भमि, भन्त, भमन्त, भमित्वा)।
भमर, पु०, भ्रमर, भौंरा।
भमरिका, स्त्री०, लट्टू।
भमु, भमुका, स्त्री०, भौं।
भय, नपुं०, डर।
भयङ्कर, वि०, भयानक।
भय-दस्सावी, वि०, भयदर्शी।
भय-दस्सी, वि०, भयदर्शी।
भयानक, वि०, भयावह।
भर, वि०, (समास में) पोषण करने वाला।
माता-पेत्ति-भर, माता-पिता का पोषण करने वाला।
भरण, नपुं०, भरण-पोषण।
भरत कुमार, दसरथ-पुत्र। राम का सौतेला भाई। देखो दसरथ जातक (४६१)।
भरति, क्रिया, भरण-पोषण करता है।
(भरि, भत, भरित्वा)।
भरित, कृदन्त, भरा हुआ।
भरिया, स्त्री०, भार्या, पत्नी।
भरुकच्छ, भरु प्रदेश का बन्दरगाह।
भरु जातक, भरु देश के राजा ने तपस्वियों के मुकद्दमे में निर्णय दिया (२१३)।
भल्लाटक (भल्लातक भी), पु०, वृक्ष-विशेष, लोध।
भल्लाटिक जातक, भल्लाटिय नरेश के शिकार की कथा (५०४)।
भल्ली, स्त्री०, भल्लातक, भिलावा।
भव, पु०, अस्तित्व, संसार।
भवग्ग, पु०, संसार का उच्चतम शिखर।
भवङ्ग, नपुं०, अचेतन मन।
भव-चक्क, नपुं०, भव-चक्र।
भव-तण्हा, स्त्री०, भव-तृष्णा।
भव-नेत्ति, स्त्री०, भव-तृष्णा।
भवन्तग, भवन्तगू, वि०, भव के अन्त तक पहुँचा हुआ।
भव-संयोजन, नपुं०, पुनर्जन्म का बन्धन।
भवाभव, पु०, यह या वह जीवन।
भवेसना, स्त्री०, भवेषणा, भवेच्छा।
भवोघ, पु०, पुनर्जन्म रूपी बाढ़।
भवति, क्रिया, होता है।
(भवि, भूत, भवन्त, भवमान, भवितब्ब, भवित्वा, भूत्वा, भवितुं)।
भवन, नपुं०, होना, निवास-स्थान।
भस्ता, स्त्री०, धौंकनी।
भस्म, नपुं०, राख।
भस्मच्छन्न, वि०, राख से ढका हुआ।
भस्स, नपुं०, बेकार बातचीत।
भस्सारामता, स्त्री०, बेकार बातचीत में रुचि।

भस्सति, क्रिया, गिर पड़ता है।
(भस्सि, भट्ठ, भसन्त, भसमान, भसित्वा)।
भस्सर, वि०, प्रकाशमान।
भा, स्त्री०, प्रकाश की चमक।
भाकुटिक, वि०, भ्राकुटिक, भृकुटि टेढ़ी करने वाला।
भाग, पु०, हिस्सा।
भागवन्तु, वि०, हिस्से वाला, हिस्सेदार।
भागदेय्य, भागधेय्य, नपुं०, भाग्य।
भागसो, क्रि० वि०, हिस्सों के अनुसार।
भागिनेय्य, पु०, भानजा।
भागिनेय्या, स्त्री०, भानजी।
भागीय, वि०, (समास में) सम्बन्धित।
भागी, वि०, हिस्सेदार।
भागीरथी, गङ्गा नदी का एक नाम।
भाग्य, नपुं०, सौभाग्य।
भाजक, भाजेतु, बाँटने वाला।
भाजन, नपुं०, बँटवारा, बर्तन, पात्र।
भाजन-विकति, स्त्री०, नाना प्रकार के बर्तन।
भाजेति, क्रिया, बाँटता है।
(भाजेसि, भाजित, भाजेन्त, भाजेत्वा, भाजेतब्ब, भाजीयति)।
भाणक, पु०, धर्म-ग्रन्थों का पाठ करने वाला, बड़ा मटका।
भाणवार, पु०, त्रिपिटक के अनेक भागों में से एक। एक भाणवार आठ सहस्र अक्षरों से समन्वित माना जाता है।
भाणी, वि०, बोलने वाला।
भाति, क्रिया, चमकता है।
(भासि)।
भातिक, भातु, पु०, भाई।
भानु, पु०, प्रकाश, सूर्य।
भानुमन्तु, वि०, प्रकाशवान; पु०, सूर्य।
भायति, क्रिया, डरता है।
(भायि, भायन्त, भायितब्ब, भायित्वा)।
भायापेति, क्रिया, डराता है।
(भायापेसि, भायापित, भायापेत्वा)।
भार, पु०, बोझा।
भार-निक्खेपन, नपुं०, भार उतार कर रख देना।
भार-मोचन, नपुं०, भार-मुक्ति।
भार-वाही, पु०, भार ढोने वाला।
भार-हार, पु०, बोझा ढोने वाला।
भारिक, वि०, भार-युक्त।
भारिय, वि०, भारी।
भाव, पु०, स्वभाव।
भावना, स्त्री०, विकास, योगाभ्यास।
भावनानुयोग, पु०, योगाभ्यास में लगना।
भावनामय, वि०, भावनायुक्त।
भावना-विधान, नपुं०, योगाभ्यास की पद्धति।
भावनीय, वि०, अभ्यास करने योग्य, सम्माननीय।
भावित, कृदन्त, अभ्यस्त, विकसित।
भावितत्त, वि०, विशेष अभ्यासी, संयत।
भावी, वि०, होने वाला, अनिवार्य।
भावेति, क्रिया, वृद्धि करता है, अभ्यास करता है।
(भावेसि, भावित, भावेन्त, भावयमान, भावेतब्ब, भावेत्वा, भावेतुं)।

भासति, क्रिया, बोलता है, चमकता है।
(भासि, भासित, भासन्त, भासित्वा, भासितब्ब)।
भासन, नपुं०, भाषण।
भासन्तर, नपुं०, दूसरी भाषा।
भासा, स्त्री, भाषा, बोली।
भासित, नपुं०, कथन।
भासितु, भासी, पु०, बोलने वाला, कहने वाला।
भासुर, वि०, चमकदार।
भिक्खक, पु०, भिखमंगा।
भिक्खति, क्रिया, भीख माँगता है।
(भिक्खि, भिक्खन्त, भिक्खमान, भिक्खित्वा)।
भिक्खन, नपुं०, भीख माँगना।
भिक्खा, स्त्री०, भिक्षा।
भिक्खाचरिया, स्त्री०, भिक्षाटन।
भिक्खाचार, पु०, भिक्षाटन।
भिक्खाहार, पु०, भिक्षु द्वारा प्राप्त आहार।
भिक्खा-परम्पर जातक, राजा को प्राप्त भोजन क्रमशः प्रत्येक बुद्ध को प्राप्त हुआ (४९६)।
भिक्खु, पु०, बौद्ध भिक्षु।
भिक्खुणी, स्त्री०, बौद्ध भिक्षुणी।
भिक्खु-भाव, पु०, भिक्षुत्व।
भिक्खु-भेद, पु०, भिक्षु विशेष।
भिक्खु-संघ, पु०, भिक्षुओं का संघ।
भिङ्कु, पु०, हाथी का बच्चा।
भिङ्कार, पु०, पानी की झारी।
भिज्जति, क्रिया, टूट जाता है, नष्ट हो जाता है।
(भिज्जि, भिन्न, भिज्जमान, भिज्जित्वा)।
भिज्जन, नपुं०, टूटना।
भिज्जन-धम्म, वि०, टूटने के स्वभाव वाला।
भित्ति, स्त्री०, दीवार।
भित्ति-पाद, पु०, दीवार की नींव।
भिन्दति, क्रिया, तोड़ता है, फाड़ता है, पृथक्-पृथक् कर देता है।
(भिन्दि, भिन्दित, भिन्न, भिन्दन्त, भिन्दित्वा, भिन्दितुं)।
भिन्दन, नपुं०, टूटना।
भिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ।
भिन्नत्त, नपुं०, भिन्नत्व।
भिन्न-भाव, पु०, पार्थक्य।
भिन्न-नाव, वि०, टूटा जहाज।
भिन्न-पट, नपुं०, फटा वस्त्र।
भिन्न-मरियाद, वि०, सीमोल्लंघित।
भिन्न-सील, वि०, शील-भ्रष्ट।
भिय्यो, भिय्योसो, अव्यय, अत्यधिक।
भिय्योसो मत्ताय, अत्यधिक, अपनी योग्यता से अधिक।
भिस, नपुं०, कमल-नालिका।
भिस-पुप्फ, नपुं०, कमल-पुष्प।
भिस-मुळाल, नपुं०, कमल मृणाल।
भिस जातक, पिता के मरने पर सभी भाई तथा उनकी बहिन हिमालयाभिमुख हुए (४८८)।
भिसक्क, पु०, भिषक्, चिकित्सक।
भिसपुप्फ, जातक, देवी ने बोधिसत्व को फूल की गन्ध मात्र सूंघने के लिए गन्ध-चोर कहा (३९२)।
भिसि, स्त्री०, गद्दा।
भिंसन, भिंसनक, वि०, भयानक।
भीत, कृदन्त, डरा हुआ।

भीति, स्त्री०, भय ।
भीम, भीसन, वि०, भयानक ।
भीमसेन जातक, भीमसेन का उपयोग कर बौने धनुषधारी ने यश प्राप्त किया (८०) ।
भीयो, वि०, बहुत ।
भीरु, भीरुक, वि०, डरपोक ।
भीरुत्ताण, नपुं०, डरपोक का संरक्षण ।
भुक्करण, नपुं, (कुत्ते का) भौंकना ।
भुंकार, भुक्कार पु०, (कुत्ते का) भौंकना ।
भुंकरोति, क्रिया, भौंकता है ।
(भुंकरि, भुंकत, भुंकरोन्त, भुंकत्वा, भुंकरित्वा) ।
भुज, पु०, हाथ; वि०, मुड़ा हुआ ।
भुज-पत्त, पु०, भोज-पत्र ।
भुजग, भुजङ्ग, भुजङ्गम, पु०, साँप ।
भुजिस्स, पु० स्वतन्त्र आदमी ।
भुञ्जक, पु०, खाने वाला या भोगने वाला ।
भुञ्जति, क्रिया, खाता है, भोगता है ।
(भुञ्जि, भुत्त, भुञ्जन्त, भुञ्जमान, भुञ्जितब्ब, भुञ्जित्वा, भुञ्जिय, भुत्वा, भुञ्जितुं, भोत्तुं) ।
भुञ्जन, नपुं०, खाना ।
भुञ्जन-काल, पु०, भोजन का समय ।
भुत्त, कृदन्त, खाया हुआ, भोगा हुआ ।
भुत्तावी, वि०, खाने वाला ।
भुम्म, वि०, तल्लों वाला (मकान) ।
भुम्मट्ठ, वि०, भूमि-स्थित ।
भुम्मत्थरण, नपुं०, दरी, बिछावन ।
भुम्मन्तर, नपुं०, भिन्न भूमियाँ ।
भुवन, नपुं०, संसार ।
भुस, नपुं०, भूसा; वि०, बहुत, अधिक ।
भुसं, क्रि० वि०, अधिकांश रूप से ।
भुसति, क्रिया, भौंकता है ।
(भुस्सि, भुस्सन्त, भुस्समान, भुस्सितब्ब) ।
भुसत्थ, पु०, आधिक्य का अर्थ ।
भू, स्त्री, पृथ्वी ।
भूत, कृदन्त, हुआ, उत्पन्न हुआ; पुं० तथा नपुं०, (महा-)भूत, भूत(-प्रेत), प्राणी, भूतार्थ (यथार्थ) ।
भूत-काय, पु०, महाभूतों से उत्पन्न शरीर ।
भूत-गाम, पु०, वनस्पति ।
भूत-गाह, पु०, भूत-प्रेत द्वारा ग्रसित ।
भूत-वादी, वि०, सत्यवादी ।
भूत-वेज्ज, पु०, भूत-प्रेत उतारने वाला, ओझा ।
भूतत्त, नपुं०, होने का भाव ।
भूतिक, वि०, भौतिक ।
भू-तिण, नपुं०, भू-तृण ।
भू-धर, पु०, पहाड़ ।
भू-नाथ, पु०, राजा ।
भू-भुज, पु०, भूपति ।
भूमक, वि०, तल्लों वाला (मकान) ।
भूमि, स्त्री०, पृथ्वी ।
भूमि-कम्पा, स्त्री०, भू-कम्प ।
भूमि-गत, वि०, पृथ्वी-स्थित ।
भूमि-तल, नपुं०, पृथ्वी-तल ।
भूमिप्पदेस, भूमि-भाग, पु०, जमीन का टुकड़ा ।
भूरि, स्त्री०, प्रज्ञा; वि०, विपुल ।
भूरिदत्त जातक, तपस्वी के नाग-कन्या द्वारा लुभाये जाने की कथा (५४३) ।
भूरि-पञ्ञ, वि०, बहुत प्रज्ञा वाला ।

भूरिपञ्ह जातक, महाउम्मग्ग जातक का एक अंश (४५२)।
भूरि-मेध, वि०, बहुत मेधा वाला।
भूसन, नपुं०, भूषण।
भूसा, स्त्री०, सजावट।
भूसापेति, क्रिया, सजवाता है।
(भूसापेसि, भूसापित, भूसापेत्वा)।
भूसेति, क्रिया, सजाता है।
(भूसेसि, भूसित, भूसेन्त, भूसेत्वा)।
भेक, पु०, मेंढक।
भेज्ज, वि०, भुरभुरा, जो टूट सके; नपुं०, टूटना या काटना।
भेण्डिवाल, पु०, अस्त्र-विशेष।
भेण्डुक, खेलने की गेंद।
भेत्तु, पु०, तोड़ने वाला।
भेद, पु०, मेल का अभाव, अनेकता।
भेदक, वि०, एकता नष्ट करने वाला।
भेदकर, वि०, भेद पैदा करने वाला।
भेदन, नपुं० टूटना।
भेदनक, वि०, तोड़ डालने योग्य, फूटने योग्य।
भेदन-धम्म, वि०, टूटने के स्वभाव वाला।
भेदित, कृदन्त, टूटा हुआ।
भेदेति, क्रिया, तोड़ता है।
(भेदित, भेदेत्वा)।
भेरण्ड, पु०, गीदड़।
भेरण्डक, नपुं०, गीदड़ की आवाज।
भेरव, वि०, भयानक।
भेरि, स्त्री०, ढोल।
भेरि-चारण, नपुं०, ढोल बजाकर मुनादी कराना।
भेरि-तल, नपुं०, ढोल का तल्ला।
भेरि-वादक, पु०, ढोल बजाने वाला।
भेरि-वादन, नपुं०, ढोल का बजाना।
भेरि-सद्द, पु०, ढोल की आवाज।
भेरिवाद-जातक, लड़के ने पिता का कहना न मान ढोल को बार-बार बजाया। डाकुओं ने आकर पिता-पुत्र को लूट लिया (५९)।
भेसज्ज, नपुं०, दवाई।
भेसज्ज-कपाल, नपुं०, दवाई का वर्तन।
भो, अव्यय, सम्बोधन-विशेष।
भोग, पु०, धन, सम्पत्ति।
भोगक्खन्ध, पु०, धन का ढेर।
भोग-गाम, पु०, करदाता गाँव।
भोग-मद, पु०, धन का अभिमान।
भोगवन्तु, वि०, धनी।
भोगी, पु०, सर्प, धनी आदमी; वि० (समास में) भोग भोगने वाला।
भोग्ग, वि०, भोग्य।
भोजक, पु०, खिलाने वाला, कर उगाहने वाला।
गाम-भोजक, पु०, गाँव का मुखिया।
भोजन, नपुं०, खाद्य-सामग्री।
भोजनिय, वि०, खाने योग्य, नरम खाद्य-सामग्री।
भोजाजानीय जातक, श्रेष्ठ घोड़े की कथा, जिसने जख्मी होने पर भी शत्रु पर आक्रमण किया (२३)।
भोजापेति, खिलाता है।
(भोजापेसि, भोजापित, भोजापेत्वा)।
भोजी, वि०, भोजन करने वाला।
भोजेति, क्रिया, खिलाता है।
(भोजेसि, भोजित, भोजेत्वा, भोजेन्त, भोजेतुं)।

भोज्ज, नपुं०, खाने योग्य वस्तु ।
भोति, सम्बोधन, भवति ।
भोत्तब्ब, देखो भोज्ज ।
भोत्तुं, खाने के लिए ।
भोवादी, पु०, ब्राह्मण ।

म

मंस, नपुं०, मांस, गोश्त ।
मंस-चक्खु, नपुं०, दिव्य चक्षु आदि से भिन्न भौतिक आँखें ।
मंस जातक, शिकारी से मांस माँगने की कथा (३१५) ।
मंस-पुञ्ज, पु०, मांस का ढेर ।
मंस-पेसि, स्त्री०, मांस-पेशी ।
मकचि, पु०, धनुप की डोरी का पटुआ ।
मकचि-वाक, नपुं०, पटुए का छिलका ।
मकचि-वत्थ, नपुं०, पटुए का बुना वस्त्र ।
मकर, पु०, मगरमच्छ ।
मकर-दन्तक, नपुं०, मगरमच्छ के दाँतों के समान ।
मकरन्द, पु०, पुष्प-रेणु ।
मकस, पु०, मच्छर ।
मकस-वारण, नपुं०, मसहरी ।
मकस जातक, बेटे ने बाप के सिर पर बैठा मच्छर हटाने जाकर कुल्हाड़ी से उसका सिर चीर डाला (४४) ।
मकुट, पुं० तथा नपुं०, मुकुट, ताज ।
मकुल, नपुं०, फूल की कली ।
मक्कट, पु०, बंदर ।
मक्कटक, पु०, मकड़ी ।
मक्कटक-सुत्त, नपुं०, मकड़ी का जाल ।
मक्कट जातक, बन्दर ने तपस्वी का वल्कल-चीर धारण कर कुटी में रहने वाले एक तपस्वी की कुटी में प्रवेश करना चाहा। उसे सफलता नहीं मिली (१७३) ।
मक्कटी, स्त्री०, बंदरी ।
मक्ख, पु०, दूसरे के गुण का मूल्य घटाना ।
मक्खण, नपुं०, (तेल) माखना ।
मक्खली-गोसाल, बुद्ध के समकालीन छह भिन्न मतावलम्बी आचार्यों में से एक ।
मक्खिका, स्त्री०, मक्खी ।
मक्खित, कृदन्त, माखा हुआ ।
मक्खी, पु०, दूसरे के गुणों का मूल्य घटाने वाला ।
मक्खेति, क्रिया, माखता है, चुपड़ता है ।
(मक्खेसि, मक्खित, मक्खेत्वा) ।
मखादेव जातक, राजा ने सिर में उगे सफेद बाल को 'देव-दूत' समझा, प्रव्रज्या ग्रहण की (९) ।
मग, पु०, चौपाया ।
मगसिर, मार्गशीर्ष, नक्षत्र-विशेष ।
मगध, कोसल, वंस, अवन्ति के समान ही भगवान् बुद्ध के समय का एक प्रधान राज्य ।
मग्ग, पु०, रास्ता, सड़क, पथ ।
मग्ग-किलन्त, वि०, चलने से थका हुआ ।
मग्ग-कुसल, वि०, रास्ते का जानकार ।
मग्गक्खायी, वि०, रास्ता बताने वाला ।

मग्गङ्ग, नपुं०, सम्यक् दृष्टि आदि आर्य-मार्ग के आठ अङ्ग ।

मग्ग-ञाण, नपुं०, मार्ग के बारे में ज्ञान ।

मग्गञ्जू, मग्गविद्दू, वि०, मार्ग का जानकार ।

मग्गट्ठ, वि०, मार्ग-स्थित ।

मग्ग-दूसी, पु०, मुसाफिरों को लूटने वाला डाकू ।

मग्ग-देसक, वि०, मार्ग-दर्शक ।

मग्ग-पटिपन्न, वि०, यात्री, मार्गारूढ ।

मग्ग-भावना, स्त्री, आर्य-मार्ग का अभ्यास ।

मग्ग-मूळ्ह, वि०, मार्ग-भ्रष्ट, रास्ता-भूला ।

मग्ग-सच्च, नपुं०, आर्य-मार्ग नामक सत्य ।

मग्गति, क्रिया, खोजता है, पता लगाता है ।
(मग्गि, मग्गित, मग्गित्वा)।

मग्गन, नपुं०, खोज, तलाश ।

मग्गना, स्त्री०, खोज, तलाश ।

मग्गिक, पु०, मार्गारूढ ।

मग्गित, कृदन्त, खोजता हुआ ।

मग्गुर, पु०, एक प्रकार की मछली ।

मग्गेति, क्रिया, देखो मग्गति ।

मघवन्तु, पु०, शक्र (इन्द्र) का एक और नाम ।

मघा, स्त्री०, मघा नक्षत्र ।

मङ्कु, वि०, उत्साहहीन ।

मङ्कु-भाव, पु०, नैतिक दौर्बल्य, उत्साह-मन्दता ।

मङ्कु-भूत, वि०, मन्दोत्साह ।

मङ्गल, वि०, शुभ मुहूर्त ।

मङ्गल-किच्च, नपुं०, मङ्गल-कृत्य, उत्सव ।

मङ्गल-कोलाहल, पु०, शुभ-मुहूर्त आदि को लेकर झगड़ा ।

मङ्गल-दिवस, पु०, उत्सव का दिन, शादी का दिन ।

मङ्गल-अस्स, पु०, राजकीय अश्व ।

मङ्गल-सिन्धव, पु०, राजकीय घोड़ा ।

मङ्गल-पोक्खरणी, स्त्री०, मङ्गल-पुष्करणी ।

मङ्गल-सिलापट्ट, नपुं०, राज्यासन ।

मङ्गल-सुपिन, नपुं०, अच्छा स्वप्न ।

मङ्गल-हत्थी, पु०, राजकीय हाथी ।

मङ्गल-जातक, चूहे द्वारा काट डाले गये कपड़ों को घर में रखना अशुभ समझ ब्राह्मण ने उन्हें श्मशान-भूमि में फिंकवाना चाहा (८७) ।

मङ्गुर, पु०, नदी की मछली-विशेष; वि०, पीत-वर्णी ।

मच्च, पु०, आदमी, मनुष्य ।

मच्चु, पु०, मृत्यु, मौत ।

मच्चुतर, वि०, मृत्युजयी ।

मच्चु-धेय्य, नपुं०, मृत्यु-क्षेत्र ।

मच्चु-परायण, वि०, मरणाधीन ।

मच्चु-पास, पु०, मृत्यु-पाश ।

मच्चु-मुख, नपुं०, मृत्यु-मुख ।

मच्चु-राज, पु०, मृत्यु-राज ।

मच्चु-वस, मृत्यु की सामर्थ्य ।

मच्चु-हायी, वि०, मृत्यु को जीतने वाला ।

मच्छ, पु०, मछली ।

मच्छण्ड, नपुं०, मछली का अण्डा ।

मच्छण्डि, स्त्री०, गुड़, शक्कर आदि की तरह गन्ने की विकृति ।

मच्छ-मंस, नपुं०, मत्स्य और मांस।
मच्छ-बन्ध, पु०, मछुवा।
मच्छ-जातक, मछली की सत्य-क्रिया से वर्षा हुई (७५)।
मच्छ-जातक, कथा उक्त कथा से मिलती-जुलती है (२१६)।
मच्छर, चरिया, नपुं०, मात्सर्य।
मच्छरचारी, पु०, कंजूस।
मच्छरायति, क्रिया, कंजूसी करता है।
मच्छरिय, नपुं०, मात्सर्य, कंजूसपन।
मच्छा, सोलह जनपदों में से एक जनपद मत्स्य के वासी।
मच्छिक, पु०, मछलीमार।
मच्छी, स्त्री०, मछली।
मच्छुद्दान जातक, मछली के पेट में से रुपयों की थैली वापिस मिली (२८८)।
मच्छेर, देखो मच्छरिय।
मज्ज, नपुं०, मद्य।
मज्जन, नपुं०, नशा।
मज्जप, वि०, मद्यप, शराबी।
मज्जपान, नपुं०, शराब पीना।
मज्जपायी, देखो मज्जप।
मज्ज-विक्कयी, पु०, मद्य-विक्रेता।
मज्जति, क्रिया, माँजता है, साफ करता है, पालिश करता है। (मज्जि, मत्त, मट्ठ, मज्जित, मज्जन्त मज्जित्वा)।
मज्जना, स्त्री०, माँजना।
मज्जार, पु०, मार्जार, बिल्ला।
मज्जारी, स्त्री०, मार्जारी, बिल्ली।
मज्झ, पु०, मध्य-भाग; वि०, बीच का।
मज्झट्ठ, मज्झत्त, वि०, मध्यस्थ, पक्षपात रहित।
मज्झण्ह, पु०, मध्याह्न।
मज्झत्तता, स्त्री०, मध्यस्थता।
मज्झ-देस, पु०, मध्य-देश।
मज्झन्तिक समय, पु०, मध्याह्न, दोपहर।
मज्झन्तिक (थेर), अशोक-पुत्र महेन्द्र स्थविर को उपसम्पदा देने वाले महास्थविर। बाद में वे धर्म-प्रचारार्थ काश्मीर-गन्धार की ओर गये।
मज्झिम, वि०, मध्यम, केन्द्रीय।
मज्झिम पुरिस, पु०, मध्याकार का आदमी, मध्यम पुरुष।
मज्झिम-याम, पु०, अर्धरात्रि।
मज्झिम-वय, पु०, प्रौढ़।
मज्झिम-निकाय, सुत्त पिटक के पाँच निकायों में से मध्यमाकार के सूत्रों का संग्रह।
मज्झिम-देस, मध्य मण्डल, जिसकी पूर्वी-सीमा वर्तमान कंकजोल मानी जा सकती है, जिसके मध्य में वर्तमान सिलई नदी थी, जिसके दक्षिण भाग में हजारी बाग जिले का सेतकण्णिक नाम का कोई कस्बा रहा, जिसकी पश्चिमी सीमा हरियाणा प्रदेश के कर्नाल जिले का थानेसर नाम का कस्बा था और जिसकी उत्तरी सीमा उशीरध्वज नाम का हिमालय का कोई पर्वत-भाग रही।
मञ्च, पु०, चारपाई।
मञ्चक, पु०, छोटी चारपाई।
मञ्च-परायण, वि०, चारपाई पर पड़ा।
मञ्च-पीठ, नपुं०, चारपाई तथा कुर्सी आदि।

मञ्च-वान, नपुं०, चारपाई का बुनना।
मञ्जरी, स्त्री०, गुच्छा।
मञ्जिट्ठ, मञ्जेट्ठ, वि०, मजीठिया रंग।
मञ्जिट्ठा, स्त्री०, वृक्ष-विशेष।
मञ्जिर, नपुं०, पाँव के आभरण।
मञ्जु, वि०, आकर्षक, प्रियकर।
मञ्ज-भाणक, वि०, प्रियंवद।
मञ्जुस्सर, वि०, प्रियभाणी।
मञ्जूसक, पु०, देवताओं का वृक्ष।
मञ्जूसा, स्त्री०, पेटी।
मञ्जेट्ठी, स्त्री०, मजीठ (लता)।
मञ्ञति, क्रिया, कल्पना करता है, संकल्प करता है, विचार करता है। (मञ्ञि, मञ्ञित, मञ्ञमान, मञ्ञित्वा)।
मञ्ञना, स्त्री०, मान्यता, कल्पना।
मञ्ञित, नपुं०; मान्यता, कल्पना।
मञ्ञे, अव्यय, मैं कल्पना करता हूँ।
मट्ठ, मट्ठ, वि०, चिकना, घिसा हुआ, पालिश किया हुआ।
मट्ट-साटक, नपुं०, चिकना वस्त्र।
मट्ठकुण्डलि जातक, ब्राह्मण के पुत्र-शोक से मुक्त होने की कथा (४४९)।
मणि, पु०, मणि, जवाहिर।
मणि-कुण्डल, नपुं०, मणियों की बाली।
मणिक्खन्ध, पु०, वड़ी भारी मूल्यवान मणि।
मणि-पल्लङ्क, पु०, मणि-जड़ा सिंहासन।
मणि-वन्ध, पु०, कलाई।
मणि-मय, पु०, मणि-निर्मित।
मणि-रतन, नपुं०, मूल्यवान मणि।
मणि-वण्ण, वि०, मणि के रंग का।
मणि-सप्प, पु०, मणि वाला सर्प।
मणिक, पु०, वड़ा वर्तन।
मणिकण्ठ जातक, मणिकण्ठ नाम के सर्प से उसकी मणि माँगने पर सर्प ने तपस्वी को हैरान करना छोड़ दिया (२५३)।
मणि-कुण्डल जातक, राजा ने अपना रनिवास दूषित करने वाले मन्त्री को देश से निकाल वाहर किया (३५१)।
मणिचोर जातक, राजा ने अपनी मणि गृहस्थ की गाड़ी में छिपा, उसे चोर घोषित करा, उसकी सुन्दर पत्नी को हथियाना चाहा (१९४)।
मणिसूकर जातक, सूअरों ने मणि को जितना ही रगड़ा, उतनी ही वह अधिकाधिक चमकी (२८५)।
मण्ड, पु०, माँड; वि०, अति स्पष्ट।
मण्डन, नपुं०, सजावट।
मण्डन-जातिक, वि०, सजावट-प्रिय।
मण्डप, पु०, मण्डप।
मण्डल, नपुं०, घेरा, गोल-वेदिका।
मण्डल-माल, पु०, गोलाकार मण्डप।
मण्डलिक, वि०, प्रदेश (मण्डल) से सम्वन्धित।
मण्डलिस्सर, पु०, मण्डल का शासक।
मण्डली, वि०, मण्डल वाला।
मण्डित, कृदन्त, सुसज्जित।
मण्डूक, पु०, मेंढक।
मण्डेति, क्रिया, सजाता है। (मण्डेसि, मण्डित, मण्डेत्वा)।
मत, कृदन्त, मृत।
मत-किच्च, नपुं०, मृत व्यक्ति के

सम्वन्ध में करणीय।
मतक, पु०, मृतक, मरा हुआ।
मतक-भत्त, नपुं०, मृत व्यक्ति के सम्बन्धियों द्वारा दिया जाने वाला दान। श्राद्ध।
मतक-वत्थ, नपुं०, मृत व्यक्ति के सम्बन्धियों द्वारा दान दिया गया वस्त्र।
मतकभत्त जातक, श्राद्ध करने के इच्छुक ब्राह्मण ने बकरी की बलि देने से पूर्व अपने शिष्यों से कहा कि उसे नहला लाओ (१८)।
मतरोदन जातक, भाई तथा पिता के मरने पर भी अनित्यता का स्मरण कर 'वोधिसत्व' ने एक भी आँसू नहीं गिराया (३१७)।
मति, स्त्री०, प्रज्ञा, विचार।
मतिमन्तु, वि०, बुद्धिमान्।
मति-विप्पहीन, वि०, मूर्ख।
मत्त, कृदन्त, नशे में चूर; (समास में) मात्रा।
मत्त-हत्थी, पु०, नशे में चूर हाथी।
मत्तञ्ञू, वि०, मात्रज्ञ, मात्रा का जानकार।
मत्तञ्ञुता, स्त्री०, मात्रज्ञ होना।
मत्ता, स्त्री०, मात्रा।
मत्तासुख, नपुं०, सीमित सुख।
मत्तिका, स्त्री०, मिट्टी।
मत्तिका-पिण्ड, पु०, मिट्टी का पिण्ड।
मत्तिका-भाजन, नपुं०, मिट्टी का बर्तन।
मत्तिघ, पु०, मातृहंता।
मत्तेय्य, वि०, माता की सेवा करने वाला।
मत्तेय्यता, स्त्री०, मातृ-भक्ति।
मत्थक, पु०, मस्तक, शिखर, दूरी पर।
मत्थ-लुङ्ग, नपुं०, दिमाग।
मत्थु, नपुं०, दही से पृथक् मथा हुआ जल।
मथति, क्रिया, मथता है। (मथि, मथित, मथित्वा)।
मथन, नपुं०, मथना।
मद, पु०, अहंकार।
मदन, पु०, कामदेव; नपुं०, नशा।
मदनीय, वि०, नशीला।
मदिरा, स्त्री०, सुरा, धान्य-निर्मित शराब।
मद्द, देश विशेष, मद्र।
मद्दति, क्रिया, दवाता है, निचोड़ता है, रौंदता है। (मद्दि, मद्दित, मद्दन्त, मद्दित्वा, मद्दिय)।
मद्दन, नपुं०, मर्दन करना, रौंदना।
मद्दल, पु०, वाद्य-यंत्र विशेष।
मद्दव, नपुं०, मार्दव, कोमलता; वि०, कोमल।
मद्दित, कृदन्त, मर्दन किया गया, रौंदा गया।
मधु, नपुं०, शहद, सुरा।
मधुक, पु०, वह वृक्ष जिससे मधु तैयार होती है।
मधुकर, पु०, शहद की मक्खी।
मधु-गन्ध, पु०, शहद का छत्ता।
मधु-पटल, पु०, शहद का छत्ता।
मधुप, पु०, भ्रमर।
मधु-पिण्डिका, स्त्री०, शहद-पिण्ड।
मधुब्बत, पु०, शहद की मक्खी।
मधु-मक्खित, वि०, शहद से माखा हुआ।

मधु-मेह, पु०, मधु-मेह, बहुमूत्र रोग।
मधु-लट्ठिका, स्त्री०, मुलहठी।
मधु-लाज, पु०, शहद-मिश्रित खील।
मधु-लीह, पु०, मक्खी।
मधुस्सव, वि०, शहद से चूता हुआ।
मधुका, स्त्री०, मुलहटी, औषधि-विशेष।
मधुर, वि०, मीठा; नपुं०, मीठी चीज।
मधुरत्त, नपुं०, मधुरता।
मधुरस्सर, पुं० मधुर स्वर; वि०, मधुर-भाषी।
मधुरा, यमुना-तट पर स्थित सूरसेन जनपद की राजधानी, दक्षिण भारत का प्रसिद्ध मदुरा नगर।
मध्वासव, पु०, सुरा।
मन, पु० तथा नपुं, चित्त, विज्ञान।
मनक्कार, मनसिकार, पु०, मनो-संकल्प।
मनता, स्त्री०, मनोभाव, [अत्त-मनता, स्त्री०, आनन्दपूर्ण मनोभाव]।
मनन, नपुं०, विचार करना।
मनसिकरोति, क्रिया, मन में रखता है।
(मनसिकरि, मनसिकृत, मनसिकरोन्त, मनसिकत्वा, मनसिकातब्ब)।
मनं, अव्यय, लगभग।
मनाप, मनापिक, वि०, मनोनुकूल आकर्षक।
मनुज, पु०, मनुष्य।
मनुजाधिप, पु०, राजा।
मनुजिन्द, पु०, नरेन्द्र, राजा।
मनुञ्ञ, वि०, मनोज्ञ, सुन्दर।
मनुस्स, पु०, मनुष्य।
मनुस्सत्त, नपुं०, मनुष्यत्व।
मनुस्स-भाव, पुं०, मनुष्य-भाव।
मनुस्स-भूत, वि०, जो आदमी होकर उत्पन्न हुआ।
मनुस्स-लोक, पु०, मनुष्य-लोक।
मनेसिका, स्त्री०, दूसरे के विचार की जानकारी।
मनो, (समास में) मन।
मनोकम्म, नपुं०, मानसिक कर्म।
मनोजव, वि०, मन के समान तीव्र गति।
मनोदुच्चरित, नपुं०, मानसिक दुष्कर्म।
मनोद्वार, नपुं०, मन रूपी द्वार (इन्द्रिय)।
मनोधातु, स्त्री०, चित्त।
मनोपदोस, पु०, द्वेष।
मनोपसाद, पु०, भक्ति।
मनोपुब्बङ्गम, वि०, जिसका पूर्वगामी मन हो।
मनोमय, वि०, मन से उत्पन्न।
मनोरथ, पु०, इच्छा, संकल्प।
मनोरम, वि०, आनन्ददायक।
मनोविञ्ञाण, नपुं०, मनोविज्ञान।
मनोविञ्ञेय्य, वि०, मन के द्वारा जानने योग्य।
मनोवितक्क, पु०, विचार।
मनोहर, वि०, सुन्दर, आकर्षक।
मनोज जातक, मनोज ने राजकीय अश्वों पर आक्रमण किया। राजा के धनुर्धारियों द्वारा मारा गया (३९७)।
मनोसिला, स्त्री०, संखिया।
मन्त, नपुं०, मन्त्र।
मन्तज्झायक, वि०, मन्त्रों का अध्ययन करने वाला।
मन्तन, नपुं०, मन्त्रणा, विचार-विमर्श।

मन्तना, स्त्री०, मन्त्रणा, विचार-विमर्श करना ।
मन्ता, स्त्री०, प्रज्ञा ।
मन्ती, पु०, मन्त्री ।
मन्तिणी, स्त्री०, मत्रिणी ।
मन्तु, पु०, कल्पना करने वाला ।
मन्तेति, क्रिया, मन्त्रणा करता है, विचार-विमर्श करता है ।
(मन्तेसि, मन्तित, मन्तेन्त, मन्तयमान, मन्तेत्वा, मन्तेतुं) ।
मन्थ, पु०, मथानी, च्युड़ा ।
मन्थर, पु०, कछुवा ।
मन्द, वि०, मन्द(-बुद्धि), आलसी ।
मन्दता, स्त्री०, मन्द-भाव, मूर्खता ।
मन्दत्त, नपुं०, मन्द भाव, जड़ता ।
मन्दं, मन्दमन्दं, क्रि० वि०, धीरे-धीरे ।
मन्दाकिनी, स्त्री०, झील तथा नदी का नाम ।
मन्दामुखी, स्त्री०, अँगीठी ।
मन्दार, पु०, पर्वत-विशेष ।
मन्दिय, नपुं०, मूर्खता, आलस्य ।
मन्दिर, नपुं०, भवन, महल ।
मन्धातु जातक, मान्धाता नरेश की कथा (२५८) ।
ममङ्कार, पु०, ममत्व ।
ममायना, स्त्री०, स्वार्थपरता, आसक्ति ।
ममायति, क्रिया, आसक्त होता है ।
(ममायि, ममायित, ममायन्त, ममायित्वा) ।
मम्म, मम्मट्ठान, नपुं०, मर्म-स्थान ।
मम्मच्छेदक, वि०, मर्म-स्थान को चोट पहुँचाने वाला ।
मम्मन, वि०, हकलाने वाला ।
मयं, सर्वनाम, हम ।
मय्हक जातक—भाई ने भतीजे को नदी में डुबाकर मार डाला (३९०) ।
मयूख, पु०, प्रकाश की किरण ।
मयूर, पु०, मोर ।
मरण, नपुं०, मृत्यु, मौत ।
मरण-काल, पु०, मरने का समय ।
मरण-चेतना, स्त्री०, मार डालने का इरादा ।
मरण-धम्म, वि०, मरण-स्वभाव ।
मरणन्त, वि०, जीवन जिसका अन्त मृत्यु हो ।
मरण परियोसान, देखो मरणन्त ।
मरण-भय, नपुं०, मृत्यु-भय ।
मरण-मञ्चक, पु०, जिस चारपाई पर किसी की मृत्यु हुई हो या होने वाली हो ।
मरण-मुख, नपुं०, मृत्यु का मुँह ।
मरण-लिङ्ग, नपुं०, मृत्यु के चिह्न ।
मरण-सति, स्त्री०, मरणानुस्मृति, मृत्यु का स्मरण ।
मरण-समय, पु०, मृत्यु का समय ।
मरति, क्रिया, मरता है ।
(मरि, मत, मरन्त, मरमान, मरितब्ब, मरित्वा, मरितुं) ।
मरिच, नपुं०, मिर्च ।
मरियादा, स्त्री०, सीमा, नियम ।
मरीचि, स्त्री०, प्रकाश-किरण ।
मरीचिका, स्त्री०, मृगतृष्णा ।
मरीचि-धम्म, वि०, मृगतृष्णा सदृश ।
मरु, स्त्री०, कान्तार; पु०, देवता ।
मरुम्ब, नपुं०, बिलौर ।
मल, नपुं०, मैल, मैला ।
मल-तर, वि०, अधिक मैला ।

मलय, पु०, मलय पर्वत ।
मलयज, पु०, चन्दन ।
मलिन, वि०, धब्बेदार, मैला ।
मल्ल, पु०, पहलवान, मल्ल जाति से सम्बन्धित ।
मल्ल-युद्ध, नपुं०, कुश्ती ।
मल्लक, पु०, बर्तन, थैला ।
मल्लिका, स्त्री०, चमेली ।
मसारगल्ल, नपुं०, बहुमूल्य पत्थर-विशेष ।
मसि, पु०, कालिख ।
मस्सु, नपुं०, दाढ़ी ।
मस्सुक, वि०, दाढ़ी वाला ।
मस्सु-कम्म, नपुं०, हजामत ।
मस्सु-करण, नपुं०, हजामत बनाना ।
मह, पु०, धार्मिक उत्सव ।
महग्गत, वि०, बहुत ऊँचा ।
महग्घ, वि०, अत्यन्त मूल्यवान् ।
महग्घता, स्त्री०, कीमतीपन ।
महग्घस, वि०, बहुत खाने वाला, भुक्खड़ ।
महण्णव, पु०, विशाल समुद्र ।
महति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है ।
(महि, महित, महित्वा) ।
महत्त, नपुं०, महत्त्व ।
महद्धन, वि०, अत्यन्त धनवान् ।
महनीय, वि०, आदरणीय ।
महन्त, वि०, महान्, बड़ा ।
(महन्तर, महन्तता, महन्त-भाव) ।
महप्फल, वि०, महान् फल वाला ।
महब्बल, वि०, महान् बलशाली; नपुं०, बड़ी भारी सेना ।
महब्भय, नपुं०, महान् भय ।
महल्लक, वि०, बूढ़ा; पु०, बूढ़ा आदमी ।
महल्लकतर, वि०, वृद्धतर ।
महल्लिका, स्त्री०, वृद्धा स्त्री ।
महा, समास पदों में 'महन्त' का 'महा' हो जाता है, और 'ा' का ह्रस्व हो जाता है । महान् ।
महाउपासक, पु०, बुद्ध का श्रद्धा-सम्पन्न अनुयायी ।
महाउपासिका, स्त्री०, महान् श्रद्धा-सम्पन्न उपासिका ।
महाकरुणा, स्त्री०, महान् दया ।
महाकाय, वि०, बड़े शरीर वाला ।
महागण, पु०, बड़ी मण्डली, बड़ा समूह ।
महागणी, पु०, अनेक अनुयायियों सहित ।
महाजन, पु०, जनता ।
महातण्ह, वि०, बहुत लोभी ।
महातल, नपुं०, भवन के ऊपर की खुली छत ।
महादीप, पु०, जम्बुद्वीप, उत्तर कुरु आदि चार महाद्वीप ।
महाधन, नपुं०, विशाल धन ।
महानरक, पु०, भयानक नरक ।
महानस, नपुं०, रसोई-घर ।
महानुभाव, वि०, महान् प्रतापी ।
महापञ्ञ, वि०, अत्यन्त प्रज्ञावान् ।
महापथ, पु०, महामार्ग ।
महापितु, पु०, पिता का बड़ा भाई, ताया, ताऊ ।
महापुरिस, पु०, महापुरुष ।

महाभूत, नपुं०, पृथ्वी, जल आदि चार महाभूत।
महाभोग, वि०, ऐश्वर्यशाली।
महामति, पु०, महान् बुद्धिमान्।
महामत्त, (महामच्च भी), पु०, मुख्य-मन्त्री।
महामुनि, पु०, महान् मुनि।
महामेघ, पु०, वर्षा की तेज बौछाड़।
महायञ्ञ, महायाग, पु०, महान् यज्ञ।
महायस, वि०, महान् यशस्वी।
महारह, वि०, अत्यन्त मूल्यवान्।
महाराजा, पु०, महान् नरेश।
महालतापसाधन, नपुं०, स्त्रियों के श्रृंगार में सहायक होने वाली लता।
महासत्त, महान् सत्व।
महासमुद्द, पु०, महासमुद्र।
महासर, नपुं०, एक बड़ी झील।
महासार, महासाल, विशाल धन के स्वामी।
महासावक, पु०, बड़ा शिष्य।
महाअस्सारोह जातक, युद्ध में हारकर राजा घोड़े पर चढ़कर भाग गया (३०२)।
महाउक्कुस जातक, मित्रों ने मित्र की सहायता की (४८६)।
महा-उम्मग्ग जातक, महोषध पण्डित के पाण्डित्य की कथाएँ (५४६)।
महाकण्ह जातक, शक्र (इन्द्र) ने महा-कण्ह नाम के अपने कुत्ते को साथ ले दुराचारी मनुष्यों को बुरी तरह भय-भीत किया (४६९)।
महाकपि जातक, बन्दर ने नदी पर अपने शरीर का पुल बना, अपनी सारी जाति को अपने शरीर पर से गुजरने देकर यथार्थ नेता का धर्म निभाया (४०७)।
महाकपि जातक, कृतघ्न आदमी ने बन्दर का सिर फोड़ दिया। परहित-कामी बन्दर ने ऐसे आदमी की भी जान बचाई (५१६)।
महाकस्सप थेर, भगवान् बुद्ध के प्रधान शिष्यों में से एक प्रमुख शिष्य।
महाजनक जातक, मिथिला के महा-जनक नाम के राजा के दो पुत्रों के संघर्ष की कथा (५३९)।
महाजानपद, अनेक स्थलों पर नामां-कित सोलह जनपद (राज्य)। वे थे कासी, कोसल, अङ्ग, मगध, वज्जि, मल्ल, चेतिय, वंस, कुरु, पञ्चाल, मच्छ, सूरसेन, अस्सक, अवन्ति, गन्धार तथा कम्बोज। इनमें से प्रथम चौदह मज्झिम-देस (मध्य-मण्डल) में हैं, अन्त के दो उत्तरापथ में।
महातक्कारि जातक, देखो तक्कारि जातक।
महाथूप, राजा दुट्ठग्रामणी द्वारा निर्मित अनुराधपुर स्थित महान् चैत्य।
महाधम्मपाल जातक, चिरंजीवी होने का रहस्य (४४७)।
महाधम्मरक्खित थेर, तृतीय संगीति के बाद अशोक और मोग्गलिपुत्त तिस्स स्थविर द्वारा महाराष्ट्र में भेजे गये धर्म-प्रचारक महास्थविर।
महानारदकस्सप जातक, नारद कस्सप ब्रह्मा ने अंगति नरेश को परलोक का विश्वास दिलाया (५४४)।

महानेरु, महामेरु, सुमेरु पर्वत का ही एक और नाम।

महापजापति गौतमी, सिद्धार्थ गौतम की माता महामाया का देहान्त होने पर, मौसी महाप्रजापति गौतमी ने ही सिद्धार्थ को दूध पिलाकर पाला था। भिक्षुणी सघ की स्थापना का सारा श्रेय महाप्रजापति गौतमी को ही है।

महापदुम जातक, विमाता ने पुत्र पर झूठा लांछन लगाया (४७२)।

महापनाद जातक, इसकी कथा सुरुचि जातक में आई है (२६४)।

महापलोभन जातक, इसकी कथा चुल्ल-पलोभन जातक की कथा के ही समान है (५०७)।

महापिङ्गल जातक, दुष्ट महापिङ्गल नरेश के मरने पर उसकी प्रजा ने खुशियाँ मनाईं (२४०)।

महाबोधि जातक, राजा ने बोधि की न्याय-प्रियता के कारण उसे न्याया-धीश नियुक्त किया (५२८)।

महामङ्गल जातक, शकुनों की व्याख्या। वास्तविक महामङ्गल कौन-कौनसे हैं (४५३)।

महामाया, देखो माया।

महामोग्गल्लान थेर, भगवान् बुद्ध के दो प्रधान शिष्यों में से एक। दूसरे थे धर्म-सेनापति सारिपुत्त।

महारक्खित थेर, तृतीय संगीति के अनन्तर यवन-देश में धर्म-प्रचारार्थ जाने वाले महास्थविर।

महारट्ठ, तृतीय संगीति के अनन्तर महाधम्मरक्खित महारट्ठ (महा-राष्ट्र) में ही धर्म-प्रचारार्थ गये।

महावंस, सिंहल-द्वीप का प्रसिद्ध ऐति-हासिक महाकाव्य। इसके प्रथम खण्ड की रचना चौथी शताब्दी में महानाम स्थविर के द्वारा हुई। उसके बाद से इसके उत्तर-कालीन खण्डों की भी रचना बराबर होती रही।

महावग्ग, विनय-पिटक के पाँच ग्रन्थों में से एक, जो आगे खन्धकों में विभक्त है।

महावाणिज जातक, वट वृक्ष की एक शाखा से व्यापारियों को पानी मिला, दूसरी से भोजन, तीसरी से सुन्दर लड़कियाँ और चौथी से अनेक दूसरी मूल्यवान् वस्तुएँ (४९३)।

महाविहार, अनुराधपुर (सिंहल-द्वीप) का प्रसिद्ध विहार। शताब्दियों तक यही बौद्ध धर्म का प्रधान केन्द्र बना रहा।

महावेस्सन्तर जातक, देखो वेस्सन्तर जातक।

महासंघिक, द्वितीय संगीति के ही समय स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाला एक बौद्ध सम्प्रदाय।

महासार जातक, एक बंदरी रानी की मोतियों की माला उठा ले गई (९२)।

महासीलव जातक, मन्त्री ने राजा के रनिवास को दूषित किया। राजा ने उसे देश-निकाला दे दिया (५१)।

महासुक जातक, गूलर के वृक्ष के फल-रहित हो जाने पर भी तोते ने उसका परित्याग नहीं किया (४२९)।

महासुतसोम जातक, मनुष्य-मांस भोजी राजा की कथा (५३७)।

महासुदस्सन जातक, महासुदस्सन की मृत्यु का वृत्तान्त (९५)।

महासुपिन जातक, कोसल-नरेश प्रसेनजित् द्वारा देखे गये सोलह महान् स्वप्नों की व्याख्या (७७)।

महाहंस जातक, रानी की बलवती इच्छा हुई कि स्वर्ण-वर्ण राजहंस उसे सिंहासन पर बैठ धर्मोपदेश दे (५३४)।

महिंसासक, स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाला एक और बौद्ध सम्प्रदाय।

महिका, स्त्री०, धुंध।

महिच्छ, वि०, अत्यन्त लोभी।

महिच्छता, स्त्री०, अत्यधिक लोभ।

महित, कृदन्त, पूजित।

महिद्धिक, वि०, महाऋद्धिवान्।

महिन्द, महान् इन्द्र; भिक्षुणी संघमित्रा के भाई तथा महाराज अशोक के सुपुत्र, जो महामोग्गलिपुत्त तिस्स की प्रेरणा से धर्म-प्रचारार्थ सिंहल पहुँचे थे।

महिला, स्त्री०, स्त्री।

महिलामुख जातक, महिलामुख नामक राजकीय हाथी की कथा (२६)।

महिस, पु०, भैंस।

महिस जातक, भैंसे ने बन्दर द्वारा की गई सभी शरारतों को सहन किया। वह बन्दर एक दूसरे भैंसे द्वारा मारा गया (२७८)।

महिस-मण्डल, महादेव स्थविर का धर्म-प्रचारक्षेत्र। वर्तमान मैसूर।

महिस्सर, पु०, महेश्वर, महादेव।

मही, स्त्री०, पृथ्वी, नदी-विशेष।

मही-तल, नपुं०, जमीन की सतह।

मही-धर, पु०, पर्वत।

महीपति, महीपाल, पु०, राजा।

महीभाग, पु०, कान्तार।

महीरुह, पु०, वृक्ष।

महेसक्ख, वि०, महाप्रतापशाली।

महेसि, पु०, महर्षि; स्त्री०, रानी।

महोघ, पु०, महान् बाढ़।

महोदधि, वि०, समुद्र।

महोदर, वि०, बड़े पेट वाला।

महोरग, पु०, साँपों (नागों) का राजा।

महोसध, नपुं०, सोंठ, सूखा अदरक।

मा, अव्यय, निषेधार्थक, मत; पु०, चन्द्रमा।

मागध, मागधक, वि०, मगध सम्बन्धी।

मागधी, स्त्री०, पालि भाषा का प्रारम्भिक नाम।

मागविक, पु०, शिकारी।

मागसिर, पु०, मार्गशीर्ष महीना।

माघ, पु०, महीना-विशेष।

माघात, पु०, हत्या-विरत रहने की आज्ञा।

माणव, माणवक, पु०, तरुण, ब्रह्मचारी।

माणविका, स्त्री०, तरुणी, ब्रह्मचारिणी।

मातङ्ग, पु०, हाथी का नाम; नीची मानी जाने वाली जाति।

मातली, इन्द्र के सारथी का नाम।

मातापितु, पु०, माता-पिता।

मातापेत्तिक, वि०, माता-पिता से

आगत ।
मातापेत्ति-भार, माता-पिता की सेवा में रहना ।
मातामह, पु०, नाना ।
मातामही, नानी ।
मातिक, वि०, माता सम्बन्धी ।
मातिका, स्त्री०, जल-मार्ग, अभिधर्म सम्बन्धी विषयों के शीर्षस्थान, प्राति-मोक्ष-नियमावलि ।
मातिपक्ख, पु०, मातृपक्ष ।
मातु, स्त्री०, माँ ।
मातु-कुच्छि, पु०, माता की कोख ।
मातु-गाम, पु०, स्त्री ।
मातु-घात, पु०, मातृ-हत्या ।
मातु-घातक, पु०, मातृ-हत्यारा ।
मातुच्छा, स्त्री०, मौसी ।
मातुपट्ठान, नपुं०, माता की सेवा ।
मातुपोसक, वि०, माता का पोषक ।
मातुपोसक जातक, हाथी ने अपनी अन्धी माता की सेवा की (४५५) ।
मातु-भगिनी, स्त्री०, मातुच्छा, मौसी ।
मातु-भातु, पु०, मामा ।
मातुल, पु०, मामा ।
मातुलानी, स्त्री०, मामी ।
मातुलुङ्ग, पु०, चकोतरा ।
मादिस, वि०, मेरे जैसा ।
मान (माण भी), नपुं०, माप; पु०, अहंकार ।
मानकूट, पु०, खोटा माप ।
मानत्थद्ध, वि०, अहंकार से जड़ीभूत ।
मानद, वि०, गौरवार्ह, आदरणीय ।
मानन, नपुं०, आदर करना, सम्मान करना ।
मानव, पु०, मनुष्य ।
मानस, नपुं०, मन, चित्त, विज्ञान; (समास में) संकल्प लिये हुए ।
मानित, कृदन्त, सम्मानित ।
मानी, पु०, अभिमानी ।
मानुस, वि०, मनुष्य सम्बन्धी; पु०, मनुष्य ।
मानुसक, वि०, मनुष्य सम्बन्धी ।
मानुसी, स्त्री०, मानुषी, स्त्री ।
मानेति, क्रिया, आदर करता है, सत्कार करता है ।
(मानेसि, मानेन्त, मानेत्वा) ।
मापक, पु०, रचयिता, निर्माण करने वाला ।
मापित, कृदन्त, रचित, निर्मापित ।
मापेति, क्रिया, निर्माण करता है ।
(मापेसि, मापेत्वा) ।
मामक, वि०, श्रद्धावान्, प्रेमी, ममत्व-युक्त ।
माया, ठगी, जादू ।
माया, महामाया, सिद्धार्थ गौतम (बुद्ध) की माता । उसका पिता था देवदह का अञ्जन शाक्य और उसकी माता थी जयसेन की लड़की यशोधरा ।
मायाकार, पु०, जादूगर ।
मायावी, वि०, मायाकरने वाला, ढोंगी, जादूगर ।
मायु, पु०, पित्त ।
मार, पु०, चित्त की अकुशल वृत्तियों की साकार मूर्ति, लुभाने वाला, साक्षात् यमराज ।
मार-कायिक, वि०, मार-लोक सम्बन्धी ।
मार-धेय्य, नपुं०, मार का क्षेत्र ।
मार-बन्धन, नपुं०, मृत्यु का बंधन ।

मार-सेना, स्त्री०, मार की सेना।
मारक, वि०, मारने वाला।
मारण, नपुं०, मार डालना।
मारापित, कृदन्त, मरवाया।
मारापेति, क्रिया, मरवाता है।
(मारापेसि, मारापित, मारापेत्वा, मारापेन्त)।
मारित, कृदन्त, मारा गया।
मारिस, वि०, सम्बोधन-विशेष, मित्र, मान्यवर।
मारुत, पु०, हवा।
मारेति, क्रिया, मारता है।
(मारेसि, मारेन्त, मारेत्वा, मारेतुं)।
मारेतु, पु०, मारने वाला।
माल, मालक, पु०, घेरेदार जगह, गोल आँगन।
माळ, पु०, एक तल्ले वाला मकान।
मालती, स्त्री०, मालती-लता।
माला, स्त्री०, (फूलों की) माला।
माला-कम्म, नपुं०, माला गूँथने का काम, दीवार पर उत्कीर्ण फूल।
मालाकार, पु०, माली।
माला-गच्छ, पु०, फूल देने वाला पौधा।
माला-गुण, पु०, माला गूंथने का धागा।
माला-गुळ, नपुं०, फूलों का ढेर।
माला-चुम्बटक, पु०, फूलों का गजरा।
माला-दाम, पु०, माला गूँथने का धागा।
माला-धर, वि०, मालाधारी।
माला-भारी, वि०, मालाधारी।
माला-पुट, पु०, फूलों का दोना।
मालावच्छ, नपुं०, पुष्पोद्यान, पुष्प-शैया।
मालिक, माली, वि०, मालाधारी।
मालिनी, स्त्री०, मालाधारिणी।
मालुत, पु०, हवा।
मालुत जातक, तपस्वी ने निर्णय दिया कि जब कभी भी हवा चलती है, तब अधिक ठण्ड पड़ती है (१७)।
मालुवा, स्त्री०, आकाश-वेल।
मालूर, पु०, वृक्ष-विशेष।
माल्य, नपुं०, पुष्प-माला।
मास, पु०, महीना, माश की दाल।
मासिक, वि०, माहवार।
मासक, पु०, मासा (सिक्का)।
मिग, पु०, पशु, चौपाया, हिरण।
मिग-चापक, मिग-पोतक, पु०, हिरण का बच्चा।
मिग-तण्हिका, स्त्री०, मृगतृष्णा।
मिग-दाय, पु०, मृगोद्यान।
मिग-मद, पु०, कस्तूरी।
मिग-मातुका, स्त्री०, मृग-विशेष।
मिग-लुद्दक, पु०, शिकारी।
मिग-पोतक जातक, तपस्वी ने बड़े स्नेह से हिरण के बच्चे का पालन-पोषण किया। उसके मरने पर तपस्वी बहुत संतप्त हुआ (३७२)।
मिगव, नपुं०, शिकार।
मिगार-मातु-पासाद, श्रावस्ती के पूर्व के पूर्वाराम में विसाखा मिगारमाता द्वारा बनवाये गये विहार का नाम।
मिगालोप जातक, मिगालोप ने अपने पिता गृध्र का कहना न मान जान गँवाई (३८१)।
मिगिन्द, पु०, पशुओं का राजा, सिंह।

मिगी, स्त्री०, हरिणी ।
मिच्छत्त, नपुं०, मिथ्यात्व ।
मिच्छा, अव्यय, मिथ्या, झूठ ।
मिच्छा-कम्मन्त, पु०, मिथ्याचरण, दुराचरण ।
मिच्छा-गहण, नपुं०, गलत समझ ।
मिच्छाचार, पु०, कदाचार, मिथ्या-चरण ।
मिच्छाचारी, वि०, कदाचारी, दुरा-चारी ।
मिच्छा-दिट्ठि, स्त्री०, मिथ्यादृष्टि; वि०, मिथ्या-मतधारी ।
मिच्छा-पणिहित, वि०, गलत और झुका हुआ ।
मिच्छा-वाचा, स्त्री०, मिथ्या वाणी ।
मिच्छा-वायाम, पु०, मिथ्याप्रयत्न ।
मिच्छा-सङ्कप्प, पु०, मिथ्या संकल्प ।
मिञ्ज, नपुं०, मज्जा ।
मिणन, नपुं०, माप ।
मिणति (मिनाति भी), क्रिया, मापता है, तोलता है ।
(मिणि, मित, मिणन्त, मिणित्वा, मिणितुं, मिणीयति) ।
मित, कृदन्त, मापा गया, तोला गया ।
मित-भाषी, पु०, संयत-भाषी ।
मितचिन्ती जातक, वहुचिन्ती, अप्पचिन्ती तथा मितचिन्ती मछलियों की कथा (११४) ।
मित्त, पु० तथा नपुं०, मित्र ।
मित्तद्दु, मित्तदुब्भि, मित्तदूभी, पु०, मित्र-द्रोही ।
मित्त-पतिरूपक, वि०, झूठा मित्र ।
मित्त-भेद, पु०, मैत्री-विच्छेद ।
मित्त-सन्थव, पु०, मैत्री-सम्बन्ध ।
मित्तविन्दक जातक, चतुद्वार जातक में वर्णित मित्तविन्द जातक-कथा का एक अंश (८२) ।
मित्तविन्द जातक, चतुद्वार जातक का ही एक और अतिरिक्त अंश (१०४) ।
मित्तविन्द-जातक, चतुद्वार जातक का ही एक और दूसरा अतिरिक्त अंश (३६९) ।
मित्तामित्त जातक, तपस्वी ने हाथी के बच्चे का पोषण किया । उसने बड़े होने पर तपस्वी को मार डाला (१९७) ।
मित्तामित्त जातक, सच्चे मित्र के लक्षण (४७३) ।
मिथिला, विदेह जनपद की राजधानी। नेपाल की सीमा के अन्दर वर्तमान जनकपुर ।
मिथु, अव्यय, एक के वाद एक, छिप कर ।
मिथु-भेद, पु०, मैत्री-विच्छेद ।
मिथुन, नपुं०, पुल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग, युगल, जोड़ा ।
मिथो, अव्यय, परस्पर ।
मिद्ध, नपुं०, आलस्य ।
मिद्धी, वि०, आलसी ।
मिय्यति, मीयति, क्रिया, मरता है ।
मीयमान, कृदन्त, मृतमान्, मरता हुआ ।
मिलक्ख, पु०, बर्बर जाति का ।
मिलक्ख-देस, पु०, बर्बर-देश ।
मिलात, कृदन्त, म्लान हुआ ।
मिलातता, स्त्री०, म्लान-भाव, कुम्ह-लायापन ।
मिलायति, क्रिया, कुम्हलाता है ।

(मिलायि, मिलायमान) ।
मिलिन्द, सागल का राजा मिनाण्डर। उसका जन्म अलसन्दा (अलैक्ज़ैण्ड्रिया) के समीप कलसी में हुआ था। मिलिन्द-पञ्ह में उसी के साथ का नागसेन स्थविर का शास्त्रार्थ दर्ज है।
मिलिन्द-पञ्ह, भिक्षु नागसेन तथा राजा मिलिन्द के प्रश्नोत्तरों से समन्वित ग्रन्थ।
मिस्स, मिस्सक, वि०, मिश्रित।
मिस्सेति, क्रिया, मिश्रित करता है।
(मिस्सेसि, मिस्सेन्त, मिस्सेत्वा)।
मिहित, नपुं०, मुस्कराहट।
मीन, पु०, मछली।
मीळ्ह, नपुं० गूंह।
मुकुल, नपुं०, कली।
मुख, नपुं०, मुँह, चेहरा, प्रवेश-द्वार; वि०, प्रमुख।
मुख-तुण्ड, नपुं०, चोंच।
मुख-द्वार, नपुं०, मुँह।
मुख-धोवन, नपुं०, मुँह का धोना।
मुख-पुञ्छन, नपुं०, मुँह पोंछने का वस्त्र।
मुख-पूर, नपुं०, मुँह भरना; वि०, मुँह भरने वाला।
मुख-वट्टि, स्त्री०, किनारा।
मुख-वण्ण, पु०, चेहरे का रंग।
मुख-विकार, पु०, चेहरे का रंग-ढंग।
मुख-संकोचन, नपुं०, चेहरे की विकृति।
मुख-संयत, वि०, वाणी का संयमी।
मुखर, वि०, वाचाल।
मुखरता, स्त्री०, वाचालता।
मुखाधान, नपुं०, लगाम।
मुखुल्लोकक, वि०, आदमी के चेहरे की ओर देखने वाला।
मुखोदक, नपुं०, मुँह धोने का जल।
मुख्य, वि०, प्रमुख, प्रधान, अति महत्त्वपूर्ण।
मुग्ग, पु०, मूँग।
मुग्गर, पु०, मुगदर।
मुंगुस, पु०, नेवला।
मुचलिन्द, पु०, वृक्ष-विशेष, (नाम) उरुवेल में अजपाल न्यग्रोध के पास का एक वृक्ष, जिसके नीचे बुद्धत्व-प्राप्ति के अनन्तर भगवान् बुद्ध ने तीसरा सप्ताह मनाया।
मुच्चति, क्रिया, स्वतन्त्र होता है, मुक्त होता है।
(मुच्चि, मुत्त, मुच्चित, मुच्चमान, मुच्चित्वा)।
मुच्छति, क्रिया, मूर्छित होता है।
(मुच्छि, मुच्छित, मुच्छन्त, मुच्छित्वा, मुच्छिय)।
मुच्छन, नपुं०, मूर्छा।
मुच्छना, स्त्री०, मूर्छा।
मुञ्चक, वि०, मुक्त करने वाला।
मुञ्चति, क्रिया, मुक्त करता है, ढीला करता है।
(मुञ्चि, मुक्ति, मुञ्चित, मुञ्चन्त, मुञ्चमान, मुञ्चित्वा, मुञ्चिय)।
मुञ्चन, नपुं०, छोड़ना, मुक्त करना।
मुञ्ज, नपुं०, मूंज, तृण का एक प्रकार।
मुट्ठ, कृदन्त, विस्मृत।
मुट्ठसच्च, वि०, विस्मृति।
मुट्ठस्सती, पु०, विस्मृत करने वाला।
मुट्ठि, पु० तथा स्त्री०, मुट्ठी, मूठ।
मुट्ठिक, पु०, पहलवान।

मुट्ठि-मल्ल, पु०, मुक्केबाज।
मुट्ठि-युद्ध, नपुं०, मुक्का-मुक्की।
मुण्ड, वि०, बाल-रहित।
मुण्डक, पु०, बाल-रहित (मुण्डित) सिर वाला।
मुण्डच्छद, पु०, चौड़ी छत वाला मकान।
मुण्डत्त, मुण्डिय, नपुं०, मुण्ड-भाव।
मुण्डेति, क्रिया, मूँडता है, सिर की हजामत बनाता है।
(मुण्डेसि, मुण्डित, मुण्डेत्वा)।
मुणिक जातक, मालिक की बेटी के विवाह के अवसर पर बैलों की उपेक्षा कर सूअर को बहुत खिलाया-पिलाया गया, उसे मोटा कर उसकी हत्या करने के लिए (३०)।
मुत, नपुं०, नाक, जीभ तथा स्पर्शेन्द्रिय द्वारा होने वाला इन्द्रियानुभव।
मुतिङ्ग, मुदिङ्ग, पु०, मृदङ्ग।
मुतिमन्तु, वि०, बुद्धिमान्।
मुत्त, कृदन्त, मुक्त, नपुं०, मूत्र।
मुत्ताचार, वि०, शिथिलाचार।
मुत्तकरण, नपुं०, पेशाब करना।
मुत्तवत्थि, स्त्री०, अण्डकोश।
मुत्ता, स्त्री०, मोती।
मुत्तावलि, स्त्री०, मोती-माला।
मुत्ताहार, पु०, मोतियों का हार।
मुत्ता-जाल, नपुं०, मोतियों का जाल।
मुत्ति, स्त्री०, मुक्ति।
मुदा, स्त्री०, प्रसन्नता।
मुदित, वि०, प्रसन्न।
मुदित-मन, वि०, प्रसन्न-चित्त।
मुदिता, स्त्री०, दूसरों की समृद्धि देखकर आनन्दित होना।
मुदु मुदुक, वि०, कोमल।
मुदु-चित्त, वि०, मृदु-चित्त।
मुदु-जातिक, वि०, मुदु-स्वभाव वाला।
मुदुता, स्त्री०, मृदु-भाव।
मुदुत्त, नपुं०, मृदुत्व।
मुदु-भूत, वि०, कोमल।
मुदुलक्खण जातक, मुदुलक्खण नामक तपस्वी राजा की रानी पर मोहित हो गया (६६)।
मुद्दङ्कन, नपुं०, छपाई।
मुद्दा, स्त्री०, मुद्रा, संकेत (हस्त-मुद्रा)
मुद्दापक, पु०, मुद्रक।
मुद्दापन, नपुं०, मुद्रण।
मुद्दायन्त, नपुं०, मुद्रणालय।
मुद्दापेति, क्रिया, छापता है, मुद्रित करता है।
(मुद्दापेसि, मुद्दापित, मुद्दापेत्वा)।
मुद्दिका, स्त्री०, अँगूठी, अंगूरी शराब।
मुद्दिकासव, पु०, अंगूरी आसव।
मुद्ध, वि०, मूर्ख, चकित।
मुद्धातुक, वि०, मूर्ख-स्वभाव।
मुद्धता, स्त्री०, मूर्खता।
मुद्धा, पु०, शीर्ष, शिखर।
मुद्धज, पु०, मूर्धा से उत्पन्न अक्षर, बाल।
मुद्धाधिपात, पु०, सिर का गिरना।
मुद्धावसित्त, वि०, राज-तिलक किया हुआ नरेश।
मुधा, अव्यय, मुफ्त।
मुनाति, क्रिया, जानता है।
(मुनि, मुत)।
मुनि, पु०, मुनि, मनन करने वाला साधु।
मुनिन्द, पु०, मुनियों में प्रधान (बुद्ध)।

मुय्हति, क्रिया, भूल जाता है, मन्द-बुद्धि होता है।
(मुय्हि, मूळ्ह, मूय्हमान, मुय्हित्वा)।

मुय्हन, नपुं०, भूल, विस्मृति।

मुरज, पु०, चंग या झाँझ।

मुरमुरायति, क्रिया, मुर-मुर शब्द करके काट डालता है।

मुसल, पु०, मूसल।

मुसली, वि०, मूसल वाला।

मुसा, अव्यय, मृषा, झूठ।

मुसावाद, पु०, मृषावाद, झूठ।

मुस्सति, क्रिया, भूल जाता है, अन्तर्धान हो जाता है।
(मुस्सि, मुट्ठ, मुस्सित्वा)।

मुहुत्त, पु० तथा नपुं०, मुहूर्त।

मुहुत्तेन, क्रि० वि०, क्षण-भर में।

मुहुत्तिक, वि०, मुहूर्त-भर रहने वाला; पु०, ज्योतिषी।

मुळाल, नपुं०, मृणाल, कमल-नाल।

मुळाल-पुप्फ, नपुं०, कमल का फूल।

मूग, वि०, गूंगा।

मूगपक्ख जातक, (५३८), देखो तेमिय जातक।

मूल, नपुं०, जड़, मूल (-धन), नकद, उत्पत्ति, तल्ला, कारण, नींव, आरम्भ।

मूल-कन्द, पु०, कन्द-विशेष।

मूल-बीज, नपुं०, कोंपल निकले मूल-बीज।

मूलपरियाय जातक, 'काल सबको खाता है, अपने-आपको भी। सभी को खाने वाले काल को कौन खा सकता है?' प्रश्न का समाधान (२४५)।

मूलक, वि०, (समास में) कारणीभूत।

मूलिक, वि०, महत्त्वपूर्ण।

मूल्य, नपुं०, कीमत, मजदूरी।

मूसा, स्त्री०, धातु पिघलाने की घरिया।

मूसिक, पु०, चूहा।

मूसिका, स्त्री०, चुहिया।

मूसिक-छिन्न, वि०, चूहों द्वारा काटा गया।

विक्खिपन, नपुं०, गड़बड़ी।

विक्खेप, पु०, विक्षेप, गड़बड़ी।

विक्खेपक, वि०, गड़बड़ी उत्पन्न करने वाला।

विक्खोभन, नपुं०, विक्षोभ, गड़बड़ी।

विक्खोभेति, क्रिया, हिलाता-डुलाता है, क्षुब्ध करता है।
(विक्खोभेसि, विक्खोभित, विक्खोभेत्वा)।

विगच्छति, क्रिया, विदा होता है।
(विगच्छि, विगच्छन्त, विगच्छमान)।

विगत, कृदन्त, चला गया, विरहित हो गया।

विगत-खिल, वि०, दोष-रहित।

विगत-रज, वि०, रज-रहित।

विगास, वि०, तृष्णा-रहित।

विगासव, वि०, चित्तमैल-रहित, अर्हत्।

विगम, पु०, विदा, प्रस्थान।

विगमन, नपुं०, विदा, प्रस्थान।

विगय्ह, पूर्व० क्रिया, प्रविष्ट होकर, गोता लगाकर।

विगरहति, क्रिया, निन्दा करता है, गाली देता है।
(विगरहि, विगरहित्वा)।

विगलित, कृदन्त, स्थान से च्युत, पतित।

विगाहति, क्रिया, प्रविष्ट होता है, डुबकी लगाता है।
(विगाहि, विगाळ्ह, विगाहमान, विगाहित्वा, विगाहेत्वा, विगाहितुं)।
विगाहन, नपुं०, डुबकी मारना, प्रविष्ट होना।
विग्गय्ह, पूर्व० क्रिया, विग्रह करके, विश्लेषण करके।
विग्गह, पु०, झगड़ा, विवाद, शरीर, शब्द-व्युत्पत्ति।
विग्गाहिक-कथा, स्त्री०, झगड़े की बातचीत।
विघट्टन, नपुं०, प्रहार देना।
विघाटन, नपुं०, उद्घाटन, विवृत करना, ढीला करना।
विघाटेति, क्रिया, खोलता है, तोड़ता है।
(विघाटेसि, विघाटित, विघाटेन्त, विघाटेत्वा)।
विघात, पु०, विनाश, दुरवस्था, विद्वेष।
विघातेति, क्रिया, हत्या करता है, नष्ट करता है।
(विघातेसि, विघातित, विघातेत्वा)।
विघास, पु०, बचा हुआ भोजन।
विघासाद, पु०, अवशिष्ट भोजन खाने वाला।
विघास जातक, तपस्वी ने तपस्वी-जीवन का स्वरूप स्पष्ट किया (३९३)।
विचक्खण, वि०, विचक्षण, चतुर; पु०, बुद्धिमान् आदमी।
विचय, पु०, (धर्म–)विवेचन, धर्म-विचार।
विचरण, नपुं०, विचरना, घूमना, आना-जाना।
विचरति, क्रिया, घूमता है, आता-जाता है।
(विचरि, विचरित, विचरन्त, विचरमान, विचरित्वा, विचरितुं)।
विचार, पु०, विचारण, नपुं०, विचारणा, स्त्री०, खोजना, चिन्तन करना, व्यवस्था करना, योजना बनाना।
विचारक, पु०, विचार करने वाला, खोज-बीन करने वाला, व्यवस्थापक।
विचारेति, क्रिया, सोचता है, व्यवस्था करता है, योजना बनाता है।
(विचारेसि, विचारित, विचारेन्त, विचारेत्वा)।
विचिकिच्छति, क्रिया, सन्देह करता है, हिचकिचाता है, आगा-पीछा करता है।
(विचिकिच्छि, विचिकिच्छित, विचिकिच्छित्वा)।
विचिकिच्छा, स्त्री०, सन्देह।
विचिण्ण, कृदन्त, चुना हुआ।
विचित, कृदन्त, चुना गया।
विचित्त, वि०, विचित्र, अलंकृत, सजाया गया।
विचिनन, नपुं०, विवेचन करना, चुनाव करना।
विचिनाति, क्रिया, विचार करता है, चुनाव करता है, संग्रह करता है।
(विचिनि, विचित, विचिनन्त, विचिनित्वा)।
विचिन्तिय, पूर्व० क्रिया, विचार करके।
विचिन्तेति, क्रिया, विचार करता है, मनन करता है।

(विचिन्तेसि, विचिन्तित, विचेन्तेन्त, विचिन्तेत्वा)।

विचुण्ण, वि०, चूर्ण किया गया, टुकड़े-टुकड़े किया गया।

विचुण्णेति, क्रिया, पीसता है, चूर्ण बनाता है, टुकड़े-टुकड़े करता है।
(विचुण्णेसि, विचुण्णित, विचुण्णेत्वा)।

विच्छिक, पु०, विच्छू।

विच्छिद्दक, वि०, छिद्रों से भरा हुआ।

विच्छिन्दति, क्रिया, काटता है, रोकता है, बाधक होता है।
(विच्छिन्दि, विच्छिन्दन्त, विच्छिन्दमान, विच्छिन्दित्वा)।

विच्छिन्न, कृदन्त, कटा हुआ, पृथक् किया हुआ।

विच्छेद, पु०, काट, पार्थक्य।

विजटन, नपुं०, सुलझावट।

विजटेति, क्रिया, सुलझाता है।
(विजटेसि, विजटित, विजटेत्वा)।

विजन, वि०, जन-रहित, शून्य-स्थान।

विजन-वात, वि०, एकान्त, सूनापन लिये।

विजम्भति, क्रिया, अँगड़ाई लेता है।
(विजम्भि, विजम्भित्वा)।

विजम्भना, स्त्री०, अँगड़ाई लेना।

विजम्भिका, स्त्री०, जंभाई, उवासी।

विजय, पु०, जीत।

विजय, सिंहल-द्वीप का प्रथम आर्य-नरेश, सिंह-बाहु तथा सिंह-सीवली की सन्तान।

विजयति, क्रिया, जीतता है।
(विजयि, विजयित्वा)।

विजहति, क्रिया, छोड़ता है, त्याग देता है।
(विजहि, विजहन्त, विजहित्वा, विहाय, विजहितब्ब)।

विजहन, नपुं०, परित्याग।

विजहित, कृदन्त, परित्यक्त।

विजाता, स्त्री०, जननी, शिशु-माता।

विजातिक, वि०, विदेशी, दूसरी जाति का।

विजानन, नपुं०, ज्ञान, पहचान।

विजानाति, क्रिया, जानता है, पहचानता है।
(विजानि, विञ्ञात, विजानन्त, विजानितब्ब, विजानित्वा, विजानिय, विजानितुं)।

विजायति, क्रिया, जन्म देती है।
(विजायि, विजायित्वा)।

विजायन, नपुं०, जन्म देना।

विजायन्ती, स्त्री०, जन्म देती हुई।

विजायमाना, स्त्री०, जन्म देती हुई।

विजायिनी, स्त्री०, बच्चे को जन्म दे सकने वाली।

विजित, कृदन्त, जीत लिया गया; नपुं०, राज्य।

विजित-सङ्गाम, वि०, विजयी।

विजिनाति, देखो जिनाति।

विजितावी, पु०, विजयी।

विज्ज-ट्ठान, नपुं०, अध्ययन का विषय।

विज्जति, क्रिया, विद्यमान होता है।
(विज्जन्त, विज्जमान)।

विज्जन्तरिका, स्त्री०, बिजली कड़कने के बीच का समय।

विज्जा, स्त्री०, विद्या।

विज्जाचरण, नपुं०, विद्या तथा आचरण ।

विज्जाधर, वि०, ओझा, जादू-टोना करने वाला ।

विज्जा-विमुत्ति, स्त्री०, विद्या (-ज्ञान) द्वारा विमुक्ति ।

विज्जु, (विज्जुता, विज्जुल्लता भी), स्त्री०, बिजली ।

विज्जोतति, क्रिया, चमकता है ।
(विज्जोति, विज्जोतित, विज्जोतमान) ।

विज्झति, क्रिया, बींधता है, छेद करता है ।
(विज्झि, विद्ध, विज्झन्त, विज्झमान, विज्झित्वा, विज्झिय) ।

विज्झन, नपुं०, बींधना, निशाना लगाना ।

विज्झायति, क्रिया, बुझता है ।

विज्झापेति, क्रिया, (आग) बुझाता है ।

विञ्ञत्त, कृदन्त, सूचित ।

विञ्ञत्ति, स्त्री०, सूचना ।

विञ्ञाण, नपुं०, विज्ञान, चेतना ।

विञ्ञाणक, वि०, सचेतन ।

विञ्ञाणक्खन्ध, पु०, विज्ञान-स्कन्ध ।

विञ्ञाणट्ठिति, स्त्री०, विज्ञान-स्थिति, चेतना की अवस्था ।

विञ्ञाण-धातु, स्त्री०, विज्ञान=चेतना=चित्त=मन ।

विञ्ञात, कृदन्त, विज्ञात, ज्ञात, जाना गया ।

विञ्ञातब्ब, कृदन्त, जानने योग्य, समझने योग्य ।

विञ्ञातु, पु०, जानने वाला ।

विञ्ञापक, पु०, जनाने वाला, शिक्षक ।

विञ्ञापन, नपुं०, विज्ञापन, जानकारी ।

विञ्ञापय, वि०, शैक्ष, जिसे सिखाया जा सके ।

विञ्ञापित, कृदन्त, सूचित किया हुआ ।

विञ्ञापेति, क्रिया, सूचित करता है, शिक्षा देता है ।
(विञ्ञापेसि, विञ्ञापित, विञ्ञापेत्वा, विञ्ञापेन्त) ।

विञ्ञापेतु, पु०, सूचना देने वाला, शिक्षक ।

विञ्ञाय, पूर्व० क्रिया, जानकर, सीखकर ।

विञ्ञायति, क्रिया, जाना जाता है ।

विञ्ञू, वि०, बुद्धिमान, ज्ञाता, विज्ञ; पु०, बुद्धिमान आदमी ।

विञ्ञुता, स्त्री०, विज्ञता, विवेक ।

विञ्ञुप्पसत्थ, वि०, बुद्धिमानों द्वारा प्रशंसित ।

विञ्ञेय्य, वि०, जानने योग्य ।

विटङ्क, पु० तथा नपुं०, कबूतर का दरबा ।

विटप, पुं०, शाखा ।

विटपी, पु०, शाखा वाला, वृक्ष ।

विडूडभ, पसेनदि (प्रसेनजित्) तथा वासभ खत्तिया का पुत्र, प्रसिद्ध सेनापति ।

विडोज, पु०, इन्द्र ।

वितक्क, पु०, वितर्क ।

वितक्कन, नपुं०, विचार, मनन ।

वितक्केति, क्रिया, विचार करता है, मनन करता है ।

(वितक्केसि, वितक्कित, वितक्केन्त, वितक्केत्वा) ।

वितच्छिका, स्त्री०, खुजली ।

वितच्छेति, क्रिया, छिलका उतारता है, चिकना करता है ।
(वितच्छेसि, वितच्छित) ।

वितण्ड-वाद, पु०, व्यर्थ का वाद-विवाद ।

वितत, कृदन्त, फैलाया हुआ, विस्तृत किया गया ।

वितथ, वि०, असत्य, अयथार्थ; नपुं०, झूठ ।

वितनोति, क्रिया, फैलाता है ।
(वितनि) ।

वितरण, नपुं०, बाँटना ।

वितरति, क्रिया, बाँटता है ।
(वितरि, वितरित, वितिण्ण) ।

वितान, नपुं०, चँदवा ।

वितुदति, क्रिया, चुभोता है ।

वितुदन, नपुं०, चुभोना ।

वित्त, नपुं०, धन, सम्पत्ति ।

वित्ति, स्त्री०, प्रीति ।

वित्थ, नपुं०, शराब पीने का पात्र ।

वित्थम्भन, नपुं०, विस्तार ।

वित्थम्भेति, क्रिया, फैलाता है ।
(वित्थम्भेसि, वित्थम्भित, वित्थम्भेत्वा) ।

वित्थार, पु०, व्याख्या, विस्तार ।

वित्थार-कथा, स्त्री०, टीका ।

वित्थारतो, क्रि० वि०, विस्तार से ।

वित्थारिक, वि०, विस्तारित, जिसका नाम दूर तक फैला हो ।

वित्थारेति, क्रिया, विस्तार करता है, फैलाता है ।
(वित्थारेसि, वित्थारित, वित्थारेन्त, वित्थारेत्वा) ।

विदत्थि, स्त्री०, बालिश्त ।

विदहति, क्रिया, व्यवस्था करता है ।
(विदहि, विदहित, विहित, विदहित्वा) ।

विदारण, नपुं०, चीरना-फाड़ना ।

विदारेति, क्रिया, चीरता है, फाड़ता है ।
(विदारेसि, विदारित, विदारेन्त, विदारेत्वा) ।

विदालन, नपुं०, चीरना-फाड़ना ।

विदालित, कृदन्त, चीरा गया, फाड़ा गया ।

विदालेति, देखो विदारेति ।

विदित, कृदन्त, ज्ञात ।

विदितत्त, नपुं०, जान लिये जाने का भाव ।

विदिसा, स्त्री०, कुतुबनुमा का मध्य-बिन्दु ।

विदुग्ग, नपुं०, कठिन स्थल, कठिनाई से पहुँचा जा सकने वाला किला ।

विदू, वि०, बुद्धिमान्; पु०, बुद्धिमान् आदमी ।

विदूर, वि०, अति दूर ।

विदूर जातक, देखो सुचिर जातक ।

विदूसित, कृदन्त, दूषित, भ्रष्ट ।

विदूसेति, देखो दूसेति ।

विदेस, पु०, विदेश ।

विदेसिक, वि०, वैदेशिक ।

विदेसी, वि०, विदेशी ।

विदेह, वज्जि जनपद का एक भाग विदेह था, जिसकी राजधानी थी मिथिला नगरी ।

विद्दसु, वि०, बुद्धिमान ।
विद्देस, पु०, शत्रुता ।
विद्ध, कृदन्त, बींधा गया ।
विद्धंसक, वि०, विध्वंस करने वाला ।
विद्धंसन, नपुं०, विध्वंस करना, विनष्ट करना ।
विद्धंसेति, क्रिया, विध्वंस करता है, विनष्ट करता है ।
(विद्धंसेसि, विद्धंसित, विद्धस्त, विद्धंसेत्वा, विद्धंसेन्त) ।
विध, वि०,(समास में) प्रकार(नाना ।
विध, वि०, नाना प्रकार का) ।
विधमक, वि०, विध्वंस करने वाला ।
विधमति, क्रिया, विध्वंस करता है ।
(विधमि, विधमित, विधमित्वा) ।
विधमन, नपुं०, विनाश ।
विधमेति, देखो विधमति ।
विधवा, स्त्री०, जिसके पति का देहान्त हो गया हो ।
विधा, स्त्री०, प्रकार, ढंग, अभिमान, अहंकार ।
विधातु, पु०, विधाता, सृष्टि रचयिता ।
विधान, नपुं०, व्यवस्था, आज्ञा, पद्धति ।
विधायक, वि०, व्यवस्था करने वाला ।
विधावति, क्रि०, दौड़ता-भागता है ।
(विधावि, विधावित्वा) ।
विधावन, नपुं०, दौड़ना-भागना ।
विधि, पु०, ढग, भाग्य, प्रकार ।
विधिना, क्रि० वि०, विधि-पूर्वक ।
विधुनाति, क्रिया, धुनता है ।
(विधुनि, विधूत, विधुनित, विधुनित्वा) ।
विधुर, वि०, तनहा, एकाकी ।
विधुर-पंडित जातक, विधुर पण्डित ने, चारों राजाओं में से कौन सबसे ज्यादा शीलवान है, इस प्रश्न का उत्तर दिया (५४५) ।
विधूत, कृदन्त, धुना गया ।
विधूपन, नपुं०, पंखा, पंखा करना, छौंकना, धुआँ देना ।
विधूपेति, क्रिया, छौंकता है, धुआँ देता है, बिखेरता है ।
(विधूपेसि, विधूपित, विधूपेन्त, विधूपेत्वा) ।
विधूम, वि०, धूम्र-रहित, राग-रहित ।
विधेय्य, वि०, आज्ञाकारी ।
विनट्ठ, कृदन्त, विनष्ट ।
विनत, कृदन्त, झुका हुआ ।
विनता, (नाम) गरुड़ों की माता ।
विनद्ध, कृदन्त, घेरा हुआ, लपेटा हुआ ।
विनन्धति, क्रिया, घेरता है, लपेटता है ।
(विनन्धि, विनन्धित्वा) ।
विनन्धन, नपुं०, लपेटना ।
विनय, पु०, भिक्षु-जीवन के नियम-उपनियम ।
विनयन, नपुं०, नियमबद्ध करना, शिक्षित करना ।
विनय-धर, वि०, विनय का विशेषज्ञ ।
विनय-पिटक, भिक्षुओं के नियम-उपनियमों का संग्रह ।
विनय-वादी, पु०, विनय के नियमों के समर्थन में बोलने वाला ।
विनळीकत, कृदन्त, नष्ट किया हुआ ।
विनस्सति, क्रिया, नष्ट होता है ।
(विनस्सि, विनट्ठ, विनस्सन्त,

विनस्समान, विनस्सित्वा) ।
विनस्सन, नपुं०, नष्ट होना ।
विना, अव्यय, रहित ।
विना-भाव, पु०, पार्थक्य ।
विनाति, क्रिया, बुनता है ।
(विनि, वीत) ।
विनामन, नपुं०, शरीर का झुकाना ।
विनामेति, क्रिया, झुकाता है ।
(विनामेसि, विनामित, विनामेत्वा) ।
विनायक, पु०, महान नेता, बुद्ध ।
विनास, पु०, विनाश ।
विनासक, वि०, विनाश करने वाला ।
विनासन, नपुं०, विनाश करना ।
विनासेति, क्रिया, नष्ट कराता है ।
(विनासेसि, विनासित, विनासेन्त, विनासेत्वा) ।
विनिग्गत, कृदन्त, बाहर निकला हुआ ।
विनिच्छय, पु०, विनिश्चय, फैसला ।
विनिच्छय-कथा, स्त्री०, विश्लेषणात्मक वार्ता ।
विनिच्छयट्ठान, नपुं०, न्यायालय, कचहरी ।
विनिच्छय-साला, स्त्री०, न्यायालय, कचहरी ।
विनिच्छित, कृदन्त, निश्चय हुआ, फैसला हुआ ।
विनिच्छिनन, नपुं०, फैसला देना ।
विनिच्छिनाति, क्रिया, खोज-बीन करता है ।
(विनिच्छिनि, विनिच्छित, विनिच्छिनित्वा) ।
विनिच्छेति, क्रिया, खोज-बीन करता है, फैसला देता है ।
(विनिच्छेसि, विनिच्छित, विनिच्छेत्वा, विनिच्छेन्त) ।
विनिधाय, पूर्व० क्रिया, अनुचित व्यवस्था करके, अनुचित स्थापना करके ।
विनिपात, पु०, दुःख भोगने का स्थान ।
विनिपातिक, वि०, नरक में गिरने वाला ।
विनिपातेति, क्रिया, नाश का कारण होता है ।
विनिबद्ध, कृदन्त, सम्बन्धित ।
विनिबन्ध, पु०, बन्धन, आसक्ति ।
विनिब्भुजति, क्रिया, पृथक्-पृथक् करता है, बाँटता है ।
(विनिब्भुजि, विनिब्भुजित्वा) ।
विनिब्भोग, पु०, पृथक्करण ।
विनिमय, पु०, अदला-बदली ।
विनिमोचेति, क्रिया, अपने-आपको मुक्त करता है ।
(विनिमोचेसि, विनिमोचित, विनिमोचेत्वा) ।
विनिम्मुत्त, कृदन्त, विमुक्त ।
विनिवट्टेति, क्रिया, लोट-पोट होता है, फिसलता है ।
(विनिवट्टेसि, विनिवट्टित, विनिवट्टेत्वा) ।
विनिविज्झ, कृदन्त, बींधा गया ।
विनिविज्झति, क्रिया, बींध डालता है ।
(विनिविज्झि, विनिविद्ध, विनिविज्झित्वा) ।
विनिविज्झन, नपुं०, बींधना ।
विनिविद्ध, कृदन्त, बींधा गया ।
विनिवेठेति, क्रिया, बन्धन-मुक्त करता है ।

(विनिवेठेसि, विनिवेठित, विनि-वेठेत्वा)।

विनिवेठन, नपुं०, वन्धन-मुक्त होना या करना।

विनीत, कृदन्त, नियमित जीवन का अभ्यस्त।

विनीलक जातक, हंस और कौवे के मेल से विनीलक का जन्म हुआ (१६०)।

विनीवरण, वि०, चित्त-मलों से मुक्त।

विनेति, क्रिया, शिक्षित करता है।
(विनेसि, विनेन्त, विनेतब्ब, विनेत्वा)।

विनेतु, पु०, शिक्षक।

विनेय-जन, बुद्ध द्वारा विनीत किये जाने वाले लोग।

विनेय्य, पूर्व० क्रिया, हटाकर; वि०, शिक्षित किये जाने योग्य।

विनोद, पु०, प्रीति, आनन्द।

विनोदन, नपुं०, हटाना, दूर करना।

विनोदेति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है।
(विनोदेसि, विनोदित, विनोदेत्वा)।

विन्दक, पु०, अनुभव करने वाला।

विन्दति, क्रिया, अनुभव करता है।
(विन्दि, विन्दित, विन्दन्त, विन्दमान, विन्दित्वा विन्दितब्ब)।

विन्दियमान, कृदन्त, अनुभव किया जाता हुआ।

विन्यास, पु०, (चक्र-)व्यूह।

विपक्ख, वि०, विपक्ष।

विपक्खिक, वि०, विरोधी का पक्ष-पाती।

विपच्चति, क्रिया, पकता है, फल देता है।
(विपच्चि, विपक्क, विपच्चमान)।

विपज्जति, क्रिया, व्यर्थ सिद्ध होता है, विनष्ट होता है।
(विपज्जि, विपन्न)।

विपज्जन, नपुं०, व्यर्थ सिद्ध होना, नष्ट होना।

विपत्ति, स्त्री०, असफलता, मुसीबत।

विपथ, पु०, कुमार्ग।

विपन्न, कृदन्त, विपद्-ग्रस्त।

विपन्न-दिट्ठि, वि०, मिथ्या-दृष्टि वाला।

विपन्न-सील, वि०, शील-भ्रष्ट।

विपरिणत, कृदन्त, परिवर्तित, रागी।

विपरिणाम, पु०, परिवर्तन।

विपरिणामेति, क्रिया, परिवर्तित करता है, बदलता है।
(विपरिणामेसि, विपरिणामित)।

विपरियय, (विपरियाय भी), विरुद्ध भाव।

विपरियेस, पु०, प्रतिकूल होना।

विपरिवत्तति, क्रिया, उलट देता है।
(विपरिवत्ति, विपरिवत्तित)।

विपरिवत्तन, नपुं०, परिवर्तन, उलट देना।

विपरीत, वि०, उलटा, बदल दिया गया।

विपरीतता, स्त्री०, विरोधी भाव।

विपल्लत्थ, पलट दिया गया।

विपल्लास, पु०, पलटा खा जाना, स्थानान्तर होना।

विपस्सक, वि०, अन्तर्दृष्टि वाला।

विपस्सति, क्रिया, देखता है, अन्तर्दृष्टि प्राप्त करता है।
(विपस्सि, विपस्सित्वा)।

विपस्सना, स्त्री०, विपश्यना, अन्तर्दृष्टि ।

विपस्सना-ञाण, नपुं०, विपश्यना-ज्ञान ।

विपस्सना-धुर, नपुं०, विपश्यना-पथ ।

विपस्सी, पु०, विपश्यी, अन्तर्दृष्टि-युक्त ।

विपाक, पु०, परिणाम, फल ।

विपातिका, स्त्री०, बेवाय ।

विपिट्ठिकत्वा, पूर्व०-क्रिया, (किसी की ओर) पीठ करके, मुँह फेरकर ।

विपिन, नपुं०, जंगल ।

विपुल, वि०, विशाल ।

विपुलता, स्त्री०, विशालता ।

विपुलत्त, नपुं०, विशालत्व ।

विप्प, पु०, विप्र, ब्राह्मण ।

विप्प-कुल, नपुं०, ब्राह्मण-कुल ।

विप्पकत, वि०, अधूरा ।

विप्पकार, पु०, परिवर्तन, बजाय ।

विप्पकिण्ण, कृदन्त, बिखेरा हुआ ।

विप्पकिरति, क्रिया, चारों तरफ बिखेरना, नष्ट करना ।
(विप्पकिरि, विप्पकिरित्वा, विप्पकिण्ण) ।

विप्पजहति, क्रिया, छोड़ देता है, त्याग देता है ।
(विप्पजहि, विप्पजहित्वा) ।

विप्पटिपज्जति, क्रिया, गलती करता है, दोष-भागी होता है ।
(विप्पटिपज्जि, विप्पटिपज्जित्वा) ।

विप्पटिपत्ति, स्त्री०, दुराचरण ।

विप्पटिपन्न, कृदन्त, कुपथ-गामी ।

विप्पटिसार, पु०, पश्चात्ताप ।

विप्पमुत्त, कृदन्त, विमुक्त ।

विप्पयुत्त, कृदन्त, पृथक् किया हुआ ।

विप्पलपति, क्रिया, विलाप करता है ।

विप्पलाप, पु०, प्रलाप ।

विप्पलुज्जति, क्रिया, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है ।

विप्पवसति, क्रिया, अनुपस्थित होता है, प्रवास करता है ।

विप्पवास, पु०, अनुपस्थिति, प्रवास ।

विप्पवुत्थ, कृदन्त, अनुपस्थित, प्रवासी ।

विप्पसन्न, कृदन्त, अति स्पष्ट ।

विप्पसीदति, क्रिया, स्पष्ट होता है ।

विप्पहान, नपुं०, प्रहाण, त्याग देना ।

विप्फन्दति, क्रिया, फड़फड़ाता है, हाथ-पैर मारता है ।
(विप्फन्दि, विप्फन्दित, विप्फन्दित्वा) ।

विप्फन्दन, नपुं०, संघर्ष करना, या फड़फड़ाना, हाथ-पैर मारना ।

विप्फार, पु०, विस्तार ।

विप्फारिक, वि०, फैलाया हुआ ।

विप्फारित, कृदन्त, फैलाया हुआ ।

विप्फुरण, नपुं०, व्याप्ति ।

विप्फुरति, क्रिया, व्याप्त होता है, हलचल मचाता है, कँपा देता है ।
(विप्फुरि, विप्फुरित, विप्फुरन्त) ।

विप्फुलिङ्ग, नपुं०, स्फुलिंग, अग्नि-कण ।

विफल, वि०, व्यर्थ, निष्फल ।

विबन्ध, पु०, बन्धन ।

विबाधक, वि०, बाधा डालने वाला, हानि पहुँचाने वाला ।

विबाधति, क्रिया, बाधा डालता है, रुकावट डालता है ।

विबाधन, नपुं०, बाधा, रुकावट ।

विबुध, पु०, देवतागण ।
विब्भन्त, कृदन्त, विभ्रान्त ।
विब्भन्तक, वि०, भिक्षु-जीवन परित्यक्त ।
विब्भमति, क्रिया, कुपथगामी होता है, भटक जाता है, भिक्षु जीवन त्याग देता है ।
(विब्भमि, विब्भमित्वा) ।
विभङ्ग, पु०, बँटवारा, विभाग, वर्गीकरण ।
विभङ्ग, विनय-पिटक के पाराजिक तथा पाचित्तिय दोनों ग्रंथों का सामूहिक नाम ।
विभङ्गप्पकरण, अभिधम्मपिटक के सात प्रकरणों में से दूसरा प्रकरण या ग्रन्थ ।
विभजति, क्रिया, बँटवारा करता है, वर्गीकरण करता है ।
(विभजि, विभत्त, विभजित, विभजन्त, विभजित्वा) ।
विभज्ज, पूर्व० क्रिया, विभक्त करके अथवा विश्लेषण करके ।
विभज्जवाद, पु०, युक्तिवाद ।
विभज्जवादी, पु०, थेरवाद का अनुयायी ।
विभत्त, कृदन्त, विभक्त, बँटा हुआ ।
विभत्ति, स्त्री०, वर्गीकरण, विभक्ति (-रूप) ।
विभव, पु०, धन, ऐश्वर्य ।
विभाग, पु०, बँटवारा ।
विभाजन, नपुं०, बँटवारा ।
विभात, कृदन्त, चमका ।
विभाति, क्रिया, चमकता है ।
विभावन, नपुं०, व्याख्या ।
विभावना, स्त्री०, भाष्य ।
विभावी, वि०, प्रज्ञावान्; पु०, प्रज्ञावान् आदमी ।
विभावेति, क्रिया, स्पष्ट करता है ।
(विभावेसि, विभावित, विभावेन्त, विभावेत्वा) ।
विभीतक, पु०, बहेड़ा ।
विभीतकी, स्त्री०, बहेड़ा ।
विभू, वि०, सर्व-व्यापक ।
विभूत, कृदन्त, स्पष्ट ।
विभूति, स्त्री०, प्रताप ।
विभूसन, नपुं०, विभूषण, गहने, सजावट ।
विभूसित, कृदन्त, विभूषित ।
विभूसेति, क्रिया, सजाता है, अलंकृत करता है ।
(विभूसेसि, विभूसेत्वा) ।
विमति, स्त्री०, सन्देह, शक ।
विमतिच्छेदक, वि०, सन्देह की निवृत्ति करने वाला ।
विमन, वि०, असन्तुष्ट ।
विमल, वि०, निर्मल, स्वच्छ ।
विमान, नपुं०, भवन ।
विमान-पेत, पु०, प्रेत-विशेष ।
विमान-वत्थु, नपुं०, दिव्य भवनों की कहानियों का ग्रन्थ, खुद्दकनिकाय का एक ग्रन्थ ।
विमानन, नपुं०, अपमान ।
विमानेति, क्रिया, अनादर करता है ।
(विमानेसि, विमानित, विमानेत्वा) ।
विमुख, वि०, लापरवाह ।
विमुच्चति, क्रिया, मुक्त होता है ।
(विमुच्चि, विमुत्त, विमुच्चित्वा,

विमुच्चन्त) ।
विमुञ्चति, क्रिया, मुक्त होता है ।
(विमुञ्चि, विमुञ्चित, विमुञ्चन्त, विमुञ्चित्वा) ।
विमुत्त, कृदन्त, विमुक्त ।
विमुत्ति, स्त्री०, विमुक्ति ।
विमुत्ति-रस, पु०, मुक्ति-रस ।
विमुक्ति-सुख, नपुं०, मुक्ति-सुख ।
विमोक्ख, पु०, विमुक्ति, विमोक्ष ।
विमोचक, पु०, मुक्त करने वाला ।
विमोचन, नपुं०, मुक्ति ।
विमोचेति, क्रिया, मुक्त करता है ।
विमोहेति, क्रिया, मोह में डालता है, भ्रम उत्पन्न करता है ।
(विमोहेसि, विमोहित, विमोहेत्वा) ।
विम्हय, पु०, आश्चर्य ।
विम्हापक, वि०, आश्चर्य में डालने वाला, चकित करने वाला ।
विम्हापन, नपुं०, आश्चर्य में डालना ।
विम्हापेति, क्रिया, आश्चर्य उत्पन्न करता है, चकित करता है ।
(विम्हापेसि, विम्हापित, विम्हापेत्वा) ।
विम्हित, कृदन्त, आश्चर्यान्वित, चकित ।
विय, समान, जैसा (तुलनार्थक) ।
वियत्त, वि०, व्यक्त, पण्डित, सुयोग्य ।
वियूहति, क्रिया, हटाता है, बिखेरता है ।
(वियूहि, वियूळ्ह, वियूहित, वियूहित्वा) ।
वियूहन, नपुं०, हटाना, बिखेरना ।
वियूळ्ह, (व्यूळ्ह भी), कृदन्त, एकत्रित ।
वियोग, पु०, पृथक् होना ।
विरचित, कृदन्त, रचा हुआ ।
विरचयति, क्रिया, रचना करता है, निर्माण करता है ।
(विरचि, विरचयित्वा, विरचित) ।
विरज, वि०, निर्मल, शुद्ध ।
विरज्जति, क्रिया, वैराग्य को प्राप्त होता है, अनासक्त होता है ।
(विरज्जि, विरत्त, विरज्जित्वा, विरज्जमान) ।
विरज्जन, नपुं०, विरक्त होना ।
विरज्झति, क्रिया, चूक जाता है ।
(विरज्झि, विरद्ध, विरज्झित्वा) ।
विरत, कृदन्त, जो रत न हो ।
विरति, स्त्री०, रति का अभाव, बचाव, दूर-दूर रहना ।
विरत्त, कृदन्त, विरक्त, अनासक्त ।
विरद्ध, कृदन्त, चूक गया ।
विरमन, नपुं०, रुकना, विरत रहना ।
विरमति, क्रिया, विरत रहता है ।
(विरमि, विरमन्त, विरमित्वा) ।
विरल (विरळ भी), वि०, विरला, पतला, जो घना न हो ।
विरव, (विराव भी), पु०, चीख-चिल्लाहट ।
विरवति, क्रिया, चीखता है, चिल्लाता है ।
(विरवि, विरवन्त, विरवित्वा) ।
विरवन, नपुं०, देखो विरव ।
विरह, पु०, पार्थक्य, शून्यता ।
विरहित, वि०, खाली, शून्य, बिना ।
विराग, पु०, वैराग्य, आसक्ति का अभाव, इच्छा का न होना ।
विरागता, स्त्री०, राग का न होना ।

विरागी, वि०, राग-रहित।

विराजति, क्रिया, चमकता है।
(विराजि, विराजित, विराजमान)।

विराजेति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है, नष्ट करता है।
(विराजेसि, विराजेत्वा)।

विराधना, स्त्री०, असमर्थता, चूक जाना।

विराधेति, क्रिया, चूक जाता है।
(विराधेसि, विराधित, विराधेत्वा)।

विरिच्चति, क्रिया, विरेचन किया जाता है।

विरिच्चमान, कृदन्त, विरेचन करता हुआ।

विरित्त, कृदन्त, विरेचन हुआ।

विरिय, नपुं०, शक्ति, सामर्थ्य।

विरिय-बल, नपुं०, वीर्य-बल।

विरियवन्तु, वि०, वीर्यवान्।

विरिय-समता, स्त्री०, न कम और न अधिक प्रयत्न।

विरियारम्भ, पु०, प्रयत्न का आरम्भ।

विरियिन्द्रिय, नपुं०, वीर्य, प्रयास, प्रयत्न।

विरुज्झति, क्रिया, विरुद्ध होता है, प्रतिकूल होता है।
(विरुज्झि, विरुद्ध, विरुज्झन्त, विरुज्झित्वा)।

विरुद्ध, कृदन्त, विरोधी।

विरुद्धता, स्त्री०, विरोधी-भाव।

विरूप, वि०, कुरूप।

विरूपक्ख, पु०, नागों का अधिपति।

विरूपता, स्त्री०, कुरूपता।

विरूळ्ह, कृदन्त, उगा हुआ, बढ़ा हुआ।

विरूळ्हि, स्त्री०, वृद्धि।

विरूहति, क्रिया, उगता है, बढ़ता है।
(विरूहि, विरूहन्त, विरूहित्वा)।

विरेक, पु०, विरेचन, जुलाब।

विरेचेति, क्रिया, पेट की सफाई करता है।
(विरेचेसि, विरेचित, विरेचेत्वा)।

विरोचति, क्रिया, चमकता है।
(विरोचि, विरोचमान, विरोचित्वा)।

विरोचन, नपुं०, चमकना।

विरोचन जातक, गीदड़ ने हाथी पर आक्रमण किया। वह उसके पाँव तले रौंदा गया (१४३)।

विरोचेति, क्रिया, प्रकाशित करता है।
(विरोचेसि, विरोचित, विरोचेत्वा)।

विरोध, पु०, प्रतिकूल होना।

विरोधन, नपुं०, प्रतिकूलता।

विरोधेति, क्रिया, विरोध कराता है।
(विरोधेसि, विरोधित, विरोधेत्वा)।

विलग्ग, कृदन्त, चिपका हुआ, लगा हुआ।

विलङ्घति, क्रिया, कूदता है, फाँदता है, कलाबाजी खाता है।

विलङ्घेति, क्रिया, उल्लंघन करता है।
(विलङ्घेसि, विलङ्घित, विलङ्घेत्वा)।

विलपति, क्रिया, प्रलाप करता है।
(विलपि, विलपन्त, विलपमान, विलपित्वा)।

विलम्बति, क्रिया०, विलम्ब करता है,

देर लगाता है, लटकता रहता है।
(विलम्बि, विलम्बित, विलम्बित्वा)।
विलम्बन, नपुं०, मटरगश्ती करना, देर लगाना।
विलम्बेति, क्रिया, मुँह चिढ़ाता है, शक्ल बनाता है, नीची नजर से देखता है।
विलय, पु०, विलीन हो जाना, घुल-मिल जाना।
विलसति, क्रिया, चमकता है, खेलता है।
(विलसि, विलसित्वा, विलसित)।
विलसित, कृदन्त, प्रसन्न-चित्त, शानदार।
विलाप, पु०, रोना-पीटना, व्यर्थ की बकवास।
विलास, पु०, सौन्दर्य, (हास-) विलास, नखरा।
विलासिता, स्त्री०, नखरा।
विलासिनी, स्त्री०, स्त्री।
विलासी, पु०, विलास-युक्त पुरुष।
विलिखति, क्रिया, खुरचता है, रगड़ कर चमकाता है।
विलिखित, कृदन्त, खुरचा हुआ।
विलित्त, कृदन्त, लेप किया गया।
विलिम्पति, क्रिया, लेप करता है।
विलिम्पेति, क्रिया, लेप करता है, अभिषेक करता है।
(विलिम्पेसि, विलिम्पेन्त, विलिम्पेत्वा)।
विलीन, कृदन्त, घुल-मिल गया, लीन हो गया।
विलीयति, क्रिया, पिघल जाता है, घुल जाता है, नष्ट हो जाता है।
(विलीयि, विलीयमान, विलीयित्वा)।
विलीयन, नपुं०, घुलना।
विलीव (विलिव भी), नपुं०, बाँस या सरकण्डे की खपची।
विलीवकार, पु०, टोकरी बनाने वाला।
विलुग्ग, कृदन्त, टूटा, टुकड़े-टुकड़े हो गया।
विलुत्त, कृदन्त, लूटा गया।
विलून, कृदन्त, काटा गया।
विलेख, पु०, उलझन, काटना-पीटना, खरोंच।
विलेपन, नपुं०, उबटन, लेप, सुगन्धित चूर्ण आदि।
विलेपित, कृदन्त, सुगन्धित लेप किया गया।
विलेपेति, क्रिया, सुगन्धित लेप करता है।
(विलेपेसि, विलेपेत्वा)।
विलोकन, नपुं०, देखना, खोज-बीन करना।
विलोकेति, क्रिया, देखता है, खोज-बीन करता है।
(विलोकेसि, विलोकित, विलोकेन्त, विलोकयमान, विलोकेत्वा)।
विलोचन, नपुं०, आँख।
विलोपन, नपुं०, लूट-मार।
विलोपक, पु०, लूटमार करने वाला।
विलोम, वि०, विरुद्ध, प्रतिकूल।
विलोमता, स्त्री०, प्रतिकूलता, न्यूनता।

विलोमेत्ति, क्रिया, असहमत होता है, विवाद करता है।
(विलोमेसि, विलोमेत्वा)।

विलोळन, नपुं०, बिलोना, मथना।

विलोळेति, क्रिया, बिलोता है, मथता है।

विवज्जन, नपुं०, त्याग, दूर-दूर रहना।

विवज्जेति, क्रिया, बचाता है, त्यागता है, छोड़ देता है।
(विवज्जेसि, विवज्जित, विवज्जेन्त, विवज्जेत्वा, विवज्जिय)।

विवट, कृदन्त, विवृत, खुला, नंगा।

विवट्ट, नपुं०, उत्तरोत्तर बढ़ते हुए कल्पों के सम्बन्ध में 'पलट'।

विवट्ट-कप्प, उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ कल्प (समय विभाग)।

विवट्टति, क्रिया, पीछे की ओर हटता है, फिर से आरम्भ करता है।
(विवट्टि, विवट्टित, विवट्टित्वा)।

विवट्टन, नपुं०, पीछे हटना, मुड़ जाना।

विवट्टेति, क्रिया, पीछे हटता है, दूसरी ओर जाता है, नष्ट कर देता है।
(विवट्टेसि, विवट्टित, विवट्टेत्वा)।

विवण्ण, वि०, बदरंग, दुर्बल।

विवण्णेति, क्रिया, निन्दा करता है, बदनामी करता है।
(विवण्णेसि, विवण्णित, विवण्णेत्वा)।

विवदति, क्रिया, विवाद करता है, झगड़ा करता है।
(विवदि, विवदन्त, विवदमान, विवदित्वा)।

विवदन, नपुं०, विवाद।

विवर, नपुं०, दरार, सुराग।

विवरण, नपुं०, उघाड़ना, खोलना, व्याख्या करना, व्याख्या।

विवरति, क्रिया, विवृत करता है, उघाड़ता है, स्पष्ट करता है, विश्लेषण करता है।
(विवरि, विवट, विवरन्त, विवरमान, विवरित्वा, विवरितुं)।

विवस, वि०, बे-वश, असंयत।

विवाद, पु०, कलह, झगड़ा।

विवादी, पु०, विवाद करने वाला।

विवादक, पु०, झगड़ालू।

विवाह, पु०, शादी।

विवाह-मङ्गल, नपुं०, शादी-मङ्गल।

विविच्च, अव्यय, पृथक्, अलहदा।

विवित्त, वि०, अकेला, एकान्त में।

विवित्तता, स्त्री०, एकान्त का भाव।

विविध, वि०, नाना प्रकार के।

विवेक, पु०, एकान्त, अकेले में।

विवेचन, नपुं०, आलोचना।

विवेचेति, क्रिया, पृथक्-पृथक् करता है, आलोचना करता है।
(विवेचेसि, विवेचित, विवेचेत्वा)।

विस, नपुं०, विष।

विस-कण्टक, नपुं०, विषैला कण्टक।

विस-धर, पु०, सांप।

विस-पीत, वि०, विष में बुझा हुआ।

विस-रुक्ख, पु०, विष-वृक्ष।

विस-वेज्ज, पु०, विष-वैद्य।

विस-सल्ल, नपुं०, विष में बुझा तीर।

विसञ्ञ, वि०, बे-होश, अचेतन।

विसञ्ञी, वि०, बे-होश, अचेतन।

विसट, (विसत भी), कृदन्त, फैला

हुआ ।

विसति, देखो पविसति ।

विसत्त, वि०, विशेष रूप से आसक्त, उलझा हुआ ।

विसत्तिका, स्त्री०, तृष्णा, आसक्ति ।

विसद, वि०, स्पष्ट, साफ, व्यक्त ।

विसद-किरिया, स्त्री०, स्पष्ट करना ।

विसदता, स्त्री०, स्पष्टता ।

विसद-भाव, पु०, स्पष्टता ।

विसभाग, वि०, भिन्न, विरोधी, असाधारण ।

विसम, वि०, विषम, ऊबड़-खावड़ ।

विसय, पु०, स्थान, प्रदेश, क्षेत्र, (इन्द्रियों का) विषय ।

विसय्ह, वि०, जो सहन किया जा सके, सम्भव ।

विसय्ह जातक, उदार दानी विसय्ह सेठ के दान से शक्र का आसन गर्म हो उठा (३४०) ।

विसर, पु०, समूह ।

विसवन्त जातक, सर्प-विष वैद्य ने सर्प को पुनः अपना विष चूसने को कहा (६९) ।

विस-लित्त, वि०, विष में बुझा हुआ (तीर) ।

विसल्ल, वि०, शोक-मुक्त ।

विसहति, क्रिया, समर्थ होता है, साहस करता है ।

(विसहि, विसहमान, विसहित्वा) ।

विसंयुत्त, कृदन्त, जो जुता नहीं, जो पृथक् किया गया ।

विसंयोग, पु०, पार्थक्य ।

विसंवाद, पु०, धोखा, झूठ ।

विसंवादक, वि०, अविश्वसनीय ।

विसंवादन, नपुं०, झूठ बोलना, झूठा व्यवहार करना ।

विसंवादेति, क्रिया, वचन-भंग करता है, झूठ बोलता है ।

(विसंवादेसि, विसंवादित, विसंवादेन्त, विसंवादेत्वा) ।

विसंसट्ठ, वि०, पृथक् हुआ ।

विसङ्कित, वि०, सन्दिग्ध ।

विसङ्खार, पु०, सङ्खार-निरोध ।

विसङ्खित, कृदन्त, नष्ट किया गया ।

विसाखा, स्त्री०, विशाखा नक्षत्र ।

विसाखा, भगवान बुद्ध की उदार-चेता दायिका, उपासिकाओं में प्रमुख, मिगारमाता विसाखा ।

विसाण, नपुं०, विषाण, सींग ।

विसाणमय, वि०, सींग का बना ।

विसाद, पु०, विषाद, खेद, उल्लास का अभाव ।

विसारद, वि०, विशारद, दक्ष, संयत ।

विसाल, वि०, विशाल ।

विसालक्खी, स्त्रीं०, विशालाक्षी ।

विसालता, स्त्री०, विशालता ।

विसालत्त, नपुं०, विशालत्व ।

विसिखा, स्त्री०, गली, सड़क ।

विसिट्ठ, वि०, विशिष्ट, प्रमुख, असाधारण ।

विसिट्ठतर, वि०, विशिष्टतर ।

विसिब्बेति, क्रिया, उधेड़ता है, सिलाई उखाड़ता है ।

(विसिब्बेसि, विसिब्बेत्वा) ।

विसीदति, क्रिया, हतोत्साह होता है ।

(विसीदि, विसीदित्वा) ।

विसीदन, नपुं०, हतोत्साह होना ।

विसीवन, नपुं०, अपने-आपको गर-

माना।
विसीवेति, क्रिया, अपने-आपको गरमाता है।
(विसीवेसि, विसीवेन्त, विसीवेत्वा)।
विसुज्झति, क्रिया, स्वच्छ होता है।
(विसुज्झि, विसुज्झमान, विसुज्झित्वा)।
विसुद्ध, कृदन्त, विशुद्ध, परिशुद्ध।
विसुद्धता, स्त्री०, विशुद्धि-भाव।
विसुद्धि, स्त्री०, पवित्रता।
विसुद्धि-देव, पु०, सच्चरित्र व्यक्ति।
विसुद्धि-मग्ग, पु०, विशुद्धि का मार्ग।
विसुद्धिमग्ग, संघपाल स्थविर की प्रार्थना पर आचार्य बुद्धघोष द्वारा रचित बौद्ध धर्म का विश्वकोश।
विसुं, क्रि० वि०, पृथक्-पृथक्।
विसुंकरण, नपुं०, पार्थक्य।
विसुंकत्वा, पूर्व० क्रिया, पृथक् करके।
विसूक, नपुं०, तमाशा।
विसूक-दस्सन, नपुं०, नाटक आदि का देखना।
विसूचिका, स्त्री०, हैजा।
विसेस, पु०, विशेष, भेद-प्राप्ति।
विसेसक, पु०, विशेष चिह्न।
विसेस-गामी, वि०, विशेषता की ओर अग्रसर।
विसेस-भागिय, वि०, विशेषता की ओर अग्रगामी।
विसेसाधिगम, पु०, विशेष पद की प्राप्ति।
विसेसता, स्त्री०, विशेषता।
विसेसतो, क्रि० वि०, विशेष रूप से।
विसेसन, नपुं०, विशेषण।
विसेसिय, विसेसितब्ब, वि०, विशेष व्यवहार का पात्र।
विसेसी, वि०, विशेषता-युक्त।
विसेसेति, क्रिया, विशेष करता है।
(विसेसेसि, विसेसित, विसेसेत्वा)।
विसोक, वि०, शोक-रहित।
विसोधन, नपुं०, शुद्धिकरण।
विसोधेति, क्रिया, शुद्ध करता है।
(विसोधेसि, विसोधित, विसोधेन्त, विसोधेत्वा, विसोधिय)।
विसोसेति, क्रिया, सुखाता है, बिखेर देता है।
(विसोसेति, विसोसित, विसोसेन्त, विसोसेत्वा)।
विस्सगन्ध, पु०, कच्चे मांस की-सी गन्ध।
विस्सग्ग, पु०, दान।
विस्सज्जक, वि०, देने वाला, बाँटने वाला, प्रश्न का उत्तर देने वाला।
विस्सज्जति, क्रिया, देता है, बाँटता है, प्रश्नों का उत्तर देता है।
(विस्सज्जि, विस्सज्जित्वा, विस्सज्जितब्ब, विस्सज्जिय)।
विस्सज्जन, नपुं०, भेजना, प्रत्युत्तर, खर्चा।
विस्सज्जनक, वि०, प्रत्युत्तर देने वाला, दान देने वाला।
विस्सज्जनीय, वि०, बाँटने योग्य, उत्तर देने योग्य।
विस्सज्जेति, क्रिया, उत्तर देता है, है, बाँटता है, भेजता है, खर्च करता है, बाहर करता है, जाने देता है।
(विस्सज्जित, विस्सज्जेत्वा, विस्सज्जेन्त)।
विस्सट्ठ, कृदन्त, भेजा गया, उत्तरित।
विस्सट्ठि, स्त्री०, बाहर निकलना

[सुक्क-विस्सट्ठि, शुक्र-मोचन, स्वप्न-दोष]।
विस्सत्थ, कृदन्त, विश्वस्त, विश्वसनीय।
विस्सन्द, पु०, उमड़ना, उफान आना।
विस्सन्दन, नपुं०, उमड़ना।
विस्सन्दति, क्रिया, उफन जाता है।
(विस्सन्दि, विस्सन्दित, विस्सन्दमान विस्सन्दित्वा)।
विस्समति, क्रिया, विश्राम करता है।
(विस्समि, विस्समन्त, विस्समित्वा)।
विस्सन्त, कृदन्त, विश्रान्त, विश्राम-प्राप्त।
विस्सर, वि०, दुखपूर्ण स्वर।
विस्सरति, क्रिया, भूल जाता है।
(विस्सरित, विस्सरित्वा)।
विस्ससति, क्रिया, विश्वास करता है।
(विस्ससि, विस्सत्थ, विस्ससित्वा)।
विस्सास, पु०, विश्वास, घनिष्ठता।
(विस्सासक, विस्सासिक, विस्सासी, विस्सासनीय)।
विस्सास-भोजन जातक, सिंह ने हिरनी की देह को चाटा। उस पर विष चुपड़ा था। वह मर गया, (६३)।
विस्सुत, वि०, विश्रुत, प्रसिद्ध।
विहग, पु०, पक्षी।
विहङ्गम, पु०, पक्षी, चिड़िया।
विहञ्ञति, क्रिया, दुखित होता है।
(विहञ्ञि, विहञ्ञमान)।
विहत, कृदन्त, मारा गया, धुन गई (कपास)।
विहनति, क्रिया, मारता है।
(विहनि, विहनित्वा, विहत्वा)।
विहरति, क्रिया, जीता है, (किसी स्थान पर) रहता है।
(विहरि, विहरन्त, विहरमान, विहरित्वा)।
विहाय, पूर्व० क्रिया, छोड़कर।
विहार, पु०, निवास-स्थान, भिक्षुओं के रहने की जगह, बौद्ध प्रतिमा-गृह।
विहार देवी, दुट्ठगामणी की माता।
विहारिक, वि०, रहने वाला या विचरने वाला।
विहारी, वि०, रहने वाला, विचरने वाला।
विहिंसति, क्रिया, कष्ट पहुंचाता है।
(विहिंसि, विहिंसित, विहिंसित्वा)।
विहिंसना, (विहिंसा भी), स्त्री०, निर्दयता।
विहित, कृदन्त, योग्य, उचित, व्यवस्थित।
विहीन, कृदन्त, त्यक्त, विरहित।
विहेठक, वि०, कष्ट देने वाला, हानि पहुंचाने वाला।
विहेठ-जातिक, वि०, तंग करने वाला।
विहेठन, नपुं०, कष्ट देना।
विहेठियमान, कृदन्त, दुख पहुंचाया जाता हुआ।
विहेठेति, क्रिया, कष्ट देता है।
(विहेठेसि, विहेठित, विहेठेन्त, विहेठेत्वा)।
विहेसक, वि०, कष्टप्रद।
विहेसा, स्त्री०, हैरानी।
विहेसि [illegible], देखो विहेठियमान
विहेसेति, देखो विहेठेति।

वीचि, स्त्री०, लहर।
वीच्छा, स्त्री०, बार-बार एक ही बात कहना।
वीजति, क्रिया, पंखा करता है।
(वीजि, वीजित, वीजित्वा, वीजयमान)।
वीजन, नपुं०, पंखा करना।
वीजनी, स्त्री०, पंखा।
वीजयमान, कृदन्त, पंखा किया जाता हुआ।
वीजेति, पंखा करता है।
(वीजेसि, वीजेन्त, वीजेत्वा)।
वीणा, स्त्री०, वीणा, सारंगी।
वीणा-दण्डक, पु०, वीणा-दण्ड।
वीणा-दोणि, स्त्री०, वीणा-द्रोणि।
वीणा-वादन, नपुं०, वीणा-वादन।
वीणाथूण जातक, बनारस के सेठ की लड़की कुबड़े के साथ भाग गई, बाद में समझा-बुझाकर वापस लाई गई।
वीत, कृदन्त, १. रहित, २. बुना हुआ (वायित)।
वीतच्चिक, वि०, लौ रहित (चमक)।
वीत-गेध, वि०, लोभ-रहित।
वीत-तण्ह, वि०, तृष्णा-रहित।
वीत-मल, वि०, मल-रहित।
वीत-मोह, वि०, मोह-रहित, अज्ञान-रहित।
वीत-राग, वि०, राग-रहित; पु०, अर्हत।
वीतिक्कम, पु०, व्यतिक्रम, नियम का उल्लंघन।
वीतिक्कमति, क्रिया, व्यतिक्रमण करता है।
(वीतिक्कमि, वीतिक्कन्त, वीतिक्कमन्त, वीतिक्कमित्वा)।
वीतिच्छ जातक, प्रति-प्रश्न पूछकर प्रश्नकर्ता को हराया, (२४४)।
वीतिनामेति, क्रिया, समय बिताता है।
(वीतिनामेसि, वीतिनामित, वीतिनामेत्वा)।
वीतिवत्त, कृदन्त, गुजर गया, खर्च हो गया, जीत लिया गया।
वीतिवत्तेति, क्रिया, जीत लेता है, समय व्यतीत करता है।
(वीतिवत्तेसि, वीतिवत्तित, वीतिवत्तेत्वा)।
वीतिहरण, नपुं०, लम्बे-लम्बे डग धरना।
वीतिहार, पु०, डग।
वीतिहरति, क्रिया, चलता है, टहलता है।
(वीतिहरि, वीतिहरित्वा)।
वीथि, स्त्री०, गली, रास्ता।
वीथि-चित्त, नपुं०, क्रियाशील चित्त।
वीमंसक, वि०, विमर्श करने वाला, परीक्षा करने वाला।
वीमंसन, नपुं०, विमर्श करना, खोज-बीन करना।
वीमंसा, स्त्री०, छान-बीन, परीक्षण।
वीमंसति, क्रिया, विमर्श करता है, खोज-बीन करता है, परीक्षण करता है।
(वीमंसि, वीमंसित, वीमंसन्त, वीमंसित्वा, वीमंसिय)।
वीमंसी, पु०, खोज-बीन करने वाला, परीक्षण करने वाला।
वीर, वि०, बहादुर; पु०, वीर (आदमी)।

वीरक जातक, साविट्ठिक नाम का कौवा वीरक नाम के कौवे का नौकर बन, वीरक की मारी हुई मछलियाँ खाता रहा (२०४)।

वीयति, क्रिया, बुनता है।

वीरु, स्त्री०, लता।

वीसति, स्त्री०, बीस।

वीसतिम, वि०, बीसवाँ।

वीहि, पु०, धान।

वुच्चति, क्रिया, कहा जाता है।

वुच्चमान, कृदन्त, कहा जाता हुआ।

वुट्ठ, कृदन्त, बारिश का भीगा।

वुट्ठहति, (वुट्ठाति भी), क्रिया, उठता है।
(वुट्ठहि, वुट्ठासि, वुट्ठहित, वुट्ठहन्त, वुट्ठहित्वा, वुट्ठाय)।

वुट्ठान, नपुं०, उत्थान।

वुट्ठापेति, क्रिया, उठवाता है।
(वुट्ठापेसि, वुट्ठापित, वुट्ठापेत्वा)।

वुट्ठि, स्त्री०, वर्षा।

वुट्ठिक, वि०, वर्षा वाला।

वुड्ढ, वि०, वृद्ध, ज्येष्ठ।

वुड्ढतर, वि०, वृद्धतर, ज्येष्ठतर।

वुड्ढि, स्त्री०, वृद्धि, ऐश्वर्य।

वुत्त, कृदन्त, कहा गया, बोया गया; नपुं०, कहा गया वचन, बोया गया बीज।

वुत्तप्पकार, वि०, कथनानुसार।

वुत्तप्पकारेन, क्रि० वि०, उक्त कथनानुसार।

वुत्त-वादी, पु०, दोहराने वाला, कथित बात को कहने वाला।

वुत्त-सिर, मुण्डित सिर।

वुत्ति, स्त्री०, व्यवहार, आचरण, जीविका।

वुत्तिक, वि०, अभ्यस्त।

वुत्तिका, स्त्री०, वृत्ति का भाव।

वुती, वि०, अभ्यस्त।

वुत्थ, क्रि०-वि०, रहकर, समय बिताकर।

वुत्थ-वस्स, वि०, जिसने 'वर्षा-वास' किया हो।

वुद्ध, देखो वुड्ढ।

वुद्धि, देखो वुड्ढि।

वुद्धिप्पत्त, वि०, आयु-प्राप्त, विवाह करने योग्य।

वुद्धियुत्त, वि०, समृद्ध।

वुद्धिरोग, पु०, अण्डकोश की वृद्धि।

वुय्हति, क्रिया, ले जाया जाता है।
(वुय्हि, वूळ्ह, वुय्हमान)।

वुय्हन, नपुं०, ढोया जाना।

वुस, पु०, बैल।

वुसित, कृदन्त, वास किया।

वुसितत्त, नपुं०, रहना।

वुसित-भाव, पु०, निवास का भाव।

वुस्सति, क्रिया, रहा जाता है।

वुपकट्ठ, वि०, एकान्त-सेवी।

वूपसन्त, कृदन्त, शान्ति-प्राप्त।

वूपसमन, नपुं०, शान्ति।

वूपसमेति, क्रिया, शान्त करता है।
(वूपसमेसि, वूपसमित, वूपसमेन्त, वूपसमेत्वा)।

वूपसम्मति, क्रिया, उपशमित होता है, शान्त होता है।

वूळ्ह, कृदन्त, ले जाया गया।

वे, अव्यय, वास्तव में, स्थिर रूप से।

वेकल्ल, नपुं०, विकल-भाव ।
वेकल्लता, स्त्री०, अंग-विकृति ।
वेग, पु०, शक्ति, गति, जोर ।
वेजयन्त, पु०, इन्द्र के महल का नाम ।
वेज्ज, पु०, वैद्य ।
वेज्ज-कम्म, नपुं०, वैद्य-कर्म, चिकित्सा ।
वेठक, वि०, लपेटने वाला, घेरने वाला ।
वेठन, नपुं०, लपेट, पगड़ी ।
वेठियमान, कृदन्त, लपेटे जाते हुए या मरोड़े जाते हुए।
वेठेति, क्रिया, लपेटता है । (वेठेसि, वेठित, वेठेन्त, वेठेत्वा) ।
वेण, पु०, टोकरी बनाने वाला ।
वेणविक, पु०, वंशी बजाने वाला ।
वेणिक, पु०, वीणा बजाने वाला ।
वेणी, स्त्री०, बालों की लट ।
वेणी-कत, वि०, गुँथा हुआ सिर ।
वेणी-करण, नपुं०, गूँथना, गट्ठर बांधना ।
वेणु, पु०, बाँस ।
वेणु-गुम्ब, पु०, बाँसों का झुंड ।
वेणु-बलि, पु०, बाँस के रूप में कर (=टैक्स) चुकता करना ।
वेणु-वन, नपुं०, बाँसों का वन ।
वेतन, नपुं०, मजदूरी, तनख्वाह, फीस ।
वेतनिक, नपुं०, वैतनिक, वेतन पर काम करने वाला, किराये का टट्टू ।
वेतरणी, स्त्री०, नरक की त्रास-दायिनी नदी ।
वेतस, पु०, सरकण्डा, नरकट ।
वेतालिक, पु०, राजदरबारी कलाकार, संगीतज्ञ, गायक ।
वेति, क्रिया, लुप्त हो जाता है, अन्तर्धान हो जाता है ।
वेत्त, नपुं०, बेंत ।
वेत्तग्ग, नपुं०, बेंत का सिरा ।
वेत्त-लता, स्त्री०, बेंत की छड़ी ।
वेद, पु०, धार्मिक भावना, अनुभूति, ब्राह्मणों के 'स्वयं-प्रमाण' माने जाने वाले चार ग्रन्थ ।
वेदगू, पु०, उच्चतम ज्ञान-प्राप्त ।
वेदजात, वि०, आनन्दित ।
वेदन्तगू, पु०, ज्ञान की पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ ।
वेदन्त-पारगू, पु०, ज्ञान के दूसरे छोर तक गया हुआ ।
वेदक, पु०, अनुभव करने वाला या भोगने वाला ।
वेदनट्ट, वि०, कष्ट से पीड़ित ।
वेदना, स्त्री०, पीड़ा, इन्द्रिय-जनित अनुभूति ।
वेदनाक्खन्ध, पु०, वेदना-स्कन्ध, वेदना-समूह ।
वेदब्भ जातक, वेदब्भ-मन्त्र के जानकार ब्राह्मण की कथा । लोभी डाकुओं ने प्राण गँवाये, (४८) ।
वेदयित, नपुं०, अनुभूति, अनुभव ।
वेदिका (वेदी भी), स्त्री०, वेदिका, प्लेट-फार्म ।
वेदित, कृदन्त, ज्ञात ।
वेदियति, क्रिया, अनुभव किया जाता है ।
वेदियमान, कृदन्त, अनुभव किया जाता हुआ ।
वेदेति, अनुभव करता है, जानता है । (वेदेसि, वेदेन्त, वेदेत्वा) ।

वेदेह, वि०, विदेह देश का ।
वेदेहीपुत्त, पु०, विदेह की राजकुमारी का पुत्र ।
वेध, पु०, बींधना ।
वेधन, नपुं०, तीर मारना ।
वेधति, क्रिया, काँपता है ।
(वेधि, वेधित, वेधित्वा) ।
वेधी, पु०, बींधने वाला ।
वेनयिक, पु०, 'विनय'. का विशेषज्ञ ।
वेनेय्य, वि०, 'विनीत' बनाया जा सकने वाला, शिक्षणीय ।
वेपुल्ल, नपुं०, विपुलता ।
वेपुल्ल, राजगृह के आसपास के पाँच पर्वतों में से उच्चतम पर्वत ।
वेभङ्गिय, वि०, बाँटने योग्य ।
वेभार, राजगृह के चारों ओर के पर्वत-शिखरों में से एक ।
वेम, पु०, ढरकी ।
वेमज्झ, नपुं०, बीच, मध्य ।
वेमतिक, वि०, सन्दिग्ध ।
वेमत्त, नपुं०, सन्देह, भेद ।
वेमत्तता, स्त्री०, द्वैध-भाव, दुविधा ।
वेमातिक, वि०, विमाता वाला, सौतेला ।
वेमानिक, वि०, 'विमान' वाला, दिव्य-भवन का स्वामी ।
वेमानिक-पेत, पु०, विमान-पेत ।
वेय्यग्घ, वि०, बाघ-सम्बन्धी, बाघ के चमड़े से ढका हुआ ।
वेय्यत्तिय, नपुं०, स्पष्टता ।
वेय्याकरण, नपुं०, व्याख्या; पु०, व्याकरण का जानकार, व्याख्याकार ।
वेय्याबाधिक, वि०, कष्टप्रद ।
वेय्यायिक, नपुं०, खर्च ।
वेय्यावच्च, नपुं०, सेवा, कर्तव्य ।
वेय्यावच्चकर, पु०, सेवक, नौकर ।
वेय्यावतिक, पु०, सेवक, नौकर ।
वेर, नपुं०, वैर ।
वेरज्जक, वि०, नाना राज्यों का ।
वेरञ्जा, नगर-विशेष, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना एक वर्षा-वास बिताया ।
वेरमणी, स्त्री०, विरति ।
वेरम्भ-वात, पु०, पर्वत-प्रदेशों में चलने वाली हवा ।
वेरिक, वि०, शत्रुभाव लिये, द्वेषी ।
वेरी, वि०, शत्रु ।
वेरी जातक, डाकुओं के डर से बैलों को तेज भगाया और धनी व्यापारी सकुशल घर लौट आया (१०३) ।
वेरोचन, पु०, सूर्य ।
वेला, स्त्री०, समय ।
वेलातिक्कम, पु०, समय की सीमा को लाँघ जाना ।
वेल्लित, वि०, टेढ़ा, घुँघराले (बाल)।
वेल्लितग्ग, वि०, घुँघराले बालों का सिरा ।
वेवचन, पर्याय-वचन, समानार्थी वचन ।
वेवण्णिय, नपुं०, विवरण करना, बद-रंग करना ।
वेस, पु०, वेश, भेष ।
वेसम्म, नपुं०, विषमता ।
वेसाख, पु०, वैशाख महीना । बुद्ध का जन्म, ज्ञान-प्राप्ति, परिनिर्वाण—सभी वैशाख में हुए माने जाते हैं ।
वेसारज्ज, नपुं०, विशारदता, आत्म-विश्वास ।
वेसाली, लिच्छवियों की प्रसिद्ध राज-धानी वैशाली ।
वेसिया, (वेसी भी), स्त्री०, वेश्या ।

वेस्म, नपुं०, निवास-स्थान, घर ।
वेस्स, पु०, वैश्य ।
वेस्सन्तर जातक, वेस्सन्तर राजा की दानशीलता की कथा (५४७) ।
वेहास, पु०, आकाश ।
वेहास-कुटी, स्त्री०, ऊपर के तल्ले पर हवादार कमरा ।
वेहास-गमन, नपुं०, आकाश-गमन ।
वेहासट्ठ, वि०, आकाश-स्थित ।
वेळु, देखो वेणु ।
वेळुरिय, नपुं०, वैडूर्य ।
वेळुक जातक, बाँस में रखे, पोषित साँप ने सपेरे को काटा (४३) ।
वेळुवन, राजगृह के समीप राजा बिम्बसार का प्रमोद-उद्यान, जो बाद में बुद्ध-प्रमुख भिक्षु-संघ को अर्पित कर दिया गया था ।
वो, तुम्ह का पर्याय, तुम ।
वोकार, पु०, रूप, वेदना आदि पाँच स्कन्ध ।
वोकिण्ण, कृदन्त, मिला-जुला, ढका हुआ ।
वोक्कमति, क्रिया, एक ओर हो जाता है ।
(वोक्कमि, वोक्कन्त, वोक्कम्म, वोक्कमित्वा) ।
वोच्छिज्जति, क्रिया, कटता है ।
(वोच्छिज्जि, वोच्छिन्न, वोच्छिज्जित्वा) ।
वोत्थपन, नपुं०, परिभाषा ।
वोदक, वि०, जल-रहित ।
वोदपन, नपुं०, शुद्धि ।
वोदपेति, क्रिया, शुद्ध करता है ।
वोदन, नपुं०, शुद्धि ।
वोमिस्सक, वि०, मिश्रित ।
वोरोपन, नपुं०, वञ्चित ।
वोरोपेति, क्रिया, वञ्चित करता है ।
(वोरोपेसि, वोरोपित, वोरोपेन्त, वोरोपेत्वा) ।
वोलोकेति, क्रिया, परीक्षा करता है ।
वोसित, वि०, समाप्त, पूरा हुआ ।
वोस्सग्ग, पु०, दान ।
वोस्सजन, नपुं०, परित्याग ।
वोस्सजति, क्रिया, परित्याग करता है ।
(वोस्सजि, वोस्सट्ठ, वोस्सजित्वा, वोस्सज्ज) ।
वोहरति, क्रिया, व्यवहार में लाता है, प्रकट करता है ।
(वोहरि, वोहरित, वोहरन्त, वोहरित्वा) ।
वोहरियमान, कृदन्त, बुलाया जाता हुआ ।
वोहार, पु०, बुलाना, प्रकट करना, उपयोग, व्यापार, कानून ।
वोहारिक, पु०, व्यापारी, न्यायाधीश ।
वोहारिकामच्च, पु०, मुख्य न्यायाधीश ।
व्यग्घ, पु०, बाघ ।
व्यग्घ जातक, बाघ और सिंह के जंगल से चले जाने पर लोग जंगल के पेड़ काटने लगे । वृक्ष देवता कुछ न कर सके (२७२) ।
व्यञ्जन, नपुं०, दाल-सब्जी, चिह्न ।
व्यञ्जेति, क्रिया, प्रकट करता है, संकेत करता है ।
(व्यञ्जयि, व्यञ्जित) ।
व्यत्त, वि०, पण्डित ।

व्यत्ततर, वि०, बड़ा पण्डित, अधिक होशयार।
व्यत्तता, स्त्री०, पाण्डित्य, होशियारी।
व्यथति, क्रिया, कष्ट देता है, दबाता है।
(व्यथि, व्यथित, व्यथित्वा)।
व्यन्तिकरोति, क्रिया, नष्ट करता है।
(व्यन्तिकरि, व्यन्तिकत, व्यन्ति-करित्वा)।
व्यन्तिभवति, क्रिया, रोकता है, रुकता है।
(व्यन्तिभवि, व्यन्तिभूत)।
व्यपगच्छति, क्रिया, विदा होता है।
(व्यपगमि, व्यपगत)।
व्यम्ह, नपुं०, विमान, महल।
व्यसन, नपुं०, दुर्भाग्य।
व्याकत, कृदन्त, व्याख्यात।
व्याकरण, नपुं०, व्याकरण, व्याख्या।
व्याकरियमान, कृदन्त, व्याख्या किया जाता हुआ।
व्याकरोति, क्रिया, व्याख्या करता है।
(व्याकरि, व्याकत, व्याकरित्वा)।
व्याकुल, वि०, गड़बड़ाया हुआ।
व्याख्याति, क्रिया, सूचित करता है।
(व्याख्यासि, व्याख्यात)।
व्याध, पु०, शिकारी।
व्याधि, पु०, रोग।
व्याधित, वि०, रोगी।
व्यापक, वि०, व्याप्त।
व्यापज्जति, क्रिया, असफल होता है।
व्यापज्जना, स्त्री०, असफलता, क्रोध।
व्यापन्न, कृदन्त, मार्ग-भ्रष्ट।
व्यापाद, पु०, द्वेष।
व्यापादेति, क्रिया, बिगाड़ता है।
व्यापार, पु०, पेशा।
व्यापारित, कृदन्त, उत्तेजित।
व्यापित, कृदन्त, पूरित।
व्यापेति, क्रिया, व्याप्त होता है, सर्वत्र फैलता है।
(व्यापेसि, व्यापेन्त, व्यापेत्वा)।
व्याबाधेति, क्रिया, हानि पहुँचाता है।
(व्याबाधेसि, व्याबाधित, व्याबा-धित्वा)।
व्याभङ्गी, लाठी लिये जाते हुए।
व्याम, पु०, लम्बाई या गहराई का माप।
व्यावट्ट, वि०, व्यावृत्त, संलग्न।
व्यासत्त, वि०, आसक्त।
व्यासेचन, नपुं०, सींचना, छिड़कना।
व्याहरति, क्रिया, बोलता है, बातचीत करता है।
(व्याहरि, व्याहट, व्याहरित्वा)।
व्यूह, पु०, सैनिक व्यवस्था, व्यूह-रचना।

स

स, वि०, स्वकीय, अपना, सहित।
स, सो, कर्ता एकवचन का एक रूप।
स-उपादान, वि०, आसक्ति-सहित।
स-उपादिसेस, वि०, शरीर रहते (निर्वाण)।
सक, वि०, स्वकीय; पु०, सम्बन्धी; नपुं०, अपनी निजी सम्पत्ति।
सक-मन, वि०, आनन्दित।
सकङ्ख, वि०, कङ्खा सहित, सन्देह सहित।

सकट, पु० तथा नपुं०, गाड़ी ।
सकट-भार, पु०, गाड़ी का भार ।
सकट-वाह, पु०, गाड़ी का भार ।
सकट-व्यूह, पु०, गाड़ियों का (चक्र-) व्यूह ।
सकण्टक, वि०, कंटक-सहित ।
सकदागामी, पु०, धर्म-पथ का ऐसा पथिक, जिसके पुनः एक ही बार और इस संसार में जन्म लेने की संभावना हो ।
सक-बल, वि०, अपना बल ।
स-कवल, वि०, सहित-कौर ।
स-कम्म, नपुं०, स्वकीय कर्म ।
स-कम्मक, वि०, सकर्मक (क्रिया) ।
स-करणीय, वि०, जिसके लिए 'करणीय' शेष है ।
स-कल, वि०, सम्पूर्ण, तमाम ।
स-कलिका, स्त्री०, खमाची ।
स-कास, पु०, पड़ोस ।
स-किच्च, नपुं०, स्वकीय कार्य ।
स-किञ्चन, वि०, दुनियावी वस्तुओं का मालिक, आसक्तियुक्त ।
सकिं, क्रि० वि०, एक बार ।
सकीय, वि०, स्वकीय, अपना ।
सकुण, पु०, पक्षी ।
सकुणग्घी, पु०, बाज ।
सकुणी, स्त्री०, पक्षी ।
सकुण जातक, पक्षिराज ने पक्षियों को सावधान किया कि उनके घोंसलों में आग लगने वाली है (३६) ।
सकुणग्घी जातक, बटेर ने अपनी चतुराई से बाज़ की जान ली (१६०) ।
सकुन्त, पु०, पक्षी ।
सक्क, वि०, योग्य, समर्थ, संभव; पु०, शाक्य वंश, देवेन्द्र शक्र ।
सक्कच्च, पूर्व० क्रिया, भली भाँति तैयारी करके ।
सक्कच्चकारी, पु०, सावधानी बरतने वाला ।
सक्कच्चं, क्रि० वि०, सावधानी से ।
सक्कत, कृदन्त, सत्कृत, सम्मानित ।
सक्कत्त, नपुं०, शक्रत्व, देवेन्द्र शक्र की-सी स्थिति ।
सक्करोति, क्रिया, सत्कार करता है, आदर करता है, आतिथ्य करता है । (सक्करि, सक्कत, सक्करोन्त, सक्करितब्ब, सक्कातब्ब, सक्कत्वा, सक्करित्वा, सक्करीयति, सक्करितुं, सक्कातुं) ।
सक्का, अव्यय, शक्य, सम्भव ।
सक्काय, पु०, विद्यमान शरीर, सत्-काय ।
सक्काय-दिट्ठि, आत्म-दृष्टि ।
सक्कार, पु०, सत्कार ।
सक्कुणाति, क्रिया, समर्थ होता है । (सक्कुणि, सक्कुणन्त, सक्कुणित्वा) ।
सक्कुणेय्यत्त, सम्भावना ।
सक्कोति, क्रिया, समर्थ होता है । (सक्कि, सक्खि, सक्कोन्त) ।
सक्खर, नपुं०, मुहरवाली अँगूठी ।
सक्खरा, स्त्री०, शर्करा, शक्कर ।
सक्खलि, (सक्खलिका भी), स्त्री०, छिद्र ।
सक्खि, आमने-सामने ।
सक्खिक, (सक्खी भी), वि०, साक्षी, गवाह ।
सक्खि-दिट्ठ, वि०, आमने-सामने

दिखाई दिया।
सक्खि-पुट्ठ, वि०, गवाह के रूप में पूछा गया।
सक्क-पुत्तिय, शाक्य-पुत्र, बौद्ध-भिक्षुओं को दिया गया नाम।
सक्क-मुनि, भगवान् बुद्ध का ही एक नाम, शाक्य मुनि।
सक्क-सीह, पु०, गौतम बुद्ध का एक अधिवचन।
सख, (सखि भी), पु०, मित्र।
सखिल, वि०, मधुर भाषी।
सख्य, नपुं०, सखा-भाव, मैत्री।
सगब्भ, वि०, गर्भवती।
सगाह, (सगह भी), वि०, भयानक जन्तुओं (घड़ियालों) से युक्त।
सगामेय्य, वि०, एक ही ग्राम के।
सगारव, वि०, गौरव सहित।
सगारवं, क्रि० वि०, गौरव सहित।
सगारवता, स्त्री०, आदर, गौरव, सम्मान।
सगोत्त, वि०, एक ही गोत्र के।
सग्ग, पु०, स्वर्ग।
सग्ग-काय, पु०, स्वर्गीय सभा।
सग्ग-मग्ग, पु०, स्वर्ग-मार्ग।
सग्ग-लोक, पु०, स्वर्ग-प्रदेश।
सग्ग-संवत्तनिक, स्वर्गाभिमुख।
सग्ग-वासी, पु०, देवतागण।
सग्गुण, पु०, सद्गुण।
सङ्कट, नपुं०, तंग स्थान।
सङ्कटीर, नपुं०, कूड़े-कचरे का ढेर।
सङ्कड्ढति, क्रिया, एकत्र करता है।
(सङ्कड्ढि, सङ्कड्ढित्वा)।
सङ्कति, क्रिया, संदेह करता है, शंका करता है।
(सङ्कि, सङ्कित, सङ्कमान, सङ्कित्वा)।
सङ्कन्तति, क्रिया, चारों ओर से काटता है।
(सङ्कन्ति, सङ्कन्तित, सङ्कन्तित्वा)।
सङ्कन्तिक, वि०, सांक्रान्तिक, एक अवस्था में से दूसरी में जाना।
सङ्कन्तिक-रोग, पु०, छूत की बीमारी।
सङ्कप्प, पु०, इरादा।
सङ्कप्प जातक, राजा के बाहर गए रहने पर तपस्वी रानी के शरीर का नग्न अंश देख, उस पर आसक्त हो गया (२५१)।
सङ्कप्पेति, क्रिया, संकल्प करता है।
(सङ्कप्पेसि, सङ्कप्पित, सङ्कप्पेत्वा)।
सङ्कमति, क्रिया, संक्रमण करता है।
(सङ्कमि, सङ्कन्त, सङ्कमित्वा)।
सङ्कमन, नपुं०, रास्ता, पुल।
सङ्कम्पति, क्रिया, काँपता है।
(सङ्कम्पि, सङ्कम्पित, सङ्कम्पित्वा)।
सङ्कर, वि०, आनन्द-दायक, मिश्रित।
सङ्कलन, नपुं०, संग्रह।
सङ्कस्स, स्वर्ग में अभिधम्म का उपदेश देने के बाद भगवान बुद्ध की स्वर्गावतरण भूमि।
सङ्का, स्त्री०, शंका, सन्देह।
सङ्कायति, क्रिया, शंका करता है।
सङ्कार, पु०, कूड़ा-करकट।
सङ्कार-कूट, पु०, कूड़े-करकट का ढेर।
सङ्कार-चोळ, नपुं०, कूड़े-कचरे के ढेर पर से उठाया गया चीकड़।
सङ्कारट्ठान, नपुं०, कूड़ा-कचरा फेंकने की जगह।

सङ्कास, वि०, समान, एक जैसा।
सङ्कासना, स्त्री०, व्याख्या।
सङ्किच्च जातक, संकिच्च ने राजकुमार को पितृ-हत्या के संकल्प से विरत रखने का प्रयास किया (५३०)।
सङ्कित्तन, नपुं०, संकीर्तन, प्रचारित करना।
सङ्किलिट्ठ, कृदन्त, मैला हुआ।
सङ्किलिस्सति, क्रिया, अशुद्ध होता है, मैला होता है।
(सङ्किलिस्सि, सङ्किलिस्सित्वा)।
सङ्किलिस्सन, नपुं०, अशुद्धि, मैल।
सङ्किलेस, पु०, चित्त-मैल।
सङ्किलेसिक, वि०, हानिकारक।
सङ्की, वि०, सन्देह करने वाला।
सङ्कु, पु०, खूँटा।
सङ्कु-पथ, खूँटों की सहायता से चलने लायक मार्ग।
सङ्कुचित, क्रिया, संकोच करता है।
(सङ्कुचि, सङ्कुचित, सङ्कुचित्वा)।
सङ्कुचन, नपुं०, सिकोड़ना।
सङ्कुचित, वि०, सिकुड़ा।
सङ्कुपित, कृदन्त, क्रुद्ध।
सङ्कुल, वि०, भरा हुआ, भीड़ सहित।
सङ्केत, पु० तथा नपुं०, निशान, चिह्न।
सङ्केत-कम्म, नपुं०, समझौता।
संकोच, पु०, हिचकिचाहट।
सङ्कोचेति, हिचकिचाता है, सिकुड़ता है।
सङ्कोप, पु०, कुपित करना, विघ्न उपस्थित करना।
सङ्ख, पु०, शंख।
सङ्खदुठी, पु०, कुष्ठ-रोगी, कोढ़ी।
सङ्ख-थाल, पु०, शंख-थाली।
सङ्ख-धम, पु०, शंख बजाने वाला।
सङ्ख-नख, पु०, छोटा शंख।
सङ्ख-मुण्डिक, नपुं०, त्रास देने की विधि विशेष।
सङ्ख-जातक, मणिमेखला ने सप्ताह-भर तक समुद्र में तैरते वीर की सहायता करनी चाही, जिसे उसने अस्वीकार किया (४४२)।
सङ्ख जातक, सुसीम के पिता ने मृत पुत्र का सम्मान किया। यह कथा जातकट्ठकथा में नहीं है।
सङ्खत, कृदन्त, संस्कृत, समुत्पन्न।
सङ्खधम्म जातक, पुत्र ने पिता को बार-बार शंख बजाने से मना किया (६०)।
सङ्खपाल जातक, तपस्वी ने शंखपाल नाग को धर्मोपदेश दिया (५२४)।
सङ्खय, पु०, हानि।
सङ्खरण, नपुं०, मरम्मत, तैयारी।
सङ्खरोति, मरम्मत करता है, संस्कार करता है।
(सङ्खरि, सङ्खत, सङ्खरोन्त, सङ्खरित्वा)।
सङ्खला, स्त्री०, हाथी के पाँव की शृंखला।
सङ्खलिका, स्त्री०, बेड़ी।
सङ्खा, (संख्या भी), स्त्री०, गिनती।
सङ्खात, (संख्यात भी), कृदन्त, (अमुक) नाम का।
सङ्खादति, क्रिया, चबाता है।
(सङ्खादि, सङ्खादित, सङ्खादित्वा)।
सङ्खान, (संख्यान भी), नपुं०, गिनती।

सङ्खाय, पूर्व० क्रिया, विचार करके, मनन करके।

सङ्खार, पु०, संस्कार।

सङ्खारक्खन्ध, पु०, संस्कार-स्कन्ध।

सङ्खार-दुक्ख, नपुं०, (उपादान) संस्कार-दुख।

सङ्खार-लोक, पु०, सम्पूर्ण प्रकृति।

सङ्खित्त, कृदन्त, संक्षिप्त।

सङ्खिपति, क्रिया, संक्षेप करता है। (सङ्खिपि, सङ्खिपन्त, सङ्खिपमान, सङ्खिपितब्ब, सङ्खिपित्वा, सङ्खिपितुं)।

सङ्खुभति, क्रिया, क्षुब्ध होता है। (सङ्खुभि, सङ्खुभित, सङ्खुभित्वा)।

सङ्खुभन, नपुं०, क्षोभ।

सङ्खेप, पु०, संक्षेप, सारांश।

सङ्खेय्य, वि०, जिसकी गिनती की जा सके।

सङ्खेय्य परिवेण, सागल का वह विहार, जिसमें राजा मिलिन्द के साथ शास्त्रार्थ करने वाले भिक्षु नागसेन रहते थे।

सङ्खोभ, पु०, क्षोभ, हलचल।

सङ्खोभेति, क्रिया, क्षुब्ध करता है। (सङ्खोभेसि, सङ्खोभित, सङ्खोभेन्त, संङ्खोभेत्वा)।

संख्या-भेद, पु०, संख्या-विशेष जैसे एक लाख।

सङ्ग, पु०, आसक्ति।

सङ्गच्छति, क्रिया, साथ-साथ चलता है। (सङ्गच्छि, सङ्गत, सङ्गन्त्वा)।

सङ्गणिका, स्त्री०, समाज।

सङ्गणिकाराम, वि०, जिसे समाज में रहना पसन्द हो।

सङ्गणिकारत, वि०, जिसे लोगों में रहना पसन्द हो।

सङ्गण्हाति, क्रिया, संग्रह करता है, शालीनता का व्यवहार करता है। (सङ्गण्हि, सङ्गण्हन्त, सङ्गहेत्वा, सङ्गहित्वा, सङ्गण्हित्वा, सङ्गय्ह)।

सङ्गम, पु०, मेल।

सङ्गर, पु०, मित्रता, रिश्वत, युद्ध, प्रतिज्ञा आदि अर्थों में।

सङ्गह, पु०, संग्रह, आतिथ्य।

सङ्गति, स्त्री०, साथ रहना।

सङ्गाम, पु०, संग्राम, युद्ध।

सङ्गामावचर, वि०, प्रायः युद्ध-रत।

सङ्गामावचर जातक, पीलवान के वचनों ने आक्रामक हाथी को उत्साहित किया (१८२)।

संङ्गामेति, क्रिया, संग्राम करता है। (सङ्गामेसि, सङ्गामित, सङ्गामेत्वा)।

सङ्गायति, क्रिया, संगायन करता है। (सङ्गायि, सङ्गीत, सङ्गायित्वा)।

सङ्गाह, पु०, संग्रह।

सङ्गाहक, वि०, संग्रह करने वाला।

संङ्गीति, स्त्री०, तिपिटक के वचनों का संगायन करने के लिए अर्हतों का सम्मेलन।

सङ्गीति-कारक, पु०, संगीति करने वाले अर्हत् गण।

सङ्घ, पु०, समूह, परिषद्, भिक्षुओं की मण्डली।

सङ्घ-कम्म, नपुं०, भिक्षु-संघ के सदस्यों द्वारा किया गया धार्मिक-कार्य।

सङ्घ-गत, वि०, संघ को दिया गया

(दान)।
सङ्घ-थेर, पु०, संग का ज्येष्ठतम भिक्षु।
सङ्घ-भत्त, नपुं०, संघ को कराया गया भोजन।
सङ्घ-भेद, पु०, संघ में फूट।
सङ्घ-भेदक, पु०, संघ में भेद पैदा करने वाला।
सङ्घ-मामक, वि०, संघ के प्रति ममत्व रखने वाला।
सङ्घटेति, क्रिया, संघटन करता है। (सङ्घटेसि, सङ्घटित, सङ्घटेत्वा)।
सङ्घट्टन, नपुं०, संगठन, चोट पहुँचाना।
सङ्घट्टेति, क्रिया, चोट पहुँचाता है, उत्तेजित करता है। (सङ्घट्टेसि, सङ्घट्टित, सङ्घट्टेत्वा)।
सङ्घमित्ता थेरी, अशोक-पुत्री तथा महास्थविर महिन्द की बहन। उसका जन्म उज्जेनी में हुआ था। वही बुद्ध गया से बोधि वृक्ष की शाखा लेकर सिंहल-द्वीप पहुँची थी।
सङ्घाट, पु०, जोड़, मेल, बेड़ा।
सङ्घाटी, स्त्री०, बौद्ध भिक्षु के तीन चीवरों में से एक।
सङ्घात, पु०, आक्रमण, उँगलियों का चटखाना, संग्रह।
सङ्घिक, वि०, संघ सम्बन्धी, संघ की मिलकियत।
सङ्घी, वि०, संघ या समूह का नेता।
सङ्घुट्ठ, कृदन्त, घोषित, गूंजता हुआ।
सचित्त, नपुं०, अपना चित्त।
सचित्तक, वि०, चित्त वाला।
सचिव, पु०, राजा का मन्त्री।
सचे, अव्यय, यदि, अगर।
सचेतन, वि०, चेतना-युक्त, प्राणवान्।
सच्च, नपुं०, सत्य, सच; वि०, सत्य (वचन)।
सच्च-अभिसमय, पु०, सत्य का ज्ञान।
सच्चकार, पु०, प्रतिज्ञा।
सच्च-किरिया, स्त्री०, किसी सत्य बात की बाजी लगाकर कोई कामना करना।
सच्चङ्किर जातक, दुष्ट राजकुमार अकृतज्ञ निकला (७३)।
